# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-13-03-2024

**हादसों के बाद शहर में बेकाबू रफ्तार के कहर को काबू करने की कवायद .... काश ! ये खानापूर्ति न होती**



महानगर में ब्रेथ एनालाइजर से शराब पीकर वाहन चलाने वालो के विरुद्ध चेकिंग अभियान में जांच करती यातायात पुलिस। फोटो : एसएनबी

# नायब तहसीलदार व थानाध्यक्ष ने किया पैदल मार्च

**पीपीगंज (एसएनबी)।** सीएए और रमजान के त्योहार को देखते हुए नायब तहसीलदार हंसराज व थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम आनन्द सिंह ने किया पैदल मार्च। नगर पंचायत में आम जन मानस की सुरक्षा को देखते हुए पीपीगंज पुलिस ने मय फोर्स के साथ पैदल मार्च किया। थानाध्यक्ष के साथ उप निरीक्षक अजीत कुमार यादव, उप निरीक्षक गजेंद्र बहादुर सिंह, उप निरीक्षक दल सिंगार सिंह, उप निरीक्षक रामदयाल गिरी, उप निरीक्षक अविनाश कुमार, कानूनगो अरविंद कुमार,कानूनगो अजय गुप्ता,लेखपाल मोहित नायक, शुभम तिवारी कांस्टेबल सतवीर सिंह, अजीत यादव, रमाशंकर तिवारी, होमगार्ड समीरजा अली सहित पुलिस कर्मी मौजुद रहे।



# पुलिस बेबस : कुसम्ही में फिर महिला के गले से मंगलसूत्र उड़ाया

**गोरखपुर (एसएनबी)।** एम्स थाने के जगदीशपुर चौकी की पुलिस बेबस है। पुलिस की गश्त नहीं है। दिनभर पुलिस चौकी में सो रही है। दिनदहाड़े महिला झपटमार पलक झपकते ही सोने की चेन लेकर फरार हो जा रहीं है। मंगलवार को तीसरी बारदात कुसम्ही -पिपराइच तिराहे पर महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र छीनकर फरार हो गयी। इसके पहले रविवार को भी महिला का सोने की चेन उड़ाया था।

- कुसम्ही -पिपराइच तिराहे पर महिला के गले से उड़ाया मंगलसूत्र
- रविवार को उच्चकों ने उड़ाया था महिला के गले से सोने की चेन
- माड़ापार के पास भी महिला के साथ हुई थी पहली घटना

कुसम्ही बाजार प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार एम्स थाना इलाके के जगदीशपुर चौकी इलाके में महिलाओं के साथ हो रही छिनैती की घटनाओं की बाढ़ आ गई है। मंगलवार को कुसम्ही -पिपराइच मोड पर बुढ़िया माता मंदिर से दर्शन कर अपने घर जा रही महिला के गले से झपट्टा मार कर एक युवक मंगलसूत्र लेकर फरार हो गया सूचना पर पहुंची एम्स पुलिस ने कुसम्ही बाजार में पुराने ढर्रे पर सीसीटीवी खंगालने में जुटी है।

बताया जाता है कि कुशीनगर जिले के अहिरौली थाने के रामपुर माफी निवासी झिनकी पत्नी अतुल साहनी पति अतुल साहनी के साथ मंगलवार को कुसम्ही जंगल में बुढ़िया माता मंदिर पर दर्शन करने आई थी। दिन में दो बजे मंदिर से अपने घर जा रही थी। कुसम्ही जंगल से आटो में सवार होकर कुसम्ही पिपराइच मोड पर उतर कर अभी पिपराइच के लिए आटो का इंतजार कर रही थी की तभी एक युवक महिला का मंगलसूत्र खींच कर फरार हो गया। रविवार को ही पिपराइच थाने के खड़राइच निवासनी गुड्डी सिंह का गले से सोने का चेन बाइक सवार बदमाश लेकर फरार हो गये। घटना के बाद एम्स इंस्पेक्टर कुसम्ही -पिपराइच तिराहे पर पहुंच कर जांच पड़ताल के नाम पर खानापूर्ति शुरू कर दी। मगर पुलिस खाली हाथ लौटी। इसके पहले माडापार पुल पर एक सप्ताह पहले महिला के गले से सोने की चेन महिला चोरनी लेकर फरार हो गयी। इस घटना के बाद पुलिस ने इलाके में गश्त नहीं बढ़ाई जिसकी वजह से तीसरी बारदात हो गयी। मंगलवार को कुसम्ही- पिपराइच मोड पर घटना घटी है वहां पर रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है। कभी कभा जगदीशपुर की पुलिस वहां पहुंच कर जाम खुलवाती है। लेकिन इस समय पुलिस का पीकेट नहीं लग रहा है। उधर दुकानदारों का कहना है कि जगदीशपुर चौकी कुसम्ही से करीब तीन किलो मीटर दूर है लिहाजा पुलिस कुसम्ही में आना नहीं चाहती है।

# खोराबार में सड़क हादसे में युवक जख्मी

**खोराबार (एसएनबी)।** खोराबार थाना क्षेत्र के रामनगर करजहां में फोरलेन पार करते समय एक व्यक्ति अज्ञात वाहन के चपेट में आ गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। एम्स थाना क्षेत्र के बहरामपुर छोटी कुरमौल निवासी 50 वर्षीय मुन्नीलाल पासवान पुत्र स्व मुनेश्वर साइकिल से फोरलेन पार कर रहे थे । तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप घायल हो गए। घायल का इलाज शहर एक निजी अस्पताल में चल रहा है। जहा हालत गंभीर बनी हुई है ।

# पति समेत पांच के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

**सहजनवां (एसएनबी)।** चिलुआताल थाना क्षेत्र के बेला निवासी अभय शंकर की बेटी पूजा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया उसकी शादी संतकबीरनगर नाथनगर थाना क्षेत्र के खजुरिया निवासी राजेन्द्र यादव से 2022 में हुई थी। पति का एक महिला से नाजायज संबंध होने के कारण प्रताड़ित करने लगे। रविवार को सहजनवां के हरदी गांव बुलाकर बहन बहनोई के साथ मिलकर मारपीटा। उसके बाद भगा दिया। विवाहिता के तहरीर पर पुलिस ने पति राजेन्द्र यादव, ससुर मेघनाथ यादव,सास आशा देवी,ननदोई विरेन्द्र यादव,नन्द रेनू देवी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व मारपीट समेत अन्य धाराओं मे केस दर्ज कराया है।

# दो माह बाद छिनैती, हत्या के प्रयास व तोड़फोड़ का केस

**हरपुर-बुदहट (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मदनपुरा में दो माह पूर्व 31 दिसम्बर, 2023 को अपने पुत्र की जमीन पर विपक्षियों द्वारा अवैध निर्माण कराये जाने से रोकने गए पिता लालमन यादव पुत्र बलिकरन यादव को उसके गांव के आधा दर्जन लोगों ने कुदाल से प्राण घातक हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया था। पीड़ित ने स्थानीय पुलिस और पुलिस के उच्चाधिकारियों से शिकायत किया था, लेकिन उसकी शिकायत नही सुनी गई थी। कोर्ट के आदेश पर अब पुलिस ने आरोपितों के विरूद्ध छिनैती, जानलेवा हमला व तोड़फोड़ का मुकदमा दर्ज किया है।

**■ कोर्ट के आदेश पर हरपुर बुदहट पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

ग्राम पंचायत बिगही निवासी लालमन यादव पुत्र स्वबलिकरन यादव जो पुलिस विभाग के होमगार्ड पद से रिटायर्ड है। उन्होंने कोर्ट में 156(3) के तहत दिए गए तहरीर में बताया कि ग्राम पंचायत मदनपुरा में उनके पुत्र की जमीन है। दिनांक 31 दिसम्बर, 2023 को उस जमीन पर उनके गांव बिगहीं के ही आधा दर्जन लोग अवैध ढंग से निर्माण शुरू कर दिया। जब वह रोकने गए तो उन पर कुदाल से हमला कर दिया गया। जिससे उनका पैर कट गया। आरोपितों ने उनके जेब से एक हजार रुपये भी निकाल लिया और साइकिल तोड़ दिया। पीड़ित रिटायर्ड होमगार्ड ने बताया कि उन्होंने न्याय के लिये कई दिनों तक थाने का चक्कर लगाया लेकिन विपक्षियों के दवाब में आकर पुलिस ने उनका मुकदमा दर्ज नहीं किया। इस संबंध में थानाध्यक्ष विशाल कुमार उपाध्याय ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर बिगही निवासी योगेंद्र, जितेंद्र, राजाराम, प्रिंस, रेनू, प्रियंका, लक्ष्मण, गोलू सहित 8 के खिलाफ धारा 147, 148, 323, 506, 504, 307, 394, 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# 50 हजार नकदी समेत लाखों के गहने चोरी

**सहजनवां (एसएनबी)।** सहजनवा थाना क्षेत्र के भीटी रावत स्थित एक व्यक्ति के मकान में किराए का कमरा लेकर रहने वाली महिला के कमरे का ताला तोड़कर चोरों ने 50 हजार रुपए नकदी और लाखों का सोने-चांदी का जेवर चुरा लिया है। मकान मालिक के कमरे का भी ताला तोड़कर गैस सिलिंडर की चोरी की गयी है।

थाना क्षेत्र भीटी रावत निवासी सुरेश पांडेय की पत्नी प्रमिला परिवार के साथ भरपूरवा स्थित एक मकान में किराए पर रहती है। मकान मालिक भी मुम्बई रहते है। शनिवार को घर पर ताला बन्द कर परिवार के साथ भाई के सादी में शामिल होने गयी थी। रविवार को बगलगीर ने सूचना दी कि घर का ताला टूटा हुआ है। प्रमिला ने बताया जब घर पहुंची तो देखा कि आलमारी बाक्स तोड़कर चोर 50 हजार रुपए नगद, सोने का मंगलसूत्र, एक जोडा झाला,चांदी का पावजेब,एक जोडा पायल चुरा ले गये हैं। मकान मालिक के कमरे का भी ताला तोड़कर चोरों ने गैस सिलेंडर चुरा लिया है। पीड़िता के तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## सेंध काट कर लाखों की चोरी

**ब्रह्मपुर(एसएनबी)।** झंगहा थाना क्षेत्र के नई बाजार में स्थित सेना से रिटायर फौजी रामभरत के ताला बंद मकान में पीछे से अज्ञात चोर बीती रात सेंध काट कर आभूषण वर्तन नगदी सहित



लाखो का सामान चुरा ले गए।

रिटायर फौजी रामभरत पिछले वर्षो से मकान बना कर नई बाजार में रहते थे। रिटायर होने के बाद लखनऊ के इंद्रानगर में रहते है। पिछले माह उनके लड़के दिलीप कुमार की सगाई थी। सगाई होने के बाद पुनः घर में ताला बन्द कर पूरा परिवार लखनऊ चला गया था। बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा मकान के पीछे सेंध काट कर कमरे में रखा बड़ा बाक्स का टाला तोड़ कर उसमे रखा गया नगदी व आभूषण चुरा ले गए।

# ईंट भट्ठे पर धधक रही थीं कच्ची शराब की भट्ठियां

**गोरखपुर (एसएनबी)।** आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जनपद गोरखपुर की आबकारी टीम द्वारा पुलिस टीम के सहयोग से मंगलवार को ग्राम हरदीडीह में मटेलु के भट्ठे पर दबिश देकर चढ़ी भट्ठी पर शराब बनाते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। टीम ने लगभग 50 ली कच्ची शराब,500 किग्रा लाहन व शराब बनाने के उपकरण बरामद किया। गिरफ्तार व्यक्ति राजेश शाहू, भट्ठे की देखरेख करने वाले बृजलाल यादव व भट्ठा मालिक मटेलू तिवारी के विरुद्ध थाना खजनी में एफआईआर दर्ज कराई गई है। उल्लेखनीय है की उक्त व्यक्ति राजेश शाहू व बृजलाल यादव के विरुद्ध पूर्व में भी एफआईआर कराई जा चुकी है।

# तीन बिचौलिये गिरफ्तार

## मेडिकल कालेज में बिचौलियागिरी का खेल जारी

**गोरखपुर (एसएनबी)।** पुलिस भले ही लाख दावा करे कि बीआरडी मेडिकल कालेज से बिचौलियों का सफाया हो गया है लेकिन यह सच्चाई नहीं है। गायनिक वार्ड से मरीजों को गुमराहकर बिचौलियों ने नर्सिंग होम की राह पकड़ा दी। फिलहाल नेहरू चिकित्सालय प्रशासन के प्रयास से पुलिस तीन बिचौलियों को दबोच ली है। पूछताछ की जा रही है।

मेडिकल कालेज के गायनिक वार्ड में महिला डाक्टर द्वारा भर्ती की गई महिला मरीज अचानक से गायब हो गई। सूत्रों की मानें तो मरीज भर्ती करने वाली डाक्टर ने मरीज के बारे में पता किया। बताया जाता है कि मरीज किसी वार्ड ब्याय की दूर की रिश्तेदार थी। इसके बाद पता चला कि मरीज को यहां से किसी कीमती चार पहिया से नर्सिंग होम पहुंचा दिया गया है। महिला डाक्टर ने पूरी जानकारी प्राचार्य डा. रामकुमार जायसवाल को दी और फिर हरकत में आ गए नेहरू चिकित्सालय के सीएमएस डा. बीएन शुक्ला। उन्होंने मेडिकल कालेज चौकी की पुलिस के साथ ही साथ एसपी सिटी और जिलाधिकारी तक को प्रकरण से अवगत करा दिया। मरीज के परिजनों के पास बिचौलिए का फोन नंबर भी था। वह मिलने के बाद पुलिस हरकत में आ गई। कुछ ही घंटों के प्रयास से तीन बिचौलिए पुलिस के हत्थे चढ़ गए। तब यह पता चला कि मेडिकल कालेज से दो और मरीजों को भी नर्सिंग होम पहुंचाया गया था। सूत्र बताते हैं कि मेडिकल कलोज से ले जाये गये तीनों मरीजों को वापस मेडिकल कालेज भिजवाया गया। बिचौलियों को दबोचकर पुलिस अपनी जांच-पड़ताल कर रही है। अब ज्यादातर लोग यही मान रहे हैं कि सीएमएस डा. बीएन शुक्ला हरकत में नहीं आये होते तो बिचौलिए पकड़े ही नहीं जाते। अब सवाल यह उठ रहा है कि कड़ी कार्यवाही होने के बावजूद बिचौलियों के गुर्गे काम कर रहे हैं। इस संबंध में मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. राम कुमार जायसवाल का कहना है कि मेडिकल कालेज से मरीजों को निकालने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही अपने तईं बिचौलियों पर अंकुश लगाने संबंधी जो भी कार्यवाही की जा सकती है कि की जाएगी।

**लग्जरी वाहन से ले जाये गये थे तीनों मरीज :** एंबुलेंस पर पुलिस की पैनी नजर है। तभी तो भर्ती मरीजों को लग्जरी वाहन से बिचौलिए नर्सिंग होम पहुंचा रहे हैं। फिलहाल सूत्र बताते हैं कि कार कीमती थी जिससे मरीजों को मेडिकल कालेज से निकाला गया था। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और चर्चा है कि इस खेल में कई बिचौलिए और गिरफ्त में आने वाले हैं। लग्जरी वाहन देख पुलिस शक भी नहीं कर सकती है कि इससे मरीज को गुमराहकर नर्सिंग होम भिजवाया जा रहा है।

# फर्जी केस में फंसा किया जा रहा उत्पीड़न

**पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ रेल कर्मियों का उत्पीड़न कत्तई बर्दाश्त नहीं करेगी तत्काल फर्जी केस वापस लिया जाए : विनोद राय**

**गोरखपुर (एसएनबी)।** पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री विनोद राय से एसी कोच मैकेनिक स्टाफ का प्रतिनिधिमंडल जाकर मिला और उन्हें बताया कि एसी मैकेनिक को फर्जी केस में फंसा कर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। एसी मैकेनिक स्टाफ ने बताया कि गोरखपुर रेलवे स्टेशन के यार्ड में खड़ी मेल एक्सप्रेस गाड़ी के एसी में प्रयुक्त होने वाले पार्ट को गाड़ी से निकालकर ठीक करने ले जा रहे थे उसी में आरपीएफ स्टाफ ने पकड़कर चोरी का इल्जाम लगाया। कई अधिकारियों के सही बताने के बावजूद उन पर चोरी का इल्जाम लगाया गया। उन रेल कर्मियों पर विभागीय कार्रवाई चल रही है इस अनुचित प्रशासनिक कार्रवाई से एसी कोच अटेंडेंट परेशान है।



रेल कार्य करने के बावजूद उनके ऊपर कारवाई की जा रही है । एसी मैकेनिक स्टाफ ने बताया रेल में प्राइवेटाइजेशन के तहत गाड़ियों में प्राइवेट पावर कार मैकेनिक भी चल रहे हैं। जिनका व्यवहार रेल के एसी मैकेनिक कर्मियों के प्रति ठीक नहीं है ।

महामंत्री विनोद राय ने प्रशासन से मांग किया है कि फर्जी केस में फंसाए गए एसी मैकेनिक पर से तत्काल फर्जी केस को हटाया जाए। इस दौरान पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी एके सिंह ,डीके तिवारी, आरपी भट्ट, केएम मिश्रा, दीपक चौधरी, विजय पाठक, कुलदीप मणि त्रिपाठी, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, देवेश सिंह, अंशुमान पाठक, अजय त्रिपाठी, निशांत यादव, हरिकेश कुमार, दीपक प्रजापति, धीरज, मुकेश, उमेश सिंह, अजीत सिंह एवं राजकुमार आदि मौजूद रहे।

# बोलेरो ने टेंपो में मारी टक्कर, छात्र की मृत्यु

- खजनी थाना क्षेत्र के जरलही पुल के पास हुआ हादसा
- शरीर से अलग हो गया था टेंपो सवार छात्र का दाहिना पैर

जासं, उनवल : खजनी थाना क्षेत्र के जरलही पुल के पास मंगलवार की सुबह तेज गति बोलेरो ने सवारी भरे टेंपो में टक्कर मार दी। इससे टेंपो सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। हादसे में टेंपो सवार एक छात्र का दाहिना पैर शरीर से अलग हो गया। अत्यधिक रक्तस्राव होने से उसकी मृत्यु हो गई। कई अन्य सवार घायल हुए हैं।

मंगलवार की सुबह साढ़े नौ बजे एक टेंपो उनवल से सवारी भरकर गोरखपुर जा रही था। जरलही पुल के पास गोरखपुर की तरफ से आ रही बोलेरो ने टेंपो में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि टेंपो सड़क किनारे पलट गया। अगली सीट पर बैठे बांसगांव के भुसवल निवासी छात्र निखिल यादव 22 पुत्र विरेंद्र यादव का दाहिना पैर कट गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने निखिल को जिला अस्पताल भिजवाया, लेकिन रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई। वह गोरखपुर शहर में रहकर आइआइटी की तैयारी कर रहा था। टेंपो चालक बालेन्द्र पुत्र गोबरी निवासी भिउरी के सिर में चोट, एक लड़की को खरोच आई। कई अन्य सवार को मामूली चोट लगी। हादसे के बाद चालक बोलेरो लेकर फरार हो गया। घटनास्थल से काफी नजदीक होने के बाद भी महुआडाबर चौकी पुलिस के पहुंचने से पूर्व डायल 112 पुलिस ने पहुंचकर मदद की। बांसगांव संवाददाता के अनुसार निखिल की मृत्यु की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। माता-पिता और भाई निहाल का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोग इस हादसे से दुखी हैं।

### टेंपो व कार में भिड़ंत, तीन घायल

जासं, गगहा : थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर करवल माता मंदिर के सामने बड़हलगंज से गगहा जा रहे टेंपो की गलत साइड से आ रही कार से आमने-सामने की टक्कर हो गई। इससे टेंपो सवार नर्रे गगहा निवासी राजन व सिम्पा और टेंपो चालक गगहा थाना क्षेत्र के टिकरी निवासी दिलीप यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को सीएचसी गगहा ले गई। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल दिलीप को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# रसोई गैस सिलेंडर में रिसाव से विस्फोट

जासं, करमैनीघाट : कैम्पियरगंज थाना क्षेत्र के सोनौरा खुर्द गांव के भुवंही टोले पर मंगलवार की शाम सात बजे खाना बनाते समय लगी आग में दो सिलेंडर फट गए। इससे टिन शेड सहित चार झोपड़ियां जलकर राख हो गई। सिलेंडर दगने से भगदड़ मच गई। गांव के लोग दहशत में आ गए।

गांव के हरिशंकर शर्मा के घर परिवार की महिलाएं झोपड़ी में भोजन बना रही थीं। इसी दौरान गैस लीक होने से आग लग गई। कुछ देर बाद सिलेंडर फटने के साथ झोपड़ी उड़ गई, जिसकी वजह से आग बगल में रहने वाले वीरेंद्र शर्मा की झोपड़ी में फैल गई। आग लगने से उनके घर में रखा सिलेंडर भी फट गया। इससे पूरे गांव में भगदड़ मच गई। गांव के लोग जब तक आग पर काबू पाते, रामजतन की झोपड़ी भी जल गई। इसमें बंधी उनकी एक भैंस झुलस गई। सिलेंडर फटने के बाद बगल में रहने वाले सीताराम के पक्की ईंट की दीवार ढह गई। टिन शेड उड़कर दूर चला गया। परिवार के लोगों ने किसी तरह से मवेशियों को बाहर निकाला।

# महिला का मंगलसूत्र लूटा

## कुसम्ही बाजार में चार दिन के भीतर लूट की तीसरी वारदात

जागरण संवाददाता, कुसम्ही बाजार : कुसम्ही बाजार में चार दिन के भीतर तीसरी लूट करके बदमाशों ने सनसनी फैला दी। मंगलवार को बुढ़िया माता मंदिर से दर्शन करके घर लौट रही कुशीनगर जिले की महिला का मंगलसूत्र लूटकर बदमाश फरार हो गया। सीसी कैमरा फुटेज की मदद से एम्स थाना पुलिस छानबीन कर रही है।



झिनकी देवी

कुशीनगर जिले के अहिरौली क्षेत्र स्थित रामपुर माफी गांव की झिनकी पति अतुल साहनी के साथ मंगलवार को बुढ़िया माता मंदिर में दर्शन करने आयी थीं। करीब दो बजे वह घर जाने के लिए कुसम्ही-पिपराइच मोड़ पर आटो का इंतजार कर रही थीं। इसी बीच बदमाश झिनकी देवी का मंगलसूत्र छीनकर भाग निकला। शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े, लेकिन आरोपित पकड़ में नहीं आया। घटना की सूचना महिला ने डायल 112 पर दी। एम्स थाना पुलिस घटनास्थल के पास लगे सीसी कैमरे का फुटेज देख रही है। इससे पहले रविवार को बाइक सवार बदमाशों ने खड़राइच गांव की रहने वाली गुड्डी सिंह की चेन लूट ली थी। शनिवार को पिपराइच के बसडीला रौसढ़ गांव में रहने वाली आशा त्रिपाठी की चेन छीनकर फरार हो गए थे।

- बुढ़िया माता मंदिर में दर्शन कर घर जा रही थी कुशीनगर जिले की महिला

“महिला का मंगलसूत्र लूटने वाले बदमाश की तलाश चल रही है।



एम्स थाना पुलिस के साथ ही क्राइम ब्रांच की टीम छानबीन कर रही है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

**कृष्ण कुमार विश्नोई**, एसपी सिटी

**मोड़ पर लगती है पिकेट** : पिराइच-कुसम्ही तिराहे पर जिस जगह घटना हुई है, वहां पुलिस पिकेट लगती है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि पहले दिन की घटना के बाद चौकसी बढ़ा दी गई लेकिन लगातार वारदात हो रही है। मंगलवार को घटना के समय पुलिसकर्मी मोड़ पर मौजूद नहीं थे।

### आटो में महिला से लूटपाट

**जासं.गोरखपुर** : आटो सवार बदमाशों ने महिला को जान से मारने की धमकी देकर गहने व पर्स में रखे दो हजार रुपये लूट लिए। रामपुर रकबा गांव की विद्यावती देवी ने चौरी चौरा थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार को सुबह 11 बजे आटो में बैठकर रामनगर कड़जहां के लिए निकली थी। आटो में चार युवक पहले से बैठे थे। चौरी चौरा पेट्रोल पंप से आगे उन्होंने जान से मारने की धमकी देकर बाली, चेन और पर्स में रखे दो हजार रुपये छीन लिए। एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जांच कराई जा रही है।

# युवकों को कुचलने से पहले कार में मारी ठोकर

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : कोचिंग संचालक ने रामनगर चौराहे पर तीन साथियों को कुचलने से पहले गोरखनाथ ओवरब्रिज पर कार में भी ठोकर मारी थी। पीछा करने पर तेजी से भाग निकला। सोमवार की शाम गोरखनाथ थाने पहुंचे कार मालिक ने कोचिंग संचालक सूर्य प्रताप सिंह के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस इस मामले को भी गैर इरादतन हत्या के मुकदमे में शामिल करेगी।

सुभाषचंद्र बोस नगर कालोनी में रहने वाले रणविजय चंद ने गोरखनाथ थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि रविवार की रात में वह कार से धर्मशाला बाजार की तरफ से घर आ रहे थे।

इसी बीच पीछे से आई तेज रफ्तार बलेनो गाड़ी ने ठोकर मार दी, जिसका नंबर उन्होंने नोट कर लिया। रोकने का प्रयास करने पर कार लेकर चालक तेजी से भाग निकला। सीओ गोरखनाथ योगेंद्र सिंह ने बताया कि रणविजय की कार में ठोकर मारने के बाद सूर्य प्रताप ने रामनगर चौराहे पर भोजन करके टहलने निकले जाहिदाबाद कालोनी के रहने वाले मोईन, अकील अहमद व ताहिर हुसैन को कुचल दिया था। इस घटना में मोईन व अकील की मृत्यु हो गई थी। सावित्री हास्पिटल में भर्ती ताहिर का उपचार चल रहा है।



जांच करती यातायात पुलिस ● जागरण

- गोरखनाथ ओवरब्रिज पर हुई थी घटना, पीड़ित ने दी तहरीर
- गैर इरादतन हत्या के मुकदमे में पुलिस शामिल करेगी मामला

## शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े गए 33 लोग

जासं. गोरखपुर : शहर में शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई शुरू हुई है। सोमवार की रात में एसपी यातायात संजय कुमार की अगुवाई में अभियान चलाया। इस दौरान काली मंदिर, मोहद्दीपुर, पैडलेगंज, देवरिया बाईपास, नौकायन, हार्बर्ट बांध, खजांची चौराहा, पादरी बाजार, असुरन समेत 20 जगहों पर बैरियर लगाकर हुई चेकिंग में 33 लोग शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े गए। इस दौरान 737 वाहनों की जांच करते हुए पुलिस ने 114 वाहनों का चालान काटकर 2.74 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। यातायात नियमों का उल्लंघन होने पर पुलिस ने तीन वाहनों को सीज कर दिया।

# तीन बदमाशों पर 10-10 हजार रुपये का इनाम

गोरखपुर : जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में दर्ज विभिन्न मुकदमों में फरार चल रहे तीन बदमाशों पर एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। शाहपुर थाना में दर्ज पशु तस्करी, हत्या की कोशिश के मामले में कुशीनगर, कुबेरस्थान के सेमरा हरदो गांव का तौसीफ अहमद, बांसगांव में दर्ज पशु तस्करी के मुकदमे में उरुवा थाना क्षेत्र के कोटिया गांव में रहने वाला दीपू और कोतवाली में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे का आरोपित गीडा थाना क्षेत्र के बरहुआ में रहने वाला अभिषेक सिंह यादव उर्फ धनेश की लंबे समय से तलाश चल रही है।

# कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

हरपुर-बुदहट : बेटे की जमीन पर अवैध कब्जा रोकने गए वृद्ध पर कुदाल से हमला करने वाले आठ लोगों के विरुद्ध पुलिस ने बलवा, मारपीट, हत्या के प्रयास, लूट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश पर हुई है। बिगही गांव के लालमन यादव होमगार्ड पद से सेवानिवृत्त हैं। उनका कहना है कि मदनपुरा गांव में उनके बेटे की जमीन है। 31 दिसंबर 2023 को उस जमीन पर गांव के कुछ लोगों ने निर्माण शुरू करा दिया। जब वह रोकने गए तो उन पर कुदाल से हमला कर घायल कर दिया। आरोपितों ने उनके पाकेट से रुपये भी निकाल लिया और साइकिल तोड़ दी थी। थाने पर सुनवाई नहीं होने पर उन्होंने न्यायालय की शरण ली थी। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने योगेंद्र, जितेंद्र, राजाराम, प्रिंस, रेनू, प्रियंका, लक्ष्मण और गोलू के विरुद्ध, बलवा, मारपीट, हत्या के प्रयास, लूट और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। (जासं)

# पति समेत पांच नामजद, दो अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

सहजनवां : पंचायत के दौरान मारपीट के मामले में महिला की तहरीर पर सहजनवां पुलिस ने पति समेत पांच नामजद और दो अज्ञात के विरुद्ध मारपीट व दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। चिलुआताल थाना क्षेत्र के बेला गांव की पूजा की शादी दिसंबर 2022 में संतकबीर नगर जिले के महुली थाना क्षेत्र के खजुरिया गांव के राजेंद्र यादव से हुई है। पूजा का आरोप है कि पति के सेना में नौकरी करने के कारण ससुराल के लोग और अधिक दहेज की मांग करने लगे। न देने पर पिटाई करते हैं। पीड़िता का यह भी आरोप है कि पति का दूसरी महिला से संबंध है। बीते फरवरी में पंचायत के बहाने सहनजवां में बुलाकर गंभीर रूप से पिटाई की। पुलिस ने पति राजेंद्र यादव, ससुर मेघनाथ यादव, सास आशा देवी, ननद रेनू और ननदोई वीरेंद्र यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# थानों में हुई शांति कमेटी की बैठक, सीओ ने की गश्त



कोतवाली थाने में शांति कमेटी की बैठक करते सीओ कोतवाली • जागरण

जासं, गोरखपुर : नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू होने के बाद शहर में शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस अलर्ट पर है। थानों में शांति कमेटी की बैठक कर लोगों को इस बारे में बताया जा रहा है। इंटरनेट मीडिया पर कोई अफवाह न फैलाए, इसको लेकर साइबर सेल व पुलिस मीडिया सेल की टीम निगरानी कर रही है।

मंगलवार को सीओ कोतवाली गौरव कुमार त्रिपाठी ने कोतवाली थाने में शांति कमेटी की बैठक कर स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। साथ ही बताया कि अफवाह फैलाने का प्रयास करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। बैठक के बाद सीओ ने अर्द्धसैनिक बलों के साथ शाहमारूफ, नखास चौक, घंटाघर, घासी कटरा सहित अन्य जगहों पर पैदल गश्त की। सीओ गोरखनाथ योगेंद्र सिंह ने गोरखनाथ, चक्सा हुसैन, रसूलपुर, अजयनगर में पैदल गश्त की। इस दौरान स्थानीय लोगों से बातचीत कर अफवाहों से बचने की सलाह दी। किसी भी गड़बड़ी की सूचना पुलिस को देने को कहा।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के तहत पड़ोसी देश पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भारत में आने वाले अल्पसंख्यकों को नागरिकता दी जाएगी। शांति कमेटी की बैठक कर इस बारे में थाना व चौकी प्रभारी लोगों को बताया जा रहा है।

# बैग से गहने व रुपये चुराकर भागे मार्शल सवार बदमाश

## रेलवे स्टेशन छोड़ने का झांसा देकर वड़हलगंज में वैठाया था

जासं, गोरखपुर : भतीजे के साथ गोरखपुर स्टेशन आने के लिए बड़हलगंज में मार्शल जीप पर बैठी महिला का बैग खोलकर बदमाशों ने पांच लाख रुपये कीमत के गहने व सात हजार की नकदी निकाल ली। कौड़ीराम पहुंचने पर बाबा की मृत्यु होने की जानकारी देकर चालक ने दोनों को उतार दिया। दूसरे वाहन से स्टेशन पहुंचने के बाद महिला ट्रेन से दिल्ली पहुंची तो चोरी की जानकारी हुई। मंगलवार को बड़हलगंज थाने पहुंचे भतीजे ने तहरीर दी।

सुरदहा गांव के आदित्य गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 10 मार्च को बुआ के साथ गांव गोरखपुर रेलवे स्टेशन जाने के लिए बड़हलगंज बस स्टेशन पर खड़े थे। इसी दौरान एक व्यक्ति मार्शल गाड़ी लेकर आया और बोला कि हम भी रेलवे स्टेशन जा रहे हैं। एक व्यक्ति का किराया 70 रुपये लगने की जानकारी देकर बैठा लिया। ड्राइवर के कहने पर उन्होंने बैग पीछे वाली सीट पर रख दिया। बाछेपार में विचित्र वीर हनुमान मंदिर के पास उसने एक व्यक्ति को पीछे की सीट पर बैठा लिया।

सिधुआपार हाइवे बाईपास के पास भी एक व्यक्ति बैठा। कौड़ीराम पहुंचने पर एक व्यक्ति को बैठाया। पीछे बैठे दोनों युवक यहीं उतर गए लेकिन उन्होंने किराया नहीं दिया। चालक ने यह कहते हुए गाड़ी रोक दी कि उसके बाबा की मृत्यु हो गई है आगे नहीं जाएगा। इसके बाद वह दूसरे वाहन से गोरखपुर पहुंचे। जिसके बाद ट्रेन से दिल्ली निकल गये।

घर जाकर देखा तो हमारा ट्राली बैग कटा हुआ है। जिसमें रखे लगभग पांच लाख रुपये कीमत के गहने व सात हजार नगदी गायब है। बड़हलगंज थाना पुलिस आरोप की जांच कर रही है।

### बाइक की डिक्की तोड़कर दो लाख रुपये उड़ाए

जासं. सहजनवां : गीडा थाना क्षेत्र के नौसढ़ में बिजली का बिल जमा करने गए व्यक्ति की बाइक की डिक्की तोड़कर बदमाश दो लाख रुपये लेकर फरार हो गए। अज्ञात पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर पुलिस छानबीन कर रही है। भिलौरा निवासी त्रिपुरारी पाठक ने तहरीर में लिखा है कि वह मकान बनवा रहे हैं। साथ ही बेटी की शादी भी तय किए हैं। मंगलवार को एकला स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा से दो लाख रुपये निकाल कर बाइक की डिक्की में चेक बुक के साथ रख दिए। बाघागाडा में बिजली का बिल जमा करके कार्यालय से बाहर आए तो देखा कि बाइक की डिक्की टूटी है और उसमें रखे रुपये व चेकबुक गायब है।

# आर्किटेक्ट के घर चोरी, नौकरानियों पर केस

## शिवाजी नगर कालोनी की घटना, सीसीटीवी फुटेज में घर से निकलते दिख रहा युवक

**रामगढ़ताल थाना**

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : शिवाजी नगर कालोनी में आर्किटेक्ट के मकान में घुसकर चोर 15 लाख रुपये के गहने उठा ले गए। आर्किटेक्ट ने दो नौकरानियों और उनके परिचित युवक पर संदेह जताया है। नौकरानियों के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज कर रामगढ़ताल थाना पुलिस छानबीन कर रही है।

शिवाजी नगर कालोनी में रहने वाले आदित्य सिंह आर्किटेक्ट हैं। पत्नी निजी बैंक में उप प्रबंधक हैं। घर में पत्नी के अलावा माता-पिता रहते हैं। 10 मार्च को माता-पिता किसी काम से लखनऊ चले गए। पति और पत्नी भी घर पर नहीं थे। तभी मौका देख युवक घर में घुस गया। आलमारी खोलकर उसमें रखे गहने निकालकर फरार हो गया। रात में जब लौटे तो आलमारी से गहने गायब देखकर सीसी कैमरे का फुटेज जांचा जिसमें एक युवक बाहर निकलते दिख रहा है।

आदित्य ने रामगढ़ताल थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि नौकरानी रंजू और कविता ने चोरी कराई है। फुटेज में दिख रहा युवक उनका परिचित है। रामगढ़ताल थाना पुलिस छानबीन कर रही है।

### बंद मकानों का ताला तोड़कर चोरी



**जासं. सहजनवां** : नगर पंचायत के वार्ड 10 लुचुई व भीटी रावत स्थित बंद मकान का ताला तोड़कर चोर नकदी, गहने व सामान उठा ले गए। सहजनवां थाना पुलिस छानबीन कर रही है। वार्ड 10 लुचुई में रहने वाले आदर्श कुमार ठाकुर ने तहरीर में लिखा है कि 11 मार्च को रिश्तेदार की तबीयत खराब होने पर मकान में ताला बंद स्वजन के साथ चले गए थे। रात में चोर कमरे का ताला तोड़कर आलमारी में रखे गहने, 20 हजार रुपये व सामान उठा ले गए। भीटी रावत संवाददाता के अनुसार गांव के भरपुरवा में किराए पर कमरा लेकर रहने वाली प्रेमिला देवी के भाई की आठ मार्च को शादी थी। परिवार के साथ वह शादी में शामिल होने गई थीं। नौ मार्च को लौटीं तो कमरे का ताला टूटा थ। चोरी आलमारी में रखे 50 हजार रुपये, गहने उठा ले गए थे। एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

# मेडिकल कालेज में पकड़े गए दो दलाल

## कर्मचारियों के बुने जाल में फंस गए दलाल, दाई को रोगी बनाकर भेजा

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : बीआरडी मेडिकल कालेज से रोगियों को गुमराह कर निजी अस्पतालों में पहुंचाने का धंधा अभी रुका नहीं है। कर्मचारियों की सतर्कता से मंगलवार को दो दलाल पकड़ लिए गए, उन्हें पुलिस को सौंप दिया गया। रोगी को ले जाने के लिए दोनों एंबुलेंस की बजाय क्रेटा कार से आए थे, ताकि किसी की नजर में न आएं। गुलरिहा पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया है। जांच चल रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

मेडिकल कालेज में पिछले दिनों दलालों की सक्रियता का मामला सामने आने पर कर्मचारियों को सतर्क कर दिया गया है। पिछले दो दिन में चार रोगी एब्सकांड (लापता) हो गए। इसकी सूचना कर्मचारियों ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक बृजेंद्र नाथ शुक्ला को दी। गायब रोगियों के बेड हेड टिकट पर अंकित मोबाइल नंबरों पर बात की गई तो पता चला कि वे निजी अस्पताल में भर्ती हैं। कर्मचारियों ने तीमारदार बनकर उनसे कहा कि मेडिकल कालेज में अच्छा उपचार नहीं हो पा रहा है। हम भी किसी नर्सिंग होम में रोगी को ले जाना चाहते हैं। रोगी ने किसी और से कर्मचारी की बात कराई। उसने कहा, आप रोगी को मेडिकल कालेज से बाहर ले आइए। डाक्टर को बता दीजिए कि अपनी मर्जी से रोगी को ले जाना चाहता हूं। इसके बाद दलाल क्रेटा कार से मेडिकल कालेज पहुंच गए। कर्मचारियों ने एक दाई को स्ट्रेचर पर लिटाकर दलालों के पास पहुंचाया। उसे ले जाते समय दोनों पकड़ लिए गए। कर्मचारियों ने बताया कि तीन दलाल पकड़े गए थे। पुलिस का कहना है कि एक सहजनवां का रोगी था। उसे छोड़ दिया गया।






बीआरडी मेडिकल कालेज से दो दलाल पकड़े गए हैं। वे रोगी को ले जाने का प्रयास कर रहे थे। जांच चल रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

**कृष्ण कुमार बिश्नोई**, एसपी सिटी



कर्मचारियों की मदद से दलालों के बड़े रैकेट का पर्दाफाश हुआ है। उन्हें पुलिस को सौंप दिया गया है। पूछताछ में बड़ा पर्दाफाश हो सकता है।

**डा. बृजेंद्र नाथ शुक्ला**, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मेडिकल कालेज

**दाउदपुर में भी पकड़ा गया एक संदिग्ध**: दाउदपुर के एक अस्पताल संचालक ने कैंट पुलिस को सूचना दी थी कि उनके यहां भी दलाल घूम रहे हैं। रोगियों को गुमराह कर अन्यत्र ले जा रहे हैं। इस पर पुलिस सक्रिय हुई और मंगलवार को अस्पताल के सामने एक संदिग्ध को पकड़ लिया। कैंट थाने में पूछताछ कर छोड़ दिया गया है। उसे बुधवार को पुनः थाने में बुलाया गया है।

# कैम्पियरगंज के बलुआ में चल रहा नशे का कारोबार, पुलिस बनी अनजान

## दस वर्ष से चल रहा है कारोबार, कई घरों मे बिकता है गांजा

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के बलुआ गांव में दस वर्षों से गांजा व अफीम का धंधा चल रहा है। गांव में बलुआ के नाम से पुलिस चौकी भी है, इसके बावजूद पुलिस कर्मियों को भनक तक नहीं लगी। आसपास के लोग दिनभर नशेड़ियों से परेशान होते हैं। लोगों ने कई बार शिकायत भी की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। धंधे के तार नेपाल से जुड़े बताए जा रहे हैं। गांव में एक दर्जन से अधिक घरों में इसका कारोबार होता है।

बलुआ गांव की चंदा साहनी ने बताया कि उनके गांव में 10 वर्ष से अधिक समय से गांजे का कारोबार हो रहा है। इसकी शुरुआत गांव के एक व्यक्ति ने की थी। उसकी मृत्यु के बाद बेटे ने धंधा संभाल लिया। मौजूदा समय दर्जनभर से अधिक घरों से धंधा चल रहा है। एक महिला ने एक बार विरोध किया तो विवाद हुआ, जिसमें उसका पैर टूट गया था। गांव की कोइला साहनी बताती हैं कि नशेड़ी फर्राटा भरते आते हैं।

कई बार दुर्घटना में लोग घायल भी हो चुके हैं। बाइक धीमी चलाने के लिए कहने पर वे गाली-गलौज और मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। बहुता साहनी बताती हैं कि उनके घर के सामने भी गांजा बेचा जाता है। सुबह से देर रात तक खरीदारों की भीड़ लगी रहती है। बहू-बेटियों का बाहर निकलना मुश्किल रहता है। कुछ भी बोलने पर धमकी मिलती है।

**कई बार की शिकायत, नहीं हुई सुनवाई** : गांव की महिलाओं व पुरुषों ने आरोप लगाया है कि गांजे के कारोबार से पुलिसकर्मी भी जुड़े हैं।

इसे बंद कराने के लिए कई बार चौकी व थाने पर शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। कारोबारी भी चौकी व थाने को देख लेने की बात करते हैं। इस धंधे से गांव की बहू-बेटी सुरक्षित नहीं हैं। नशेड़ी फब्तियां कसते हुए आते-जाते हैं।

### इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ वीडियो, पुलिस ने दो को पकड़ा

जासं, करमैनीघाट : बलुआ गांव में गांजे की आपूर्ति को लेकर रविवार को इंटरनेट मीडिया पर वीडियो प्रसारित हुआ। क्षेत्र में चर्चा होने पर रात में पुलिस ने दबिश दी और दो लोगों को पकड़कर अपनी पीठ थपथपा ली। इसके बाद अधिकारियों को सूचना देकर रामेश्वर व सरोज देवी के विरुद्ध मुकदमा दर्जकर ढाई किलो गांजा बरामद कर लिया और सोमवार को घटना का पर्दाफाश भी कर दिया। रविवार को इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो में एक महिला व उसका बेटा नेपाल सीमा से सटे लोटन के एक व्यक्ति से बात कर रहे थे। बातचीत में रोजाना तीन से चार किलो अफीम व दस किलो गांजा बिकने की बात कही जा रही है। यहां से अन्य गांवों में थोक व फुटकर में आपूर्ति होती है। वीडियो प्रसारित होने के बाद बलुआ गांव व पुलिस की चर्चा होने पर रविवार की रात दबिश दी गई। पुलिस देख लोग घर व दुकान छोड़ भागने लगे। हालांकि पुलिस ने रामेश्वर और सरोज देवी को गिरफ्तार कर लिया।

> इंटरनेट मीडिया पर वीडियो प्रसारित होने के बाद पुलिस टीम ने दबिश दी थी। दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस गांव में गांजा व अफीम बिक्री को लेकर जांच कर रही है।
>
> **-जितेन्द्र श्रीवास्तव**, पुलिस अधीक्षक उत्तरी

**यह और अन्य खबरें देखें**

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

**REALITY CHECK**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (12 March):** दस मार्च की रात घंटाघर के घनी आबादी वाले शाहमारूफ में दो दुकानों में भीषण आग लग गई. सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां लेकर फायर फाइटर जैसे-तैसे निकल पड़े. लेकिन रास्ते में नीचे लटके बिजली के तार ने कई जगह उनका रास्ता रोका. जैसा कि गाजियाबाद की घटना जेहन में कैद थी, बचते बचाते फायर फाइटर शाहमारूफ पहुंचे और आग पर काबू पाया. फायर फाइटर का कहना था कि 5 मिनट भी लेट होते तो आग की लपटें पूरी मार्केट में फैल जाती, जिससे भारी नुकसान हो सकता था. फिलहाल इस आगजनी की घटना के बाद फायर डिपार्टमेंट ने छोटी-छोटी कमियों को नोटिस किया है. उसे दूर कर क्वीक रिसपांस देने का प्लान बनाया है.

घनी आबादी व फायर ब्रिगेड का रोक रहे रास्ता...

# हाई टेंशन का 'TENSION'





### एक साल में यहां भी तैयार हो जाएंगे फायर स्टेशन

फायर स्टेशन ऑफिसर ने बताया कि चौरी चौरा और खजनी में फायर स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है. यह स्टेशन साल 2024 के अंत तक तैयार भी हो जाएंगे, जबकि कैंपियरगंज में बन रहे फायर स्टेशन में एक साल से अधिक समय लग सकता है.

### बिजली विभाग को लिखेंगे लेटर

गर्मियों के दिनों में आगलगी की घटनाएं बढ़ जाती है. सबसे पहले तो आग ना लगे इसके लिए अवेयरनेस फैलाने सड़कों पर फायर डिपार्टमेंट की टीम उतरेगी. घनी आबादी वाले एरियाज में जहां भी तार लटके हुए हैं, उसे टाइट कर उसकी ऊंचाई बढ़ाने के लिए बिजली विभाग को फायर डिपार्टमेंट के अधिकारी लेटर लिखेंगे. साथ ही हर माह होने वाली मीटिंग में इस मुद्दे को उठाएंगे. रूरल एरियाज में भी गर्मियों में खेत के ऊपर से गए ढीले बिजली के तार के सटने से चिंगारी निकलती है, जिसके कारण भीषण आग लगती है. बिजली विभाग पहले ही बिजली के तार टाइट करा ले, इसके लिए भी फायर डिपार्टमेंट जिम्मेदार अधिकारियों से बात करेंगे.

### घनी आबादी वाले एरियाज की बनाई लिस्ट

फायर स्टेशन ऑफिसर ने फायर फाइटर के साथ मीटिंग कर शहर के घनी आबादी वाले एरियाज की लिस्ट तैयार की है. यहां छोटी बड़ी गाड़ियों के साथ जल्द कैसे पहुंचे इसपर भी प्लान तैयार किया है. घनी आबादी एरियाज में घंटाघर, बसंतपुर, रेतीचौक, घोषकंपनी, हिंदी बाजार, अलीनगर समेत कई इलाके हैं. यहां दिन के समय बड़ी गाड़ियां जा पाना असंभव के समान है. यहां के लिए 12 पोर्टेबल डीजल पंप फायर स्टेशन पर अवेलेबल हैं. घनी आबादी में यह काफी कारगर साबित होंगे.

### जिले में यहां पर है फायर स्टेशन

- गोलघर
- गीडा
- गोला
- बांसगांव



### सायरन बजा, 30 सेकेंड में रेडी

ये बता दें कि जैसे ही फायर स्टेशन में आग लगने की सूचना आती है, वहां सायरन बजने लगता है. 30 सेकेंड में गाड़ियां रेडी हो जाती हैं. वहीं फायर फाइटर जिस हाल में होते हैं, चल देते हैं. रास्ते में वह आग से बचने के कपड़े पहनते हैं.

### जिले में आग बुझाने के लिए वाहन और उपकरण

| वाहन उपकरण | संख्या |
|---|---|
| वाटर बाउजर | 4 |
| फोम टेंडर | 3 |
| वाटर टेंडर क्षमता 4500 लीटर | 8 |
| मिनी वाटर टेंडर क्षमता 2000 लीटर | 5 |
| वाटर मिस्ट विथ हाईप्रेशर 400 लीटर | 5 |
| बुलेट मोटर साइकिल विथ बैक पैक | 7 |
| पोर्टेबुल डीजल पंप | 12 |
| एंबुलेंस | 1 |



"घनी आबादी में बिजली के लटके तार रास्ता रोकते है. बिजली विभाग से कहकर गर्मियों से पहले इसकी हाइट और बढ़वाई जाएगी. रूरल एरियाज में भी अधिकतर बिजली के तारों के सटने से खेत में आग लगती है. इसे भी टाइट करवाया जाएगा. आग लगने के बाद टीम जल्द से जल्द रिसपांस देने का पूरा प्रयास करती है.

**शांतनु कुमार यादव,** फायर स्टेशन ऑफिसर



# लटक रहे तार, सिर पर मौत का करंट



**GORAKHPUR (12 March):** गाजीपुर में हाई टेंशन की चपेट में छह की मौत के मामले के बाद भी बिजली निगम ध्यान नहीं दे रही है. महानगर के कई इलाके में 100 से अधिक लोगों के सिर पर चौबीस घंटे मौत मंडरा रही है. जिम्मेदार सबकुछ जानने के बाद भी इस हाई टेंशन लाइन को दूर नहीं कर सके हैं. तार को हटाने के लिए बिजली निगम के अफसरों के पास कंप्लेन की गई है. इसके बावजूद भी कोई सुनवाई नहीं हुई है. गोरखनाथ के शास्त्री नगर, बरगदवा, विकास नगर, झारखंडी, सिंघड़िया, मोहद्दीपुर आदि एरिया के मकान से होकर 100 से अधिक घरों के छत से होते हुए हाईटेंशन लाइन गुजर रही है. यह हाईटेंशन तार कई स्थानों पर काफी नीचे हैं, तो कई जगहों पर लोगों के घर की छतों से गुजरा है. विभाग बाद में घर बनने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ ले रहा है. सवाल यह उठता है कि विद्युत विभाग की लाइन बिछाई गई और घर बन रहा था तो उस समय संबंधित विभाग के अधिकारी कहां थे. मोहल्लों से गुजर रही लाइनें तमाम मकानों से सिर्फ एक दो फिट की दूरी पर है. सिटी के कई इलाके में बिजली विभाग की लापरवाही से आए दिन देखने को मिलती है. कहीं चिंगारी उठती है तो कहीं आग लग जाती है. बरसात के मौसम में खतरा और बढ़ जाता है. कुछ यहीं हाल इलाके का है. जहां छत के ऊपर से एलटी लाइन गई हुई है. बरगदवा के रहने वाले पवन ने बताया कि छत के ऊपर लटकते तार को सुधारने के लिए कई बार संबंधित विभाग को कंप्लेन की जा चुकी है, लेकिन विभाग के कर्मचारी कोई ध्यान नहीं दे रहा है.

### हादसे के बाद अलर्ट पर बिजली निगम

गाजीपुर में हाई टेंशन की चपेट में आने से हुए हादसे के बाद बिजली निगम अलर्ट जारी किया है. शहर एसई ई. लोकेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि विद्युत वितरण खंडों के एक्सईएन, एसडीओ और जेई को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने एरिया के सभी लाइनों को मानक के अनुसार दुरूस्त करें. साथ ही मेंटनेंस कार्य का समय से पहले पूरा करें. यह भी निर्देश दिया कि लंबे स्पेन के बीच एक्स्ट्रा बिजली पोल लगाकर लाइनों को मानक के अनुसार व्यवस्थित किया जाए.



"सिटी के एरिया में लाइनों की पेट्रोलिंग कर चेक कराने के निर्देश दिए गए है. अगर लंबे स्पेन के बीच एक्स्ट्रा पोल लगाकर लाइनों को मानक के अनुरूप व्यवस्थित करने के लिए अफसरों को निर्देश दिया गया है.

**ई. लोकेंद्र बहादुर सिंह,** एसई शहर

# नगर निगम से स्ट्रीट लाइट, ट्रैफिक पुलिस से सिग्नल की मांग

एमएमएमयूटी मांगे फुट ओवरब्रिज 07

गोरखपुर, निज संवाददाता। मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय यानी गोरखपुर शहर में तकनीकी शिक्षा का सबसे बड़ा केन्द्र। गोरखपुर-देवरिया रोड पर शहर के विकास में सबसे ज्यादा योगदान देने वाला केन्द्र भी एमएमएमयूटी ही है। इसके बाद भी अब तक वहां मेन रोड पर स्ट्रीट लाइट तक नहीं लग सका है। समय-समय पर होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए अब एमएमएमयूटी प्रशासन ने नगर निगम को पत्र लिखकर स्ट्रीट लाइट लगाए जाने की मांग की है। ट्रैफिक पुलिस से भी गेट के सामने सिग्नल लगाने की मांग की है।



- गेट के पास सड़क हादसों में अपने कई होनहार खो चुका है विश्वविद्यालय
- एमएमएमयूटी गेट के पास शाम को और रात में होती हैं ज्यादातर दुर्घटनाएं
- सड़क दुर्घटना की हर आशंका को टालना चाहता है विश्वविद्यालय प्रशासन

एमएमएमयूटी प्रशासन ने बीते शनिवार को नगर आयुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि शहर का प्रमुख केन्द्र होने के बाद भी कैंपस के बाहर मुख्य सड़क पर स्ट्रीट लाइट नहीं है। इससे रात में सड़क पर अंधेरा रहता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। छात्र हित में मेन रोड पर स्ट्रीट लाइट लगाए जाने की जरूरत है। इसी तरह यातायात पुलिस को लिखे पत्र में दुर्घटना की आशंका जाहिर करते हुए गेट के पास ट्रैफिक सिग्नल की मांग की गई है।

### एमएमएमयूटी के गार्ड को कार ने मारी टक्कर

गोरखपुर। एमएमएमयूटी गेट के पास सोमवार की रात करीब 10 बजे बेकाबू कार ने विश्वविद्यालय के गार्ड को टक्कर मार दी। घायल गार्ड कमलेन्द्र पाण्डेय को वहां मौजूद दूसरे गार्डों की मदद से एम्स में भर्ती कराया गया। मंगलवार को उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। इस एक्सीडेंट में गार्ड का पैर फ्रैक्चर हो गया है। बताते हैं कि रात करीब 10 बजे गार्डों की ड्यूटी बदलती है। गार्ड कमलेन्द्र पांडेय ड्यूटी बदलने घर जा रहे थे। गेट के पास बाइक से सड़क पार करते समय बेकाबू कार ने टक्कर मार दी। छात्रों के हित में आपके अपने अखबार 'हिन्दुस्तान' ने इसे लेकर 'एमएमएमयूटी मांगे फुट ओवरब्रिज' मुहिम शुरू की है। इस मुहिम को कैंपस के अंदर से लेकर बाहर तक जनता की आवाज मिल रही है।

"विश्वविद्यालय शिक्षा का महत्वपूर्ण केन्द्र है। यहां स्ट्रीट लाइट और ट्रैफिक सिग्नल की जरूरत है, ताकि कोई दुर्घटना न हो। नगर निगम को पत्र लिखकर मेन रोड पर स्ट्रीट लाइट लगाए जाने की मांग की गई है। यातायात पुलिस को पत्र लिखकर ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाने की मांग की गई है।

-प्रो. जय प्रकाश सैनी, कुलपति, एमएमएमयूटी

एमएमएमयूटी गेट के पास सड़क दुर्घटनाओं में कई छात्र-छात्राओं ने अपनी जान गंवाई है। सड़क दुर्घटनाओं में घायल कई छात्र-छात्राओं को लंबे समय तक इलाज कराना पड़ा। पिछले वर्ष अप्रैल में एमबीए छात्रा की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद वहां के छात्र-छात्राएं सड़क पर उतर आए थे। छात्र-छात्राओं के कड़े प्रतिरोध के बाद पीडब्ल्यूडी की ओर से वहां स्पीड ब्रेकर बनाया गया था। करीब तीन महीने पहले सड़क ऊंची हुई तो यह स्पीड ब्रेकर सड़क के करीब बराबर हो गया।

इससे उधर से गुजरने वाले वाहनों की रफ्तार फिर तेज हो गई है। अब कोई छात्र सड़क दुर्घटना का शिकार न हो, इसके लिए एमएमएमयूटी प्रशासन ने पहले स्पीड ब्रेकर और फिर फुट ओवरब्रिज की मांग की थी। अब स्ट्रीट लाइट लगाए जाने और ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाने की मांग भी पत्र लिखकर की गई है।

# सड़क पर खड़े वाहन राहगीरों के लिए काल

गोरखपुर। सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहन राहगीरों के लिए काल बन रहे हैं। हाइवे या गली-मोहल्लों की सड़क पर लोग रात में अक्सर अपने वाहन खड़ा कर देते हैं। वहीं सड़क के किनारे और फुटपॉथ पर गाड़ियां खड़ी होने से लोगों को मजबूरन सड़क से होकर गुजरना पड़ता है। गोरखनाथ क्षेत्र के रामनगर चौराहे के पास दो दिन पहले हुई दुर्घटना में युवकों की मौत की मुख्य वजहों में एक सड़क के किनारे खड़ी की गई बस बताई जा रही है।

# फूंक मरवाकर पुलिस कर रही 'शौकीनों' का चालान

## कार्रवाई

गोरखपुर, निज संवाददाता। शहर में हिट एंड रन की घटनाओं में तीन लोगों की मौत और अन्य के घायल होने के बाद पुलिस हरकत में आई है। शहर की सड़कों पर शराब पीकर और तेज रफ्तार में वाहन चलाने वालों पर नकेल कसने के लिए रोजाना अभियान चलाकर चेकिंग की जाएगी। सोमवार की रात से पुलिस ने इसकी शुरूआत कर दी है। इस दौरान करीब 20 जगहों पर बैरियर लगाकर हुई चेकिंग में शराब पीकर वाहन चलाते हुए 33 लोग पकड़े गए। 737 वाहनों की जांच करते हुए पुलिस ने 114 वाहनों का चालान काटकर 274000 रुपये का जुर्माना लगाया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर पुलिस ने तीन वाहनों को सीज कर दिया।

गोरखनाथ इलाके में रविवार की रात तेज रफ्तार कार की टक्कर से टहलने निकले दो युवकों की मौत हो गई। गंभीर हाल तीसरे युवक का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। उधर, रामगढ़ताल क्षेत्र में नशे में धुत कानूनगो की कार की टक्कर से हेड कांस्टेबल के बेटे की मौत हो गई थी। इन दो घटनाओं के सामने आने के बाद एसएसपी ने सख्ती बरतने का निर्देश दिया। इसके बाद सोमवार की रात पुलिस की टीमें सड़क पर उतर गईं। जांच रात आठ बजे से लेकर करीब 12 बजे तक हुई।



शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच करती यातायात पुलिस।

- शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े गए 33 लोग
- 737 वाहनों की जांच में 114 का चालान

### रफ्तार रोकने को लगाए गए जिग-जैग बैरियर

शहर में पैडलेगंज, मोहद्दीपुर, एयरपोर्ट रोड, गोरखनाथ, मेडिकल कॉलेज रोड सहित अन्य प्रमुख सड़कों पर जिग-जैग बैरियर भी लगाए गए हैं। रात में गश्त पर निकली पुलिस की टीमें औचक जांच भी करेंगे।

# कच्ची बनाने में भट्ठा मालिक पर मुकदमा दर्ज

गोरखपुर। आबकारी विभाग की ओर से अवैध शराब को लेकर चलाए जा रहे अभियान में टीम ने हरदीडीह ग्राम पंचायत में स्थित भट्ठे पर दबिश देकर अवैध शराब बनाते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। इस दौरान करीब 50 लीटर कच्ची शराब, 500 किग्रा लहन व शराब बनाने के उपकरण को बरामद किया गया। मामले में गिरफ्तार राजेश साहू, भट्ठे की देखरेख करने वाले बृजलाल यादव व भट्ठा मालिक मटेलू तिवारी के विरुद्ध थाना खजनी में केस दर्ज किया गया है।

अर्द्ध सैनिक बलों के साथ पुलिस अफसरों ने किया भ्रमण, संभ्रांत लोगों से मिल की शांति की अपील, अफवाहों से बचने की हिदायत

# मिश्रित आबादी वाले इलाकों में दिन भर फ्लैग मार्च

**सतर्कता**

गोरखपुर, निज संवाददाता। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू होने के बाद शहर में शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारी सजग हैं। मंगलवार को अर्द्ध सैनिक बलों के साथ पुलिस अधिकारियों ने कोतवाली, गोरखनाथ, राजघाट, तिवारीपुर समेत शहर के मिश्रित आबादी वाले इलाकों में भ्रमण किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने संभ्रांत लोगों से मिलकर शांति की अपील की। अफवाहों से बचने की सलाह देते हुए किसी भी गड़बड़ी की सूचना पुलिस को देने को कहा।

सीएए और लोकसभा चुनाव को देखते हुए शहर में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है। मंगलवार को शहर के राजघाट, कोतवाली, तिवारीपुर और गोरखनाथ इलाकों में स्थित गोरखनाथ, शाहमारूफ, नखास चौक, घंटाघर, घासी कटरा सहित अन्य जगहों पर सीओ कोतवाली और सीओ गोरखनाथ अगुवाई में पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों के जवानों ने पैदल मार्च किया। इस दौरान मिश्रित आबादी वाले इलाकों में लोगों से मिलकर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करने के साथ सोशल मीडिया के प्रयोग में सावधानी बरतने की भी सलाह दी।

**24 घंटे हो रही सोशल मीडिया की निगरानी :** नागरिकता संशोधन कानून को लेकर किसी तरह की गड़बड़ी से निपटने के लिए पुलिस की ओर से सोशल मीडिया की 24 घंटे निगरानी की जा रही है। पुलिस की सोशल मीडिया टीम शिफ्टवार जांच कर रही है। संदिग्ध, राजनीतिक और पूर्व में प्रदर्शन इत्यादि के मामलों में कार्रवाई की जद में आ चुके लोगों की प्रोफाइल पर नजर रखी जा रही है। पुलिस से जुड़े लोगों ने बताया कि अभी तक कोई आपत्तिजनक बात सामने नहीं आई है। थानों की पुलिस भी सोशल मीडिया समूहों की जांच कर रही है।


मंगलवार को गोरखनाथ इलाके में गश्त करती पुलिस। • हिन्दुस्तान

## सीएए को लेकर प्रशासन जल्द खोलेगा नया पटल

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। केंद्र द्वारा सीएए को लेकर अधिसूचना जारी होने के बाद प्रशासन ने भी अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इसे लेकर प्रशासन जल्द ही एक पटल खोलने जा रहा है। इसके बाद ऐसे कर्मियों की सूची तैयार की जाएगी, जिन्हें सीएए को लेकर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में जिले भर के लेखपाल सहित अन्य राज्यकर्मी शामिल होंगे।

बताया जा रहा है कि सीएए को लेकर प्रशासन किसी भी तरह की लापरवाही नहीं चाहता है। जैसे ही सीएए को लेकर केंद्र सरकार की तरफ से निर्देश मिलते हैं, वैसे ही विभाग पटल खोल देगा। इसे लेकर प्रशासन ने अपने स्तर से तैयारी पूरी कर ली है। पटल पर दो कर्मी रहेंगे, जिन्हें सीएए की पूरी जानकारी रहेगी। इसके अलावा सीएए पोर्टल से जुड़ी सभी जानकारियां भी उन्हें दी जाएगी। इसके बाद लेखपालों से लेकर अन्य राज्यकर्मियों को सीएए को लेकर प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

## सीएए के खिलाफ संयुक्त वाम मोर्चा ने किया प्रदर्शन

गोरखपुर, निज संवाददाता। नगर निगम के लक्ष्मीबाई पार्क में संयुक्त वाम मोर्चा के पदाधिकारियों ने धरना प्रदर्शन कर सीएए को संविधान विरोधी और विभाजनकारी बताते हुए कानून को तत्काल वापस लेने की मांग की।

वक्ताओं ने कहा कि सीएए से देश में बंटवारा हो जाएगा। लोगों ने सीएए वापस लेने के नारे भी लगाए। इस दौरान दिल्ली में आठ मार्च को जुमे की नमाज के दौरान नमाजियों को पुलिस के किक मारने, कानपुर में मजदूर परिवार सगी बहनों संग गैंगरेप, उसके पिता के फंदे से झूलकर आत्महत्या करने और सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बावजूद स्टेट बैंक ने दी हुई तारीख तक इलेक्टोरल बांड का विवरण चुनाव आयोग को नहीं देने पर अवमानना का मामला दर्ज करने की मांग उठाई। इस दौरान सीपीआई (एम) के जिला सचिव शिवबचन, भाकपा (माले) के जिला सचिव राकेश निषाद, राज्य कौंसिल के सदस्य राममूर्ति सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। प्रदर्शन को देखते हुए एलआईयू व पुलिस की टीम ने कड़ी निगरानी की।



सीएए के विरोध में नगर निगम में धरना देते संयुक्त वाम मोर्चा के पदाधिकारी।

## बवालियों पर कार्रवाई संग शिकंजा कस चुकी पुलिस

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। सीएए को लेकर गोरखपुर में पूर्व में हुए विवाद में पुलिस बवालियों पर शिकंजा कस चुकी है। गोरखपुर के दो थानों में दर्ज चार केस में सभी में पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दिया है। जेल गए आरोपितों में मौजूदा समय सभी जमानत पर बाहर हैं।

दिसम्बर 2019 में दूसरे सप्ताह से गोरखपुर में सीएए को लेकर तनाव शुरू हुआ था और 22 दिसम्बर को जुमा के दिन यह बवाल काफी बढ़ गया था। कोतवाली इलाके के नखास चौक तथा रेती रोड पर पथराव और तोड़फोड़, धक्का-मुक्की सहित कई घटनाएं सामने आई थी। वहीं राजघाट इलाके में जामा मस्जिद पर धारा 144 के लागू होने के बाद भी भीड़ वहीं से रेती रोड और नखास की तरफ बढ़ी थी। इस बवाल और पथराव में पुलिस की गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हुई थी। इस मामले में कोतवाली और राजघाट थाने में अलग-अलग चार मुकदमें दर्ज हुए थे। आरोपितों की पहचान के लिए पोस्टर भी चस्पा किया गया था। घटना के करीब छह महीने बाद पुलिस ने आरोपितों पर चार्जशीट दाखिल किया था। पुलिस से जुड़े लोगों का कहना है कि वर्ष 2020 में सभी मुकदमों की चार्जशीट फाइल की जा चुकी है। अभियुक्त जमानत लेकर बाहर आ चुके हैं। मामले की जांच पूरी हो गई है।



- इस मामले की पूरी हो चुकी है जांच
- चार केस में सभी में चार्जशीट और नोटिस जारी
- जेल गए आरोपित मौजूदा समय जमानत पर हैं

**गोरखपुर में ये चार केस हुए थे दर्ज**

1 **14 दिसंबर 2019 :** राजघाट में तैनात एसआई चंदन कुमार सिंह ने आल इंडिया मजलीस ए इत्तेहादुल मुसलेमीन के जिलाध्यक्ष मुहम्मद इस्लाम और करीब पांच से एक हजार अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज कराया।

2 **21 दिसंबर 2019 :** कोतवाल जयदीप वर्मा ने केस दर्ज कराया। उन्होंने 21 धाराओं में 36 नामजद और अन्य सैकड़ों अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया। इस मामले में 12 अन्य लोग बाद में प्रकाश में आए।

3 **26 दिसंबर 2019 :** पांच धाराओं में एसआई अवधेश चंद मिश्रा ने केस दर्ज कराया। करीब 150 अज्ञात लोगों को नामजद कर मस्जिद के बाहर प्रदर्शन, सरकारी काम में बाधा पहुंचाने आदि धाराओं में केस दर्ज हुआ।

4 **23 फरवरी 2020 :** कोतवाल जयदीप वर्मा ने पूर्वांचल सेना के संयोजक धीरज कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष रविंद्र कुमार गौतम और 30-40 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया।

# सड़क हादसे में छात्र की मौत, पांच घायल

**हिट एण्ड रन**

गोरखपुर, हिन्दुस्तान टीम। जिले में मंगलवार को अलग-अलग जगहों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में कोचिंग जाते समय ऑटो सवार एक छात्र की मौत हो गई। जबकि अन्य चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया है। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस जांच कर रही है।

**ऑटो और बोलेरो के बीच टक्कर ने ली छात्र की जान:** खजनी/भटवली/बांसगांव। मंगलवार की सुबह नौ बजे जरलही और कंदराई गांव के बीच में ऑटो और बोलेरो के बीच टक्कर में एक छात्र की जान चली गई। चालक सहित दो अन्य लोग मामूली रूप से घायल हो गए।

भिउरी गांव का बालेंद्र खजनी और उनवल के बीच ऑटो चलाता है। सुबह करीब नौ बजे वह उनवल से यात्रियों को लेकर जा रहा था। तभी बोलेरो से टक्कर हो गई। ऑटो में आगे बैठे बांसगांव के भुसवल गांव निखिल यादव को गंभीर चोट लगी। उसका दाहिना पैर कटकर अलग हो गया। चालक और एक किशोरी को चोट लगी। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची महुआ डाबर पुलिस चौकी ने निखिल को जिला अस्पताल भिजवाया। लेकिन उपचार के लिए ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। निखिल शहर के कोचिंग सेंटर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता था।

### अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को मारी ठोकर

मोतीराम अड्डा। खोराबार थाना क्षेत्र के रामनगर कड़जहां में गोरखपुर फोरलेन पार करने के चक्कर में साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। एम्स थाना क्षेत्र के बहरामपुर छोटी कुरमौल निवासी मुन्नीलाल पासवान साइकिल से कहीं जा रहे थे। फोरलेन पार करते समय किसी वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में वह घायल हो गए। उधर गगहा क्षेत्र में हुई दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए।

### गलत दिशा से आ रही कार ने ऑटो में मारी ठोकर

गगहा। गोरखपुर वाराणसी हाईवे पर बड़हलगंज की ओर से यात्रियों को बैठाकर ऑटो चालक गगहा जा रहा था। करवल माता मंदिर के सामने पहुंचा। तभी गलत दिशा में आई कार से आमने सामने की टक्कर हो गई। दुर्घटना में गगहा के नर्रे निवासी राजन, सिम्पा और चालक गगहा थाना क्षेत्र के टिकरी निवासी दिलीप यादव सहित तीन लोग घायल हो गए। दिलीप यादव को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## बीआरडी कर्मचारियों के बुने गए जाल में फंस गए दलाल

# लग्जरी कार से ढो रहे थे मरीज, दो दलाल दबोचे

गोरखपुर , वरिष्ठ संवाददाता। बीआरडी मेडिकल कॉलेज में मरीजों को बेचे जाने का धंधा बदस्तूर जारी है। दलालों का नेटवर्क सक्रिय है। पुलिस की कड़ी कार्रवाई के बाद दलालों ने पैटर्न जरूर बदल दिया है। अब वे एम्बुलेंस की बजाय लग्जरी कार का उपयोग मरीजों को ढोने में कर रहे हैं। मंगलवार को ऐसा ही मामला मेडिकल कॉलेज के गायनी वार्ड में सामने आया।

बीआरडी मेडिकल कॉलेज में मरीज को वार्ड से ले जा रहे दो दलाल मंगलवार को दबोचे गए। वह लग्जरी कार से आए थे। वह मरीज को बेहतर इलाज का झांसा देकर किसी और नर्सिंग होम ले जाना चाह रहे थे। दिलचस्प बात यह है कि मेडिकल कॉलेज प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने ही एक दाई को मरीज बनाकर गायनी वार्ड में भर्ती किया था। उधर गुलरिहा पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया है। जांच चल रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

**वार्ड से गायब हो रहे थे मरीज:** बीआरडी में पिछले दिनों दलालों की सक्रियता का मामला सामने आने पर कर्मचारियों को सतर्क कर दिया गया है। बीते दो दिन में गायनी वार्ड से चार मरीज लापता हो गए। इसकी सूचना कर्मचारियों ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीएन शुक्ला को दी। गायब रोगियों के मोबाइल नंबरों पर बात की गई तो पता चला कि वे निजी अस्पताल में भर्ती हैं।



■ बीआरडी कर्मचारियों ने दलाल को पकड़कर पुलिस को सौंपा

### दाउदपुर में भी पकड़ा गया एक संदिग्ध

दाउदपुर के एक अस्पताल संचालक ने कैंट पुलिस को सूचना दी थी कि उनके यहां भी दलाल घूम रहे हैं। मरीजों को गुमराह कर अन्यत्र ले जा रहे हैं। इस पर पुलिस सक्रिय हुई और मंगलवार को अस्पताल के सामने एक संदिग्ध को पकड़ लिया। उसे कैंट थाने में पूछताछ कर छोड़ दिया गया है।

### दाई को मरीज बनाकर बुना गया जाल, फंसे दलाल

यह मामला सामने आने के बाद कॉलेज प्रशासन के कान खड़े हो गए। प्रशासन एक बार फिर एक्टिव मोड में आ गया। गायब हुए मरीजों से दलालों का मोबाइल नंबर पता किया गया। कर्मचारियों ने तीमारदार बनकर उनसे कहा कि मेडिकल कालेज में अच्छा इलाज नहीं हो पा रहा है। हम भी किसी नर्सिंग होम में मरीज ले जाना चाहते हैं। दलाल ने कहा कि मरीज को हॉस्पिटल से बाहर ले आइए। डॉक्टर को बता दीजिए कि मैं अपनी मर्जी से रोगी को ले जाना चाहता हूं। इसके बाद दलाल लग्जरी कार से मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। कर्मचारियों ने एक दाई को स्ट्रेचर पर लिटाकर दलालों के पास पहुंचाया। उसे ले जाते समय दोनों दलाल पकड़ लिए गए। कर्मचारियों ने बताया कि तीन दलाल पकड़े गए थे। पुलिस का कहना है कि एक सहजनवा का रोगी था जो पर्चा कटवाने जा रहा था। बीच में दोनों दलाल उससे बात करने लगे थे। उसे छोड़ दिया गया।



बीआरडी मेडिकल कॉलेज से दो दलाल पकड़े गए हैं। वे मरीज को ले जाने का प्रयास कर रहे थे। जांच चल रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। दलालों के नेटवर्क को मजबूती से तोड़ा जाएगा।
– कृष्ण कुमार विश्नोई, एसपी सिटी



कर्मचारियों की मदद से दलालों के बड़े रैकेट का पर्दाफाश हुआ है। दलाल मरीज को किसी नर्सिंग होम में ले जाना चाहते थे। उन्हें पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया गया है।
– डॉ. बीएन शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, बीआरडी मेडिकल कालेज

# तीन बदमाशों पर 10-10 हजार का इनाम

गोरखपुर। जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में दर्ज विभिन्न मुकदमों में फरार चल रहे तीन बदमाशों के खिलाफ एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने 10-10 हजार रुपये का इनाम जारी किया है। शाहपुर थाना में दर्ज पशु तस्करी, हत्या के प्रयास सहित अन्य मामलों में फरार कुशीनगर कि थाना कुबेरस्थान के सेमरा हरदो निवासी तौसीफ अहमद, बांसगांव में दर्ज पशु तस्करी में वांछित उरुवा थाना क्षेत्र के कोटिया निवासी दीपू और कोतवाली में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के केस में भगोड़ा गीडा के बरहुआं निवासी अभिषेक सिंह यादव पर इनाम घोषित हुआ।

# सीएए लागू होने पर पुलिस मुस्तैद, कई इलाकों में की गश्त

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**गोरखपुर।** सीएए लागू होने के बाद शहर में शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस सजग है। मंगलवार को अर्द्ध सैनिक बलों के साथ पुलिस अधिकारियों ने कोतवाली, गोरखनाथ, राजघाट और तिवारीपुर इलाकों में भ्रमण किया।

इस दौरान अधिकारियों ने संभ्रांत लोगों से मिलकर शांति की अपील की। अफवाहों से बचने की सलाह देते हुए किसी भी गड़बड़ी की सूचना पुलिस को देने को कहा।

शहर में सीएए, त्योहार और लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है। मंगलवार को शहर के राजघाट, कोतवाली, तिवारीपुर और गोरखनाथ इलाकों में स्थित गोरखनाथ, शाहमारूफ, नखास चौक, घंटाघर, घासी कटरा सहित अन्य जगहों पर सीओ कोतवाली और सीओ गोरखनाथ अगुवाई में पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों के जवानों ने पैदल मार्च किया और लोगों को आवश्यक निर्देश दिया।

इस दौरान मिश्रित आबादी वाले इलाकों में संभ्रांत लोगों से मिलकर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। किसी तरह की अफवाह से बचने, सोशल मीडिया के प्रयोग में सावधानी बरतने की सलाह दी।

# महिला के गले से चेन छीनकर भागा बदमाश

**कुसम्ही बाजार, निज संवाददाता।** एम्स थाना क्षेत्र के कुसम्ही पिपराइच मोड़ पर बुढ़िया माता मंदिर से दर्शन कर घर जा रही महिला के गले से चेन छीनकर बदमाश भाग निकला। महिला की सूचना पर पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की मदद से बदमाश के बारे में जानकारी जुटा रही है। रविवार को भी एक महिला के गले से सोने की चेन छीनी गई थी।

कुशीनगर जिले के अहिरौली थाना क्षेत्र के रामपुर माफी गांव की झिनकी अपने पति अतुल साहनी के साथ मंगलवार को बुढ़िया माता मंदिर पर दर्शन करने आई थीं। करीब दो बजे के बाद वह कुसम्ही पिपराइच मोड़ पर घर जाने के लिए ऑटो का इंतजार कर रही थीं। इसी बीच एक युवक झिनकी का मंगलसूत्र छीनकर भाग निकला। लोगों ने पुलिस को बताया कि बीते रविवार को खड़राइच गांव की गुड्डी सिंह के गले से सोने की चेन लूटकर बाइक सवार बदमाश भाग गए थे। पिपराइच-कुसम्हीं तिराहे पर पुलिसकर्मियों की तैनाती है। लेकिन वे रहते ही नहीं हैं।

# लूट, हत्या के प्रयास और तोड़फोड़ का केस दर्ज

हरपुर बुदहट (गोरखपुर)। क्षेत्र के मदनपुरा में 31 दिसंबर 2023 को जमीन विवाद के मामले में पुलिस ने लूट, हत्या के प्रयास और तोड़फोड़ का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के बिगही निवासी लालमन यादव होमगार्ड जवान रहे हैं। उन्होंने कोर्ट में प्रार्थनापत्र देकर बताया कि मदनपुरा में उनके पुत्र की जमीन है। 31 दिसम्बर को उस जमीन पर उनके बिगही के ही आधा दर्जन लोग निर्माण शुरू कर दिए। रोकने गए तो उनपर कुदाल से हमला कर दिया गया। आरोपियों ने जेब से एक हजार रुपये भी निकाल लिए। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर गांव के योगेंद्र, जितेंद्र, राजाराम, प्रिंश, रेनू, प्रियंका, लक्ष्मण, गोलू सहित आठ पर बलवा, मारपीट, हत्या का प्रयास, लूट आदि की धाराओं में केस दर्ज किया है। संवाद

# जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट, नौ पर केस

चौरीचौरा। क्षेत्र की ग्राम पंचायत चौरी के सतहवा लाला टोला में सोमवार की सुबह जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने एक पक्ष खुशबू की तहरीर पर जीउत, मालती, पंकज समेत चार लोगों पर केस दर्ज किया। वहीं दूसरे पक्ष की ममता की तहरीर पर कोमल, संजू, संयोगिता, खुशबू व राम प्रकाश पर केस दर्ज किया है। संवाद

# आर्किटेक्ट के मकान से 15 लाख रुपये के गहने चोरी

## एम्स क्षेत्र की शिवाजी नगर कॉलोनी में वारदात, दो नौकरानियों पर शक

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोरखपुर।** रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के शिवाजी नगर कॉलोनी निवासी आर्किटेक्ट के मकान में घुसकर चोर 15 लाख रुपये के गहने चुरा ले गए। आर्किटेक्ट ने अपनी दो नौकरानियों और उनके परिचित युवक पर संदेह जताते हुए पुलिस को सूचना दी है। नौकरानियों के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

शिवाजीनगर कॉलोनी निवासी आदित्य सिंह आर्किटेक्ट हैं। उनकी पत्नी निजी बैंक में डिप्टी मैनेजर हैं। घर में वह पत्नी और माता-पिता संग रहते हैं। 10 मार्च को माता-पिता किसी काम से लखनऊ चले गए। पति और पत्नी भी घर पर नहीं थे। तभी मौका देखकर घर में घुसा अज्ञात युवक गहने समेट ले गया।

वह लोग जब घर लौटे तो आलमारी से गहने गायब देखकर उनका माथा ठनका। घर में घुसा चोर तीन हार, सोने की चेन सहित करीब 15 लाख के गहने समेट ले गया।

उन्होंने जब अपनी नौकरानियों से पूछताछ की तो वह आनाकानी करने लगीं। आदित्य ने नौकरानी रंजू और कविता के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कराया है।

**शादी में गया था परिवार, घर में हो गई चोरी :** सहजनवां के भीटी रावत निवासी सुरेश पांडेय की पत्नी प्रमिला परिवार के साथ भरपुरवा में किराए के मकान में रहती है। शनिवार घर पर ताला बंद कर परिवार के साथ भाई के शादी में शामिल होने गई थीं। रविवार को बगलगीर ने सूचना दी कि घर का ताला टूटा हुआ है।

प्रमिला मकान पर पहुंची तो देखी चोर आलमारी और बाक्स तोड़कर 50 हजार नकद, सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ा झाला, चांदी का पावजेब, पायल चुरा ले गए।

## रिटायर्ड फौजी के बंद मकान में चोरी

**ब्रम्हपुर (गोरखपुर)।** थाना क्षेत्र के नई बाजार में रिटायर्ड फौजी के बंद मकान के पीछे सोमवार की रात सेंध लगाकर चोर आभूषण, नकदी समेत अन्य सामान्य उठा ले गए। सुबह चोरी की जानकारी होने पर पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। मिली जानकारी के अनुसार, रामभरत पिछले कई वर्षों से मकान बनाकर नई बाजार में रहते हैं। सेवानिवृत्त होने के बाद लखनऊ के इंद्रा नगर में वर्तमान में रहने लगे। पिछले माह उनके लड़के दिलीप कुमार की सगाई थी। सगाई होने के बाद वह फिर मकान में ताला बंद कर परिवार के साथ लखनऊ चले गए। रात में चोर मकान के पीछे सेंध काटकर अंदर घुस कर कीमती सामान उठा ले गए। संवाद

# फर्जी खाता खोलकर करोड़ों की जालसाजी, जांच शुरू

## आईसीआईसीआई बैंक में झांसा दे खाता खुलवाया, तमिलनाडु पुलिस की नोटिस के बाद जांच शुरू

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। आईसीआईसीआई बैंक से न्यूनतम मासिक किस्त पर लोन देने का झांसा देकर जालसाजों ने गुलरिहा थाना क्षेत्र की कई महिलाओं का खाता खुलवा दिया। इसके बाद उनके खाते का संचालन जालसाज करने लगे।

इस बीच खाते से करोड़ों रुपये के टर्न ओवर की जानकारी होने पर तमिलनाडु पुलिस ने जांच शुरू की तो बात खुली। अब महिलाओं अपने को बेगुनाह साबित करने के लिए पुलिस कार्यालय के चक्कर लगा रही हैं।

### पीड़ित महिलाएं खुद को बेगुनाह साबित करने के लिए पुलिस के चक्कर लगा रही

बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले एक युवक ने पिपरी की रहने वाली काजल का आईसीआईसीआई बैंक में खाता खुलवाया और बताया कि एक लाख रुपये लोन लेने पर तीन हजार रुपये के आसान किस्त पर इसे जमा करना होगा।

इस जानकारी के बाद 12-15 और महिलाओं ने भी खाता खुलवा लिया। युवक ने खाते के वेरिफिकेशन के लिए नया मोबाइल सिमकार्ड दिया और बाद में उसे अपने पास रख लिया। इधर तमिलनाडु पुलिस ने किसी मामले की छानबीन के दौरान जब इन महिलाओं के खाते से करोड़ों रुपये का लेन देन देखा तो नोटिस भेजा। इसके बाद से महिलाएं पुलिस कार्यालय और बैंक का चक्कर लगा रही हैं।

इस संबंध में एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि इस तरह के एक मामले की जानकारी हुई है। तमिलनाडु पुलिस की नोटिस के बाद प्रकरण की छानबीन शुरू करा दी गई है।

# बीआरडी : फिर धरे गए दो मरीज माफिया

## मरीज बन महिलाकर्मी ने बुलाया, हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ, देर रात दर्ज नहीं हुआ था केस

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। बीआरडी मेडिकल कॉलेज मरीज माफिया के चंगुल से निकल ही नहीं पा रहा है। इस बार पुलिस ने नहीं बल्कि मेडिकल कॉलेज के कर्मचारियों ने पुलिस के साथ मिलकर जाल बिछाया और दो माफिया को दबोच लिया।

पकड़े गए दोनों माफिया मरीज बनी एक महिला कर्मचारी के बुलाने पर मेडिकल कॉलेज पहुंचे थे। एंबुलेंस की जगह कार से आए दोनों पर दो दिन में तीन और मरीजों को किसी निजी अस्पताल ले जाने का शक है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। देर रात मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था।

पिछले दिनों मेडिकल कालेज में मरीज बेचने का मामला सामने आया था। तीन मरीजों को यहां से निकालकर पैडलेगंज स्थित यीशू अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान ही एक मरीज की मृत्यु हो गई थी, फिर भी उसका इलाज किया जा रहा था। उस मामले में केस दर्ज कर अभी छानबीन चल ही रही है। इसी बीच पता लगा कि पिछले दो दिन में फिर तीन मरीज अपने बेड से लापता हो गए हैं।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीएन शुक्ला ने बताया कि इसके बाद कर्मचारियों को सतर्क कर दिया गया। मरीजों का सौदा करने वालों को पकड़ने के लिए योजना बनाई गई। एक महिला कर्मचारी को ही मरीज बनाकर जाल बुना गया। लापता मरीजों के उपलब्ध पर्चों की जांच की गई तो एक मोबाइल नंबर मिला, जिस पर बात की गई तो पता चला कि मरीज को मेडिकल कॉलेज के नजदीक ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



### पुलिस को शक न हो इसलिए कार से आए थे मरीज को निजी अस्पताल ले जाने

कर्मचारियों ने तीमारदार बनकर उस नंबर पर बात की। कहा कि किसी निजी नर्सिंग होम में अपने मरीज को ले जाना चाहते हैं। इसके बाद दूसरे नंबर से कॉल आई और कहा गया कि मेडिकल कॉलेज में सख्ती बढ़ गई है, इसलिए मरीज को वहां से निकालकर गेट तक ले आइए। डॉक्टर को बता दीजिए कि मैं अपनी मर्जी से रोगी को ले जाना चाहता हूं। आपका हिस्सा मिल जाएगा। इसके कुछ देर बाद ही दलाल कार से मेडिकल कालेज पहुंच गए। कर्मचारियों ने दाई को स्ट्रेचर पर लिटाकर दलालों के पास पहुंचाया। वहां से वे कार में बैठाकर जैसे ही वापस लौटे, तब तक गेट पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने उन्हें पकड़ लिया।

बीआरडी मेडिकल कालेज से दो लोगों को मरीज माफिया होने की आशंका में पकड़ा गया है। बताया गया है कि वे अस्पताल में भर्ती मरीज को किसी निजी अस्पताल ले जाने का प्रयास कर रहे थे। अभी जांच चल रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



– **कृष्ण कुमार बिश्नोई**, एसपी सिटी

### *कार में सवार थे तीन एक को छोड़ा गया*

***कर्मचारियों** ने बताया कि जब वे लोग महिला कर्मी को गाड़ी में बैठा रहे थे वहां तीन लोग मौजूद थे, जिसमें से एक को पुलिस ने छोड़ दिया। वहीं, पुलिस चौकी के सिपाहियों का कहना था कि तीसरा सहजनवां का मरीज था जो इलाज कराने आया था। संदेह के आधार पर पकड़े गए दोनों लोग उससे बात कर रहे थे। मरीज के पास पर्चा व दवाएं आदि थी, इसलिए पूछताछ के बाद उसे छोड़ा गया। इसके अलावा चर्चा है कि कैंट थाना क्षेत्र के दाउदपुर के एक अस्पताल संचालक ने पुलिस को सूचना दी थी कि उनके यहां भी दलाल घूम रहे हैं। रोगियों को गुमराह कर अन्यत्र ले जा रहे हैं। इस पर पुलिस ने मंगलवार को अस्पताल के सामने से संदेह के आधार पर एक व्यक्ति को पकड़ा और पूछताछ कर छोड़ा गया।*

अस्पताल आए मरीजों को बहला फुसलाकर निजी अस्पताल ले जाने की शिकायत पर कर्मचारियों की मदद से दो लोगों को पकड़ा गया है। उन्हें पुलिस को सौंप दिया गया है। अस्पताल प्रशासन जांच में पुलिस का हर संभव सहयोग कर रहा है। मेडिकल कॉलेज में दलालों का नेटवर्क तोड़ने के लिए अब सभी कर्मचारी भी सक्रिय हो गए हैं।

– **डा. बीएन शुक्ला**, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, बीआरडी मेडिकल कालेज

### कब-कब पकड़े गए मरीज माफिया

- **22 अगस्त 2023 :** पुलिस ने चालक समेत एक एंबुलेंस को पकड़ा। एंबुलेंस सीज किया गया और चालक से 20 हजार मुचलका भराया गया।
- **03 अगस्त 2023 :** एक एंबुलेंस समेत चार वाहनों को मरीज के खरीद फरोख्त के आरोप में पकड़ा गया, उसे सीज किया गया।
- **06 अगस्त 2023 :** इमरजेंसी के पास से पुलिस ने एक एंबुलेंस को सीज किया, मुचलका वसूला गया।
- **07 अगस्त 2023 :** मेडिकल कॉलेज इमरजेंसी से पुलिस ने एक एंबुलेंस को सीज किया। चालक से 20 हजार मुचलका भराया गया।
- **21 मई 2023 :** पुलिस ने दो एंबुलेंस को इमरजेंसी गेट से पकड़ा और उसे सीज किया गया।
- **09 जुलाई 2023 :** एंबुलेंस को सीज करने पर एंबुलेंस मरीज माफिया ने पुलिस पर हमला किया, पुलिस ने एंबुलेंस को सीज कर चार को जेल भेजा।

# पट्टेदार हैरान-परेशान.. सीलिंग दफ्तर वाले ताला लगाकर सरके

## पट्टेदार बोले- बहुत झोल है, देखिए किसकी जमीन बचती है और कौन होगा बेदखल

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। नजूल अध्यादेश-2024 के लागू होने के बाद नजूल की जमीनों पर काबिज लोगों की बेचैनी बढ़ गई है। बहुत सारे लोग 50-60 साल पुराने कागजात लेकर कलक्ट्रेट स्थित सीलिंग दफ्तर पहुंचने लगे हैं। मंगलवार को लोगों की आवाजाही बढ़ी तो कर्मचारी दफ्तर में ताला लगाकर चले गए।

उधर, अधिवक्ताओं के चैंबर पर भी इस समय नजूल जमीन को लेकर सरगर्मी है। हर जगह एक ही चर्चा है कि दस्तावेजों में बहुत झोल है... देखिए किसकी जमीन बचती है और कौन बेदखल होता है। मंगलवार दोपहर करीब दो बजे अधिवक्ता व्यंकटेश्वर नाथ तिवारी के चैंबर पर पांच-छह लोग बैठे थे। तभी दो लोग नजूल की जमीनों के कागजात लेकर पहुंचे। वे इसकी नकल निकलवाना चाहते थे।

इसी बीच एक अधिवक्ता ने कहा- सुना है कि आधा गोलघर भी नजूल की जमीन है। इस पर दूसरे शख्स ने कहा कि अब तो सभी यही कहते फिर रहे हैं कि उनकी नजूल की जमीन शाश्वत पट्टे पर है। बस अध्यादेश आने दीजिए, सबकी हकीकत सामने आ जाएगी।

**नजूल अध्यादेश_2024**

### तीन साल से था सन्नाटा, नजूल की जमीन के दस्तावेज लेने वालों की बढ़ी भीड़


नजूल भूमि : स्कूल-कॉलेज-क्लब में बदल गए सरकारी बंगले

12 मार्च को प्रकाशित खबर।

सिलिंग दफ्तर में कागजात की जानकारी करने गए अधिवक्ता राजेश शर्मा का कहना था कि वर्ष 2020 में नजूल की जमीन पर पट्टा बंद कर दिया गया तो इसके बाद इस दफ्तर में सन्नाटा पसरा रहता था लेकिन, अब अचानक भीड़ बढ़ गई है। देखिए, कार्यालय पर ताला लगा है। मेरे पास भी दो लोग कागजात लेकर आए थे। उन्हें अध्यादेश आने का इंतजार करने को कहा गया है।

### परत दर परत खुल रही कलई

*नजूल की जमीनों पर पट्टा समाप्त होने के बाद भी काबिज लोगों की कलई खुलने रही है। कलक्ट्रेट में पुराने दस्तावेज लेकर अधिवक्ता के पास आए एक शख्स पुराने दस्तावेज लेखक से समझने के बाद टाइपिंग करवा रहे थे। इस बीच अधिवक्ता राजेश शर्मा पहुंच गए। नजूल की जमीनों को लेकर ही चर्चा छिड़ी तो चुटकी लेते हुए बोले, जो लोग अपनी विरासत बता रहे थे और फ्री होल्ड कराने का दावा करते थे आज वहीं लोग मारे-मारे फिर रहे हैं। वहां मौजूद, सुशील पांडेय ने कहा कि वैसे अच्छा ही हुआ नई नजूल नीति आई है। जितने भी रसूखदार थे उन्होंने ही नजूल की जमीनों का पट्टा कराया है। कुछ लोग तो ऐसे भी हैं जिनका काम ही यही था। कौड़ियों के भाव जमीन पट्टे पर करा ली और फ्री होल्ड कराकर करोड़ों मुनाफा कमाया। कम से कम यह खेल तो रुकेगा।*

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-03-2024

# लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पैरामिलिट्री फोर्स का फ्लैग मार्च

**बनकटा/अकटही बाजार (एसएनबी)।** आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर स्थानीय पुलिस के साथ अर्ध सैनिक बलों ने लोगों के बीच सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने के मद्देनजर फ्लैग मार्च व शक्ति प्रदर्शन किया। थानाध्यक्ष बनकटा अमित कुमार राय के नेतृत्व में अर्धसैनिक बल की टुकड़ी थाना क्षेत्र के अकटही बाजार सोहनपुर रामपुर बुजुर्ग फफेलिया मोड़ रतसिया कोठी भूड़वार अहिरौली बघेल से बनकटा ब्लाक व बंजरिया होते हुए बनकटा स्टेशन तक फ्लैग मार्च की। इस दौरान सीआईएसएफ के प्लाटून कमांडर सब इंस्पेक्टर सुमित सोनी जवानों के साथ फ्लैग मार्च कर रहे थे।



**फ्लैग मार्च करते अर्द्धसैनिक बल व पुलिस के जवान।**

इस बावत थानाध्यक्ष बनकटा अमित कुमार राय ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए फ्लैग मार्च किया गया है।हालांकि देश मे सीएए कानून लागू होने के बाद सम्भावित विरोध को नियंत्रित करने में भी प्रशासन का यह अभियान कारगर साबित होगा। इस दौरान उपनिरीक्षक विरेन्द्र कुमार, अनिल राय शेषनाथ कनौजिया, राघवेन्द्र सिंह, हेड कस्टेबल इबरार अहमद ष्ण मुरारी विरेन्द्र यादव रामभुवन शशि प्रकाश कांस्टेबल दिलीप कुमार, जितेंद्र, सर्वेश त्रिपाठी, दिग्विजय सिंह, परशुराम प्रसाद, देवेंद्र आजाद, सुनिल सिंह किसलय कन्नौजिया नामवर सिंह यादव प्रमोद यादव सीआईएसएफ के 35 सुरक्षा बलों जिसमें हेड कांस्टेबल पी के यादव, के एम एस यादव, शम्भू नाथ यादव, डी के यादव, बंसी राम, पी के दुबे समेत आदि सुरक्षा बल उपस्थित रहे।

**श्रीरामपुर प्रतिनिधि** के अनुसार थाना क्षेत्र के सिकटिया बाजार, प्रतापपुर,हरेराम चौराहा होते हुए श्रीरामपुर, भवानीछापर बाजार आदि में भाटपार रानी एसडीएम के नेतृत्व में निकाली गई । इस बावत पूछे जाने पर थानाध्यक्ष श्रीरामपुर कल्याण सिंह सागर ने बताया कि शांति व्यवस्था के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया।

# प्रधान की बर्खास्तगी पर नोटिस

**खुखुन्दू।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिसवार ग्राम प्रधान की बर्खास्तगी के लिए डीएम ने नोटिस जारी किया है। डीएम अखण्ड प्रताप सिंह ने पांच माह पहले गांव निवासी श्रीराम सिंह और अन्य ग्रामीणों की शिकायत पर जांच कराई। आरोप सही होने पर प्रधान लक्ष्मी देवी के खिलाफ आज बर्खास्तगी की कार्यवाही की है। विकास खंड भलुअनी अंतर्गत ग्राम पंचायत सिसवार की ग्राम प्रधान लक्ष्मी देवी के खिलाफ राजस्व ग्राम सुकरौली निवासी श्रीराम सिंह, हरिकेश कुशवाहा, रंजीत कुमार गोड़,रामलक्षन, तेज बहादुर सिंह, परमहंस कुशवाहा और दिनेश समेत अन्य ग्रामीणों ने 11 अक्टूबर 2023 को डीएम अखंड प्रताप सिंह से ग्राम प्रधान के खिलाफ शपथ पत्र में हेराफेरी कर चुनाव लड़ने की शिकायत की थी। जिसपर डीएम ने 22 नवंबर को सलेमपुर एसडीएम और जिला षि अधिकारी देवरिया को जांच अधिकारी नामित किया था। एसडीएम ने तत्काल सीओ सलेमपुर को जांच कर रिपोर्ट प्रेषित करने की बात कही। सीओ दीपक शुक्ला ने खुखुन्दू थाने से प्रकरण की जांच कर 27 जनवरी 2024 को जांच रिपोर्ट एसडीएम को सौंप दी। फिर एसडीएम सलेमपुर और जिला षि अधिकारी ने जांच रिपोर्ट डीएम को सौंपी। ग्रामीणों की शिकायत सही पाए जाने पर डीएम ने प्रधान के खिलाफ बर्खास्तगी की नोटिस जारी की है। उन्होंने बर्खास्तगी की नोटिस की प्रति विडियो भलुअनी,जिला पंचायत राज अधिकारी, और मुख्य विकास अधिकारी को भेजीं है और 15 दिनों के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है जबकि प्रधान पति अभय कुशवाहा का कहना है कि प्रधान पद का पर्चा दाखिला व चुनाव जीतने तक माननीय न्यायालय द्वारा या थाने द्वारा कोई नोटिस से जानकारी नहीं मिली थी हमे या खुखुन्दू थाने द्वारा मौखिक जानकारी नहीं दी गई थी हमे और प्रधान का सीधे नाम न होकर अभय चाचा की पत्नी था उस मुकदमे में थाने द्वारा किसी के ऊपर आरोप दाखिल नहीं किया गया है।

# डेढ़ साल से न्याय की गुहार लगा रहा दिव्यांग, नहीं मिला न्याय

**सलेमपुर, देवरिया।** आज से करीब डे़ढ़ साल पहले 27 अक्टूबर 2022 को अपने ऊपर हुए हमले के मामले में अब तक मुकदमा दर्ज न होने से परेशान दोनों पैर से दिव्यांग नगर पंचायत सलेमपुर के स्टेशन रोड निवासी राजेश रौनियार पुत्र फूलचंद गुप्ता ने पुनः मुख्यमंत्री व पुलिस के उच्चाधिकारियों से 28 मार्च के पहले न्याय न मिलने पर नगर के गांधी चौक पर आमरण अनशन शुरू करने की चेतावनी रजिस्टर्ड डाक से पत्र भेजकर दे दिया है। राजेश रौनियार ने बताया कि 21 अगस्त 2023 को गांधी चौक पर आमरण अनशन पर बैठा था तो एक दिन बाद 22 अगस्त को सीओ सलेमपुर ने दो माह के अंदर मामले की जांच कराकर न्याय दिलाने व मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन दिया था लेकिन आज तक न्याय नहीं मिल सका है। उल्टे घटना के समय मेरे ऊपर ही मारपीट का मुकदमा दर्ज कर दिया गया है।जबकि बिना वैसाखी के हम चलने में भी असमर्थ हैं। कई बार सीओ साहब के पास जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नही हो रही है।अब हमारा यह आमरण अनशन 28 मार्च से जांच व न्याय मिलने तक जारी रहेगा।



एक विद्यालय का निरीक्षण करते अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र नाथ चौधरी।

# अफसरों ने किया पोलिंग बूथों का निरीक्षण

देवरिया। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी भीम कुमार गौतम, क्षेत्राधिकारी बरहज आदित्य कुमार गौतम एवं प्रभारी निरीक्षक भलुअनी अर्चना सिंह द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन को देखते हुए विभिन्न पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र नाथ चौधरी, सदर सीओ संजय कुमार रेड्डी व थानाध्यक्ष रामपुर कारखाना नन्दा प्रसाद द्वारा थाना रामपुर कारखाना क्षेत्र में लोकसभा चुनाव को देखते हुए पोलिंग बूथों का भौतिक सत्यापन किया गया।

B

## जिला निरीक्षण मूल्यांकन एवं परामर्शदात्री समिति ने किया

# राजकीय बाल गृह बालक का निरीक्षण

**देवरिया(एसएनबी)।** संस्था राजकीय बाल गृह बालक का निरीक्षण जिला निरीक्षण मूल्यांकन एवं परामर्शदात्री समिति के द्वारा किया गया। निरीक्षण के समय संस्था में 34 बालक एवं 11 कार्मिक उपस्थित पाये गए।

संस्था मे निरीक्षण समिति के द्वारा बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने, मौसमी फल एवं सब्जी एवं मीनू के अनुसार भोजन दिए जाने खेल-कूद एवं मनोरंजन के उचित प्रबंध किये जाने, पठन पाठन शिक्षण, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास को बढ़ावा देने, दैनिक दिनचर्या मे योगा, संगीत एवं खेलकूद को बढावा एवं संस्था को नियमित स्वच्छ रखने के निर्देश प्रभारी अधीक्षक को दिए गए स प्रभारी अधीक्षक द्वारा बताया गया कि संस्था में सभी कार्य विभाग, उच्च अधिकारियों एवं विभिन्न समितियों के निर्देशानुसार संचालन कराया जा रहा है। निरीक्षण समिति में अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव श्रीवास्तव अध्यक्ष,अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार दूबे ६ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सदस्य, दीपेंद्र नाथ चौधरी अपर पुलिस आधीक्षक, डा आरके श्रीवास्तव बाल रोग विशेषज्ञ, डा आनंद बहादुर सिंह मानसिक रोग विशेषज्ञ, बृजेश नाथ त्रिपाठी, प्रमिला गुप्ता, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, श्रीमति सावित्री राय अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, विवेकानंद मिश्रा सदस्य बाल कल्याण समिति, अखिलेश त्रिपाठी सचिव श्याम सुंदर मेमोरीयल वैलफेयर सोसाइटी, जयप्रकाश तिवारी संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई, अनिल कुमार सोनकर जिला प्रोवेशन अधिकारी सदस्य सचिव, प्रभारी अधीक्षक रामपाल एवं चाइल्ड लाइन टीम के अमित कुमार उपाध्याय एवं अन्य संस्था के कार्मिक उपस्थित रहे।



राजकीय बाल गृह बालक का निरीक्षण करते जिला निरीक्षण मूल्यांकन एवं परामर्शदात्री समिति के सदस्य।

# दो पर धोखाधड़ी का केस

**तरकुलवा(एसएनबी)।** एनजीओ में मेंबरशिप दिलवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दिल्ली के रहने वाले दो लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा पंजीत कर मामले की जांच में जुट गई। तरकुलवा थाने में दिए गए तहरीर में थाना क्षेत्र के महुआरी गांव के रहने वाले अंकित राव ने बताया है कि अंबेडकर फाउंडेशन के नाम से मेरा एक ट्रस्ट चलता है। जिसमें मैं मुख्य ट्रस्टी के नाम से हूं । 26 नवंबर वर्ष 2023 को दिल्ली में फ्लैट नंबर 101 प्रताप नगर मयूर विहार स्थित एक कार्यालय है ।जहां पर भारत वीर सिंह और उनके सहयोगी इशा द्वारा मेरी फोन से बात हुई ।उन्होंने एनजीओ बनवाने तथा उसमें मेंबरशिप दिलवाने के लिए मुझे प्रथम बार में पांच हजार तथा दूसरी बार में सोलह हजार रुपया खाते से पेमेंट कराया गया।

# किशोरी के अपहरण में केस दर्ज

**खुखुन्दू।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में चार दिन पहले एक किशोरी के साथ छेड़छाड़ और अपहरण करने का आरोप लगाते हुए उसकी मां ने तहरीर दी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। खुखुन्दू थाना क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी का 8 मार्च की रात में अपहरण हो गया। मां का आरोप है कि किशोरी और हम बाथरूम के लिए उठे। इसी दौरान मेन दरवाजे से खट-खट की आवाज आई। दरवाजे पर पहुंच फाटक खोला तो किसी ने मुझपर हमला कर दिया और नशीली दवा सुंघा दिया। सुबह होश आया तो पता चला लड़की गायब है। पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई कर रही है। प्रभारी थानेदार लवकुश कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

# दुर्व्यवहार करने के मामले में केस

**लार (एसएनबी)।** लार थाना क्षेत्र के एक गांव में एक महिला के घर में घुसकर उसके साथ जबरन दुर्व्यवहार करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में लार पुलिस ने एक व्यक्ति के विरुद्ध केस दर्ज किया है। लार थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया है कि हमारे पति दिल्ली में रहकर नौकरी करते हैं। घर पर मैं अकेले रहती हूं। घर में अकेला देख गांव के ही एक व्यक्ति रमेश यादव पुत्र भरत यादव बाहर से दरवाजा पीटने लगते हैं। जबरन हमारे घर में घुसकर मेरे साथ दुर्व्यवहार करने लगते हैं। मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। उक्त संबंध में पुलिस ने गांव के ही रमेश यादव पुत्र भरत यादव के विरुद्ध धारा 452, 504 व 506 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया है।

# नदावरघाट पुल से बाइक चोर गिरफ्तार दो बाइक बरामद

**मझौलीराज।** गस्त के दौरान मझौलीराज पुलिस ने एक व्यक्ति को संदेह के आधार पर चेकिंग में पकड़ा तो वह बाईक चोर निकला जिसे सुसंगत धाराओं में निरूद्ध कर जेल भेजा। मझौलीराज चौकी प्रभारी महेन्द्र प्रसाद चौधरी अपने हमराहीयों के साथ नगर में गस्त पर निकले थे ज्यों ही नदावरघाट पुल के तरफ बढ़े तो एक संदिग्ध हालत में युवक भागने का प्रयास किया जिसें पुलिस ने बाईक के साथ उसे पकड़ लिया और पुलिस चौकी लाकर गहनता से पुछताछ किया तो अपना नाम प्रिंस कुमार गुप्ता पुत्र संदीप प्रसाद निवासी ठेपहा बाजार थाना जीरादेई जिला सिवान बिहार बताया और पता चला कि शिवरात्रि के दिन दीर्घेश्वरनाथ मंदिर से एक्सप्लेंन्डर प्लस मोटरसाइकिल उठाया था और शक्ति करने पर उसके कब्जे से एक और बाईक जो पिछले महीने मैरवा सिवान बिहार से शॉपिंग माल के सामने से चोरी किया था भी बरामद हुआ है। जिसे सुसंगत धाराओं में निरूद्ध कर जेल भेज दिया गया।

# सवा दो लाख की उचक्केबाजी की जांच में जुटी पुलिस

देवरिया। सोमवार की शाम को शहर के एक आभूषण दुकान से सवा दो लाख रुपये की सोने की चेन की उचक्केबाजी की पुलिस व एसओजी द्वारा जांच की जा रही है। हालांकि घटना दूसरे दिन भी कोई खास क्लू नहीं मिला है। पुलिस सीसीटीवी में फुटेज में दिख रहे युवकों का सुराग लगाने में लगी है। घटना के दौरान संदिग्ध मोबाइल नंबरों की भी जांच की जा रही है।

# पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

पथरदेवा। सप्ताह भर पहले फुटबॉल मैच की समाप्ति के बाद एक टीम के खिलाड़ियों ने अपने समर्थकों के साथ प्रतिद्वंद्वी टीम पर हमला कर दिया। इसमें आधा दर्जन खिलाड़ी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों के परिजनों ने पुलिस को तहरीर भी दी लेकिन अभी तक पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

बीते 06 मार्च को माहौल मठिया गांव में नेरुआरी और कुर्मीपट्टी टीम के बीच फुटबॉल मैच चल रहा था। इस दौरान फाउल को लेकर दोनों टीमों में विवाद हुआ। मैच समाप्ति के बाद शाम को नेरुआरी के खिलाड़ी घर जा रहे थे। तभी कुर्मीपट्टी के खिलाड़ियों ने अपने समर्थकों के साथ सीतापट्टी और धर्मचौरा के पास उन पर हमला बोल दिया।

# राप्ती नदी में डूबी 12वीं की छात्रा

मदनपुर, हिन्दुस्तान संवाद। क्षेत्र के एक गांव स्थित पीपा पुल के निकट राप्ती नदी में एक 12वीं की छात्रा संदिग्ध परिस्थिति में डूब गई। जिससे हड़कंप मच गया।

मंगलवार की शाम मोहरा गांव निवासिनी कृति सिंह राप्ती नदी की ओर गई थीं। बताया जा रहा है कि वह पीपा पुल के निकट अचानक संदिग्ध परिस्थिति में नदी में डूबने लगी। उसे डूबता देख कुछ लोग शोर मचाने लगे। जिसे सुन आसपास के लोग भी जुट गए। जब तक लोग कुछ कर पाते, कृति सिंह नदी में लापता हो गई। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस स्थानीय और बरहज से गोताखोर बुलाकर नदी में तलाश करने में जुट गई। देर शाम तक उसका कहीं सुराग नहीं लग सका। किसी अनहोनी को लेकर परिवारीजन सशंकित हैं। प्रभारी थाना निरीक्षक रामाज्ञा सिंह ने बताया कि छात्रा के डूबने की सूचना पर मौके पर गया था। तलाश कराई जा रही है।

# एनजीओ में सदस्यता दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी, दो पर केस

तरकुलवा,हिन्दुस्तान संवाद। एनजीओ में मेंबरशिप दिलवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दिल्ली के रहने वाले दो लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच में जुट गई।

पुलिस को दिए तहरीर में तरकुलवा थाना क्षेत्र के महुआरी निवासी अंकित राव ने बताया है कि अंबेडकर फाउंडेशन के नाम से मेरा एक ट्रस्ट चलता है। जिसमें मैं मुख्य ट्रस्टी के नाम हूं। 26 नवंबर वर्ष 2023 को दिल्ली में फ्लैट नंबर 101 प्रताप नगर मयूर विहार स्थित एक कार्यालय है। जहां पर भारत वीर सिंह और उनके सहयोगी इशा द्वारा मेरी फोन से बात हुई। उन्होंने एनजीओ बनवाने तथा उसमें मेंबरशिप दिलवाने को मुझसे प्रथम बार में पांच हजार तथा दूसरी बार में सोलह हजार रुपया खाते से पेमेंट कराया गया। जबकि मेंबरशिप भी मुझे नहीं दिलवाया गया। उसके बाद फिर से मुझसे 25000 मांग लिया गया। जिसका ट्रांजैक्शन मेरे खाते के द्वारा किया गया है। काम भी नहीं कराया और पैसा भी वापस नहीं किया।

पुलिस ने मामले में उत्तरी दिल्ली के रहने वाले भारत वीर सिंह व ईशा के विरुद्ध धारा 406 तथा 420 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच में जुट गई है।

# फर्जी शपथ पत्र की जांच की शिकायत

देवरिया। सलेमपुर क्षेत्र के मंगराइच निवासी इन्द्रावती देवी पत्नी शंभू शुक्ला ने उसके नाम से फर्जी हस्ताक्षर बनाकर उप जिलाधिकारी सलेमपुर न्यायालय में शपथ प्रस्तुत करने की जिलाधिकारी से शिकायत की है। उन्होंने शपथ पत्र की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

शिकायत में कहा है कि सलेमपुर तहसील के मौजा सिसई तप्पा सठियांव में 648 हेक्टेयर संक्रमणीय भूमि उनके नाम से है। जिस पर एक व्यक्ति ने उप जिलाधिकारी न्यायालय में धारा-80 के तहत वाद दाखिल किया है। उसमें सह खातेदार के रूप में गलत तरीके से कूटरचित तथा उसका हस्ताक्षर बनाकर अनुचित लाभ पाने को शपथ पत्र दाखिल कर दिया है। जबकि वह अनपढ़ होने से हस्ताक्षर की जगह अंगूठा लगाती हैं। इसकी जानकारी एसडीएम कोर्ट को भी दिया हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी है। उन्होंने जालसाजी व फरेब करने वालों के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

देवरिया। सोमवार की देर रात को ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने अज्ञात शव को कब्जे में लेकर रात को ही मोर्चरी में भेज दिया, मंगलवार की सुबह पहुंचे परिजनों ने युवक की पहचान की।

शहर के भेड़हा पुरवा वार्ड संख्या-3 निवासी विश्वजीत चौहान (30) पुत्र स्व. सत्य प्रकाश चौहान 11 मार्च की शाम करीब 8 बजे घर से निकला, लेकिन देर रात तक वह वापस नहीं लौटा, परिजनों ने उसकी खोजबीन की। सोमवार की रात में देवरिया व बैतालपुर के बीच में रेलवे ट्रैक पर एक युवक के कटने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया। विश्वजीत के भाई विजेन्द्र चौहान को मंगलवार की सुबह मोर्चरी पहुंच कर पहचान शव की पहचान की।

## बाइक चोरी मामले में केस

देवरिया। बाइक चोरी होने के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। भलुअनी निवासी संजय यादव ने पुलिस को तहरीर दिया था कि 28 फरवरी को वह मेडिकल कालेज में इलाज कराने आये थे, जहां पर दिन में 11 बजे उनकी बाइक चोरी हो गयी।

### भलुअनी विकास खंड के सिसवार ग्राम पंचायत का मामला

# क्रिमिनल हिस्ट्री छिपाने पर प्रधान को नोटिस

- डीएम ने 15 दिन में मांगा जवाब, जा सकती है प्रधानी
- चुनावी शपथ पत्र में प्राथमिकी का नहीं किया गया है उल्लेख

> भलुअनी विकासखंड की निर्वाचित ग्राम प्रधान के खिलाफ गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा चुनाव में तथ्यों को छिपाने की शिकायत की गई थी। जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर तथ्य सही पाए गए हैं। संबंधित ग्राम प्रधान को 15 दिन के भीतर अपना पक्ष रखने के लिए समय दिया गया है।
> -अखंड प्रताप सिंह, डीएम

देवरिया, निज संवाददाता। भलुअनी विकास खंड के सिसवार ग्राम पंचायत की प्रधान ने वर्ष 2021 में हुए ग्राम पंचायत चुनाव में दिए गए शपथ पत्र में अपने ऊपर दर्ज मुकदमा का उल्लेख नहीं किया था। अब मामला उजागर होने पर उनकी बर्खास्तगी की तैयारी शुरू हो गई है। इस मामले में नोटिस जारी करते हुए डीएम ने 15 दिन के अंदर प्रधान से जवाब मांगा है।

खुखुंदू थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत निवासी श्रीराम सिंह व अन्य ने ग्राम प्रधान लक्ष्मी देवी पर ग्राम प्रधान के चुनाव में नाम निर्देशन में गलत तथ्य अंकित करने की शिकायत करते हुए जिलाधिकारी से इस प्रकरण के जांच की मांग की थी। शिकायती पत्र के आधार पर जिलाधिकारी ने 22 नवम्बर 23 को उप जिलाधिकारी सलेमपुर व जिला कृषि अधिकारी को मामले की जांच सदस्य नामित किया। जांच अधिकारी द्वारा 9 फरवरी को अपनी आख्या प्रस्तुत की गई। जांच अधिकारियों ने अपनी जांच आख्या में उल्लिखित किया गया है कि मामले की जांच सीओ सलेमपुर से कराई गई है जिसमें शिकायतकर्ता की शिकायत सही पाई गई है। जांच में पाया गया कि कोर्ट के निर्देश पर कुछ अन्य लोगों के साथ ही ग्राम प्रधान लक्ष्मी देवी पर 302, 201 व 120 बी आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज है। जिसका प्रधान पद के सामान्य निर्वाचन में नाम निर्देशन फार्म 15 मार्च 21 में लक्ष्मी देवी द्वारा अपने विरुद्ध पांचवें क्रमांक में प्राथमिकी दर्ज का उल्लेख नहीं किया गया है तथा तथ्यों को छुपाया गया है। इसे देखते हुए जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान से 15 दिन के भीतर इस प्रकरण पर जवाब मांगा है समुचित उत्तर नहीं मिलने पर बर्खास्तगी की हो सकती है।

# एक व्यक्ति के विरुद्ध केस दर्ज

लार। मारपीट के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उसे घर में अकेला देख गांव के ही रमेश यादव पुत्र भरत यादव ने दरवाजा पीटा। इसके बाद वे घर में घुस गए और दुर्व्यवहार किया। उक्त संबंध में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 452, 504 व 506 के तहत केस दर्ज किया है।

# दिव्यांग ने दी आमरण अनशन की चेतावनी

सलेमपुर। एक दिव्यांग ने न्याय के लिए आमरण अनशन की चेतावनी दी है। सलेमपुर के स्टेशन रोड के रहने वाले दिव्यांग राजेश रौनियार ने बताया कि 21 अगस्त 2023 को गांधी चौक पर आमरण अनशन पर बैठा था। एक दिन बाद 22 अगस्त को सीओ सलेमपुर ने दो माह के अंदर मामले की जांच कराकर न्याय दिलाने व मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन दिया था लेकिन आज तक न्याय नहीं मिल सका है। उन्होंने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि वे 28 मार्च से आमरण अनशन करेंगे जो न्याय मिलने तक जारी रहेगा।

# महिला, किशोर का सिर फोड़ने में केस

**कार्रवाई**

- रविवार को शहर के अबूबकर नगर मोहल्ले में हुई थी घटना
- महिला और दो किशोर को मारपीट कर किया था घायल

देवरिया, निज संवाददाता। महिला और दो किशोरों को मारकर बुरी तरह घायल करने के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने आधा दर्जन नामजद समेत आठ के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस जांच में जुट गयी है।

सदर कोतवाली के अबूबकर नगर निवासी सादाब शेख पुत्र फैजुल्लाह ने पुलिस को तहरीर दिया कि 10 मार्च की शाम 5 बजे उनका छोटा भाई गुलजार शेख बाल कटवाने गया था। वहां पर तीन लड़के और उसके दोस्त अकारण उसके भाई को गाली देने लगे। विरोध करने पर उसे बुरी तरह से मारने लगे और उसका हाथ फैक्चर कर दिया। रोते हुए घर पहुंचे गुलजार ने परिजनों को पूरी बात बतायी। रात करीब 9 बजे इसकी शिकायत करने वह अपनी मां और छोटे भाई के साथ मारने वाले के घर पहुंचे।

पूछताछ करने पर आरोपियों के परिवार के महिला, पुरुष सदस्यों ने गाली देते हुए लाठी, डंडे से उनपर हमला कर दिया। इसमें उसका तथा उसकी मां का सिर फट गया। तथा उसका और उसके भाई का हाथ फैक्चर हो गया। हमलावरों ने पुलिस में जाने पर जान से मारने की धमकी दी। सादाब की तहरीर पर पुलिस ने अबूबकर नगर निवासी फरियाद शेख, फाइनाज, अयूब शेख पुत्र गण अख्तार शेख पुत्र अनवर शेख, फरियाद की घर की औरतें तथा उसके दो दोस्तों के खिलाफ पुलिस ने धारा-147, 323, 504, 506 में मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर पुलिस छानबीन कर रही है।

# चोरी की दो बाइक के साथ लिफ्टर गिरफ्तार

सलेमपुर। पुलिस ने चोरी की दो बाइक के साथ एक चोर को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। चौकी प्रभारी मझौलीराज महेन्द्र प्रताप चौधरी नदावर के समीप पुलिस टीम के साथ मंगलवार को सुबह में वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। उसी समय एक संदिग्ध को रोक कर पूछताछ शुरू कर दी। दबोचे गए युवक ने बताया कि उसने मझौलीराज स्थित दीर्घेश्वरनाथ मंदिर और बिहार के मैरवा सीवान के शॉपिंग मॉल के सामने से दो बाइक चुराई थी। उसकी पहचान प्रिंस कुमार गुप्ता पुत्र संदीप प्रसाद निवासी ठेपहा बाजार थाना जीरादेई जिला सिवान के रूप में हुई। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर दोनों बाइक को कब्जे में ले लिया।

## संवेदनशील स्थानों पर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च और दिलाया सुरक्षा का भरोसा

# सीएए को लेकर अलर्ट रही पुलिस

देवरिया, हिन्दुस्तान टीम। सीएए लागू होने के दूसरे दिन जिले की पुलिस अलर्ट रही। पुलिस व अर्धसैनिक बलों ने संवेदनशील स्थानों पर मार्च किया। देवरिया सदर, मदनपुर, लार, भाटपाररानी और रामपुर कारखाना में पुलिस की विशेष सतर्कता रही। मस्जिदों में होने वाली नमाज और तकरीर पर पुलिस की विशेष नजर रही। संवेदनशील जगहों पर पुलिस कर्मी मुस्तैद रहे।

सोमवार को नागरिकता संशोधन कानून लागू करने के बाद से पुलिस प्रशासन काफी अलर्ट हो गया है। इसको लेकर किसी तरह का विरोध व प्रदर्शन को देखते हुए पहले दिन से ही जिले की पुलिस को सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया। सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र में पैदल मार्च समाज के संभ्रांत व्यक्तियों, धर्मगुरूओं के संपर्क में रहने का निर्देश दिया गया। सोमवार की रात को विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस व अर्धसैनिक बलों द्वारा फ्लैग मार्च किया गया।

मंगलवार को भी जिले की पुलिस सीएए को लेकर काफी सतर्क रही। मस्जिदों में होने वाले नमाज व तकरीर पर पुलिस की विशेष नजर रही। थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में मुस्तैद रहे और पुलिस कर्मियों से फीडबैक लेते रहे। देवरिया सदर, मदनपुर, लार, भाटपाररानी और रामपुर कारखाना में पुलिस द्वारा विशेष सतर्कता बरती गयी।

दोपहर की नमाज के बाद किसी तरह का विरोध प्रदर्शन नहीं होने पर पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। भाटपाररानी संवाद अनुसार स्थानीय पुलिस के साथ अर्ध सैनिक बल के जवानों ने शांति व्यवस्था बनाए रखने को मंगलवार को फ्लैग मार्च किया। पुलिस के साथ अर्धसैनिक बलों ने बनकटा थाना क्षेत्र के अकटही बाजार, सोहनपुर, रामपुर बुजुर्ग, फफेलिया मोड़, रतसिया, भुड़चार, अहिरौली बघेल से बनकटा बाजार बंजरिया आदि स्थानों पर फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च टीम का नेतृत्व थानाध्यक्ष अमित कुमार राय, सीआईएसएफ के सब इंस्पेक्टर सुमित सोनी सम्भाल रहे थे। इस बावत थानाध्यक्ष बनकटा अमित कुमार राय ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए फ्लैग मार्च किया गया है।

इस दौरान उपनिरीक्षक विरेन्द्र कुमार, अनिल राय शेषनाथ कनौजिया, राघवेन्द्र सिंह, हेड कस्टेबल इकरार अहमद कांस्टेबल दिलीप कुमार, जितेंद्र, सर्वेश त्रिपाठी, दिग्विजय सिंह, परशुराम प्रसाद, देवेंद्र आजाद, सुनिल सिंह आदि मौजूद रहे।



मंगलवार को बनकटा के सोहनपुर बाजार में फ्लैग मार्च करते पुलिस व अर्ध सैनिक बल के जवान।

- भाटपाररानी, मदनपुर, लार व रामपुर कारखाना में रही विशेष सतर्कता
- मस्जिदों में नमाज और तकरीर पर रही पुलिस की विशेष नजर
- भाटपाररानी में पुलिस और पैरा मिलिट्री फोर्स ने संयुक्त मार्च किया

# लेखपाल का किसान को धमकाने का आडियो प्रसारित

तरकुला : क्षेत्र के एक लेखपाल का किसान को धमकाने का आडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो गया है। हालांकि इसको लेकर कोई अभी तक शिकायत नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र का एक किसान महिला लेखपाल से किसी काम को लेकर बातचीत कर रहा था। (जास)

# अंगूठा लगाने वाली महिला का फर्जी हस्ताक्षर कर करा लिया आदेश

जासं, सलेमपुर: अंगूठा लगाने वाली महिला का फर्जी हस्ताक्षर कर शपथ पत्र दाखिल कर एसडीएम न्यायालय से धारा 80 करा लेने का मामला प्रकाश में आया है। अब पीड़िता एसडीएम कार्यालय से लेकर जिलाधिकारी कार्यालय तक न्याय को दौड़ लगा रही है।

क्षेत्र के मंगराइच गांव की रहने वाली इंद्रावती देवी ने का कहना है कि सिसई में उनके नाम से भूमि है। उस पर भूमि पर निखिल व अनिल सह खातेदार हैं।

एसडीएम के यहां धारा 80 दाखिल किया गया था, जिसकी जानकारी इंद्रावती को नहीं था। आरोप है कि उनके नाम से फर्जी हलफनामा तैयार कर शपथ पत्र लगाकर धारा 80 करा लिया गया है, जबकि वह हस्ताक्षर नहीं करती हैं, बल्कि अंगूठा लगाती हैं। एसडीएम गिरीश कुमार झा ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। इसकी जांच कराई जाएगी।

# बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए एसओजी की दबिश

जासं, देवरिया: शहर के आर्य समाज गली स्थित सराफा की दुकान से सोने की चेन लेकर भागने के मामले में फरार बदमाशों की गिरफ्तारी को एसओजी ने कई जगहों पर मंगलवार को दबिश दी। हालांकि बदमाश पुलिस के हाथ नहीं लग सके। सीसी कैमरा फुटेज से पुलिस को अहम सुराग हाथ लगे हैं। जल्द ही पुलिस बदमाशों को गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफाश कर देने का दावा कर रही है।

शहर के आर्य समाज गली में जमुना वर्मा की सराफा की दुकान है। सोमवार की शाम को चार बजे उनकी दुकान पर दो युवक पहुंचे और जंतर खरीदे। इसके बाद लाकेट देखने के साथ ही वह सोने की चेन देखने की बात कहने लगे। जैसे ही वह चेन दिखाने के लिए झुके, इस बीच उनके काउंटर से दो सोने की चेन लेकर बदमाश पैदल ही भाग गए। पुलिस ने फुटेज खंगाला तो दोनों बदमाशों का चेहरा स्पष्ट दिखने लगा। पुलिस अब उन बदमाशों तक पहुंचने में जुटी हुई है। एसओजी ने गोपालगंज जिले में कई जगहों पर दबिश दी, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। उधर मौके

- आर्य समाज गली से दिन में सोने की चेन लेकर भागने का मामला
- सीसी कैमरे की फुटेज से पुलिस को मिला है अहम सुराग

पर बदमाश जो बाइक छोड़ कर गए हैं, तहकीकात में वह बाइक लखनऊ से चोरी होने की बात सामने आई है। पुलिस ने वाहन स्वामी को फोन कर बुलाया है। इसके बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। कोतवाल वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि बदमाशों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। मौके से मिली बाइक लखनऊ से चोरी होने की बात सामने आई है। जांच की जा रही है। वाहन स्वामी को बुलाया गया है।

**मारपीट के मामले में तीन पर मुकदमा:** भटनी क्षेत्र के पचासो के नोनिया टोला में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने जयराम की तहरीर पर अभय नंदन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

जबकि तेनुआ चौराहे पर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने बालेंदु की तहरीर पर भोलू यादव समेत दो लोगों विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# घटना के पर्दाफाश का ब्लूप्रिंट तैयार, कार की तलाश

जागरण संवाददाता, करीदी बाजार : क्षेत्र के लाहिलपार के समीप युवक को लगी गोली के मामले में पुलिस सोमवार की रात अज्ञात के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया। साथ ही मामले में हिरासत में लिए गए आरोपितों से मंगलवार को भी पुलिस पूछताछ करती रही। पुलिस घटना के पर्दाफाश का ब्लूप्रिंट तैयार कर ली है। एक से दो दिनों में इसका पर्दाफाश कर देगी।

सदर कोतवाली के खोराराम के रहने वाले 24 वर्षीय मंटू कुमार अपने दोस्त अखिलेश कुमार निवासी जड़ौरा बाजार , रुद्रपुर के साथ चरिवारपुर के प्रानपुर में किसी से कुंडली दिखाने गए थे। दोपहर को मंटू को गोली लग गई। घायल का उपचार बीआरडी मेडिकल कालेज में चल रहा है। घटना में शामिल कुछ लोगों को पुलिस ने उठा लिया है। जिन्होंने गोली कार में असलहा दिखाने के दौरान लगने की बात कही है। पुलिस सूत्रों की माने तो घटना के पर्दाफाश का ब्लूप्रिंट तैयार हो गया है। घटना में प्रयुक्त कार की बरामदगी का प्रयास पुलिस कर रही है। जैसे ही कार बरामद होगी, घटना का पुलिस पर्दाफाश कर देगी। थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया कि जल्द ही घटना का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

# हत्यारोपितों को सजा दिलाने की मांग

**सलेमपुर:** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) अधिवक्ता प्रकोष्ठ की बैठक मंगलवार को उपनगर के एक रेस्टोरेंट में हुई। जिसमें सुभासपा महिला मोर्चा की प्रदेश महासचिव नंदिनी राजभर की चाकू मारकर हुई हत्या की निंदा की गई। साथ ही परिवार के सदस्यों को सुरक्षा व आर्थिक सहायता प्रदान करने के साथ ही कड़ी सजा दिलाने की मांग की गई। अधिवक्ता प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अंकित श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि महिला नेता के हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। अविनाश श्रीवास्तव, जितेंद्र कुमार, सुनील सिंह, राहुल यादव, आदि लोग शामिल रहे। (जासं)

# मारपीट में चार के विरुद्ध मुकदमा

रुद्रपुर : क्षेत्र के शिवपुर करिहवा के रहने वाले जगदीश यादव ने पुलिस को तहरीर दी है। आरोप लगाया है कि मेरा पुत्र उपेन्द्र खेत में सिंचाई कर रहा था। पानी कुछ दूसरे के खेत में चला गया। इस पर गांव के ही अनिरुद्ध, विनोद, धर्मवीर व विवेक ने पिटाई कर दी। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। (जासं)

# अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने किया पैदल मार्च

- भाटपाररानी सीओ सर्किल के बनकटा व श्रीरामपुर थाना क्षेत्र में किया मार्च
- मतदान केंद्रों का पुलिस अधिकारियों ने देखी व्यवस्था, किया निरिक्षण

जासं, देवरिया: लोकसभा चुनाव व त्योहारों के मद्देनजर अर्द्धसैनिक सैनिक बल के जवानों ने मंगलवार को भाटपाररानी सीओ सर्किल के बनकटा व श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के संवेदनशील स्थलों पर पैदल मार्च किया। साथ ही लोगों से निर्भिक होकर मतदान करने की बात कही।

श्रीरामपुर थाना क्षेत्र में सबसे पहले फोर्स ने पैदल मार्च किया। यहां रामपुर प्रतापपुर, चित्रसेन बनकटा, सिकटिया, पड़री, मिश्रौली, हरराम चौराहा, संकुल, भवानी छापर, हाटा तथा चकिया कोठी में पहुंच पैदल मार्च किया। इसके बाद बनकटा के अकटही बाजार, सोहनपुर बाजार, फुलेलिया बाजार, रामपुर कुर्मी, रतसिया कोठी, अहिरौली नगेल, बनकटा बाजार में भी पैदल मार्च किया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कल्याण सिंह सागर, अमित कुमार राय मौजूद रहे।



श्रीरामपुर क्षेत्र में पैदल मार्च करती फोर्स • जागरण

**मतदान केंद्रों का पुलिस अधिकारियों ने किया निरीक्षण:** मतदान केंद्रों का पुलिस अधिकारियों ने निरीक्षण किया। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी भीम कुमार गौतम, सीओ बरहज आदित्य गौतम व प्रभारी निरीक्षक भलुअनी अर्चना सिंह ने विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। साथ ही वहां की व्यवस्थाएं देखी। सुरौली थानाध्यक्ष अनिल कुमार भी विभिन्न बूथों पर पहुंचे। सीओ सिटी संजय कुमार रेड्डी ने भी रामपुर कारखाना क्षेत्र के बूथों का निरीक्षण किया। एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने महुआडीह थाना क्षेत्र के बूथों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाएं देखी।

# हत्यारोपित ग्राम प्रधान ने शपथ पत्र में छिपाया तथ्य, जाएगी प्रधानी

- भलुअनी के सिसवार की ग्राम प्रधान पर हत्या व साक्ष्य छुपाने का दर्ज है मुकदमा
- जांच रिपोर्ट आने के बाद डीएम ने ग्राम प्रधान को जारी किया नोटिस
- 15 दिन में डीपीआरओ के नोटिस का जवाब देंगी ग्राम प्रधान

जागरण संवाददाता, देवरिया: भलुअनी विकास खंड के सिसवार की ग्राम प्रधान हत्या जैसे जघन्य अपराध में संलिप्त होने के बाद भी शपथ में इसका जिक्र नहीं की हैं। डीएम अखंड प्रताप सिंह ने ग्राम प्रधान को बर्खास्तगी का नोटिस जारी किया है। 15 दिनों के अंदर डीपीआरओ को ग्राम प्रधान नोटिस का जवाब देंगी।

भलुअनी विकास खंड के सिसवार की ग्राम प्रधान लक्ष्मी देवी पर न्यायालय के आदेश पर 20 फरवरी 2021 को हत्या, साक्ष्य छुपाने का खामपार के मिस्कारचक के रहने वाले देवेन्द्र प्रताप मौर्य ने मुकदमा दर्ज कराया था। जबकि लक्ष्मी देवी ने 15 अप्रैल 2021 को ग्राम प्रधान पद के लिए नामांकन के समय दाखिल शपथ पत्र में इसका जिक्र नहीं किया। इसकी शिकायत गांव के श्रीराम सिंह व अन्य लोगों ने डीएम अखंड प्रताप सिंह से की। शिकायत की जांच डीएम ने एसडीएम सलेमपुर व जिला कृषि अधिकारी से कराई। जांच में यह शिकायत सही पाया गया। डीएम ने अब ग्राम प्रधान को बर्खास्त करने के लिए नोटिस दिया है। 15 दिनों के अंदर संतोषजनक जवाब न देने पर ग्राम प्रधान पद से बर्खास्त कर दिया जाएगा। डीएम अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करने के समय ग्राम प्रधान ने साक्ष्य छिपाया है। नोटिस दिया गया है। 15 दिन के अंदर जवाब मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अचेतावस्था में मिला अधेड़, गंभीर

खुखुंदू: बतरौली की रहने वाली प्रतिभा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनके पिता बाल किशुन प्रसाद को एक मनबढ़ एक सप्ताह पूर्व लेकर कहीं गया। घायलावस्था में वह रात को चौराहे पर मिले। उन्हें पुलिस महर्षि मेडिकल कालेज ले गई। वहां से हालत गंभीर देख चिकित्सक ने रेफर कर दिया। उन्हें बीआरडी में भर्ती कराया गया है।

# ससुराल आए युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मृत्यु

जासं, रामपुर कारखाना: क्षेत्र के गोविंदपुर में ससुराल में आए युवक की सोमवार की रात संदिग्ध परिस्थिति में मृत्यु हो गई। युवक की मृत्यु के बाद परिवार में मातम छा गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की।

कुशीनगर जनपद के हाटा के थरूआडीह के रहने वाले सूरज पटेल की ससुराल रामपुर कारखाना के गोविंदपुर के रहने वाले अमरजीत पटेल के यहां थी। कुछ दिनों से वह ससुराल में ही रहकर कार्य करते थे। सोमवार की रात अचानक उनके पेट में दर्द शुरू हो गया और तबीयत बिगड़ गई। उपचार के लिए लोग महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज ले गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृत्यु की सूचना मिलते ही पत्नी मनीषा दहाड़ मारकर रोने लगी। थानाध्यक्ष नंदा प्रसाद ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## महिला ने जहरीला पदार्थ खाया, हालत बिगड़ी

रुद्रपुर: नदनपुर उपनगर के विशम्भरपुर गनियारी की रहने वाली गुड्डी देवी पत्नी अशोक यादव ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे हालत बिगड़ गई। उपचार के लिए स्वजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुद्रपुर ले गए, जहां हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मृत्यु

देवरिया: सदर कोतवाली के पुरवा के समीप गोरखपुर-छपरा रेल खंड पर ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मृत्यु हो गई। युवक की पहचान विश्वजीत चौहान निवासी पुरवा, देवरिया के रूप में हुई।

# खेत में पानी चलाने को लेकर मारपीट, केस दर्ज

रुद्रपुर। खेत में पानी चलाने को लेकर मारपीट हो गई। मामले में पुलिस ने दूसरे पक्ष के चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज की है। शिवपुर करहिया निवासी जगदीश यादव पुत्र बाबूनन्द यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उनका लड़का उपेन्द्र यादव अपने खेत में पानी चला रहे था। इसी बीच गांव के ही रहने वाले अनिरुद्ध, विनोद, धर्मवीर उर्फ मंटू व विवेक उन्हें मारपीट कर घायल कर दिए। मामले में पुलिस ने चारो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज की है।

# नदी में डूबी इंटर की छात्रा, तलाश जारी

जासं, मदनपुर: क्षेत्र के मोहरा स्थित राप्ती नदी में मंगलवार को इंटर की छात्रा संदिग्ध परिस्थिति में डूब गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहले तलाश किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। देर शाम पहुंचे गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू की गई। मोहरा के रहने वाली कीर्ति सिंह शाम को नदी की तरफ गई। इस बीच वहां खेल रहे बच्चों ने देखा कि वह नदी में डूब रही है। उनके शोर करने पर आसपास के लोग भी पहुंच गए और तलाश किए। प्रभारी निरीक्षक रामाज्ञा सिंह ने बताया कि किशोरी की तलाश की जा रही है।

# ग्राम न्यायालय के लिए वकीलों ने जाम लगाया

रुद्रपुर। तहसील में ग्राम न्यायालय की स्थापना को लेकर मंगलवार को बार संघ आंदोलित हो गया। वकीलों ने रुद्रपुर-देवरिया मार्ग करीब एक घंटे तक जाम कर जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने डीएम को संबोधित पत्रक तहसीलदार को सौंपकर ग्राम न्यायालय तत्काल खोले जाने की मांग की। संवाद

# अर्धसैनिक बल ने किया मार्च

देवरिया। त्योहार और आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस के साथ अर्धसैनिक बलों ने मार्च किया। लोगों से शांतिपूर्ण माहौल और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। साथ ही लोगों के बीच सुरक्षा का भाव पैदा किया। मार्च बनकटा थाना क्षेत्र के अकटही बाजार, सोहनपुर, रामपुर बुजुर्ग, कपेलिया मोड़, रतसिया, भुड़वार, अहिरौली बघेल, बंजरिया में पहुंचकर समाप्त हुआ। मार्च का नेतृत्व थानाध्यक्ष अमित कुमार राय ने किया। संवाद

# महिलाओं को अधिकारों के प्रति किया जागरूक

देवरिया। मिशन शक्ति अभियान के चतुर्थ चरण के तहत महिला सशक्तीकरण जागरूकता के लिए जिले में सरकार महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन कार्यक्रम चला रही है। थाना बनकटा की मिशन शक्ति दीदी महिला आरक्षी मांड्वी दुबे ने बंजरिया बाजार, थाना श्रीरामपुर की शक्ति दीदी महिला आरक्षी संध्या यादव ने रतसिया मोड़, थाना गौरीबाजार की शक्ति दीदी महिला आरक्षी सारिका यादव ने जानकारी दी। संवाद

# चोरी की दो बाइकों के साथ एक गिरफ्तार

सलेमपुर। कोतवाली पुलिस ने सलेमपुर के नदावर पुल के पास वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की एक और बाइक श्मशान घाट से बरामद की। मझौली चौकी प्रभारी महेंद्र प्रताप चौधरी मंगलवार को हमराहियों के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच एक युवक तेज गति से बाइक चलाते आ रहा था। संदिग्ध होने पर पुलिस ने बाइक रोकी और पूछताछ की। युवक बाइक के कागजात नहीं दिखा सका। कड़ाई से पूछताछ में उसने चोरी की बाइक होने की बात स्वीकार की। उसने अपना नाम प्रिंस कुमार गुप्ता पुत्र संदीप प्रसाद बताया जो बिहार प्रांत के सिवान जिले के जीरादेई थानाक्षेत्र के ठेपहां बाजार का रहने वाला है। संवाद

# महिला ने एसपी से लगाई गुहार

देवरिया। शहर के पुरवा चौराहा निवासी एक महिला ने आए दिन चलती ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्रियों के सामान और मोबाइल छीन रहे युवकों को रोका तो उन्होंने महिला को अंजाम बुरा भुगतने की धमकी दे डाली। युवकों ने शिकायत करने पर उसकी पुत्री से दुष्कर्म और जान से मारने की भी धमकी दी। पीड़ित महिला ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

शहर के पुरवा चौराहे पर स्थित कांशीराम आवास निवासी रेनू गोंड पत्नी रामानंद गोंड ने पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा को तहरीर दी है। इसमें उसने आरोप लगाया है कि यहां रहने वाले कुछ युवक आए दिन जंक्शन पर रुकने वाली ट्रेनों को धीमा देख गेट पर सवार यात्रियों का मोबाइल व अन्य सामान झपट्टा मारकर छीन लेते हैं। मंगलवार को सुबह 09 बजे के करीब वे ट्रेन के यात्रियों को अपना निशाना बनाने के लिए एकत्रित थे।

मैंने उनलोगों को समझाते हुए बस इतना ही कहा कि यह आप लोग ठीक नहीं कर रहे हैं। इतने में उनलोगों ने कहा कि किसी अधिकारी के पास गई तो तुम्हारी बेटी से दुष्कर्म और तुम्हें जान से मार देंगे। पीड़िता ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। एसपी संकल्प शर्मा ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही। संवाद

# सिसवार प्रधान की बर्खास्तगी का नोटिस जारी

## डीएम ने कार्रवाई के लिए बीडीओ, डीपीआरओ व सीडीओ को भेजा पत्र, 15 दिन में देना है स्पष्टीकरण

संवाद न्यूज एजेंसी

**खुखुंदू।** क्षेत्र के सिसवार के ग्राम प्रधान की बर्खास्तगी के लिए डीएम अखंड प्रताप सिंह ने मंगलवार को नोटिस जारी किया।

पांच माह पहले गांव के एक व्यक्ति और ग्रामीणों ने डीएम से शिकायत की थी। इसमें पंचायत चुनाव में प्रधान पद पर पर्चा दाखिल करते समय लक्ष्मी देवी के शपथपत्र में तथ्यों को छिपाने की शिकायत की थी। डीएम ने गंभीरता से लेते हुए एसडीएम सलेमपुर और जिला कृषि अधिकारी से जांच कराई। जांच रिपोर्ट आने के बाद डीएम ने बर्खास्तगी के कार्रवाई का नोटिस जारी करते हुए 15 दिन में स्पष्टीकरण मांगा है।

### गांव निवासी श्रीराम व अन्य ग्रामीणों ने पांच माह पहले डीएम से की थी शिकायत

विकास खंड भलुअनी क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिसवार की ग्राम प्रधान लक्ष्मी देवी के खिलाफ राजस्व ग्राम सुकरौली निवासी श्रीराम सिंह, हरिकेश कुशवाहा, रंजीत कुमार गौड़, रामलक्षन, तेज बहादुर सिंह, परमहंस कुशवाहा और दिनेश समेत अन्य ग्रामीणों ने 11 अक्तूबर 2023 को डीएम अखंड प्रताप सिंह से ग्राम प्रधान के खिलाफ शपथ पत्र में हेराफेरी कर चुनाव लड़ने की शिकायत की थी।

इसपर डीएम ने 22 नवंबर को सलेमपुर एसडीएम और जिला कृषि अधिकारी को जांच अधिकारी नामित किया था। एसडीएम ने तत्काल सीओ सलेमपुर को जांच कर रिपोर्ट देने की बात कही। सीओ दीपक शुक्ला ने खुखुंदू थाने से प्रकरण की जांच कर 27 जनवरी 2024 को रिपोर्ट एसडीएम को सौंप दी। फिर एसडीएम सलेमपुर और जिला कृषि अधिकारी ने जांच रिपोर्ट डीएम को दी।

इसमें ग्रामीणों की शिकायत सही पाए जाने पर डीएम ने प्रधान लक्ष्मी देवी के खिलाफ बर्खास्तगी का नोटिस जारी किया है। साथ ही 15 दिन के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है।

# गोलीकांड में बरियारपुर थाने में अज्ञात पर एफआईआर दर्ज

## असलहा चेक करते समय गोली चलने की सूचना, जांच में जुटी पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** लाहिलपार में रविवार की शाम चली गोली मामले का पुलिस ने मंगलवार को भी खुलासा नहीं किया। इस मामले में बरियारपुर थाने में अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। पुलिस हिरासत में लिए गए तीनों आरोपियों का नाम गोपनीय रखते हुए पूछताछ कर रही है।

सदर कोतवाली के खोराराम निवासी मंटू कुमार (24) रविवार की दोपहर में बरियारपुर क्षेत्र के मेहरौना गांव में गया था। वहां से लौटने के दौरान लाहिलपार दुर्गा मंदिर से कुछ दूरी पर गोली लगने की बात कहते हुए पुलिस को सूचना दी। इसके बाद साथियों के साथ मेडिकल कॉलेज भी पहुंच गया। जहां से गोरखपुर रेफर कर दिया गया। इसके बाद कोतवाली पुलिस व देर शाम चौराहे पर एसपी के पहुंचने और गोली चलने की सूचना के बाद लाहिलपार इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के बाद से लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। लोग भी गोली चलने की सूचना से अवाक थे।

> *गोलीकांड मामले में हिरासत में लिए गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। कुछ अहम जानकारी मिलने पर पुलिस पड़ताल कर रही है। मामले का जल्द खुलासा कर दिया जाएगा।*
> *-दीपक शुक्ला, सीओ, सलेमपुर*

एसपी की जांच और सीसीटीवी फुटेज में बदमाश नहीं दिखे और न ही घटनास्थल पर खून के धब्बे। पुलिस के मुताबिक, गोली घटनास्थल पर नहीं चली है। इस मामले में तीसरे दिन भी पुलिस हिरासत में लिए गए आरोपियों से पूछताछ करती मिली।

वहीं, पुलिस सूत्रों की मानें तो मंटू कुमार को बदमाशों ने गोली नहीं मारी थी। बल्कि असलहा चेक करते समय चली गोली से घायल हुआ था। घटना को दूसरी तरफ मोड़ने के लिए गोली मारने की बात कही थी।

शहर कोतवाल वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि पूछताछ कर अन्य जानकारी ली जा रही है। उन्होंने गोली मारने के संबंध में कुछ विशेष जानकारी नहीं दी।

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-03-2024

# प्रतिबंधित पशुओं संग बिहार का तस्कर गिरफ्तार

**तमकुहीराज।** स्थानीय थाने की पुलिस ने वध के लिए टाटा मैजिक वाहन से बिहार ले जाये जा रहे प्रतिबंधित चार बरामद करने के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को थानाध्यक्ष तमकुहीराज अतुल श्रीवास्तव को सूचना मिली कि एक वाहन पर प्रतिबंधित पशुओं की खेप लेकर पशु तस्कर बिहार की ओर जा रहे हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान बिहार के गोपालगंज जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र के गांव लच्चीखरया निवासी मुद्रिका राम के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि मामले में आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई कर जेल भेजा जा रहा है।

### गिरोह के कब्जे से नकदी समेत 20.65 लाख का माल बरामद, बिहार के कई जिलों में गैंग करता था घटना

# ठठेरा गिरोह के तीन बदमाश गिरफ्तार

कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता। दिनदहाड़े घरो में घुसकर धोखा-धड़ी से भोले भाले लोगों के सोने चांदी के जेवरात पार करने वाले अंतर्राज्यीय चोरों के गिरोह, ठठेरा गैंग का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। गिरोह के सरगना समेत तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर पुलिस ने उनके कब्जे से नकदी समेत 20.65 लाख का माल बरामद किया है। इसी गिरोह से पिछले दिनों सुकरौली कस्बे में एक परिवार से सफाई के नाम पर करीब ढाई लाख के जेवर उड़ाए थे।

पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने जिला पुलिस कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में मंगलवार को यह जानकारी दी। एसपी ने बताया कि हाटा कोतवाली व साइबर थाने की संयुक्त टीम ने अन्तर्राज्यीय चोरों के ठठेरा गैंग के सरगना सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इसी गैंग ने पिछले दिनों सुकरौली बाजार में दिनदहाड़े घर में घुसकर धोखाधड़ी से सोने के जेवरात चुराए थे। उस माले में हाटा कोतवाली में मुकदमा दर्ज है। गिरोह के कब्जे से पुलिस ने छह सरकार फर्जी मुहरें, 2 लाख 40 हजार नकद, सफेद व पीली धातु के जेवरात, दो बाइकों समेत कुल 20 लाख 65 हजार रुपये का माल बरामद किया है। इनमें 10.60 लाख का सोना व 4.20 लाख का चांदी शामिल है। पकड़े गए बदमाशों की पहचान विकास कुमार पुत्र उपेन्द्र शाह निवासी नावकोठी थाना नावकोठी जनपद बेगूसराय बिहार, विक्की कुमार पुत्र सूरज साह निवासी मुस्कीपुर कोठी थाना गोगडी जिला खगड़िया बिहार तथा संतोष कुमार पुत्र स्व मेवालाल निवासी सेठवल थाना रानी की सराय जनपद आजमगढ़ के रूप में हुई है। विकास कुमार गैंग का सरगना है। उस पर इससे पहले भी रायबरेली में दो और गाजीपुर में एक मुकदमा दर्ज हुआ था। विक्की कुमार पर इससे पहले महराजगंज की कोतवाली थाने में भी मुकदमा दर्ज हुआ था।

**सफाई के नाम पर महिलाओं को लेते थे झांसे में:** एसपी ने गिरोह के क्रिया कलाप की जानकारी देते हुए बताया कि बिहार प्रान्त व उप्र राज्य के पूर्ववर्ती सीमावर्ती जिलो में यह ठठेरा गैंग के नाम से अपराधी कृत्य को अंजाम देता था। गैंग का केन्द्र बिन्दु जिला बेगूसराय बिहार था। इसका सरगना विकास कुमार शाह, स्वंय बेगूसराय का रहने वाला है। यह लोग बिहार व उप्र के अलग-अलग जिलों के भिन्न-भिन्न कस्बों व कालोनियो में रेकी कर भोली-भाली वृद्ध महिलाओं को लक्ष्य बनाकर टारगेट सेट करते थे। टारगेट सेट करने के बाद इस गैंग के 2 सदस्य किसी कंपनी के जेवरातों की सफाई की आड़ लेकर दिनदहाड़े घरों के अन्दर घुसते थे। अपने पास मौजूद शोरा तेजाब केमिकल के घोल व नमक तेजाब केमिकल के घोल का इस्तेमाल करते हुए सोने के जेवरातों को लिक्विड फार्म में परिवर्तित कर देते थे। धोखा-धड़ी से उस लिक्विड को छिपा कर चोरी कर लेते थे। पुनः ठोस तांबा उस घोल में मिलाकर कर गर्म कर देते थे। सोने व तांबा को फिर से मिक्स कर ठोस रूप में संरक्षित कर भाग जाते थे। दूर दराज झारखंड व सिवान बिहार में अलग-अलग जगहों पर तांबा व सोने को पृथक कर सोने को सस्ते दामों पर बेच देते थे। लाखों रूपयों का अवैध धन अर्जित करते थे। आपस में बराबर बंटवारा कर लेते थे। गैंग इतना शातिर था कि अपने-आपको सीसीटीवी फुटेज से बचने के लिए दोपहिया वाहनों में कूटरचित आरसी का इस्तेमाल करता था। इनको सत्यापित करने के लिए कूटरचित मुहरों का भी प्रयोग करता था। भागते समय गाड़ियां भी बदल लेते थे।





मंगलवार को ठठेरा गैंग का खुलासा करते एसपी धवल जायसवाल। (दाएं) पीड़ित बुजुर्ग दंपति ने चोरी गए जेवरों की बरामदगी पर एसपी को किया सम्मानित। • हिन्दुस्तान

### खुलासा करने वाली टीम को 25 हजार का इनाम

खुलासा करने वाली टीम में शामिल हाटा कोतवाल राजप्रकाश सिंह, साइबर थाने के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पंत, सुकरौली चौकी इंचार्ज संदीप सिंह, दरोगा देशराज सरोज, श्रीप्रकाश राय, सर्विलांस प्रभारी शरद भारती, हवलदार विजय चौधरी, पंकज सिंह, अभिषेक यादव, बृजेश यादव, मुकेश चौहान, अखिलेश गुप्ता व अमित गुप्ता को एसपी ने 25 हजार रुपये का ईनाम देने की घोषणा की है।

### एसपी को किया सम्मानित

सुकरौली की पीड़ित बुजुर्ग दंपति ने चोरी गए जेवरों की बरामदगी होने पर मंगलवार को एसपी को शॉल ओढ़ा कर उन्हें व पूरी पुलिस टीम को आशीर्वाद व शुभकामनाएं दीं।

# दुष्कर्म के अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा

लक्ष्मीगंज। रामकोला थाने की पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रामकोला थाना क्षेत्र के ग्राम सभा कुसम्हा टोला रगड़गंज निवासी हुसैन अली पुत्र अलाउद्दीन दुष्कर्म के मामले में वांछित था, जिसकी तलाश पुलिस कर रही थी।

# वांछित दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जटहा बाजार। स्थानीय थाने की पुलिस ने अलग अलग मुकदमों में फरार चल रहे दो अभियुक्तों को मंगलवार की सुबह उनके घर से गिरप्तार कर विधिक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

एसओ जटहा बाजार ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान में पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त चिरगोड़ा निवासी अनिरुद्ध पाल पुत्र इंदर पाल एवं घर जलाने के मामले में अभियुक्त माघी कोठिलवा निवासी गेना चौहान पुत्र मगनी चौहान को उनके घरों से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में एसओ के अलावा एसआई अनिल शर्मा, कांस्टेबल अनिल मौर्य, विनय कुमार, महिला कांस्टेबल रानी रहीं।



कुबेरस्थान बाजार में पैरा मिलिट्री के साथ पैदल मार्च करती पुलिस । ● हिन्दुस्तान

# सीएए लागू होने पर पुलिस अलर्ट, दूसरे दिन भी फ्लैग मार्च

**कुशीनगर, हिन्दुस्तान टीम।** सीएए का संशोधित कानून लागू होने पर जिले की पुलिस दूसरे दिन भी अलर्ट मोड पर रही। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने पैरा मिलिट्री फोर्स के साथ फ्लैग मार्च करते हुए अशांति फैलाने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ कड़ाई से निपटने का संदेश दिया। एसपी धवल जायसवाल हर गतिविधियों की जानकारी लेते रहे।

**खड्डा संवाद** के अनुसार मंगलवार को भी एसओ खड्डा नीरज राय व हनुमानगंज एसओ अजय पटेल के नेतृत्व में पुलिस ने अपने अपने क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया और सीएए के बारे में भ्रम फैलाने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किये जाने की बात कही।

**कुबेरस्थान संवाद** के अनुसार क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से एसओ कुबेरस्थान अजय कुमार मौर्य के नेतृत्व में पैरा मिलिट्री व स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से मार्च किया।

**तमकुहीराज संवाद** के अनुसार सीओ सर्किल तमकुहीराज क्षेत्र में पुलिस प्रशासन हाई अलर्ट मोड में रहा। पुलिस कर्मी क्षेत्र की हर छोटी बड़ी घटनाओं पर नजर बनाए हुए थे। सीओ सर्किल क्षेत्र के तमकुहीराज, तरया सुजान, पटहेरवा, विशुनपुरा, बरवापट्टी, चौराखास, सेवरही थाने की पुलिस हर जगह पर चौकसी नजर बनाए रखी।

**पटहेरवा संवाद** के अनुसार क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिये संभ्रांत लोगों व बीट के पुलिस टीम के साथ एसओ राकेश रोशन ने थाना परिसर में बैठक किया। एसओ ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिये हर छोटी से छोटी व बड़ी सूचनाओं से पुलिस को अवगत कराएं।

# दामाद ने ससुर की रास्ते में की पिटाई

मीरगंज (बरेली)। गांव स्वांगी पट्‌टी थाना हाटा कुशीनगर निवासी बलराम मिश्रा शुगर मिल मीरगंज में नौकरी करते हैं। उनकी पुत्री का दहेज उत्पीड़न का मुकदमा फैमली कोर्ट बरेली में चल रहा है। सोमवार को शाम 6.00 बजे बलराम मिश्रा शुगर मिल में ड्यूटी को जा रहे थे। रेलवे क्रासिंग बंद होने पर वह खड़े होकर क्रासिंग खुलने का इंतजार करने लगे। आरोप है कि क्रासिंग के पास घात लगाए बैठक दामाद ने उनको जमकर पीटा। वह घायल हो गए। क्रासिंग पर लोगों ने उनको किसी तरह बचाया। बलराम मिश्रा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शक्ति पांडेय निवासी जंगल घुसड़ पिपराइच गोरखपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस जांच कर रही है।

# कसया क्षेत्र में सेंध काटकर आभूषण की दुकान में चोरी



चोरी की घटना के बाद जुटी भीड़ एवं पुलिस। • हिन्दुस्तान

**अहिरौली राजा, हिन्दुस्तान संवाद।** कसया थाना क्षेत्र के अहिरौली राजा चौराहे पर सोमवार की रात चोरों ने सेंध काटकर आभूषण की दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी।

थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 24 सुभाष नगर कसया निवासी संतोष वर्मा पुत्र स्व. ध्रुव वर्मा अहिरौली राजा चौराहे पर अपने मकान में सोने चांदी की दुकान चलाता है। बीते सोमवार की शाम को वह अपनी दुकान बंद कर घर चला गया। मंगलवार की सुबह जब दुकान खोलने पहुंचा तो देखा कि पीछे से दिवाल तोड़कर अंदर घुस कर चोरों ने दुकान में रखे तिजोरी तोड़कर उसमें रखा 450 ग्राम सोने का जेवर, आठ किलो चांदी का जेवर तथा काउंटर तोड़कर उसमें रखा 45 हजार रुपये नगद चोरी कर लिया गया। दुकानदार ने फोन कर घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर कसया थाने के एसओ गिरिजेश उपाध्याय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुट गये। पीड़ित दुकानदार ने घटना की तहरीर कसया थाने को देकर कार्रवाई किये जाने की मांग की है। इस संबंध में कसया एसओ गिरिजेश उपाध्याय ने कहा कि तहरीर मिली है, जांच कर चोरी का शीघ्र पर्दाफाश किया जायेगा।

# पशु शेड जला

विशुनपुरा। बेतिया के जयप्रकाश प्रजापति पुत्र स्व. रामकिशुन प्रजापति गांव के बाहर मठिया शाखा नहर के किनारे पशुओं के लिए घर बनाये थे, जिसमें अचानक आग लग गयी और वह जल गया।

# महिला ने आग लगाने का किया प्रयास अतिक्रमण हटाने गई टीम लौटी

## अफरा-तफरी

दुदही। विशुनपुरा थाने के पडरौना दुदही मार्ग पर कोर्ट के आदेश के क्रम में अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम को बैरंग लौटना पड़ा। जुट लोगों ने पास की झोपड़ी से धुआं उठता देख शोर मचाया कि बुजुर्ग महिला ने इसके खिलाफ आग लगा ली है। पुलिस अंदर गयी तो वहां एक कपड़ा जल रहा था। एक बुजुर्ग महिला भी सुरक्षित थी।

जब तक यह साफ होता, तब तक लेखपाल व अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम लौट चुकी थी। कोर्ट में दाखिल पीआईएल के क्रम में जारी आदेश पर मंगलवार को अतिक्रमण हटाने के लिए पीडब्ल्यूडी के जेई अवधेश गुप्ता व लेखपाल ब्रजेश कुमार मौके पर पहुंचे थे। अतिक्रमण हटाने के लिए कारवाई शुरू हुई थी कि इसी दौरान वहां मौजूद लोगों ने शोर मचाया कि एक महिला ने झोपड़ी में आग लगा ली है। उधर देखने पर धुआं उठता दिखा। इतना सुनते ही जेई व लेखपाल वहां से हट गए। पुलिस ने झोपड़ी में जाकर देखा तो एक कपड़ा जल रहा था। महिला सुरक्षित थी। प्रभारी निरीक्षक विशुनपुरा रामसहाय चौहान ने बताया कि पीडब्लूडी की भूमि से अतिक्रमण हटाने की करवाई की जा रही थी। पहले से भूमि पर बसे परिवार को आपत्ति थी। एक महिला ने कथित तौर पर आग लगाने का प्रयास किया था। समझा बुझाकर मामला शांत करा दिया गया है। फिलहाल अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई रुक गई है।

# मार्ग को जाम किए लोगों को पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर खदेड़ा

सेवरही, हिन्दुस्तान संवाद। स्थानीय थाने के प्रवेश द्वार के सामने सेवरही-तुर्कपट्टी मार्ग पर उस समय जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई जब ग्रामीण एक फरियादी महिला के साथ सेवरही पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने का गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग अड़ गये। इसके चलते सेवरही-तुर्कपट्टी मार्ग करीब एक घंटे जाम रहा। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर सड़क जाम किये लोगों को वहां से हटाया। इसके बाद भीड़ पुनः थाने के गेट के सामने इकट्ठा होकर नारेबाजी कर प्रदर्शन करने लगी। सेवरही एसओ ने आक्रोशित ग्रामीणों को कार्रवाई का भरोसा दिलाकर किसी तरह समझा बुझाकर मामला शांत कराया।





सेवरही थाने के गेट के बाहर अचेत पड़ी पीड़ित महिला। (दाएं) थाने के गेट पर प्रदर्शन कर रहे नाराज ग्रामीण ●हिन्दुस्तान

मंगलवार को सेवरही थाने के प्रवेश द्वार पर सेवरही-तुर्कपट्टी मार्ग पर लगभग एक घंटे तक जाम रहा। इसका वजह यह रहा कि थाना क्षेत्र की एक फरियादी महिला ने सेवरही पुलिस पर मारने पीटने का आरोप लगाते हुए थाना गेट के सामने ही सड़क पर लेट गई। इस दौरान जाम की स्थिति को देख सेवरही पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर उपस्थित भीड़ को तितर-बितर कर दिया। बताया जा रहा है कि पुलिस की इस कार्रवाई में एक महिला का सिर फट गया और दर्जनों को हल्की चोटें आई। गीता देवी पत्नी सुरेश कुशवाहा व सरवन कुशवाहा ग्राम बनरहा के बीच घर बनाने को लेकर काफी दिनों से विवाद चला आ रहा था। इसको लेकर सेवरही पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाकर काफी समझाया बुझाया गया लेकिन बात नहीं बनने पर दोनों पक्षों को शांति भंग के आरोप में पाबंद कर कार्रवाई शुरू कर दी। इसी बात को लेकर फरियादी महिला थाने गेट पर लेट गई और प्रदर्शन करने लगी। प्रदर्शन कर रहे महिला को पुलिस ने जबरन उठाने की कोशिश की, जिस पर उपस्थित भीड़ पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगी। यह बात सेवरही पुलिस को नागवार लगी और उसने भीड़ पर हल्का बल प्रयोग शुरू कर दिया। इससे मौके पर उपस्थित भीड़ तितर-बितर हो गई। वहीं ग्रामीणों का आरोपी है कि सेवरही पुलिस कुछ महिलाओं व पुरुषों को जबरन टांग कर थाने ले गई। इसे लेकर आक्रोशित ग्रामीण थाने के प्रवेश द्वार के सामने ही कार्रवाई की मांग पर अड़ प्रदर्शन करने लगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष सेवरही ने आक्रोशित ग्रामीणों को कार्रवाई का भरोसा दिलाकर किसी तरह मामला शांत कराया। इस संबंध में तमकुहीराज के प्रभारी सीओ कुंदन सिंह ने कहा कि महिला और उसके बेटे को पुलिस ने शांति भंग के आरोप में चालान किया है। इसी के चलते महिला पुलिस पर बेबुनियाद आरोप लगा रही है।

# छितौनी में सामान सहित तीन झोपड़ियां जलीं

पनियहवा : छितौनी कस्बा के पनियहवा मोहल्ले में अज्ञात कारण से आग लग गई। उससे लल्लन, कृष्णा व अनिल साहनी की झोपड़ियां जल गई। चपेट में आने से छह बकरियों की मृत्यु हो गई व गृहस्थी के सामान जल गए।

# मैजिक से चार गोवंश बरामद, एक गिरफ्तार

जासं, तमकुहीराज: क्षेत्र के गाजीपुर गांव के पास फोरलेन पर तमकुहीराज पुलिस ने मंगलवार को मैजिक से चार गोवंश बरामद कर तस्कर को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान बिहार के गोपालगंज जिले के गोपालपुर थाने के लच्ची खरया गांव के रहने वाले मुद्रिका राम के रूप में हुई।

प्रभारी निरीक्षक अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि सूचना के आधार पर पटहेरवा की ओर से आए मैजिक वाहन को रोक कर तलाशी ली तो चार गोवंश मिले।

# पुलिस अलर्ट, संवेदनशील क्षेत्रों में बढ़ाई गई गश्त

जासं, पडरौनाः सीएए को लेकर जिले की पुलिस अलर्ट पर है। प्रमुख स्थलों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस-प्रशासन के अधिकारी चौकस हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस के साथ पैरा मिलिट्री फोर्स गश्त कर रही है। निगरानी के लिए ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। लोगों को किसी भी तरह के अफवाह से बचने का आह्वान किया जा रहा है।

एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि डीजी मुख्यालय से मिले निर्देश के क्रम में इसकी तैयारी पहले से ही कर ली गई थी। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में गश्त के निर्देश दिए गए हैं। मिश्रित आबादी तथा संवेदनशील जगहों पर आसमान से निगरानी की जा रही है। धर्म गुरुओं से वार्ता कर लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया जा रहा है। सीएए नागरिकता प्रदान करने वाला अधिनयम है। इससे किसी की नागरिकता नहीं छिनती। सीएए को लेकर अफवाहों से बचें। नगर, कसया, हाटा, सेवरही, खड्डा में गश्त कर पुलिस अधिकारी नजर बनाए हुए हैं। वहीं थानों में पीस कमेटी की बैठक हुई। नगर कोतवाली में सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय, तहसीलदार सुमित सिंह ने नागरिकों से शांति व्यवस्था में सहयोग की अपील की। कसया थाने में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए एएसपी दक्षिणी अभिनव त्यागी ने कहा कि शरारती तत्वों पर नजर है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अंकिता जैन, सीओ कुंदन कुमार सिंह, एसएचओ गिरीजेश उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

इंटरनेट मीडिया पर भी नजर

-शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले किसी भी पोस्ट पर कड़ी कार्रवाई होगी। पुलिस इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर पैनी नजर रखे हुए है। इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा है कि कोई भी अफवाह न फैलाए।

# अंतरराज्यीय ढठेरा गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

## 28 फरवरी को सुकरौली में साफ करने के बहाने ले उड़े थे आभूषण, यूपी में सक्रिय है बेगूसराय का गिरोह

जागरण संवाददाता, पडरौना (कुशीनगर): स्वाट (स्पेशल वेपेंस एंड टैक्टिस), साइबर व हाटा कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने हाटा नगर से सटे गौरी बाजार रोड पर मंगलवार को दो बाइक पर सवार अंतरराज्यीय ठठेरा गिरोह के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। उनके पास से दो लाख से अधिक नकदी, सोने-चांदी के आभूषण बरामद हुए। तीनों की पहचान बिहार के बेगूसराय के शहर व थाना नावकोठी के विकास कुमार, खगड़िया के गोगड़ी थाने के मुसकीपुर के विक्की साह व आजमगढ़ के रानी की सराय थाने के सेठवल गांव के रहने वाले संतोष कुमार के रूप में हुई।



पकड़े गए आरोपितों के बारे में जानकारी देते एसपी धवल जायसवाल • जागरण

एसपी धवल जायसवाल ने कार्यालय में पत्रकारों को बताया कि बीते 28 फरवरी को सुकरौली निवासी छोटेलाल शास्त्री के घर बाइक सवार दो युवक आए। युवकों ने घर की महिलाओं से बर्तन व आभूषण साफ कराने को कहा। बर्तन साफ कराने के बाद महिलाओं ने आभूषण भी साफ करने को दिए। चांदी के कुछ आभूषण साफ कर ठगों ने महिलाओं से धुलने को कहा। महिलाएं उन्हें घर में धुलने ले गईं तो ठग सोने-चांदी के शेष आभूषण लेकर फरार हो गए। इनकी तलाश में कोतवाली पुलिस के साथ साइबर व सर्विलांस टीम को भी लगाया गया। घटना के समय घटनास्थल व आसपास सक्रिय नंबरों को सर्च किया गया। संदिग्ध नंबरों को चिह्नित कर उन पर नजर रखी गई। सुबह हाटा के आसपास लोकेशन मिलने पर संयुक्त टीम वहां पहुंच जालसाजों की तलाश में लग गई। नगर से गौरीबाजार रोड की तरफ दो बाइक पर सवार तीन युवकों को देख टीम ने रोका तो वे बाइक तेजी से भगाने लगे। पीछा कर टीम ने उन्हें पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से दो लाख 40 हजार नकद, 176 ग्राम सोने तथा 173 ग्राम चांदी के आभूषण, चार शीशी में तीव्र ज्वलनशील रासायनिक पदार्थ, मुहर, फर्जी आरसी पेपर आदि मिले। तीनों ने स्वीकार किया कि बीते दिनों सुकरौली में हुई घटना को उन्होंने ही अंजाम दिया था। एसपी ने बताया कि बरामद आभूषणों की पीड़ित परिवार ने पहचान की। पकड़े गए तीनों बदमाशों का आपराधिक इतिहास है। इनके विरुद्ध कुशीनगर के अलावा रायबरेली, गाजीपुर, महराजगंज तथा बिहार के अलग-अलग थानों में मुकदमे दर्ज हैं। टीम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली हाटा राजप्रकाश सिंह, साइबर सेल प्रभारी मनोज कुमार पंत, प्रभारी सर्विलांस सेल शरद भारती, दारोगा संदीप सिंह, देशराज सरोज, श्रीप्रकाश राय आदि शामिल रहे।

### यह है अपराध का तरीका

एसपी ने बताया कि ठठेरा गिरोह का केंद्र बिंदु बेगूसराय है। यह गिरोह बिहार के अलावा पूर्वी यूपी में सक्रिय है। गिरोह का सरगना विकास कुमार शाह है। यह गिरोह शहर, कस्बों व गांवों में रेकी कर महिलाओं को कंपनी का एजेंट बताकर कम कीमत पर आभूषणों की सफाई की लालच दे कर घटना को अंजाम देता है। इनकी बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट रहता है ताकि सीसी कैमरों में नंबर कैद होने पर भी पकड़े न जा सकें।

### एसपी ने टीम को किया पुरस्कृत

एसपी ने बदमाशों को पकड़ने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपये पुरस्कार देने की घोषणा की। चोरी गए जेवर मिलने पर पीड़ित परिवार के लोग पुलिस कार्यालय पहुंचे तथा एसपी को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

# पति व ससुर पर छेड़खानी का दर्ज कराया मुकदमा

जासं, नेबुआ नौरंगिया: क्षेत्र की महिला ने पति व ससुर पर छेड़खानी तथा ननद पर मारने पीटने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपित पति इमरान, ससुर सैनुल, ननद आसमा व सलमा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। एसएचओ हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि विवेचना की जा रही है।

# पुलिस पर पिटाई का आरोप, सड़क जाम

- थाने के सामने महिला के साथ सड़क पर एक घंटे रहे स्वजन
- बाद में पुलिस ने सख्ती बरत कर समाप्त करवाया जाम

जासं,बभनौली(कुशीनगर): सेवरही के बनरहा पूरबपट्टी में हुई मारपीट के मामले में पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई करने तथा पिटाई से महिला के अचेत होने का आरोप लगा स्वजन मंगलवार को थाने के सामने सड़क जाम कर दिए। पुलिस ने सख्ती बरत कर जाम समाप्त करवाया और पिटाई के आरोप से भी इन्कार किया।

बताया जा रहा कि लक्ष्मण के तीन पुत्र श्रवण, वीरेंद्र व कृष्णा हैं। श्रवण व वीरेंद्र अलग रहते हैं, जबकि कृष्णा मां-पिता के साथ रहते हैं। सोमवार की रात श्रवण व वीरेंद्र की किसी बात को लेकर कृष्णा से कहासुनी हो गई। बात बढ़ गई और दोनों ने मिलकर मां-पिता व कृष्णा की पिटाई कर दी। मंगलवार को पत्नी संग थाने पहुंच कृष्णा ने तहरीर दी। आरोप है कि पुलिस ने कृष्णा को बैठा लिया, पुलिसकर्मियों की पिटाई से उनकी पत्नी अचेत हो गई। इसकी जानकारी पर पहुंचे लोग अचेत महिला को थाने के सामने सड़क पर रख सेवरही-तुर्कपट्टी मार्ग जाम कर दिए। सड़क जाम की जानकारी पर एसएचओ दिग्विजय नारायण राय पहुंचे और जाम समाप्त करने को कहे, लेकिन लोग नहीं हटे। पुलिस ने सख्ती बरत जाम समाप्त कराया। एसएचओ ने बताया कि मारने-पीटने का आरोप निराधार है। शिकायत लेकर आए व्यक्ति को रुकने को कहा गया, ताकि दूसरे पक्ष को बुलाया जा सके। शिकायतकर्ता संग महिला के आने या अचेत होने की जानकारी नहीं है।



सेवरही थाना गेट के सामने बेहोश महिला के साथ सड़क जाम कर रहे स्वजन • जागरण

# वाहन की टक्कर से पोल क्षतिग्रस्त

**पकड़ियार बाजार।** क्षेत्र के मुख्य पश्चिमी गंडक नहर के दामोदरी पुल पर सोमवार की रात को किसी वाहन की टक्कर से पोल क्षतिग्रस्त हो गया और तार सहित पोल रोड़ पर गिर जाने घंटों आवागमन प्रभावित रहा। पडरौना-झुलनीपुर नहर मार्ग पर दामोदरी गांव से सिंगहा गांव तक रोड़ के किनारे से हाईटेंशन लाइन के पोल लगाए गए हैं। सड़क में पोल गिरने और तार के हवा लटके होनक्से के चलते मार्ग के दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। किसी व्यक्ति ने मामले की जानकारी विद्युत विभाग के उपकेंद्र रामकोला को दी। रात में मौके पर पहुंचे जेई ने आपूर्ति बंद करा कर पोल को हटवाया गया तब जाकर आवागमन चालू हो पाया। वहीं, दामोदरी, सिंगहा, मठिया, मठिया खुर्द गांवों की बिजली सप्लाई पूरी रात बाधित रही है। संवाद

# अतिक्रमण हटाने गई टीम के सामने महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास

जासं, दुदही (कुशीनगर): लोक निर्माण विभाग की भूमि से कब्जा हटवाने गई टीम के सामने ही मंगलवार को दिन में तीन बजे कब्जाधारी महिला ने शरीर पर मिट्टी तेल उड़ेल कर आत्मदाह का प्रयास किया। पुलिस व ग्रामीणों के प्रयास से महिला को तो बचा लिया गया, इस दौरान उनकी साड़ी जल गई। कुछ देर के लिए अफरा-तफरी भी रही। घटना दुदही नगर पंचायत के लालबहादुर शास्त्री वार्ड की है। महिला का आरोप है कि भूमि पर अनेक लोगों का कब्जा है, लेकिन कार्रवाई केवल उसके ऊपर साजिश के तहत दूसरे को लाभ देने के लिए की जा रही है।

लालबहादुर शास्त्री वार्ड के पुजारी तिवारी आबादी की भूमि पर काफी समय से मकान बनाकर रहते हैं। घर के आगे लोकनिर्माण की भी कुछ भूमि है। इसी वार्ड के रवींद्र बरनवाल ने लोकनिर्माण विभाग की भूमि से अवैध कब्जा हटाने को लेकर दो जनवरी 2024 को उच्च न्यायालय इलाहाबाद में जनहित दायर की। न्यायालय ने पांच मार्च 2024 को कार्रवाई का आदेश दिया। इसी क्रम में एसडीएम ने अतिक्रमण हटाने के लिए लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता अवधेश गुप्ता व लेखपाल ब्रजेश कुमार के साथ टीम को भेजा। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू ही हुई थी कि रविंद्र भी पहुंच गए और अतिक्रमण हटाने के साथ आबादी में बने पुजारी के मकान को तोड़कर पीछे स्थित अपनी भूमि के लिए रास्ते की मांग करने लगे। इसका विरोध करते हुए पुजारी की पत्नी ऊषा ने अपने शरीर पर मिट्टी तेल छिड़कर आग लगा ली। यह देखते ही टीम वहां से भाग गई। प्रभारी निरीक्षक विशुनपुरा रामसहाय चौहान, ग्रामीणों व स्वजन के सहयोग से ऊषा को जलने से बचा लिया गया।



आग बुझाने के बाद महिला से कागजात लेते एसएचओ रामसहाय चौहान • जागरण

- लोक निर्माण विभाग की भूमि पर है कब्जा, हाईकोर्ट के आदेश पर कार्रवाई
- महिला की साड़ी जली, पुलिस व ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास ने आग से बचाया

अतिक्रमण हटाने के लिए लाए गए बुलडोजर को वापस करा दिया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि महिला को आग से बचा लिया गया है। लोक निर्माण विभाग की भूमि पर काफी लोग बसे हैं। ऐसे में केवल एक परिवार को हटाना उचित नहीं है। जब लोक निर्माण विभाग समग्र कार्रवाई करेगा तो पुजारी का भी कब्जा हटा दिया जाएगा। एसडीएम विकास चंद ने बताया कि न्यायालय के आदेश का न्यायसंगत पालन होगा। सभी अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई होगी, किसी एक के विरुद्ध आदेश लागू नहीं होता। महिला ने अपने शरीर में नहीं घर में आग लगाया था।

# अपहरण के मामले में दुष्कर्म की धारा बढ़ी, आरोपी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

रामकोला। थाना क्षेत्र के एक गांव की 14 वर्षीय किशोरी के अपहरण के आरोप में पुलिस ने गांव के ही युवक पर केस दर्ज कर लिया था। पुलिस ने किशोरी को खोज निकाला और युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने किशोरी का डॉक्टरी परीक्षण कराया था। विवेचना के दौरान किशोरी के बयान पर पुलिस ने केस में दुष्कर्म की धारा बढ़ाते हुए युवक को गिरफ्तार कर कोर्ट भेज दिया।

रामकोला थाना क्षेत्र के गांव की किशोरी को गांव का ही युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया था। रामकोला पुलिस ने किशोरी के मां की तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने किशोरी को खोज निकाला और युवक को गिरफ्तार कर लिया। किशोरी के बयान और डाक्टरी परीक्षण के बाद पुलिस ने दर्ज मुकदमे में युवक के खिलाफ पाक्सो एक्ट लगा दिया और आरोपी युवक को कोर्ट भेज दिया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस मामले में सीओ उमेश चंद्र भट्ट ने बताया कि आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।



# सीएए लागू होने के बाद प्रशासन सतर्क, बढ़ाई सुरक्षा

## 13 जोन में बंटा जिला, मजिस्ट्रेट तैनात, शहर के अलावा अल्पसंख्यक आबादी पर पुलिस की नजर, ड्रोन कैमरे से रखी जा रही नजर

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना। सीएए लागू होने के बाद सोमवार की देर रात जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस ने गश्त कर आमलोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। वहीं, डीएम ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले को 13 जोन में बांटकर मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी है। यह व्यवस्था 18 मार्च तक रहेगी। अल्पसंख्यक आबादी पर पुलिस के अलावा खुफिया विभाग की नजर है। पुलिस सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए ड्रोन कैमरे की भी मदद ली जा रही है।



पडरौना नगर में रुठ मार्च करती पुलिस। स्रोत-वाट्सएप

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले केंद्र सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू कर दिया है। इसको लेकर पूरी रात पुलिस प्रशासन सक्रिय रहा। शहर से लेकर गांवों तक खुफिया एजेंसियां भी सक्रिय रहीं। रामकोला रोड पर सोमवार की रात करीब 11 बजे मौजूद लोगों को पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर खदेड़ा। जिले के अल्पसंख्यक आबादी वाले क्षेत्रों में पुलिस की गाड़ियां दौड़ती रहीं।

शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए तीन पर्यवेक्षक, 13 जोनल और 37 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। डीएम ने बताया कि में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 18 मार्च तक इनकी तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि कसया और तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के लिए पर्यवेक्षक अधिकारी के रूप में वन विभाग के अधिकारी वरून सिंह को नामित किया है। हाटा तहसील और पडरौना के लिए डीप्टी कलेक्टर अनिल कुमार और तहसील क्षेत्र कप्तानगंज और खड्डा के लिए डीप्टी कलेक्टर मोहम्मद जफर को पर्यवेक्षक अधिकारी नामित किया गया है। इसके अलावा कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम बनाया गया है।

### रूट मार्च कर पुलिस ने दिया सुरक्षा का भरोसा

पडरौना। सोमवार की देर शाम केंद्र सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू कर दिया। केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से इसकी अधिसूचना जारी होने के बाद कुशीनगर पुलिस अलर्ट हो गई। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पुलिस की टीमों ने भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इसके अलावा पुलिस सोशल मीडिया की भी निगरानी बढ़ा दी गई। सीएए को लेकर मंगलवार को पुलिस पूरे दिन अलर्ट मोड पर नजर आई। चौराहों पर पुलिस की टीमें देर रात तक जमा रहीं। जबकि, शहर कोतवाली पडरौना थाना क्षेत्र के अतिसंवेदनशील के मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पुलिस की टीमों ने भ्रमण किया। साथ ही व्हाट्सएप, एक्स और इंस्टाग्राम पर सीएए को लेकर की गई, पोस्टों पर भी पुलिस की नजर रही। इस सिलसिले में मंगलवार को दोपहर बाद कोतवाली पडरौना परिसर में मुस्लिम धर्म गुरुओं के साथ बैठक किया। सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय ने कहा कि सीएए को लेकर पुलिस की ओर से सतर्कता बढ़ा दी गई है। सोशल मीडिया की पोस्टों पर भी नजर रखी जा रही है। सदर तहसीलदार सुमित सिंह ने सभी लोगों को शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। इस दौरान कस्बा इंचार्ज शनी ज्वाला, रविकांत सिंह, अनुराग शर्मा, बृजेश कुमार, दिवान, रमेश यादव, मुंशी सुनील चौहान, अरविंद यादव, हाफिज ताहिर अली, आफताब सिद्दीकी, प्रधान प्रतिनिधि सिधुआ आलोक शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे। संवाद

# तीन वारंटी गिरफ्तार

पडरौना। पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में मंगलवार को अलग-अलग मामलों में वांछित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना जटहां बाजार पुलिस टीम ने आरोपी निरुद्ध पाल निवासी चिरगोडा गांव व आरोपी गेना चौहान निवासी माघी कोठिलवां गांव टोला मुर्गहवा, रवींद्रनगर थाना पुलिस टीम ने मारपीट के मामले में आरोपी थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव निवासी सत्येंद्र यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तारी के आधार पर आरोपियों पर कार्रवाई कर रही है। संवाद

# 35 बोतल शराब बरामद

**तरयासुजान।** तरयासुजान बाजार के इस्मायल चौराहे पर पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से बोरे में 35 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एसओ आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार की रात पुलिस गश्त पर थी। इस दौरान सूचना मिली कि एक व्यक्ति बोरे में अंग्रेजी शराब छिपाकर इस्मायल चौराहा के रास्ते बिहार ले जा रहा है। पुलिस चौराहे पर पहुंची और उस व्यक्ति के पास से 35 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राकेश सिंह निवासी अहिरौलीदान थाना तरयासुजान के रूप में हुई है। पुलिस बरामद शराब को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई में जुटी है। संवाद

# गोवंश के साथ पशु तस्कर गिरफ्तार

**पडरौना।** थाना तमकुहीराज पुलिस टीम ने गाजीपुर बैरियर एनएच 28 के पास से आरोपी मुद्रिका राम पुत्र बसावन राम ग्राम लच्ची खरया थाना क्षेत्र गोपालपुर जिला गोपालगंज बिहार को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से पिकअप वाहन और उसपर लादे गए चार गोवंशीय पशु, चापड़ (चाकू) व एक लकड़ी का ठीहा बरामद किया है। थाना क्षेत्र की पुलिस टीम ने बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर केस दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय भेज दिया है, जहां से उसको जेल भेज दिया गया। संवाद

# अंतरराज्यीय ठगों का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

**2.40 लाख रुपये और दो बाइक बरामद, सुकरौली में घटना के सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई थी ठगों की तस्वीर**

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना(कुशीनगर)।** सफाई करने के बहाने आभूषण चोरी या बदल बदलने वाले अंतरराज्यीय ठठेरा गिरोह का पुलिस ने मंगलवार को पर्दाफाश किया। इनके पास से पुलिस ने चोरी का 2.40 लाख नकद रुपये समेत दो बाइक बरामद किया है।

बिहार और आजमगढ़ के रहने वाले तीनों आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया। हाटा के सुकरौली बाजार में कुछ दिन पहले सफाई के बहाने जेवर लेकर भागने वाले ठगों की तस्वीर सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई थी। उसकी मदद से पुलिस ठठेरा गिरोह तक पहुंचने में सफल रही।

### बिहार और आजमगढ़ के रहने वाले तीनों आरोपियों को भेजा गया जेल

हाटा कोतवाली क्षेत्र के सुकरौली बाजार में करीब 15 दिन पहले बाइक सवार युवक पहुंचे और सफाई करने के बहाने लाखों का जेवर लेकर फरार हो गए। ठगों की तस्वीर बाजार में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। धवल जायसवाल ने बताया कि कसया सीओ कुंदन कुमार सिंह के नेतृत्व में ठठेरा गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इनके पास से 2.40 लाख रुपये, अन्य घटनाओं में प्रयुक्त मोबाइल फोन, चोरी जेवरात, अपराध में प्रयुक्त दो बाइक बरामद की।

पुलिस ने आरोपियों की पहचान बिहार के बेगूसराय जिले के नावकोठी निवासी विकास शाह, बिहार के खगड़िया जिले मुक्कीपुर कोठी थाना क्षेत्र के गोड़री गांव निवासी विक्की कुमार, आजमगढ़ के रानी के सराय थाना क्षेत्र के सेठवल गांव निवासी संतोष कुमार के रूप में की। ठठेरा गिरोह का नेटवर्क कुशीनगर जिले के अलावा पूर्वांचल के कई जिलों में है।

इनकी टीम में शामिल अन्य सदस्यों की तलाश पुलिस कर रही है। विकास के खिलाफ आजमगढ़, रायबरेली, गाजीपुर, कुशीनगर पर चार केस तथा विक्की पर महराजगंज, कुशीनगर समेत बिहार के कई थानों में केस दर्ज है।

### ठठेरा गिरोह ऐसे करता है अपराध

बिहार और यूपी के जिलों में यह गैंग सक्रिय है। इस गैंग का केंद्र बिंदु जिला बेगूसराय बिहार है। इसका सरगना विकास कुमार शाह जो बेगूसराय का रहने वाला है और गैंग को संचालित करता है। गैंग के सदस्य पहले रेकी करते हैं। रेकी के बाद गांव, कालोनी में भोली-भाली और वृद्ध महिलाओं को लक्ष्य बनाते हैं। गैंग के दो सदस्य जेवरातों की सफाई का बहाना बनाकर दिनदहाड़े घर में दाखिल होते हैं। विभिन्न प्रकार के केमिकल का इस्तेमाल कर सोने के जेवरात को तरल रूप में परिवर्तित कर देते हैं। उस लिक्विड को प्रिजर्व कर चोरी कर लेते है। पुनः ठोस तांबा उस घोल में शामिल कर गर्म करते है। सोने व तांबा को फिर से मिक्स कर झारखंड व सिवान क्षेत्र में तांबा व सोने को पृथक कर सोने को सस्ते दाम पर बेच देते हैं। यह गैंग इतना शातिर है कि खुद को सीसीटीवी फुटेज से बचने के लिए कूटरचित दोपहिया वाहनों में आरसी का इस्तेमाल करदा है तथा इनको सत्यापित करने के लिए कूटरचित मोहरों का भी प्रयोग करता है गाड़ियों की अदला-बदली भी कर लेते है और मौका मिलने पर लक्षित घर की वृद्ध महिलाओं को झांसे में लेकर उनके जेवर लेकर फरार हो जाते हैं।

# मारपीट का केस दर्ज

उजारनाथ। तर्कपट्टी थाना क्षेत्र के सपही खुर्द में मामूली विवाद में मारपीट हो गई। यहां के दीनानाथ गौड़ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पैतृक भूमि पर बने पिलर की मजबूती के लिए तरी कर रहा था। उसी दौरान पहुंचा और पिलर का विरोध करते हुए मारपीट करने लगा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# अतिक्रमण हटाने के विरोध में महिला ने लगाई आग, पुलिस ने बचाई जान

## दुदही नगर पंचायत का मामला, हाईकोर्ट के आदेश पर एनएच से अतिक्रमण हटाने पहुंची थी टीम

संवाद न्यूज एजेंसी

दुदही। नगर पंचायत दुदही में अतिक्रमण हटाने पहुंची पुलिस और एनएचएआई की टीम के सामने बुजुर्ग महिला ने अपने शरीर में आग लगा ली। इससे अफरातफरी मच गई। पुलिस की मदद से लोगों ने किसी तरह उसे बचा लिया। इस दौरान महिला की साड़ी जल गई। इसके बाद बिना अतिक्रमण खाली कराए टीम लौट गई। हालांकि, टीम नोटिस जारी कर हाईकोर्ट के आदेश पर अतिक्रमण हटाने गई थी।

विशुनपुरा थाना क्षेत्र के दुदही नगर पंचायत के लाल बहादुर शास्त्री नगर ब्लॉक के सामने 70 वर्षीय पुजारी तिवारी का मकान है। सड़क किनारे पुश्तैनी मकान में पूरा परिवार रहता है। इसके पीछे आबादी की जमीन है। आबादी के पीछे काश्तकारी की जमीन है। उसमें तीन भाई रहते हैं। पड़ोसी ने कुछ साल पहले एक भाई के हिस्से की जमीन का बैनामा करा लिया।

जमीन बैनामा कराने के बाद उसने रास्ते के लिए एनएचएआई की जमीन में पुजारी तिवारी का मकान होने का मुकदमा हाईकोर्ट में किया, ताकि बैनामा की ली गई जमीन पर आने-जाने का रास्ता मुख्य सड़क से जुड़ जाए।

हाईकोर्ट ने सड़क से अतिक्रमण खाली कराने के लिए आदेश दिया। हाईकोर्ट के आदेश पर तीन माह पहले एनएचएआई कार्यालय की ओर से पुजारी समेत तीन लोगों को सड़क की जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस दिया जा चुका था। मंगलवार को जेई अवधेश गुप्ता के नेतृत्व में राजस्व टीम, पुलिस बल के साथ जेसीबी लेकर पहुंची। अतिक्रमण हटवाने के लिए राजस्वकर्मी अभी पुजारी के परिवार से बातकर भूमि चिह्नित कर रहे थे, पुजारी तथा अन्य दो परिवारों के लोग घर में रखा सामान बाहर निकालने लगे।

इसी बीच हाईकोर्ट से आदेश लाने वाला व्यक्ति घर के पीछे आबादी की जमीन भी खाली कराने के लिए दबाव बनाने लगा। अफसरों ने हाईकोर्ट के आदेश में आबादी की जमीन से अतिक्रमण नहीं हटाने की बात कहते हुए मना कर दिया और कहा कि सिर्फ एनएचएआई की जमीन से अतिक्रमण हटेगा। लेकिन, वह किसी की बात मानने को तैयार नहीं था। यह देख घर में अकेली पुजारी की 65 वर्षीय पत्नी उषा देवी घबड़ा गईं और शरीर में आग लगा लीं। पुलिस की मदद से लोगों ने आग बुझा दी। महिला तो बच गई लेकिन, उसकी साड़ी जल गई और टीम मौके से चली गई।

एनएचएआई के जेई अवधेश गुप्ता ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश पर टीम अतिक्रमण खाली कराने गई थी। पुलिस बल नहीं मिलने के कारण अतिक्रमण खाली नहीं कराया जा सका। मकान के अंदर कोई महिला अपने शरीर में आग लगाई थी। इसकी मुझे जानकारी नहीं है। उच्चाधिकारियों को अतिक्रमण नहीं हटाने की जानकारी दे दी गई है।



निरीक्षण करते थानाध्यक्ष विशुनपुरा रामसहाय चौहान व लगी भीड़। संवाद

**तीन भाइयों में एक की जमीन बैनामा लेने वाले ने हाईकोर्ट से कराया है आदेश**

*अतिक्रमण न हटे, दबाव बनाने के लिए महिला ने अपनी साड़ी में आग लगाई थी। हाईकोर्ट में दूसरे पक्ष से की गई अपील का पेपर देखने के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई स्थगित कर दी गई है। -**विकास चंद**, एसडीएम तमकुहीराज*



महिला उषा देवी का बयान दर्ज करते थानाध्यक्ष। संवाद

# ठठेरा गैंग का एसपी ने किया पदार्फाश बरामदगी की कुल लागत 20 लाख 65 हजार के साथ 3 शातिर ठग गिरफ्तार

## पीड़ित परिवार ने एसपी को पुष्प गुच्छ तथा साल ओढ़ाकर किया समान्नित

[illegible]



# ठठेरा गैंग का पदार्फाश, तीन अन्तर्राज्यीय ठग गिरफ्तार, ढाई लाख नगदी, 20 लाख के गहने बरामद

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर।** दिनदहाड़े घरो में घुसकर धोखा-धड़ी से सोने के जेवरात, चोरी किये गये घटनाओं के नगद रूपया 2 लाख 40 हजार (2,40,000/-रू), गैंग द्वारा उक्त घटनाओं में प्रयुक्त मोबाईल फोन व चुरायी गयी सफेद धातु व पीली धातु के जेवरात व अपराध में प्रयुक्त 02 अदद मोटर साईकिल सहित कुल बरामदगी कीमत लगभग 20 लाख 65 हजार रुपये (20,65,000/-रू) के साथ गैंग के सरगना सहित 3 शातिर ठग गिरफ्तार।

कप्तान धवल जायसवाल ने बताया कि मंगलवार को थाना हाटा व साइबर थाने की संयुक्त टीम द्वारा अन्तर्राज्यीय चोरो/ठगो के झठठेरा गैंगह के सरगना सहित सुकरौली बाजार में दिनदहाड़े घरो में घुसकर धोखाधड़ी से सोने के जेवरात चोरी किये गये घटनाओं के नगद रुपए 2 लाख 40 हजार (2,40,000/-रू) बरामद तथा गैंग द्वारा उक्त घटनाओं में प्रयुक्त मोबाईल फोन व चुरायी गयी सफेद धातु व पीली धातु के जेवरात व अपराध में प्रयुक्त 02 अदद टीवीएस अपाची



160 सीसी गाडियो सहित कुल बरामदगी कीमत लगभग 20 लाख 65 हजार (20,65,000/-रू) सहित कुल 03 शातिर अभियुक्तों विकास कुमार पुत्र उपेन्द्र शाह निवासी नावकोठी थाना नावकोठी जनपद बेगूसराय बिहार, विक्की कुमार पुत्र सूरज साह निवासी मुस्कीपुर कोठी थाना गोगडी जिला खगरिया बिहार, संतोष कुमार पुत्र स्व0 मेवालाल निवासी सेठवल थाना रानी की सराय जनपद आजमगढ को गिरफ्तार किए।

### अपराध का तरीका

बिहार प्रान्त व उ0प्र0 राज्य के पूर्ववर्ती सीमावर्ती जिलो में उक्त गैंग झठठेरा गैंगह के नाम से अपराधी कृत्य अंजाम देता है जिसका केन्द्र विन्दु जिला बेगूसराय बिहार है इसका सरगना विकास कुमार शाह जो स्वंय बेगूसराय का रहने वाला है गैंग को संचालित करता है यह लोग बिहार व उ0प्र0 के भिन्न-भिन्न जिलो के भिन्न-भिन्न कस्बो व कालोनियो में रेकी कर भोली-भाली वृद्ध महिलाओ को लक्ष्य बनाकर इस गैंग के 02 सदस्य किसी अज्ञात कम्पनी का जेवरातो की सफाई की आड लेकर दिनदहाड़े घरो के अन्दर घुसते है तथा अपने पास मौजूद शोरा तेजाब केमिकल के घोल व नमक तेजाब केमिकल के घोल का इस्तेमाल करते हुए सोने के जेवरातो को तरल पदार्थ/ लिक्विड फार्म में परिवर्तित कर देते है

तथा धोखा-धडी से उस लिक्विड को प्रिजर्व कर चोरी कर लेते है तथा पुनः ठोस तांबा उस घोल में सम्मिलित कर गर्म करते है तथा सोने व तांबा को फिर से मिक्स कर ठोस रूप में संरक्षित कर दूर दराज झारखंड व सिवान क्षेत्र में अलग-अलग जगहो पर तांबा व सोने को पृथक कर सोने को सस्ते दामो पर बेच देते है तथा लाखो रूपयो का अवैध धन अर्जित करते है तथा इस अवैध धन का आपस में बराबर बंटवारा कर लेते है तथा यह गैंग इतना शातिर है कि अपने-आपको सीसीटीवी फुटेज से बचने के लिए कूटरचित दोपहिया वाहनो में आरसी का इस्तेमाल करते है तथा इनको सत्यापित करने के लिए कूटरचित मोहरो का भी प्रयोग करते है तथा गाडियो की अदला-बदली भी कर लेते है मौका मिलने पर लक्ष्य किये गये मकाने के वृद्ध महिलाओ को झांसे में लेकर धोखा-धडी से उनके जेवर लेकर फरार हो जाते है इनसे बरामद सफेद धातु व पीली धातु के जेवर तमाम घटनाओ से सम्बन्धित है ।

# ढठेरा गैंग की घटना का खुलासा होने पर पीड़ितों ने एसपी धवल को किया सम्मानित



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर** । जनपद कुशीनगर पुलिस द्वारा अन्तर्राज्यीय चोरो/ठगो के ठठेरा गैंग का पदार्फाश, दिनदहाड़े घरो में घुसकर धोखा-धड़ी से सोने के जेवरात, चोरी किये गये घटनाओं के नगद रूपया 2 लाख 40 हजार (2,40,000/-रू), गैंग द्वारा उक्त घटनाओं में प्रयुक्त मोबाईल फोन व चुरायी गयी सफेद धातु व पीली धातु के जेवरात व अपराध में प्रयुक्त 02 अदद मोटर साईकिल सहित कुल बरामदगी कीमत लगभग 20 लाख 65 हजार रुपये (20,65,000/-रू) के साथ गैंग के सरगना सहित कुल 03 शातिर ठगो को गिरफ्तार कर घटना का अनावरण बहुत ही अल्प समय में किया गया। इसी क्रम में पीडितों द्वारा पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल को पुलिस के इस सराहनीय कार्य हेतु पुष्प गुच्छ देकर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस घटना के सफल अनावरण हेतु पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल द्वारा 25,000/- रु0 नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# जनपद के समस्त थानों पर, आगामी त्यौहार होली, रमजान आदि व लोकसभा निर्वाचन-24 के दृष्टिगत की गयी पीस कमेटी मीटिंग





**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर।** एसपी धवल जायसवाल के निर्देशन में मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी द्वारा थाना कसया पर व जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा संबंधित थानें पर, आगामी त्यौहार होली, रमजान आदि व लोकसभा निर्वाचन-24 के दृष्टिगत सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ रखने तथा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने हेतु पीस कमेटी मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों से अपील की गयी कि सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें, जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखें, सामप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों/असामाजिक तत्वों/किसी भी प्रकार की आपराधिक अवांछित गतिविधियाँ दिखाई देने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे, किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें बल्कि अफवाह की पुष्टि उच्चाधिकारियों से करें तथा जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें साथ ही सोशल मीडिया पर ऐसे कमेंट न करें जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हों तथा किसी भी प्रकार की भड़काऊ/गलत/अशोभनीय पोस्ट शेयर न करें, जनपदीय पुलिस द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है। उक्त पीस कमेटी मीटिंग में जनपद के पुलिस/प्रशासन के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

# पुलिस द्वारा तीन वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना जटहां बाजार पुलिस द्वारा वारण्टी अनिरुद्ध पाल पुत्र इन्दर पाल सा0 चिरगोडा थाना जटहां बाजार जनपद कुशीनगर व वारण्टी गेना चौहान पुत्र






मगनी सा0- माधीकोठिलवा मुर्गहवा टोला थाना जटहां बाजार जनपद कुशीनगर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मंगलवार को थाना रविन्द्रनगर धूस पुलिस द्वारा वारण्टी सत्येन्द्र यादव पुत्र सुबाष साकिन धर्मपुर खुर्द थाना रविन्द्रनगर धूस जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर किया।

# मैजिक से तस्करी कर ले जायी जा रहे 4 राशि गोवंश के साथ एक पशु तस्कर को किया गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में गोवंशो की तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में देर रात को थाना तमकुहीराज पुलिस द्वारा गाजीपुर बैरियर नेशनल हाइवे 28 के पास से अभियुक्त मुद्रिका राम पुत्र बसावन राम



ग्राम लच्वी खरया थाना गोपालपुर जिला गोपालगंज बिहार को गिरफ्तार किया गया तथा मौके/कब्जे से पिकप वाहन से गोकसी हेतु ले जा रहे वाहन (टाटा मैजिक) से 4 राशि गोवंशीय पशु तथा गोकसी हेतु एक अदद चापड़ (बड़ा चाकू), एक अदद लकड़ी का ठीहा (बोटा) बरामद हुआ ।

# तस्करी कर वध हेतु ले जा रहे 4 गोवंशीय पशु के साथ पशु-तस्कर गिरफ्तार



**खबर दृष्टिकोण जुम्मन अली**

तमकुहीराज /कुशीनगर । जनपद में अंतर राज्य पशु तस्करों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है।इसी क्रम में मंगलवार को तमकुहीराज पुलिस ने तस्करी कर वध हेतु ले जा रहे चार गोवंशीय पशु के साथ एक अंतरराज्यीय पशु तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गाजीपुर बैरियर नेशनल हाइवे 28 के पास से ग्राम लच्ची खरया, थाना गोपालपुर जिला गोपालगंज (बिहार) के निवासी युवक मुद्रिका राम पुत्र बसावन राम को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी नि0 तमकुहीराज अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि मौके पर गोकसी हेतु ले जा रहे वाहन (टाटा मैजिक) सं0 नं0 यूपी 57 एटी 3022 से 04 गोवंशीय पशु तथा गोकसी हेतु एक चापड़ (बड़ा चाकू), एक लकड़ी का ठीहा (बोटा) बरामद हुआ है। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर गोबध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना तमकुहीराज से प्रभारी नि0 अतुल श्रीवास्तव, व0उ0नि0 राकेश कुमार यादव, हे0कां0 उमेश यादव, का0 सुरेश चौहान शामिल रहे।

# अन्तर्राज्यीय चोरों/ठगों के 'ठठेरा गैंग' का पर्दाफाश



**खबर दृष्टिकोण जुम्मन अली**

कुशीनगर। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन कुमार सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को थाना हाटा व साइबर थाने की संयुक्त टीम ने अन्तर्राज्यीय चोरो /ठगो के "ठठेरा गैंग" का पर्दाफाश किया गया है। टीम ने सुकरौली बाजार में दिनदहाड़े घरो में घुसकर धोखाधड़ी से सोने के जेवरात चोरी किये गये घटनाओं के नगद रूपये 2 लाख 40 हजार रुपए बरामद तथा गैंग द्वारा उक्त घटनाओं में प्रयुक्त मोबाईल फोन व चुरायी गयी सफेद धातु व पीली धातु के जेवरात व अपराध में प्रयुक्त 02 टीवीएस अपाची 160 सीसी गाड़ियों सहित कुल बरामदगी कीमत लगभग 20 लाख 65 हजार रुपए सहित कुल 03 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान विकास कुमार पुत्र उपेन्द्र शाह निवासी नावकोठी थाना नावकोठी जनपद बेगूसराय बिहार, विक्की कुमार पुत्र सूरज साह निवासी मुस्कीपुर कोठी थाना गोगडी जिला खगरिया बिहार तथा संतोष कुमार पुत्र स्व0 मेवालाल निवासी सेठवल थाना रानी की सराय जनपद आजमगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस टीम चोरी के खेल का पर्दाफाश करते हुए तीनों शातिर चोरों को गिरफ्तार कर आवश्यक विधि कार्यवाही में जुट गई।

# पुलिस ने अंतर्राज्जीय ठठेरा गैंग का किया खुलासा

# 20 लाख का सामान बरामद, तीन गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो



**खुलासा करने पर पीड़ितों ने पुलिस को ज्ञापित किया धन्यवाद**

मंगलवार को कुशीनगर पुलिस द्वारा अंतर्राज्जीय चोरों/ठगो के ठठेरा गैंग का पर्दाफाश, दिनदहाड़े घरों में घुसकर धोखाधड़ी से सोने के जेवरात, चोरी किए गए घटनाओं के नगद रूपया 2 लाख 40 हजार, गैंग द्वारा उक्त घटनाओं में प्रयुक्त मोबाईल फोन व चोरी की गई सफेद धातु व पीली धातु के जेवरात व अपराध में प्रयुक्त 02 मोटर साईकिल सहित कुल बरामदगी कीमत लगभग 20 लाख 65 हजार रुपए के साथ गैंग के सरगना सहित कुल तीन शातिर ठगो को गिरफ्तार कर घटना का अनावरण बहुत ही अल्प समय में किया गया। इसी क्रम में पीडितों द्वारा पुलिस कार्यालय में एसपी धवल जायसवाल को पुलिस के इस सराहनीय कार्य हेतु पुष्प गुच्छ देकर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

**कुशीनगर।** जिले की हाटा कोतवाली पुलिस ने साइबर सेल व सर्विलांस सेल की मदद से अंतर्राज्जीय ठठेरा गैंग का खुलासा करते हुए तीन ठगों को दबोचा है। पुलिस टीम इन तीनों अभियुक्तों के पास से चोरी व ठगी की गई 20 लाख 65 हजार रुपए बरामद कर जेल भेज दिया। मंगलवार को प्रेसवार्ता के दौरान ठगी गैंग का खुलासा करते हुए एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि विहार प्रान्त व उ.प्र. राज्य के पूर्ववर्ती सीमावर्ती जिलों में उक्त गैंग ÷ठठेरा गैंग÷ के नाम से अपराधी कृत्य अंजाम देता है जिसका केन्द्र बिन्दु जिला बेगूसराय बिहार है। इसका सरगना विकास कुमार शाह जो स्वयं बेगूसराय का रहने वाला है गैंग को संचालित करता है।

यह लोग बिहार व उ.प्र. के भिन्न-भिन्न जिलों के भिन्न-भिन्न कस्बों व कालोनियों में रेकी कर भोली-भाली वृद्ध महिलाओ को लक्ष्य बनाकर इस गैंग के दो सदस्य किसी अज्ञात कम्पनी का जेवरातों की सफाई की आड लेकर दिनदहाड़े घरों के अन्दर घुसते है तथा अपने पास मौजूद शोरा तेजाब केमिकल के घोल व नमक तेजाब केमिकल के घोल का इस्तेमाल करते हुए सोने के जेवरातों को तरल पदार्थ/लिक्विड फार्म में परिवर्तित कर देते है तथा धोखा-धडी से उस लिक्विड को प्रिजर्व कर चोरी कर लेते है तथा पुनः ठोस तांबा उस घोल में सम्मिलित कर गर्म करते है तथा सोने व तांबा को फिर से मिक्स कर ठोस रूप में संरक्षित कर दूर दराज झारखंड व सिवान क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर तांबा व सोने को पृथक कर सोने को सस्ते दामों पर बेच देते है तथा लाखो रूपयो का अवैध धन अर्जित करते है तथा इस अवैध धन का आपस में बराबर बंटवारा कर लेते है तथा यह गैंग इतना

**सुकरौली में दिनदहाड़े घर में घुसकर की गई चोरी के 2.40 लाख भी बरामद**

शातिर है कि अपने-आपको सीसीटीवी फुटेज से बचने के लिए कूटरचित दोपहिया वाहनों में आरसी का इस्तेमाल करते है तथा इनको सत्यापित करने के लिए कूटरचित मोहरों का भी प्रयोग करते है तथा गाड़ियों की अदला-बदली भी कर लेते है मौका मिलने पर लक्ष्य किए गए मकाने के वृद्ध महिलाओ को झांसे में लेकर धोखा-धडी से उनके जेवर लेकर फरार हो जाते है इनसे बरामद सफेद धातु व पीली धातु के जेवर तमाम घटनाओं से सम्बन्धित है। पकड़े गए अभियुक्तों में विकास कुमार पुत्र उपेन्द्र शाह निवासी नावकोठी थाना नावकोठी जनपद बेगूसराय बिहार, विक्की कुमार पुत्र सूरज साह निवासी मुस्कीपुर कोठी थाना गोगड़ी जिला खगरिया बिहार व संतोष कुमार पुत्र स्व. मेवालाल निवासी सेठवल थाना रानी की सराय जनपद आजमगढ को गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल द्वारा खुलासा करने वाली टीम को 25 हजार रुपए नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

कुशीनगर

:

# पीडितों ने एसपी को साल भेंट कर कुशीनगर पुलिस टीम को दिया धन्यवाद





**अबुलैश अंसारी जिला संवादाता**

कुशीनगर पुलिस द्वारा अन्तर्राज्यीय चोरो/ठगो के ठठेरा गैंग का पर्दाफाश, दिनदहाड़े घरो में घुसकर धोखा-धड़ी से सोने के जेवरात, चोरी किये गये घटनाओं के नगद रूपया 2 लाख 40 हजार (2,40,000/-रू), गैंग द्वारा उक्त घटनाओं में प्रयुक्त मोबाईल फोन व चुरायी गयी सफेद धातु व पीली धातु के जेवरात व अपराध में प्रयुक्त 02 अदद मोटर साईकिल सहित कुल बरामदगी कीमत लगभग 20 लाख 65 हजार रुपये (20,65,000/-रू) के साथ गैंग के सरगना सहित कुल 03 शातिर ठगो को गिरफ्तार कर घटना का अनावरण बहुत ही अल्प समय में किया गया। इसी क्रम में पीडितों द्वारा पुलिस कार्यालय में श्रीमान पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल को पुलिस के इस सराहनीय कार्य हेतु पुष्प गुच्छ देकर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस घटना के सफल अनावरण हेतु पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने 25 हजार नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# खबर का असर

कुशीनगर देवरिया महराजगंज गोरखपुर से प्रकाशित समाचार पत्र

## थाना जटहां बाजार पुलिस ने 2 वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

## इंद्र पाल चिरगोड़ा का गेना चौहन दूसरा माघी कोठिलवा का




**हाफिज सद्दाम हुसैन निजानी**

कुशीनगर पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना जटहां बाजार पुलिस द्वारा 01. मु0नं0 310/2014 धारा 147/148/143/364क//368/302/201 भादवि0 से सम्बन्धित वारण्टी अनिरुद्ध पाल पुत्र इन्दर पाल सा0 चिरगोडा थाना जटहां बाजार जनपद कुशीनगर व 02 मु0नं0 1157/11 धारा 436 भादवि0 से सम्बन्धित वारण्टी गेना चौहान पुत्र मगनी सा0 माघीकोठिलवा मुर्गहवा टोला थाना जटहां बाजार जनपद कुशीनगर गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार करने वाली टीम प्र0नि0 ओमप्रकाश तिवारी थाना जटहां बाजार उ0नि0 अनिल कुमार शर्मा थाना जटहां बाजार का0 अनिल मौर्या थाना जटहां बाजार का0 विनय कुमार थाना जटहां बाजार म0का0 रानी थाना जटहां बाजार कुशीनगर

दैनिक सवेरा टाइम्स

कुशीनगर

कुशीनगर देवरिया महराजगंज गोरखपुर से प्रकाशित समाचार पत्र

**जटहा बाजार कुशीनगर** :नागरिकता संशोधन कानून नागरिकता लेने का नहीं देने का कानून है एसएचओ ओम प्रकाश तिवारी

# जटहां बाजार थाना में होली और रमजान का त्यौहार को देखते हुए शांति समिति की बैठक





**अबुलैश अंसारी जिला संवाददाता**

जटहां बाजार थाना में होली और रमजान का त्यौहार को देखते हुए शांति समिति की बैठक नागरिकता संशोधन कानून नागरिकता लेने का नहीं देने का कानून है एसएचओ ओम प्रकाश तिवारी कुशीनगर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आगामी त्यौहारों को लेकर हिंदू मुस्लिम धर्म के गुरुओं के साथ जटहां बाजार थाना परिसर में बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता कर रहे थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा से आए हुए समस्त जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ जन और नागरिक बंधु शामिल हुए इस बैठक पर प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि होलीका दहन जहां पर होगा वहां पर लाइट केवल किसी तरह की बिजली के खंभे तार नहीं होना चाहिए इसके बाद उत्तर प्रदेश सरकार की गाइडलाइन पर समस्त क्षेत्र वासियों को पूर्ण रूप से अवगत कराई गई है वहीं पर प्रभारी निरीक्षक ने सभी से कहा की होली के त्यौहार में भाईचारा से त्योहार को मनाएंगे किसी तरह का केमिकल का रंग का उपयोग न करेंगे पुलिस आपके साथ आपके सहयोग के साथ है किसी तरह से नशाखोरी गाली गलौज न करे हिंदू धर्म के अनुसार होली का त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाएंगे साथ ही कानून व्यवस्था का पूरा-पूरा नियम का पालन करना होगा किसी तरह से लापरवाही पाए जाने पर अनुबंध दंड आत्मक कार्रवाई की जाएगी इस अवसर पर एसएसआई विक्रम अजीत राय उप निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा उप निरीक्षक जगदीश प्रसाद आर्य अप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार यादव कास्टेबल अजय कुमार तिवारी पुलिस स्टॉप सहित मुस्लिम धर्म गुरु हाफिज सद्दाम मोबिनुल हसन अध्यक्ष छितौनी प्रधान निजामी बलवंत मल प्रधान सहाबुद्दीन पंकज कुमार गुप्ता समाज सेवी संजय यादव सहित लोग बड़ी संख्या में शांति समिति की बैठक में उपस्थित रहे

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

कुशीनगर

कुशीनगर देवरिया महराजगंज गोरखपुर से प्रकाशित समाचार पत्र

**हाटा कुशीनगर** :दिनदहाड़े घरो में घुसकर धोखा-धड़ी से सोने के जेवरात चोरी करना

# ठठेरा गैंग का पर्दाफाश 3 लाख नकदी व जेवरात के साथ 3 शातिर चोर गिरफ्तार





**अबुलैश अंसारी जिला ब्यूरो कुशीनगर**

कुशीनगर पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना हाटा व साइबर थाने की संयुक्त टीम द्वारा अन्तर्राज्यीय चोरो/ ठगो के "ठठेरा गैंग" के सरगना सहित सुकरौली बाजार में दिनदहाड़े घरो में घुसकर धोखाधड़ी से सोने के जेवरात चोरी किये गये घटनाओं के नगद रूपये 2 लाख 40 हजार (2,40,000/-रू) बरामद तथा गैंग द्वारा उक्त घटनाओं में प्रयुक्त मोबाईल फोन व चुरायी गयी सफेद धातु व पीली धातु के जेवरात व अपराध में प्रयुक्त 02 अदद टीवीएस अपाची 160 सीसी गाडियो सहित कुल बरामदगी कीमत लगभग 20 लाख 65 हजार (20,65,000/-रू) सहित कुल 03 शातिर अभियुक्तों 1-विकास कुमार पुत्र उपेन्द्र शाह निवासी नावकोठी थाना नावकोठी जनपद बेगूसराय बिहार 2-विक्की कुमार पुत्र सूरज साह निवासी मुस्कीपुर कोठी थाना गोगडी जिला खगरिया बिहार 3-संतोष कुमार पुत्र स्व0 मेवालाल निवासी सेठवल थाना रानी की सराय जनपद आजमगढ को गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-03-2024

# नारियल व बादाम की बोरी के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

खनुआ, हिन्दुस्तान संवाद। सशस्त्र सीमा बल 66 वी वाहिनी डांडा हेड के जवानों ने गश्त के दौरान भारत नेपाल सीमा के पिलर संख्या 519 के पास से नारियल, बादाम, साइकिल सहित एक तस्कर को पकड़कर अग्रिम कार्रवाई हेतु नौतनवां कस्टम को सुपुर्द कर दिया।

एसएसबी कमांडेंट जगदीश प्रसाद धाबाई ने बताया कि डांडा हेड बीओपी इंस्पेक्टर प्रदीप यादव के नेतृत्व मे जवान गश्त पर निकले थे। सीमा पर भारतीय की तरफ से नोमैंस लैंड पर एक तस्कर साइकिल पर बोरा लेकर सामान एकत्रित कर नेपाल भेजने के फिराक में था। जवानों को देखते ही तस्कर सामान छोड़कर भागने लगा । जवानों ने एक तस्कर को पकड़ा लिया। पूछताछ में अपना नाम शेषमन यादव निवासी केवटलिया थाना सोनौली जनपद महराजगंज बताया। सामानों की तलाशी ली गई तो नारियल 4 बोरी ,120 पैकेट बादाम और एक साइकिल बरामद मिला। उसे कार्रवाई हेतु नौतनवां कस्टम को सुपुर्द कर दिया गया।

# जागा नपा प्रशासन, हटा अतिक्रमण

**हि असर**

**महराजगंज, निज संवाददाता।** अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार मिश्र ने यातायात पुलिस को लेकर नगर के मुख्य चौक से लेकर महराजगंज-निचलौल मार्ग पर पटरी दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटवाया। अतिक्रमण करने वालें को यातायात पुलिस द्वारा कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। आपके अपने समाचार पत्र हिन्दुस्तान में अतिक्रमण को लेकर खबर प्रकाशित होने के बाद मंगलवार को यह कार्रवाई हुई।



महराजगंज शहर के महराजगंज-निचलौल मार्ग पर अतिक्रमण हटवाते ईओ आलोक कुमार मिश्र व यातापात पुलिस।

महराजगंज शहर में राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरने के बाद काफी बदल गया है। महराजगंज-फरेन्दा मार्ग के चौड़ा होने के कारण पहले की अपेक्षा लगने वाला जाम कुछ कम हो गया है। पर शहरवासियों की समस्याएं अभी भी पूरी तरह से कम नहीं हुई है। महराजगंज शहर के सर्विस लेन पर पटरी दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण करने से जाम की समस्या पैदा हो जा रही है। सामान्य तौर पर हर दिन स्कूलों में बच्चों की छुट्टी होने के बाद दो पहिया, चार पहिया वाहनों का जाम लग जा रहा है। मंगलवार को आपके अपने समाचार पत्र हिन्दुस्तान की खबर का संज्ञान लेकर ईओ आलोक कुमार मिश्र की अगुवाई में यातायात पुलिस द्वारा सड़क किनारे दुकान लगाकर अतिक्रमण करने वाले छोटे दुकानदारों को जमकर फटकार लगाई। इस दौरान यातायात पुलिस की कार्रवाई देखकर कई पटरी दुकानदार अपने दुकान को सड़क के किनारे से हटा लिया। ईओ आलोक कुमार ने बताया कि समय-समय पर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया जाता है।

# जुआ खेलते 3 पकड़े गए

सिन्दुरिया। स्थानीय पुलिस ने जुआ खेलते समय तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। सिन्दुरिया थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष मृत्युंजय पांडय ने बताया कि आरोपित मनीष निगम, बलिराम यादव व अमरनाथ निवासी ग्राम सेमरा थाना सिन्दुरिया के कब्जे से ताश के 52 पत्ते व फड़ से बरामद 300 रुपया नगद बरामद किया गया। सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

# गैंगस्टर एक्ट में आरोपी को 7 साल सश्रम सजा

**महराजगंज।** अपर सत्र/विशेष न्यायाधीश पीसी कुशवाहा ने गैंगेस्टर एक्ट में पनियरा क्षेत्र महुअवा शुक्ल निवासी राकेश सिंह को दोषी करार दिया है। आरोपी के खिलाफ 7 वर्ष का सश्रम कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

थाना पनियरा के तत्कालीन थानाध्यक्ष ज्ञानेंद्र कुमार राय ने 15 फरवरी 2016 को राकेश सिंह निवासी महुअवा शुक्ल के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की। राकेश के खिलाफ पनियरा थाना में केस दर्ज था। मुकदमे में गैंग चार्ट बनाकर वादी मुकदमा ने न्यायालय में पेश किया। विचारण के दौरान विशेष लोक अभियोजक सर्वेश्वर मणि त्रिपाठी ने गवाहों को पेश कर सजा की मांग की। न्यायालय ने पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्य एवं सबूतों के आधार पर सजा सुनाई है।



एसडीएम सदर रमेश कुमार व सीओ सदर आभा ने भिटौली में पीस कमेटी की बैठक की।

# माहौल बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटेगी पुलिस

**भिटौली/पुरन्दरपुर, हिन्दुस्तान टीम।** आगामी पर्व होली, रमजान माह व आगामी चुनाव को लेकर डीएम व एसपी के निर्देश पर थानाक्षेत्रों में पीस कमेटी की बैठक शुरू हो गई है।

भिटौली संवाद के अनुसार स्थानीय थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक में एसडीएम सदर रमेश कुमार ने कहा कि होली पर्व आपसी भाईचारे व सद्भाव का प्रतीक है। सीओ सदर आभा सिंह ने कहा कि अशांति फैला कर उपद्रव करने वालों के खिलाफ प्रशासन सख्ती से निपट कर कार्रवाई करेगा। उन्होंने सभी से होलिका स्थल की जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक पंकज गुप्ता ने कहा कि कोई भी त्योहार में खलल डालने वालों की सूचना तत्काल दें। रमेश कन्नौजिया, मनोज निषाद, संतोष गुप्ता, जयगोविंद गुप्ता, मोहम्मद इसहाक, संगम वर्मा, अब्दुल बारी, अजीत सिंह, साबिर आदि मौजूद रहे।

**पुरन्दरपुर संवाद के अनुसार** थाना परिसर में एसडीएम व सीओ ने पीस कमेटी की बैठक में त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। सीओ फरेंदा ने कहा कि डीजे बजाने के दौरान बवाल करने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेगी। एसडी एम फरेन्दा ने भी लोगो से शांति पुर्वक बनाए रखने का अपील किया।

## भारत-नेपाल सीमा पर भी विशेष सतर्कता, पुलिस बल तैनात

# संवेदनशील क्षेत्रों में सीएए को लेकर क्यूआरटी तैनात

**अलर्ट**



नेपाल सीमा क्षेत्र में पगडंडी रास्तों पर वाहनों की सघन जांच हो रही है।

> नागरिकता संशोधन कानून की अधिसूचना जारी होने के बाद सतर्कता बढ़ा दी गई है। संवेदनशील क्षेत्रों में क्यूआरटी टीम निगरानी कर रही है। कुछ थानाक्षेत्रों को अतिरिक्त पुलिस बल दिए गए हैं। भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में सीएए व आगामी चुनाव के मद्देनजर सघन जांच अभियान जारी है। जिले में स्थिति सामान्य है। **सोमेन्द्र मीना-एसपी**

**महराजगंज, निज संवाददाता।** नागरिकता संशोधन कानून लागू होने के बाद शासन के निर्देश पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। इंडो-नेपाल सीमा क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है। संवेदनशील क्षेत्रों में क्यूआरटी के अलावा अतिरिक्त पुलिस बल को तैनात किया गया है। सीएए के लागू होने के बाद राजनैतिक दलों के प्रतिक्रिया के अलावा जिले में कोई विरोध नहीं दिखा। शांति व्यवस्था के बीच पुलिस मुस्तैद नजर आई।

केन्द्र सरकार ने पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न के चलते 2014 के पहले आए अल्पसंख्यक शरणार्थियों को देश की नागरिकता देने के लिए यह कानून लागू कर दी है। इसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि किसी की नागरिकता नहीं जाएगी। सीएए को लेकर विपक्षी दलों की प्रतिक्रिया के बाद शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त इंतजाम किया गया है।

एसपी के निर्देश पर संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी के लिए क्यूआरटी का गठन किया गया है। यह टीम क्षेत्र में भ्रमण कर सभी गतिविधियों पर नजर रखेगी। इसके अलावा संवेदनशील क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त पुलिस बल को तैनात किया गया है।

**नेपाल बार्डर क्षेत्र में निगरानी तेज:** भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में नागरिकता संशोधन कानून के लागू होने के बाद सुरक्षा एजेंसियां मुस्तैद हो गई हैं। खनुआ संवाद के अनुसार पुलिस और एसएसबी के जवान संयुक्त रूप से भारत से नेपाल व नेपाल से भारत पगडंडी की तरफ आने और जाने वाले लोगों की गहन जांच कर रहे हैं। एसएसबी डांडा हेड के इंस्पेक्टर प्रदीप यादव और खनुआ चौकी प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता के नेतृत्व में मंगलवार को शेख फरेंदा, केवटलिया सहित अन्य पगड़ियों पर सुबह से ही पगडंडी सीमा पर सघन जांच अभियान चलाया गया। कुछ संदिग्ध वाहनों को रोक कर उनकी गहन तलाशी ली गई। यात्रियों से भी पूछताछ की गई। सार्वजनिक स्थानों पर भी पुलिस सघन जांच कर रही है।

# डीएम-एसपी ने मंदिर का उद्घाटन किया

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा व एसपी सोमेन्द्र मीना ने घुघली थाना परिसर में नवनिर्मित शिव मंदिर का उद्घाटन किया। दोनों अधिकारियों ने नव मंदिर में पूजन-अर्चन किया और जनपद की शांति, सुरक्षा एवं विकास की कामना की। दोनों अधिकारियों ने थाना परिसर का निरीक्षण किया। थाना परिसर को अधिक सुरक्षित व व्यवस्थित बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था की भी जानकारी ली। एसपी ने चुनाव के दृष्टिगत विशेष सजगता और सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। कहा कि अराजक तत्वों पर कड़ी निगाह रखें। आवश्यक होने पर उचित धाराओं में पाबंद करने की कार्यवाही करें।



एसपी सोमेन्द्र मीना ने बहुआर कला व झुलनीपुर बूथ का निरीक्षण किया।

# बहुआर और झुलनीपुर केंद्र का एसपी ने किया मुआयना

**जायजा**

**महराजगंज, हिन्दुस्तान टीम।** एसपी सोमेन्द्र मीना ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव को लेकर बूथोंका निरीक्षण किया। बूथों पर मूलभूत सुविधाओं को पूरा करने के लिए दिशा निर्देश दिया। निचलौल थाना क्षेत्र के बहुआर कला में निर्माणाधीन पुलिस यार्ड का भी निरीक्षण किया। निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली।

पुलिस कार्यालय के मीडिया सेल के अनुसार एससपी ने बूथ भ्रमण कार्यक्रम के दौरान निचलौल क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बहुआर व झुलनीपुर पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया। बूथों पर मूलभूत आवश्यक सुविधाओं के पूर्ति के लिए संबंधित को निर्देशित किया।

**निचलौल संवाद** के अनुसार लोकसभा चुनाव को देखते एसडीएम मुकेश कुमार सिंह, सीओ अनुज कुमार सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को पुलिस और सीआईएसएफ के जवानों ने निचलौल कस्बे में पैदल गश्त किया। बहुआर चौकी क्षेत्र के झुलनीपुर में चौकी इंचार्ज मनीष पटेल के नेतृत्व में पुलिस ने पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। निचलौल तहसील क्षेत्र के वरनेबुल मतदान केंद्र कोहड़वल में भी इसी दिन एसडीएम मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने पैदल गश्त निकाला। इस मौके पर एसओ सत्य प्रकाश सिंह, एसआई प्रधान यादव, प्रशांत दूबे आदि रहे।

**खनुआ संवाद** के अनुसार सोनौली कोतवाली के एसओ थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने खनुआ, कैथवलिया उर्फ बरगदही, हरदीडाली, शेख फरेंदा आदि बूथों का निरीक्षण किया।

# युवती को अगवा करने में केस

**नौतनवा।** कस्बे के ही एक मोहल्ले के रहने वाले व्यक्ति ने उनकी पुत्री को बहला फुसला कर भाग ले जाने का आरोप शफीक नाम के एक व्यक्ति पर लगाया है। पुलिस ने शिकायतकर्ता की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच करवाई में जुट गई है। पीड़ित का कहना है कि बीते 10 मार्च को उसकी पुत्री घर से गायब हो गई। आरोप है कि शफीक उसकी पुत्री से संपर्क में था और उसे फुसला कर भाग ले गया।

# दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

श्यामदेउरवा: थाना क्षेत्र के पिपरपाती चौराहे से मंगलवार को दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपित विजय निषाद निवासी ग्राम रामपुर चकिया टोला करनौती को गिरफ्तार कर लिया गया। इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर 23 नवंबर को मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। (जासं)



निचलौल के कोहड़वल में गश्त करते एसडीएम मुकेश कुमार सिंह व पुलिसकर्मी • जागरण

# शांति व्यवस्था को लेकर एसडीएम के नेतृत्व में निकला फ्लैग मार्च

जासं, निचलौल : लोकसभा चुनाव व होली में शांति व्यवस्था को लेकर निचलौल थाने की पुलिस ने मंगलवार को एसडीएम मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस फोर्स के साथ पूरे नगर में फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। फ्लैग मार्च के दौरान लोगों में सुरक्षा का एहसास कराने के साथ ही शांति व्यवस्था कायम करने के लिए संदेश दिया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार सिंह ने कहा कि कोई भी व्यक्ति कानून हाथ में न लें। अगर कोई व्यक्ति कानून का विरोध करता है तो पुलिस उसके साथ सख्ती से निपटेगी। प्रभारी सत्यप्रकाश सिंह, एस आई प्रधान यादव, मृत्युंजय तिवारी, सत्येंद्र यादव, मनीष कुमार सिंह, दिलीप यादव राकेश कुमार व सीआइएसएफ के जवान उपस्थित रहे। झुलनीपुर संवाददाता के अनुसार पुलिस व सीआइएसएफ के जवानों ने भारत नेपाल सीमा पर झुलनीपुर में फ्लैग मार्च किया।

# भाईचारे व सौहार्द पूर्वक मनाएं त्योहार : एसडीएम



भिटौली थाने पर पीस कमेटी की बैठक करते एसडीएम रमेश कुमार व सीओ सदर आभा सिंह ● जागरण

जासं, भिटौली: होली व रमजान त्योहार को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए मंगलवार को भिटौली थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक एसडीएम सदर रमेश कुमार व सीओ सदर आभा सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें दोनों समुदाय से लोग मौजूद रहे।

पीस कमेटी की बैठक में एसडीएम ने कहा कि होली पर्व आपसी भाईचारे व सद्भाव का प्रतीक है। इस दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो सके, इसके लिए गांव में सामंजस्य बनाकर मिलजुल कर त्योहार मनाएं। नशा से दूर रहें। प्रभारी निरीक्षक पंकज गुप्ता ने कहा कि कोई भी त्योहार में खलल डालने वालों की सूचना तत्काल दे। प्रधान गुड्डू वर्मा इसहाक, मोहम्मद जान,संगम वर्मा, शेषमणि गौतम, जयगोविंद गुप्ता, सुग्रीव जायसवाल मौजूद रहे।

# पुलिस ने एसएसबी के साथ किया फ्लैग मार्च

जासं, कोठीभारः आगामी त्योहार के मद्देनजर सुरक्षा का एहसास कराने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस व एसएसबी के जवानों ने नगर के इस्टेट चौक, अमरपुरवा ,रेलवे स्टेशन, गोपाल नगर सहित मुख्य चौराहों और सड़कों पर संयुक्त फ्लैग मार्च किया ।

इस संदर्भ में एडीशनल एसपी आतिश कुमार सिंह ने कहा कि नगर के लोगों को कानून व्यवस्था बनाए रखने और सुरक्षा के एहसास के लिए फ्लैग मार्च किया गया है। प्रभारी निरीक्षक कोठीभार अखिलेश सिंह, सीआइएसएफ के सहायक उपनिरीक्षक सुधीर कुमार यादव, अशोक गिरी,धर्मपाल सिंह,पंकज कुशवाहा, विकास कुमार,चंदन चौरसिया, मणिकांत सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# दो के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा

जागरण संवाददाता, निचलौल: थाना क्षेत्र के गिरहिया निवासी एक महिला ने मारपीट करने व साड़ी फाड़ने का आरोप लगाया है। जिस पर पुलिस ने दो के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा पंजीकृत किया है।

रंभा देवी ने जनता दर्शन के दौरान पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र देकर बताया कि उसके गांव की ही गुड्डी देवी का बच्चा उसके बच्चे के साथ खेल रहा था। बिना किसी कारण वह मेरे बच्चे को मारने लगी, जब मैंने बचाव किया तो उनके पति छोटेलाल आकर मुझे मारने- पीटने लगे।

थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि गुड्डी देवी व छोटेलाल के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है।

# गिरोह चलाने के मामले में अभियुक्त को सात वर्ष का सश्रम कारावास

## पनियरा व गुलरिहा में लूट व हत्या के प्रयास की धाराओं में मुकदमा, अर्थदंड नहीं जमा करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास

जासं, महराजगंज: अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश, अनन्य विशेष न्यायालय एससी एसटी एक्ट पीसी कुशवाहा ने पनियरा थाना क्षेत्र के महुअवा शुक्ल निवासी अभियुक्त राकेश सिंह को गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप में शामिल होने का आरोप सिद्ध होने पर सात वर्ष का सश्रम कारावास एवं पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड नहीं जमा करने पर अभियुक्त को एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

सहायक शासकीय अधिवक्ता सर्वेश्वर मणि त्रिपाठी ने बताया कि 15 फरवरी 2016 पनियरा पुलिस को जानकारी हुई कि अभियुक्त राकेश सिंह निवासी महुअवा शुक्ल, थाना पनियरा, जिला महराजगंज, हाल पता धनेवा थाना नानपरा जनपद बहराईच, पिंटू मद्धेशिया सिंहोरवा थाना चिलुआताल, गोरखपुर, करुणेश उर्फ दीपू तिवारी अहिरौली थाना चिलुआताल गोरखपुर का संगठित आपराधिक गैंग है। जिसका लीडर राकेश सिंह है। इनके आपराधिक कृत्य एवं आतंक के कारण मुकदमा लिखवाने और गवाही देने की हिम्मत आमजनता के लोग नहीं कर पाते हैं। मामले की जांच पड़ताल की गई तो इनके विरुद्ध पनियरा और गुलरिहा में लूट और हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज होना पाया गया । प्रकरण में विवेचक ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया।

न्यायालय ने साक्ष्य और सबूतों के आधार पर अभियुक्त को सजा सुनाई है।

# एसपी ने किया संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण



झुलनीपुर मतदान केंद्र का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना • जागरण

जासं, निचलौलः लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। मंगलवार को झुलनीपुर के सीमावर्ती संवेदनशील बूथ पर एसपी सोमेंद्र मीना ने निरीक्षण कर मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने भौगोलिक अध्ययन किया। वहीं भारत- नेपाल सीमा से गांव की दूरी सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर जानकारी हासिल की।

उन्होंने बूथ पर पेयजल सहित सुविधा मुहैया कराने का आदेश दिया इस दौरान चौकी इंचार्ज मनीष पटेल थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह सहित पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# घुघली थाना परिसर में बने शिवमंदिर का किया शुभारंभ

जासं, महराजगंज : डीएम अनुनय झा व पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने मंगलवार को घुघली थाना परिसर में नवनिर्मित शिव मंदिर में पूजा कर शुभारंभ किया । दोनों अधिकारियों ने नव निर्मित मंदिर में पूजन–अर्चन किया और जनपद की शांति, सुरक्षा एवं विकास की कामना की। दोनों अधिकारियों ने थाना परिसर का निरीक्षण किया और थाना परिसर को अधिक सुरक्षित व व्यवस्थित बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिया। डीएम ने थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था की भी जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने चुनाव के दृष्टिगत विशेष सजगता और सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। कहा कि अराजक तत्वों पर कड़ी निगाह रखें व आवश्यक होने पर उचित धाराओं में पाबंद करने की कार्यवाही करें। पूर्व चेयरमैन वीरेंद्र सिंह, सीओ सदर आभा सिंह, थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# कच्ची के साथ महिला गिरफ्तार

चौक बाजार : सिहुली परसा गांव में मंगलवार को दोपहर बाद हल्का दारोगा संजय राय के नेतृत्व एक महिला को 20 लीटर कच्ची के साथ गिरफ्तार कर लिया । थानाध्यक्ष चौक प्रशांत पाठक ने बताया कि गांव में अभियुक्त निर्मला देवी के घर से कच्ची बरामद कर उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम का मुकदमा दर्ज किया ।

# नौतनवां, सोनौली में बैठे हैं हुंडी कारोबार के सरगना

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** भारत-नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्र में चल रहे हुंडी व हवाला कारोबार के सरगना नौतनवा व सोनौली में बैठे हैं। वह दर्जनों कैरियर के माध्यम से रकम को नेपाली मुद्रा में प्रतिदिन करोड़ों रुपये परिवर्तित कर बट्टा की रकम से रोजाना लाखों रुपये कमा रहे हैं।

नेपाली रुपनदेही पुलिस के रडार पर नौतनवा व सोनौली के दर्जन भर लोगों के नाम हुंडी के बड़े कारोबारी के रूप में सामने आए हैं। भारत के बाजारों में आने वाले नेपाली व भारतीय मुद्रा बदलकर पगडंडी के रास्ते से नेपाल व भारतीय क्षेत्रों में खपा रहे हैं। हुंडी कारोबार पैसा लेनदेन का अवैध तरीका है।

इसे हवाला कारोबार भी कहते हैं। इसमें कालाधन प्रयुक्त होता है। सोना तस्करों, राजनैतिक दलों व आतंकी संगठनों तक भी पैसा हवाला कारोबार से ही जाता है। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह का कहना है कि हवाला व हुंडी कारोबारी के संदर्भ में जानकारी जुटाई जा रही है।

## क्षेत्र में भी पकड़ा जा चुका है अवैध धंधा

20 फरवरी 2024 को नौतनवा थाना क्षेत्र के एक प्राइवेट बैंक के पास हवाला के रुपए की लूट में 15 लाख रुपया बरामद कर एक व्यक्ति विश्वजीत को गिरफ्तार किया गया था। वहीं 8 मार्च 2024 को सोनौली कोतवाली थाना क्षेत्र के भारत नेपाल सीमा के सोनौली बॉर्डर पर एसएसबी ने नेपाल से भारत आते समय सीमा पर 40 लाख भारतीय रुपया बरामद कर तीन व्यक्ति पटेल रतुल कनुभाई, प्रशांत कुमार और विजय भाई को पकड़ा गया था। बीते वर्षों में छपवा टोल प्लाजा के पास 90 लाख नेपाली मुद्रा, नौतनवा रेलवे स्टेशन चौराहा के पास 10 लाख नेपाली मुद्रा व सोनौली बॉर्डर पर भी करीब 30 लाख रुपया नेपाली मुद्रा पकड़ी जा चुकी है।

# थाना परिसर को व्यवस्थित करने के निर्देश

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा घुघली थाना परिसर में नवनिर्मित शिव मंदिर का उद्घाटन किया गया। दोनों अधिकारियों ने नव मंदिर में पूजन-अर्चन किया और जनपद की शांति, सुरक्षा एवं विकास की कामना की।

अधिकारियों ने थाना परिसर का निरीक्षण किया और थाना परिसर को व्यवस्थित बनाने के लिए निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था की भी जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने चुनाव के दृष्टिगत विशेष सजगता और सतर्कता बरतने का निर्देश दिए और कहा कि अराजक तत्वों पर कड़ी निगाह रखें व आवश्यक होने पर उचित धाराओं में पाबंद करने की कार्रवाई करें। संवाद

# सरहद से नारियल और बादाम के साथ पकड़ा

**खनुआ।** सशस्त्र सीमा बल 66वीं वाहिनी के बीओपी डांडा हेड के जवानों ने गश्त के दौरान भारत-नेपाल सीमा के पिलर संख्या 519 के पास से नारियल, बादाम, साइकिल सहित एक आरोपी को पकड़कर कस्टम को सौंप दिया है।

सशस्त्र सीमा वल के कमांडेंट जगदीश प्रसाद धाबाई ने बताया कि भारतीय सीमा क्षेत्र की तरफ से नोमैंस लैंड पर एक व्यक्ति साइकिल पर बोरा लेकर सामान एकत्रित कर नेपाल भेजने की फिराक में था।

जवानों को देखते ही वह सामान छोड़कर भागने लगा। जवानों ने दौड़ाया तो शेषमन यादव निवासी केवटलिया थाना सोनौली पकड़ा गया। चार बोरी नारियल, 120 पैकेट बादाम और एक साइकिल बरामद हुआ। संवाद

## 20 बोरी प्याज बरामद

**नौतनवा।** उपजिलाधिकारी नन्द प्रकाश मौर्य ने मंगलवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान डंडा नदी पुल के पास पिकप पर लदा 20 बोरी प्याज बरामद कर पुलिस को सौंप दिया। उपजिलाधिकारी नंद प्रकाश मौर्य ने बताया कि क्षेत्र में थे इस दौरान एक पिकअप पर प्याज लदा जा रहा था संदेह होने पर रोकर चालक से पूछताछ किया गया तो पता चला कि तस्करी के लिए ले जाई जा रही थी। संवाद

# 1250 हुड़दंगी पाबंद 10 का जल्द होगा वारंट

## पिछले तीन वर्षों से होली पर हुड़दंग करने वालों को पुलिस कर रही चिह्नित

संवाद न्यूज एजेंसी

निचलौल। होली पर्व पर हुड़दंगियों से निपटने के लिए पुलिस ने तीन वर्षों का रिकार्ड देखते हुए सख्त सुरक्षा व्यवस्था का खाका तैयार किया है। मंगलवार तक क्षेत्र के चिह्नित 1250 हुड़दंगियों को दो-दो लाख रुपये की धनराशि से पाबंद किया है। इतना ही नहीं 10 हुड़दंगियों को होली से पहले वारंट भेजने की तैयारी में जुटी है।

थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह से मिली जानकारी के मुताबिक, आगामी होली पर्व पर पिछले तीन वर्षों में जिन गांवों और मोहल्लों में झगड़े हुए हैं उन्हें चिह्नित कर लिया गया है। जहां पार्टी बंदी है, वहां भी दोनों पक्षों को चिह्नित किया गया है।

ऐसे में इन क्षेत्रों के चिह्नित 1250 हुड़दंगियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर दो-दो लाख रुपये की धनराशि से उपजिलाधिकारी न्यायालय में पाबंद किया गया है। इनके अलावा चिह्नित 10 हुड़दंगी ऐसे हैं, जिनके खिलाफ होली से पहले वारंट जारी करने की कार्रवाई चल रही है। अगर पाबंद हुड़दंगियों की ओर से इस बार कोई विवाद किया जाएगा, तो उसकी संपत्ति को कानूनी प्रक्रिया के तहत कुर्क किया जाएगा।

कुछ जगहों पर सीसीटीवी कैमरे के जरिए भी इलाकों में नजर रखी जाएगी। इसके लिए सभी बीट प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि मामूली विवाद को भी गंभीरता से लिया जाए।

होली खुशियों का त्योहार है जो भी माहौल खराब करने का प्रयास करे उससे सख्ती से निपटा जाएगा। इतना ही नहीं होली पर्व पर कहीं भी डीजे बजाने की अनुमति नहीं है। अगर कोई डीजे संचालक मनमानी कर डीजे बजाएगा तो विवाद होने पर डीजे संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस के मुताबिक होली पर्व पर पिछले तीन वर्षों से जिन गांवों में विवाद होता चला आ रहा है उन्हें चिह्नित कर लिया गया है। चिह्नित गांव में पिपराकाजी, जमुई पंडित, बहरौली, हड़हवा, शीतलापुर खेसरहा, मिश्रवलिया, कोहड़वल के अलावा शहर के घोड़हवा वार्ड पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

# एसपी ने बूथों की कमियां सुधारने के दिए निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

**निचलौल।** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने मंगलवार को आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर थाना क्षेत्र के भारत नेपाल सरहद से सटे संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने जहां जो कमियां मिलीं, उन्हें तत्काल सही कराने के लिए जिम्मेदारों को निर्देश भी दिया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों से भी बातचीत की और कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

भारत नेपाल सरहद से सटे झुलनीपुर, बहुआर सहित कई बूथों का निरीक्षण के बाद पुलिस अधीक्षक ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मतदाता भयमुक्त होकर वोटिंग करें।

चुनाव को लेकर आपस में विवाद करना गलत है, और नियम का उल्लंघन भी है।

## बूथों पर कमियों को ठीक कराया जा रहा

**खनुआ।** सोनौली कोतवाली पुलिस सरहदी क्षेत्रों के लोकसभा चुनावों से संबंधित बने बूथों का थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने खनुआ, कैथवलिया उर्फ बरगदही, हरदीडाली, फरेंदी तिवारी आदि बूथों का निरीक्षण किया। सोनौली थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह के अनुसार, आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर नौतनवां विधानसभा के बूथ संख्या एक खनुआ, कैथवलिया उर्फ बरगदही, शेख फरेंदा आदि बूथों की प्रगति देखी। संवाद

# गैंगस्टर के आरोपी को सात वर्ष कैद

अदालत से

महराजगंज। थाना पनियरा क्षेत्र के महुअवा शुक्ल निवासी राकेश सिंह को धारा 3 (1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत दोषी पाए जाने पर मंगलवार को अपर सत्र/विशेष न्यायाधीश पीसी कुशवाहा ने सात वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 5000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक सर्वेश्वर मणि त्रिपाठी ने बताया कि पनियरा के तत्कालीन थानाध्यक्ष ज्ञानेंद्र कुमार राय 15 फरवरी 2016 को अपने हमराहियों के साथ पनियरा क्षेत्र में देखभाल के लिए व्यस्त रहे।

**पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया**

जानकारी हुई की राकेश सिंह निवासी महुअवा शुक्ल, थाना पनियरा हाल पता धनेवा, थाना नानपारा, जनपद बहराइच एवं उसके गैंग के लोग आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिए लूट जैसे संगीत अपराध करते हैं, उनके विरुद्ध थाना पनियरा में केस दर्ज है। मुकदमे में गैंग चार्ट बनाकर न्यायालय में पेश किया गया।

गवाहों को पेश कर सजा की मांग की गई। न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर सात साल की कैद और पांच हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। संवाद

# सीएए...सीमा क्षेत्र की ड्रोन से निगरानी

## सतर्कता बढ़ी, पुलिस ने संवेदनशील इलाकों में किया फ्लैग मार्च, शरारती तत्वों और सोशल मीडिया पर कड़ी नजर

संवाद न्यूज एजेंसी





मंगलवार को सोनौली सीमा पर जांच करते सुरक्षाकर्मी। सिसवा में पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों ने रुट मार्च किया। संवाद

**महराजगंज।** देश में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू होते ही पुलिस ने सीमावर्ती क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ा दी गई है। मंगलवार से ड्रोन से निगरानी की जा रही है। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की कड़ी नजर है। सुरक्षा को लेकर निर्देश जारी किए जा चुके हैं। मिश्रित आबादी वाले सीमावर्ती गांवों में पुलिस और सुरक्षाबलों ने फ्लैग मार्च किया है। सोशल मीडिया पर भी पुलिस की कड़ी नजर है।

सीमावर्ती नेपाल से सटे गांवों में गश्त करने के आदेश दिए गए हैं। सीमा पर संवेदनशील इलाकों में पेट्रोलिंग, सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों से निगरानी के निर्देश जारी किए गए हैं।

जिले में भारत की करीब 84 किलोमीटर सीमा नेपाल से लगती है। सीमा से सटे संवेदनशील गांवों में कस्टम, पुलिस और एसएसबी के जवान संयुक्त रूप से नाकेबंदी करके भारत-नेपाल आने-जाने वालों की गहन जांच कर रहे हैं।

मंगलवार दोपहर नौतनवा क्षेत्राधिकारी जयप्रकाश त्रिपाठी, कोतवाल सोनौली अभिषेक सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस और एसएसबी के जवानों ने सोनौली कोतवाली क्षेत्र की सीमा पर नाकेबंदी कर नेपाल की तरफ से भारत जाने वाले वाहनों की गहन जांच की। साथ ही सीमावर्ती क्षेत्र की पगडंड़ियों श्यामकाट, एसएसबी रोड, बस स्टेशन और सार्वजनिक स्थानों पर संयुक्त रूप से चेकिंग की गई। कुछ संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली गई और यात्रियों से पूछताछ की गई। सीमा से लगी पगडंड़ियों पर विशेष निगरानी की जा रही है। सीमा पर प्रवेश के दौरान किसी को समस्या न हो, इसका भी ध्यान रखा जा रहा है।

कस्टम पुलिस व एसएसबी संयुक्त रूप से जांच करने के साथ ही पेट्रोलिंग भी कर रही है।

सोनौली और ठूठीबारी सीमा पर एजेंसियां कड़ी निगरानी कर रही हैं। खुफिया एजेंसियों ने भी डेरा डाल दिया है। 24 घंटे सरहद की पगडंडियों पर संयुक्त गश्त की जा रही है।

घुसपैठ न हो इस पर नजर रखी जा रही है। कस्बे के अंदर और सीमावर्ती गांवों में लगाए गए कैमरों की पुलिस निगरानी कर रही है। सीमा पर जांच और आईडी चेक करने के बाद ही प्रवेश मिल रहा है।

### शांति बनाए रखने के आदेश

जिले की पुलिस सोशल मीडिया की कड़ी निगरानी कर रही है। साथ ही जनपद के सभी थानाध्यक्षों को इलाके के लोगों से बातचीत कर माहौल को शांत रखने के आदेश दिए गए हैं। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर कार्रवाई के निर्देश हैं।

### आराजक तत्वों से निपटने के निर्देश

लोकसभा चुनाव से पहले नागरिकता संशोधन कानून लागू किया गया है। सीएए का नोटिफिकेशन जारी होने के साथ ही पुलिस-प्रशासन सतर्क हो गया है। जिले भर में अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ मिश्रित आबादी वाले इलाकों में गश्त की है। मुख्यालय से जारी निर्देश में सभी जिलों को संवेदनशील स्थानों को चिह्नित कर चौकसी बढ़ाने का निर्देश है। आवश्यकतानुसार प्रमुख जगहों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती करने को कहा गया है।

जिले में प्रत्येक हलचल पर नजर रखी जा रही है। सीमावर्ती क्षेत्र में ड्रोन से निगरानी की जा रही है। संवेदनशील क्षेत्र में पुलिस गश्त कर रही है। सोशल मीडिया पर नजर रखी जा रही है। जिले में शांति व्यवस्था कायम है।

**-सोमेंद्र मीणा,** पुलिस अधीक्षक

BASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-03-2024

# एसपी ने मातहतों संग किया फ्लैग मार्च



**बस्ती (एसएनबी)।** नागरिकता संशोधन अधिनियम (2019) के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती व क्षेत्राधिकारी सदर के साथ थाना पुरानी बस्ती क्षेत्रान्तर्गत पैदल मार्च किया गया । नागरिकता संशोधन अधिनियम (2019) के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक बस्ती द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी सदर के साथ थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती मय पुलिस बल के साथ थाना पुरानी बस्ती क्षेत्रान्तर्गत संवेदनशील-भीड़-भाड़ वाले स्थानों जैसे प्रमुख बाजार, प्रमुख चौराहों आदि महत्वपूर्ण स्थानों पर पैदल मार्च कर आम जन से संवाद स्थापित कर उनमें शांति-कानून-सुरक्षा व्यवस्था का एहसास कराया गया एवं उनसे सकुशल, सफल, शान्तिपूर्ण ढंग से नागरिकता संशोधन अधिनियम (2019) के नियमों के पालन करने हेतु हेतु शासन-प्रशासन का सहयोग करने हेतु आग्रह करते हुए प्रेरित किया गया।

# अपहृता के साथ आरोपी गिरफ्तार



छावनी (एसएनबी)। स्थानीय पुलिस ने मंगलवार को अपहृत बालिका के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया और बालिका को महिला पुलिस अभिरक्षा में मेडिकल के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि मंगलवार को विक्रमजोत के चौकी प्रभारी रितेश कुमार सिंह ने अपने हमराही कांस्टेबल राजू गुप्ता एवं महिला कांस्टेबल विभूती शुक्ला के साथ मुखविर की सूचना पर खतमसराय गांव के पास अपहृत बालिका को आरोपी युवक के साथ बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि विक्रमजोत निवासी चन्द्रशेखर पांडेय पुत्र आनन्द कुमार पांडेय के विरूद्ध एक बालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में अपराध संख्या 53/224 धारा 363, 366 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत हुआ था। पुलिस आरोपी व बालिका की तलाश कर रही थी।

# चुनाव को देखते 44 लोगों को किया पाबंद

बस्ती (एसएनबी)। जनपद में आसन्न चुनाव एवंशान्ति तथा कानून व्यवस्था को देखते हुए जिले की पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने 9 लोगो तथा कलवारी पुलिस ने 35 अभियुक्तो समेत कुल 44 लोगो को सीआरपीसी की तहत पाबन्द किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस ने शारूख पुत्र टिल्लू निवासी रसूलनगर, राजा उर्फ अहमद हुसैन पुत्र मुन्नू उर्फ मोहम्मद हुसैन निवासी मंगलबाजार, सलमान पुत्र सल्बीर अहमद निवासी डफाली टोला, प्रमोद कुमार पुत्र उदयशंकर निवासी बागडीह, समील, अमोट पुत्रगण ज्ञानदास, विनीत पुत्र मुन्नीलाल निवासीगण भरतपुर, शम्भू पुत्र रामहित निवासी घरसोहिया, राजन उर्फ अश्विनी हरिजन पुत्र रामकुमार निवासी चिकसईया थाना पुरानी बस्ती को सीआरपीसी के तहत पाबन्द किया गया है। इसी प्रकार से कलवारी थाने की पुलिस ने अभियुक्त करूणेश मिश्रा उर्फ मिन्टू बाबा पुत्र विशेश्वर नाथ मिश्रा, ओमकार पाण्डेय पुत्र सुर्यनारायण पाण्डेय निवासीगण मरवटिया थाना कलवारी, डब्लू उर्फ देवेन्द्र पाण्डेय पुत्र ओम प्रकाश पाण्डेय, बब्लू उर्फ रमाकान्त पाण्डेय, लक्ष्मी नारायन उर्फ डीएम पुत्र ओमप्रकाश पाण्डेय, सरोज कुमार पुत्र राम अजोर, पंकज पुत्र फूलचन्द, पंकज पुत्र फूलचन्द, मनीष पुत्र राम निरंजन निवासीगण उमरिया थाना कलवारी, राम भरत पुत्र राम निरंजन, उमरिया (मुम्बई), जोखू उर्फ निलेश पुत्र राम मूरत, जयराम पुत्र बलिकरन, चन्द्रिका पुत्र हीरालाल, सीताराम पुत्र जयकरन, मंशाराम पुत्र जयकरन, लवकुश पुत्र जयकरन, अंकुश पुत्र मंशाराम, पवन कुमार पुत्र रामअजोर, झल्लर उर्फ अशोक कुमार पुत्र रामअजोर, विनोद कुमार पुत्र रामअजोर, रामललित पुत्र सीतराम, राममूरत पुत्र सहती, जीत पुत्र जयराम, नाटे उर्फ रामप्रीत पुत्र जयराम, विरेन्द्र पुत्र रामकरन, रोहित पुत्र रामविलास, अखिलेश पुत्र रामविलास, बंशीलाल, मुंशीलाल पुत्रगण दूबर, अमित, आनन्द पुत्रगण मुंशीलाल, हृदयराम पुत्र रामसवारे निवासीगण उमरिया थाना कलवारी तथा विक्की उर्फ अनूप मिश्रा, अरुण उर्फ बन्टी मिश्रा पुत्रगण काशीनाथ मिश्रा निवासीगण मरवटिया हाल मुकाम लखनऊ अखिलेश पुत्र रामलौट निवासी मुरादपुर थाना कलवारी के विरूद्ध 110 जी सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी है।

## सम्पति विवाद में महिला की पिटाई

**बस्ती (एसएनबी)।** सम्पत्ति के विवाद को लेकर कुछ लोगो ने मिलकर एक महिला को गालियां देते हुए मारापीटा मकान का ताला तोड़कर सामान को जबरन उठा ले गये। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।पुरानी बस्ती थानान्तर्गत स्टेशन रोड पर रहने वाली सन्ध्या गुप्ता की मां के रजिस्टर्ड वसीयत नामा सम्पत्ति पर कब्जा करने की नियत से विपक्षी नीरज गुप्ता, अनीता व रूक्मिणी गुप्ता द्वारा उसे मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी देते हुए कमरे का ताला तोड़कर उसमें रखे सामान पर कब्जा कर लिया। मामले में पीड़िता सन्ध्या गुप्ता पत्नी धीरज गुप्ता निवासी स्टेशन रोड बस्ती थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी नीरज गुप्ता, अनीता, रुक्मिणी गुप्ता पत्नी पंकज गुप्ता निवासीगण स्टेशन रोड बस्ती थाना पुरानी बस्ती के विरूद्ध धारा 448, 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## आपसी बंटवारे में मारपीट, पांच नामजद

**बस्ती (एसएनबी)।** आपसी बंटवारे के विवाद में कुछ लोगों ने मिलकर एक व्यक्ति को लाठी डण्डे से मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।पुरानी बस्ती थानान्तर्गत महुडर रेहरवा गांव में आपसी विवाद की बात को लेकर उदयभान यादव को उसके भाई सूर्यभान, चन्द्रभान व उनके परिवार के अन्य लोगो ने मिलकर गालियां देते हुए सरिया, लाठी डण्डे से मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित उदयभान यादव पुत्र शेषदत्त यादव निवासी महुडर रेहरवा थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सूर्यभान , चन्द्रभान पुत्रगण शेषनाथ, हर्ष यादव पुत्र सूर्यभान, इन्द्रावती पत्नी चन्द्रभान, किसमती पत्नी सूर्यभान निवासीगण महुडर रेहरवा थाना पुरानी बस्ती के विरूद्ध धारा 147, 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मोटर साइकिल चोर धराये

**बस्ती (एसएनबी)।** थाना सोनहा पुलिस द्वारा मोटर साइकिल चोरी करने वाले शातिर चोर को 24 घंटे के अंदर चोरी किये गये मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। बाइक को पुलिस द्वारा जब्त करते हुए आरोपी को कार्यवाही हेतु संबंधित न्यायालय भेजा गया। थाना सोनहा पर दर्ज मुकदमा धारा 379, 411 आईपीसी से सम्बंधित अभियुक्त राकेश गौतम पुत्र विफई को मुखबिर की सूचना पर उकड़ा शंकरपुर रोड के जमोहना पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। पकड़ेजाने के दौरान आरोपी के पास से पुलिस ने चोरी की बाइक को भी बरामद किया है। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक सोनहा उपेन्द्र मिश्रा ने बताया कि 11 मार्च को बाइक चोरी का मुकदमा पंजीकृत होने के 24 घण्टे के भीतर शातिर चोरी को पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। जिसे थाने से कानूनी प्रक्रिया को पूर्ण करने के बाद अग्रिम कार्यवाही हेतु संबंधित न्यायालय रवाना किया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक तारकेश्वर यादव, मुख्य आरक्षी रमाकांत यादव, मुख्य आरक्षी यशवंत सिंह थाना सोनहा शामिल रहे।

# डीसीआरबी शाखा के प्रभारियों संग आईजी ने की बैठक




बैठक कर निर्देश देते पुलिस महानिरीक्षक आरके भारद्वाज।

**बस्ती (एसएनबी)।** परिक्षेत्र के जनपदों के डीसीआरबी शाखा के प्रभारियों की आईजी बस्ती ने समीक्षा गोष्ठी कर दिशा निर्देश दिये। पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती आरके भारद्वाज द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय के सभागार में परिक्षेत्रीय जनपदों के डीसीआरबी शाखा के प्रभारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी की गई। समीक्षा गोष्ठी के दौरान तीनों जनपद के डीसीआरबी शाखा के प्रभारियों व उनके अधीनस्थ अधि-कर्मचारीगण से परिचय प्राप्त किया गया। पुलिस महानिरीक्षक बस्ती द्वारा जनपद सिदार्थनगर व संतकबीरनगर में क्षेत्राधिकारी द्वारा डीसीआरबी शाखा का निरीक्षण न करने पर आपत्ति व्यक्त की गई। शाखा प्रभारी द्वारा प्रत्येक माह अपनी शाखा का निरीक्षण करने, शेष गुमशुदा की बरामदगी करने ,अज्ञात शव की शिनाख्त हेतु सोशल मीडिया का उपयोग करते हुए गुमशुदा से मिलान करने, मफरुरी में आरोप पत्र लगे अभियोगो में पुरस्कार घोषित कराकर अभियुक्त को गिरफ्तार कराने, पुरस्कार घोषित अपराधियों के डोजियर में जमानतदारो, रिश्तेदारों, मित्रों आदि का नाम पता मोबाइल नम्बर लिखने तथा गिरफ्तार करने, अपराधियों , माफियाओं,गैंगो पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। गोष्ठी के दौरान डीसीआरबी शाखा के प्रभारीगण व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण तथा रेन्ज कार्यालय के वाचक उप निरीक्षक रमेश कुमार व सोशल मीडिया सेल प्रभारी वीर बहादुर यादव उपस्थित रहे।

# मारपीट : आरोपियों को पांच साल की सजा

**बस्ती (एसएनबी)।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के कोड़रा पाण्डेय गांव निवासी ब्रम्हदेव पाण्डेय व उनके बेटे अरुण कुमार पाण्डेय की पिटाई कर उन्हें गम्भीर रुप से चोट पहुंचाने के आरोपी में निरूद्ध चल रहे चार अभियुक्तों को न्यायालय द्वारा 5 वर्ष के सश्रम कारावास व 8500 रुपये अर्थ दण्ड की सजा सुनाई है। 16 जनवरी 2018 को पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के कोड़रा पाण्डेय गांव निवासी ब्रम्हदेव पाण्डेय व विजय शंकर पाण्डेय, अतुल पाण्डेय, निर्भय पाण्डेय तथा इन्द्रमणि तिवारी के बीच में विवाद हुआ था। जिसके बाद अभियुक्तों ने मिलकर ब्रम्हदेव पाण्डेय व उनके बेटे अरुण कुमार पाण्डेय की पिटाई कर गम्भीर रूप से जख्मी कर दिया था। जिसके सम्बन्ध में पीड़ित की तहरीर पर पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 323, 504 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। जिसमें विवेचक द्वारा विवेचना पूर्ण करते हुए 6 मार्च 2018 को धारा 308, 323, 325, 504, 34 आईपीसी के तहत आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। पुलिस अधीक्षक बस्ती के निर्देशन में आपरेशन कन्विक्शन के तहत पैरवी सेल बस्ती एवं थाना पुरानी बस्ती पुलिस की सशक्त व प्रभावी पैरवी से न्यायालय एएसजे 7 एमपीएमएलए द्वारा अभियुक्त विजय शंकर पाण्डेय पुत्र सत्यदेव पाण्डेय, अतुल पाण्डेय, निर्भय पाण्डेय पुत्रगण विजयशंकर पाण्डेय निवासीगण कोड़रा पाण्डेय थाना पुरानी बस्ती तथा इन्द्रमणि तिवारी पुत्र चन्द्र प्रकाश तिवारी निवासी पूरे ओरी राय थाना दुबौलिया को उसके जुर्म के लिए 5 वर्ष के सश्रम कारावास व 8500 रुपये अर्थ दण्ड की सजा सुनाई गई।

# दो गैंगस्टर गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** थाना पुरानी बस्ती पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित दो अभियुक्तों कोगिरफ्तार कर जेल भेजा है। थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती महेश सिंह मय पुलिस टीम द्वारा कचहरी रोड से 3 (1) उप्र गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 थाना कोतवाली जनपद बस्ती में वांछित चल रहेदो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया । नईम अख्तर पुत्र हैदर अली निवासी ग्राम लेडुआ महुआ थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर,रमेश निक्कम उर्फ कुण्डलिक पुत्र हिन्दुराव निवासी मुलपता ग्राम ढोकल बाडी जिला सतारा महाराष्ट्र हालमुकाम मो मंगल बजार थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर प्रकाश में आया है। इनका आपराधिक इतिहास भी है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण थानाध्यक्ष श्री महेश सिंह थाना पुरानी बस्ती, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अजय कुमार पाण्डेय थाना पुरानी बस्ती , उपनिरीक्षक दिनेश राय थाना पुरानी बस्ती, हेड का. श्रीकान्त यादव, का. धीरेन्द्र सिंह, का. अमरनाथ भारद्वाज, का. जयराम यादव, का. मनोज यादव प्रथम, का. मृत्युंजय यादव थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती शामिल रहे।

# मार्ग दुर्घटना में मौत, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** मांगलिका कार्यक्रम में शामिल होने के बाद घर के लिए वापस जा रहे एक व्यक्ति को तेज रफ्तार वाहन के चालक ने ठोकर मार दिया, जिससे उसकी गम्भीर रूप से जख्मी हो जाने के कारण इलाज के दौरान मौत हो गयी। इस सम्बन्ध में मृतक के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के डफाली टोला निवासी रामजी (40) मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लालगंज थाना क्षेत्र के पाकरडाड़ गये हुए थे। वहां पर कार्यक्रम को समाप्त करने के बाद घर के लिए वापस आ रहे थे कि ठेकनापार के पास किसी तेज रफ्तार वाहन संख्या यूपी 51 एवाई/ 8638 के चालक ने उनकी बाइक संख्या यूपी 51 एएक्स/ 3321 में ठोकर मार दिया। जिससे उनको गम्भीर चोट आयी और बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इलाज के लिए रामजी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां पर उनकी उपचार के दौरान ही मौत हो गयी। मामले में मृतक के पिता रामप्रसाद पुत्र त्रिवेणी निवासी बरसु मोहल्ला डफारी टोला थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरूद्ध धारा 279, 337, 338, 304ए, 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# भाईने बहन को पीटा, एफआईआर

**बस्ती (एसएनबी)।** मामूली विवाद को लेकर एक युवती को उसके भाई द्वारा गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है।वाल्टरगंज थानान्तर्गत भाउपुर परसा जागिर गांव में मामूली विवाद की बात को लेकर शीला देवी को उसके भाई लवकुश प्रजापति द्वारा गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता शीला देवी पुत्री तुलाराम निवासी भाऊपुर परसा जागिर थाना वाल्टरगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी लवकुश प्रजापति पुत्र तुलाराम प्रजापति निवासी ग्राम भाऊपुर परसा जागीर थाना वाल्टरगंज के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# किशोरी को किया अगवा, केस दर्ज

बस्ती। छावनी क्षेत्र से एक किशोरी को शादी की नीयत से अगवा कर लिए जाने की घटना सामने आई है। पुलिस किशोरी के पिता की तहरीर पर बाघानाला गांव निवासी चन्द्रशेखर, विक्रमजोत निवासी आदर्श व करन के खिलाफ केस दर्ज कर घटना की जांच शुरु कर दी है।

# पिता-पुत्र और दामाद को मिली पांच साल की कैद

**बस्ती, निज संवाददाता।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम प्रमोद कुमार गिरि की अदालत ने जानलेवा हमले के मामले में पिता व उसके दो पुत्रों व दामाद को पांच वर्ष की सश्रम कारावास व प्रत्येक को साढ़े हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड नहीं देने पर दो वर्ष एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतानी होगी।

मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के कोड़रा पाण्डेय गांव का है। इस गांव के ब्रह्मदेव पाण्डेय व विजय शंकर पाण्डेय में पुश्तैनी जमीन को लेकर विवाद था। विजय शंकर 16 जनवरी 2018 को करीब नौ बजे सुबह इसी जमीन में निर्माण करा रहे थे। ब्रह्मादेव ने निर्माण करने से मना किया तो लाठी-डंडा लेकर विजय शंकर व उनके पुत्र अतुल पाण्डेय, निर्भय पाण्डेय तथा विजय शंकर के दामाद इंद्रमणि तिवारी निवासी ग्राम पूरेओरी थाना दुबौलिया हमलावर हो गए। ब्रह्मदेव को बचाने गए उसके पुत्र अरुण को भी मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के दिन पुलिस ने एनसीआर दर्ज किया था। विवेचना के बाद गंभीर अपराध पाते हुए 15 फरवरी 2018 को मुकदमे में को एनसीआर से प्रथम सूचना रिपोर्ट में दर्ज कर दिया। पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। अभियोजन की तरफ से नौ गवाह प्रस्तुत किए गए। गवाहों के बयान व पत्रावली में उपलब्ध अभिलेखीय साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने सभी चारों आरोपितों को सजा सुनाकर दंडित किया है।

# पुलिस के हत्थे चढ़े दो गैंगस्टर

बस्ती। पुरानी बस्ती पुलिस ने गैंगस्टर नईम अख्तर व रमेश निक्कम को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गैंगस्टर संगठित रूप से चोरों का गैंग चलाते हैं। एसओ महेश सिंह ने बताया कि लेडुआ महुआ थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर निवासी नईम अख्तर गैंग का सरगना है। उसका नेटवर्क महाराष्ट्र तक फैला हुआ है। रमेश निक्कम निवासी मुलपता ग्राम ढोकल बाडी जिला सतारा महाराष्ट्र का हालमुकाम मंगल बाजार, बखिरा, संतकबीरनगर को पकड़ा गया है। बताया कि दोनों 3(1) यूपी गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 थाना कोतवाली बस्ती से वांछित चल रहे थे। अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया गया।

# राहुल मद्धेशिया अपहरण कांड में गवाही हुई पूरी

## मुकदमा

**बस्ती, निज संवाददाता।** बहुचर्चित राहुल मद्धेशिया अपहरण केस की दूसरी फाइल में मंगलवार को अपहृत राहुल की गवाही पूरी हो गई। कोर्ट ने दूसरी गवाही के लिए 21 मार्च की तारीख नियत कर रखी है। विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश प्रमोद कुमार गिरि की अदालत ने फरार अमरमणि की पत्रावली को अलग कर दिया था। अन्य आरोपितों की पत्रावली पर आरोप तय कर गवाही की तारीख पर अपहृत राहुल की गवाही अदालत में पूरी हो गई। जल्द ही निर्णय आने के आसार नजर आने लगे हैं।

गौरतलब है कि कोतवाली थानाक्षेत्र के रोडवेज तिराहा निवासी धर्मराज मद्धेशिया के पुत्र राहुल का अपहरण छह दिसम्बर 2001 को स्कूल जाते समय हो गया था। इस मामले में पूर्वमंत्री अमरमणि त्रिपाठी सहित नौ आरोपित के विरुद्ध आरोप-पत्र दाखिल किया गया था। अमरमणि सहित तीन आरोपियों की पत्रावली अलग कर दी गई थी। विचाराधीन मुकदमें की सुनवाई के दौरान मुख्य आरोपित संदीप त्रिपाठी की मृत्यु हो गई है। हनुमान शुक्ला, अजय मिश्रा, आनंद सिंह, रामविलास व जग प्रसाद वर्मा के विरुद्ध आरोप तय किया गया है। इसी अपराध से संबंधित पत्रावली में अमरमणि के संपत्तियों का पता लगाया जा रहा है।

# मारपीट की घटनाओं में 13 पर कार्रवाई

**बस्ती।** अलग-अलग मारपीट की घटनाओं में पुलिस ने 13 व्यक्तियों पर केस दर्ज कर कार्रवाई की है। पुरानी बस्ती क्षेत्र के महुडर रेहरवा गांव में आपसी बंटवारे को लेकर उदयभान को गांव के ही सूर्यभान, चन्द्रभान, हर्ष, इन्द्रावती और किसमती ने लाठी-डंडों पीटकर घायल कर दिया। स्टेशन रोड पर संपत्ति विवाद को लेकर संध्या गुप्ता की नीरज, अनीता और रुकमणि ने पिटाई कर दी। संध्या ने तहरीर में लिखा है कि उनकी मां के नाम से रजिस्टर्ड वसीयतनामे की संपत्ति को लेकर उनके साथ मारपीट की गई। आरोप है कि उनके कमरे का ताला तोड़कर सामान पर कब्जा कर लिए। वाल्टरगंज क्षेत्र के भाउपुर परसाजागिर गांव में शीला देवी को गांव के ही लवकुश ने पीटकर घायल कर दिया। परसरामपुर थानांतर्गत अहिरौली में धूल उड़ाने को लेकर रामावती की बेटी काजल की अगनू, राजपति, ऊषा व मीशा ने मिलकर पिटाई कर दी।

# यौन शोषण मामलें में साध्वियों का दर्ज हुआ बयान

**साध्वी प्रकरण**

- शेष बयान के लिए कोर्ट ने 19 मार्च की तारीख दी गई
- सच्चिदानंद, परम चेतनानंद सहित पांच के विरुद्ध केस दर्ज है

बस्ती, निज संवाददाता। अनुयायी साध्वियों के यौन शोषण व सामूहिक दुष्कर्म के आरोपित कथित बाबा सच्चिदानंद पर दर्ज एक केस में न्यायाधीश विजय कुमार कटियार फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम की अदालत में मंगलवार को पीड़िता का बयान दर्ज हुआ। शेष बयान के लिए कोर्ट ने 19 मार्च की तारीख तय की है। आरोपित बाबा के विरुद्ध स्थानीय कोतवाली में सामूहिक दुष्कर्म, बंधक बनाने, भगोड़ा होने सहित अन्य धाराओं में कुल चार मुकदमें दर्ज हैं। सभी मुकदमो में आरोप तय करने के बाद अदालत ने साक्ष्य के लिए एक पत्रावली में 12 मार्च और शेष में 14 मार्च की तिथि तय की थी। सोमवार को एक गवाह का बयान अदालत में शुरु हुआ।

अधिवक्ता के निधन से कार्यवाही स्थगित कर मंगलवार की तारीख दी गई थी। 2017 में कोतवाली थाने में पुलिस ने सच्चिदानंद उर्फ दयानंद, परम चेतनानंद सहित पांच आरोपियों के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म, बंधक बनाने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर न्यायालय में आरोप-पत्र दाखिल किया। बाद में सच्चिदानंद उर्फ दयानंद, परम चेतनानंद उर्फ पंकज भाई पटेल, प्रमिला बाई व कमलाबाई पर भगोड़ा होने का केस दर्ज कर आरोप-पत्र दाखिल किया। सभी आरोपितों की न्यायालय में उपस्थिति के दौरान आरोप को तय किया जा चुका है। अब केवल साक्ष्य होना है।

# झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म, केस दर्ज

कप्तानगंज। थानाक्षेत्र के दुबौला इलाके के एक गांव में किशोरी के साथ झांसा देकर कई महीने से दुष्कर्म के मामले में पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुटी है। मंगलवार की सुबह एसएसआई राजेश विश्वकर्मा पीड़िता के घर जाकर उसका बयान दर्ज किया। सीओ कलवारी प्रमोद कुमार राय ने बताया कि पुलिस अभिरक्षा में किशोरी का मेडिकोलीगल कराया जा रहा है, जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

थानाक्षेत्र के दुबौला चौकी अंतर्गत एक किशोरी की मां ने सोमवार की देर रात पुलिस को दिए गए शिकायती-पत्र में आरोप लगाया कि उसकी नाबालिग बेटी को एक युवक झांसा देकर दुष्कर्म करता था। इसकी जानकारी होने पर जब उसने पुलिस को सूचना देने की बात कही तो आरोपी ने जहर खाकर जान देने की भी धमकी दी। वहीं सूत्रों की मानें तो तीन दिन पूर्व आरोपी युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। इससे उसकी हालत गंभीर हो गई थी। हालांकि सोमवार को अस्पताल से डिस्चार्ज हो गया है। पुलिस किशोरी का मेडिकोलीगल कराने के साथ ही आरोपी श्रवण कुमार की तलाश में जुटी है।

# बाइक समेत धराया चोर

सल्टौआ। सोनहा पुलिस ने लोढ़वा मेले में चोरी की गई बाइक के साथ चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बीते रविवार को सिद्धार्थनगर जनपद के भवानीगंज क्षेत्र के हिसामुद्दीनपुर निवासी मुकेश निषाद क्षेत्र के लोढ़वा स्थित शिवमंदिर पर बाइक लेकर से मेला देखने आया था। मेले से बाइक चोरी हो गई। एसएचओ ने बताया कि क्षेत्र के जमोहना गांव निवासी राकेश गौतम को चोरी की बाइक के साथ जमोहना पुलिया के समीप पकड़ा गया।

# ग्रेनेड, मिर्ची सेल व रबर बुलेट तैयार

बस्ती। लोकसभा चुनावों में गड़बड़ी करने वालों के लिए पुलिस ने अपने हथियार मांजने शुरू कर दिए हैं। एडिशनल एसपी ओपी सिंह की मौजूदगी में पुलिस लाइन में गैस ग्रेनेड, एंटी राइन गन, स्टन, मिर्ची सेल, आंसू गैस और रबर बुलेट गोले चलाकर मंगलवार की सुबह पूर्वाभ्यास किया गया। इसके लिए हर थाने से पांच-पांच पुलिसकर्मियों को बुलाया गया था। इनसे बलवा नियंत्रण उपकरणों को चलवाकर देखा गया।

इस मौके पर थानों पर बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट, टार्च, डंडा आदि उपलब्ध कराया गया। एएसपी ने बताया कि कुछ उपकरणों को अभी पुलिस के अलावा चांदमारी पर ले जाकर उसका प्रशिक्षण पुलिस फोर्स को दिलाया जाएगा।

# मेले से उड़ाई गई बाइक के साथ आरोपित धराया

जासं, बस्तीः सोनहा पुलिस ने मेले से चुराई गई बाइक से साथ आरोपित को मंगलवार को धर दबोचा। उसके विरुद्ध चोरी के माल बरामदगी की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है।

सिद्धार्थनगर जिले के भवानीगंज थाना क्षेत्र के हिसामुद्दीनपुर निवासी मुकेश निषाद सोनहा थाना क्षेत्र के लोढवा स्थित शिव मंदिर परिसर में लगने वाले मेले में 10 मार्च को बाइक से आए थे। बाइक एक जगह खड़ी कर वह मेला देखने लगे। दिन में तीन बजे जब वह लौटने लगे तो देखा उनकी बाइक वहां नहीं थी।

# पिता, पुत्र व दामाद को पांच वर्ष का कठोर कारावास

जागरण संवाददाता, बस्तीः अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम प्रमोद कुमार गिरि ने प्राण घातक चोट पहुंचाने के मामले में पिता व उसके दो पुत्रों तथा दामाद को पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है अदालत ने प्रत्येक पर 8500 रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न देने पर दो वर्ष एक माह की अतिरिक्त सजा भी भुगतनी होगी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अजय बहादुर पाल व अधिवक्ता इंद्रमणि त्रिपाठी ने न्यायालय में घटनाक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के कोड़रा पांडेय गांव का है। इस गांव के ब्रह्मदेव



पांडेय व विजय शंकर पांडेय में पुश्तैनी जमीन को लेकर विवाद था। विजय शंकर पांडेय 16 जनवरी 2018 को करीब नौ बजे सुबह इसी जमीन में निर्माण कर रहे थे। ब्रह्मदेव ने निर्माण करने से मना किया तो लाठी डंडा लेकर विजय शंकर व उनके पुत्र अतुल पांडेय, निर्भय पांडेय तथा विजय शंकर के दामाद इंद्रमणि तिवारी निवासी ग्राम पूरे ओरी राय थाना दुबौलिया हमलावर हो गए। ब्रह्मदेव को बचाने गए उनके पुत्र अरुण को भी मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के दिन पुलिस ने एनसीआर दर्ज किया था। विवेचना के बाद गंभीर अपराध पाते हुए 15 फरवरी 2018 को मुकदमे को एनसीआर से प्रथम सूचना रिपोर्ट में तब्दील कर दिया। पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।

अभियोजन की तरफ से नौ गवाह प्रस्तुत किए गए। गवाहों के बयान व पत्रावली में उपलब्ध अभिलेखीय साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने सभी चारों आरोपितों को समान सजा से दंडित किया है।

# दुकानों व होटलों में बाल श्रमिकों की जांच हुई

बस्ती। जिले में बालश्रम मुक्त व बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिए एएचटीयू की टीम ने दुकानों व होटलों की छानबीन की। इस दौरान बाल श्रम रोकथाम के लिए शासन की ओर से चलाई जा रही नीतियों के बारे में दुकानदारों को जानकारी दी। उन्हें टीम की तरफ से हिदायत दी गई कि भविष्य में बच्चों से बालश्रम ना कराएं। अगर बालश्रम करते पकड़े जाते हैं, तो थाना एएचटीयू विधिक कार्यवाई करेगी।

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो आरोपित गिरफ्तार

**बस्ती :** पुरानी बस्ती पुलिस ने मंगलवार को दिन में 1.50 बजे कचहरी रोड से गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित दो आरोपितों को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायालय रवाना कर दिया। थानाध्यक्ष महेश सिंह ने बताया कि नईम अख्तर निवासी लेडुआ महुआ थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर व रमेश निक्कम उर्फ कुण्डलिक निवासी ढोकल बाड़ी, जिला सतारा महाराष्ट्र, वर्तमान पता मंगल बजार थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर की तलाश गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में थी। एक सूचना के आधार पर दोनों को धर दबोचा गया। इनके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के साथ ही चोरी व माल बरामदगी का मुकदमा कोतवाली बस्ती में दर्ज है। (जासं)

# पुलिस ने किशोरी को किया बरामद

**छावनी, बस्ती**: छावनी थाना क्षेत्र से बहला फुसलाकर भगाई गई किशोरी को छावनी पुलिस ने बरामद कर आरोपित युवक को खतमसराय के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक चंद्र शेखर के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करने के बाद उसे न्यायालय भेज दिया गया। (जासं)

# सीएए और त्योहारों को लेकर भ्रमण

**लालगंज,बस्ती** :सीएए कानून और लोकसभा चुनाव 2024 तथा होली,रमजान और रामनवमी के त्योहारों को देखते हुए थानाध्यक्ष लालगंज सुनील कुमार गौड़ और उनकी टीम ने मंगलवार को बाइक से थाना क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में भ्रमण किया। बनकटी बाजार, भरवालिया ,बसौंधी ,डड़िया, खोरिया, देईसांड, बानपुर, लालगंज, महादेवा, बररोहिया कला, पंखोबारी सहित सभी संवेदनशील स्थानों का भ्रमण किया गया। (जासं)

# जमीन पर कब्जा का प्रयास करने वाले गिरफ्तार

**छावनी, बस्ती** : छावनी थाना क्षेत्र के तुर्सी गांव में एक दिव्यांग के मकान पर मनबढ़ों ने मंगलवार को कब्जा करने का प्रयास किया। मामले में पीड़ित की तहरीर पर छावनी पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार उनका शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया। गांव निवासी पलटू पुत्र सुकई ने छावनी पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया कि अयोध्या जनपद के मया थाना क्षेत्र के पिपरी गांव निवासी सियाराम, सीताराम उनके मकान पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। थानाध्यक्ष छावनी राजेश कुमार तिवारी ने एक पक्ष के सियाराम, सीताराम व दूसरे पक्ष के राम सुभावन व पलटू निवासी थाना छावनी का शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया। (जासं)

# राहुल अपहरण कांड की दूसरे पत्रावली में अपहृत की जिरह समाप्त

जागरण संवाददाता, बस्ती: 22 वर्ष पुराने अपहरण के मामले में अलग की गई पत्रावली में मंगलवार को अपहृत राहुल की गवाही हुई। दूसरी गवाही के लिए 21 मार्च तारीख नियत की गई है। एमपी-एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश प्रमोद कुमार गिरि ने अमरमणि की पत्रावली अलग कर दिया था। अन्य आरोपितों की पत्रावली अलग कर आरोप तय कर गवाही की तारीख लगाया था। वादी मुकदमा धर्मराज मद्धेशिया की मृत्यु हो चुकी है। मामले में राहुल की गवाही होनी थी। वह अदालत में मंगलवार को उपस्थित हुआ। उसकी जिरह व गवाही समाप्त हो गई।

**अगली गवाही 21 मार्च को**

**अलग की गई है अमरमणि की पत्रावली, उनकी संपत्ति का पता लगा रही पुलिस**

कोतवाली थाना क्षेत्र के रोडवेज तिराहा निवासी धर्मराज मद्धेशिया के पुत्र राहुल का अपहरण छह दिसंबर 2001 को स्कूल जाते समय हो गया था। इस मामले में पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी सहित नौ आरोपित के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया गया था। अमरमणि सहित तीन की पत्रावली अलग कर दी गई थी। विचाराधीन मुकदमे की सुनवाई के दौरान मुख्य आरोपित संदीप त्रिपाठी की मृत्यु हो गई। हनुमान शुक्ला, अजय मिश्रा, आनंद सिंह, रामविलास व जग प्रसाद वर्मा के विरुद्ध आरोप तय किया गया है। इसी अपराध से संबंधित पत्रावली में अमरमणि के संपत्तियों का पता लगाया जा रहा है। ज्ञात संपत्तियों की कुर्की की प्रक्रिया शुरू की गई है।

# गायघाट में स्थापित होगा चुनाव कार्यालय

**जासं, गायघाट, बस्ती :** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के महादेवा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव कार्यालय स्थापित किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि बस्ती मंडल के लोकसभा क्लस्टर प्रभारी सिद्धार्थ नाथ सिंह और विशिष्ट अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष सहजानन्द राय द्वारा किया जाएगा। उद्घाटन दोपहर तीन बजे से होगा। भाजपा नेता बालकृष्ण ने बताया कि गायघाट में राम जानकी मार्ग के बगल स्थित शिक्षा शक्ति भवन में चुनाव कार्यालय बनाया गया है।

# बंटवारे तो कहीं संपत्ति विवाद को लेकर मारपीट, मुकदमा

- दो मामलों में चार महिलाओं समेत आठ के विरुद्ध मुकदमा
- पुरानी बस्ती थाने के महुड़र रेहरवा व स्टेशन रोड की घटना

जासं, बस्ती: पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के एक स्थान पर बंटवारे के विवाद को लेकर तो दूसरे स्थान पर संपत्ति विवाद को लेकर हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने चार महिलाओं समेत आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

थाना क्षेत्र के महुड़र रेहरवा निवासी उदयभान ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि सोमवार को आपसी संपत्ति बंटवारे के विवाद को लेकर विपक्षियों ने लाठी, डंडा, सरिया से मारा पीटा, अपशब्द कहे और जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर सूर्यभान, चन्द्रभान, हर्ष यादव, इन्द्रावती पत्नी चन्द्रभान व किसमती पत्नी सूर्यभान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। वहीं स्टेशन रोड निवासी संध्या गुप्ता पत्नी धीरज ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी मां द्वारा किए गए रजिस्टर्ड वसीयतनामा संपत्ति के विवाद को लेकर विपक्षियों ने उन्हें मारा पीटा। अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। आरोप लगाया कि कमरे का ताला तोड़कर सामान सहित उनके मकान पर कब्जा कर लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नीरज गुप्ता, अनीता, रुक्मिणी निवासी स्टेशन रोड के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने पर मुकदमा

**बस्ती:** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनके पत्नी की फेसबुक पेज को हैक कर उस पर आपत्तिजनक वीडियो व फोटो पोस्ट कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध आइटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# साफ सफाई के दौरान उड़ी धूल को लेकर मारपीट

**बस्ती:** परशुरामपुर थाने के अहिरौली गांव निवासी रामावती पत्नी संतराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 10 मार्च को उनकी बेटी घर की साफ सफाई कर रही थी। इसी बीच धूल अगनू के घर की तरफ चली गई तो अगनू, उसकी पत्नी और उसकी दो बेटियों ने उसे अपशब्द कहते मारा पीटा। जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है। (जासं)

# बालश्रम व भिक्षावृत्ति रोकथाम के लिए चला अभियान

**बस्ती** : बालश्रम मुक्ति, बाल भिक्षा वृत्ति के रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफकिंग यूनिट की टीम ने जिले के विभिन्न कस्बो एवं बाजारों संचालित दुकानों और होटलों की चेकिंग की। अभियान के दौरान बालश्रम रोकथाम के लिए शासन द्वारा दिए गए निर्देशों से दुकानदारों को अवगत कराया गया। अभियान के दौरान रेलवे स्टेशन, मंदिर को भी चेक किया गया। इस मौके पर उप निरीक्षक ज्वाला प्रसाद मिश्र, मुख्य आरक्षी अरुण यादव, हनुमान यादव, आरक्षी विशाल सोनी व महिला आरक्षी पूजा यादव मौजूद रहे। (जासं)

# यौन शोषण के आरोपित सच्चिदानंद के मामले में अधूरी रही गवाही

जागरण संवाददाता,वस्ती: अपने अनुयायी साध्वियों के यौन शोषण व सामूहिक दुष्कर्म के आरोपित कथित बाबा सच्चिदानंद पर दर्ज दो मामलों फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश विजय कुमार कटियार के मंगलवार को गवाही पूरी नहीं हो पाई।

आरोपित बाबा के विरुद्ध स्थानीय कोतवाली में सामूहिक दुष्कर्म, बंधक बनाने, भगोड़ा होने सहित अन्य धाराओं में कुल चार मुकदमे दर्ज है। सभी मुकदमों में आरोप तय करने के बाद अदालत ने साक्ष्य के लिए दो पत्रावली में 11 मार्च व शेष दो में 14 मार्च की तिथि नियत की थी।

सोमवार को एक गवाह का बयान अदालत में शुरू हुआ। इसी

**19 मार्च को कराई जाएगी शेष की गवाही**

बीच अधिवक्ता के निधन से कार्यवाही स्थगित कर मंगलवार की तारीख तय कर की गई। इस दिन भी गवाही शुरू तो हुई, लेकिन समाप्त नहीं हो पाई। न्यायालय ने शेष साक्ष्य की तारीख 19 मार्च तय की है।

2017 में कोतवाली थाने में पुलिस ने सच्चिदानंद उर्फ दयानंद, परम चेतनानंद सहित पांच आरोपितों के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म, बंधक बनाने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। बाद में सच्चिदानंद उर्फ दयानंद, परम चेतनानंद उर्फ पंकज भाई पटेल, प्रमिला बाई व कमला बाई पर भगोड़ा होने का केस दर्ज कर आरोप पत्र दाखिल किया। इन दोनों मामलों में सभी आरोपितों की न्यायालय में उपस्थिति के दौरान आरोप 27 फरवरी को तय कर दिया गया। शेष दो मुकदमा में आरोपितों की गैर मौजूदगी के कारण आरोप पिछली तारीख पर तय नहीं हो सका था। पिछले बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान बाबा सच्चिदानंद, प्रमिला बाई, कमला बाई, ध्यान बाई, उर्मिला बाई उपस्थित हुए।

न्यायालय ने सभी के विरुद्ध आरोप निर्धारित करते हुए वादी मुकदमा के साक्ष्य के लिए 14 मार्च की तारीख तय की है।

पहले से तय आरोप के दोनों ही मामलों में पीड़िता बयान देने के लिए पिछली तारीख पर भी अदालत में हाजिर हुई थी।

# दुर्घटनाओं से सबक नहीं ले रहा बिजली विभाग

## अनदेखी : प्रमुख सड़कों को पार करने वाली हाईटेंशन लाइन के नीचे भी नहीं लगाई सुरक्षा जाली

**जागरण पड़ताल**

जागरण संवाददाता, बस्ती: बिजली विभाग दुर्घटनाओं से भी सबक नहीं लेता। हालात तो इतने खराब हैं कि प्रमुख मार्गों से होकर गुजरे हाईटेंशन तार के नीचे सुरक्षा के उपाय भी नहीं किए जा सके हैं। खुले में बिना सुरक्षा जाली के ट्रांसफार्मर लगाकर भूल जाना विभाग की आदत बन चुकी है। शासन द्वारा मरम्मत एवं पेट्रोलिंग के लिए धन उपलब्ध कराए जाने के बाद भी टेढ़े एवं जर्जर पोलों को नहीं बदला जा सका है। ढीले होकर भूमि के समीप तक तारों के पहुंच जाने के बाद भी उन्हें नहीं ठीक कराया जाता।

चार वर्ष पहले राष्ट्रीय राजमार्ग पर गड़हा गौतम में हाईटेंशन की तार से एक कांवरिया झुलस गया था। तार को हटाने के लिए एक करोड़ रुपये का प्रस्ताव स्वीकृति के लिए शासन को भेजा गया। आज तक धन मिला और न लाइन बदली। बीते 22 फरवरी को हर्रैया तहसील के जगदीशपुर गांव में हाईटेंशन तार में शार्ट सर्किट से एक रिहायसी झोपड़ी जली और घर का सारा सामान खाक हो गया।ग्रामीणों को तार बदलने के लिए उपकेंद्र का घेराव तक करना पड़ा। 23 जून 2019 को बंजरिया फार्म हाउस में हाईटेंशन तार की चपेट में आने से चतुर्थ श्रेणी के दो कर्मचारी रमेश और बीते अपनी



गोरखपुर लखनऊ मार्ग पर गड़हा गौतम ओवर पास के ऊपर गुजरा हाइटेंशन तार • जागरण

- विद्यालयों से गुजरे हाईटेंशन तार से बच्चों को रहता है खतरा
- खुले में बिना जाली के रखे ट्रांसफार्मर दे रहे खतरे को दावत

जान गंवा चुके हैं। पांच अक्टूबर 2022 को कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बागरलेस चौराहे के पास मूर्ति विसर्जन के दौरान करंट के चपेट में आने से गोपाल अग्रहरि की मृत्यु हो चुकी है।

यह घटनाएं तो महज बानगी भर है। इस तरह के मामले आए दिन सामने आते हैं।

विद्युत उप केंद्र पचौही (सल्टौआ) को जाने वाली 33 केवीए लाइन देईपार पड़ाव पर सरयू नहर पुल के बगल से बस्ती डुमरियागंज मार्ग को क्रास करती है। लगभग एक वर्ष पूर्व सुरक्षा जाली टूटकर गिर गई। इसके स्थान पर अभी तक दूसरी सुरक्षा जाली नहीं लगाई गई है। कंपोजिट विद्यालय पड़रिया दत्तू परिसर से लोहे के पोल के सहारे 11 केवीए लाइन गुजरी है। अभिभावकों एवं शिक्षकों द्वारा काफी समय से इसे हटाने की मांग की जा रही है। भानपुर कस्बे में तेनुआ असनहरा मार्ग के बगल लगे एचटी लाइन के आधा दर्जन लोहे के पोल जड़ से सड़ चुके हैं। शिकायतों के बाद भी विभाग द्वारा इन्हें न बदलवाकर दुर्घटना की प्रतीक्षा कर रहा है।

सौनहा शिवाघाट मार्ग पर भिरिया नाला एवं रामनगर के बीच दो स्थानों पर एचटी लाइन क्रास करती है। विभाग द्वारा यहां भी सुरक्षा जाली नहीं लगाई गई है।



रुधौली उपकेंद्र के पास सड़क के ऊपर से गुजरा हाइटेंशन तार • जागरण

### सुरक्षा पर पूरा ध्यान, लोग खुद करते हैं भूल

बस्ती : मुख्य अभियंता विद्युत वितरण जोन बस्ती शिव कुमार सरोज ने कहा कि बिजली विभाग का सुरक्षा पर पूरा ध्यान रहता है। यदि कहीं स्कूल के बीच से हाईटेंशन लाइन गुजरी है तो यह चूक स्कूल प्रबंध समिति या संबंधित विभाग की है। ऐसे जगहों पर स्कूल का निर्माण नहीं कराया जा सकता, जहां एचडी लाइन गुजरी हो। यह लाइन तभी बदली जा सकती है, जब संबंधित विभाग इसके लिए बिजली विभाग को धन दे। बिजली विभाग के पास अपने मद से हाईटेंशन लाइन को बदलने का न तो कोई नियम है और न इसके लिए कोई गाइड लाइन। ऐसे ही जिन लोगों के मकान के ऊपर से लाइन गुजरी है, इसके लिए भी वह ही लोग जिम्मेदार है। पहले से लाइन चल रही है और उसके नीचे मकान बनवा लिए और दुर्घटना होने पर विभाग को दोष देते हैं, यह बिल्कुल गलत है।विभाग को नियमत: लाइनों के नीचे कोई मकान बनवा रहा हो तो उन्हें नोटिस देना चाहिए। जहां भी मुख्य सड़कों के बीच से एचटी लाइनें गुजरी हैं, वहां सर्वे कराकर जाली लगवाने का कार्य किया जाएगा।



शिव कुमार सरोज



लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत गायघाट में पैदल मार्च करते केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ एसडीएम , सीओ ● जागरण

# जवानों का पैदल मार्च, ड्रोन से निगरानी

**जागरण संवाददाता, गायघाट, बस्ती:** आगामी लोकसभा चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शासन प्रशासन ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। मंगलवार को कलवारी पुलिस ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल यानी सीआइएसएफ के साथ सदर तहसील क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में पैदल मार्च कर शांति व्यवस्था बनाए रखने का अपील की।

इस दौरान ड्रोन कैमरे से क्षेत्र में निगरानी की गई। इसके साथ ही मैपिंग भी की गई, जिससे संवेदन और अति संवेदनशील बूथों पर निगरानी रखी जा सके और आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराया जा सके।

इसी को लेकर एसडीएम न्यायिक सत्येंद्र सिंह और कलवारी क्षेत्राधिकार प्रमोद कुमार राय के नेतृत्व में थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के साथ पुलिस और सीआईएसएफ के जवानों ने गायघाट कस्बा, अगौना, चमनगंज, चरकैला, माझा खुर्द सहित आसपास के क्षेत्र में पैदल मार्च और पेट्रोलिंग की।

ग्रामीण से बातचीत कर उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग भय मुक्त होकर करने का अपील की। इस दौरान प्लाटून कमांडर सुरेश कुमार के अलावा तमाम पुलिस बल शामिल रहे।

# पिता-पुत्र व दामाद को पांच साल की सजा

## जानलेवा हमले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम ने सुनाया फैसला

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम प्रमोद कुमार गिरि ने मंगलवार को जानलेवा हमले के मामले में पिता, दो बेटे और दामाद को पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने प्रत्येक पर 8500 रुपये अर्थदंड लगाया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अजय बहादुर पाल व अधिवक्ता इंद्रमणि त्रिपाठी ने न्यायाधीश के समक्ष घटना क्रम रखा। न्यायाधीश को अवगत कराया कि मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के कोड़रा पांडेय गांव की है।

गांव के ब्रह्मदेव पांडेय व विजय शंकर पांडेय में पुश्तैनी जमीन के लिए विवाद चल रहा था। विजय शंकर पांडेय 16 जनवरी 2018 की सुबह निर्माण करा रहे थे।

ब्रह्मदेव ने निर्माण करने से मना किया तो लाठी-डंडा लेकर विजय शंकर पुत्र अतुल पांडेय व निर्भय पांडेय और दामाद इंद्रमणि तिवारी के साथ हमला कर दिए। ब्रह्मदेव को बचाने गए उनके पुत्र अरुण को भी घायल कर दिया।

विवेचना के बाद गंभीर अपराध पाते हुए 15 फरवरी 2018 को केस दर्ज कर आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। अभियोजन की तरफ से नौ गवाहों की गवाही कराई गई। गवाहों के बयान व पत्रावली में उपलब्ध अभिलेखीय साक्ष्य के आधार पर न्यायाधीश ने चारों आरोपियों को सश्रम कारावास की सजा सुनाया।

### अपहृत किए गए राहुल की अदालत में हुई गवाही

**बस्ती।** राहुल मद्धेशिया अपहरण कांड के 22 साल पुराने मामले में मंगलवार को पीड़ित की गवाही पूरी हुई। अगली गवाही 21 मार्च होगी। इस केस में आरोपी पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी सहित तीन आरोपियों की अलग फाइल चल रही है। एमपी-एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश प्रमोद कुमार गिरि ने अलग की गई अन्य आरोपियों की पत्रावली में गवाही के लिए 12 मार्च की तारीख दी थी। वादी मुकदमा धर्मराज मद्धेशिया की मृत्यु हो गई है। अपहृत किए गए उनके पुत्र राहुल मद्धेशिया की गवाही होनी थी। कोतवाली थाना क्षेत्र के रोडवेज तिराहा निवासी धर्मराज मद्धेशिया के पुत्र राहुल का अपहरण छह दिसंबर 2001 को स्कूल जाते समय हो गया था। संवाद

# सीएए की अधिसूचना के बाद संवेदनशील क्षेत्रों में बढ़ी निगरानी

## डिजिटल वालंटियर्स, बीट पुलिस अधिकारी, ग्राम सुरक्षा समितियों के माध्यम से माहौल पर नजर, पुलिस कर्मियों ने की गश्त

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** नागरिकता संशोधन अधिनियम (2019) की अधिसूचना जारी होने के बाद से पुलिस अलर्ट मोड में आ गई है। शांति और कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए एहतियाती उपाय शुरू कर दिए गए हैं।

डिजिटल वालंटियर्स, बीट पुलिस अधिकारी, एसपीओ, ग्राम सुरक्षा समितियों के माध्यम से पुलिस पूरे माहौल पर नजर रखे हुए है। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्त की जा रही है।

कलवारी प्रतिनिधि के अनुसार, मंगलवार को अगौना, गायघाट,



लालगंज क्षेत्र में बाइक से भ्रमण करते पुलिस कर्मी। संवाद



सीओ कलवारी के नेतृत्व में लोगों को किया गया जागरूक। संवाद

घरकैला, चमनगंज तथा सरयू नदी के तटीय गांव में मजिस्ट्रेट सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में सीओ कलवारी प्रमोद कुमार राय, थानाध्यक्ष कलवारी भानुप्रताप सिंह, सीआईएसएफ के प्रभारी सुरेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस व पैरामिलिट्री के जवानों ने मार्च किया। इस दौरान शांति कायम रखने की अपील की।

बनकटी प्रतिनिधि के अनुसार, लालगंज थानाध्यक्ष सुनील कुमार गौड़ के नेतृत्व में पुलिस बल क्षेत्र के बनकटी, भरवलिया, बसौढ़ी, डड़िया, खोरिया, देइसांड़, बानपुर, लालगंज, महादेवा, बरोहिया कला, पंखोबारी तथा अन्य कस्बों सहित चौराहों और मार्गों पर गश्त किया।

संवेदनशील, अतिसंवेदनशील क्षेत्र का भ्रमण कर आमजन मानस को भयमुक्त वातावरण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने का विश्वास दिलाया।

सीआईएसएफ के सब इंस्पेक्टर सुरेश व प्रभारी निरीक्षक सोनहा उपेंद्र कुमार मिश्रा ने फोर्स के साथ बरगदवा, बड़डाड़ नानकार, पिरैला गरीब, डढ़िया, परसा कुतुब, नरखोरिया में फ्लैग मार्च किया।

## मेले से चोरी बाइक पुलिस ने की बरामद

**सल्टौआ।** सोनहा पुलिस ने मेले में चोरी की गई बाइक बरामद कर आरोपी को पकड़ा लिया। पुलिस ने बताया कि रविवार को सिद्धार्थनगर जनपद के भवानीगंज क्षेत्र के हिसामुद्दीनपुर गांव निवासी मुकेश निषाद लोढ़वा स्थित शिव मंदिर पर बाइक से मेला देखने आए थे। मेले से बाइक चोरी हो गई थी। संवाद

## किशोरी को घर से उठा ले जाने की कोशिश

**बस्ती।** कप्तानगंज क्षेत्र की किशोरी को घर से उठाने की कोशिश की गई। पीड़ित की मां का कहना है कि श्रवण 13 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर छह माह से शारीरिक संबंध बना रहा है। नौ मार्च को वह घर आकर उसकी बेटी को अपने साथ जबरदस्ती ले जाने की कोशिश करने लग। बेटी के मना करने पर जान माल की धमकी दी। संवाद

## धूल उड़ने की बात पर मारपीट

**बस्ती।** परशुरामपुर पुलिस में घर की साफ सफाई करते समय धूल उड़ाने की वजह से हुई मारपीट के मामले में चार आरोपियों पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में थाना क्षेत्र के अहिरौला निवासी रामवती पत्नी संतराम ने तहरीर दी। जिसमें बताया कि उसकी लड़की काजल रविवार को 3:30 बजे घर की साफ सफाई कर रही थी। संवाद

## सेल्समैन को पीटने के आरोपियों पर केस

**कलवारी।** भगतपुरा गांव में देसी शराब के दुकान के सेल्समैन की पिटाई के आरोपियों पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। जानकारीकके अनुसार, रविवार की रात आठ बजे सेल्समैन पेशाब करने गया था। थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव के सूरज राजभर व शिवा तथा दो अन्य सहयोगी ने उधार शराब की मांग करने लगे। शराब देने से मना कर दिया तो आरोपियों ने अपशब्द कहते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। संवाद

## बाइक में टक्कर मारने के आरोपी पर केस दर्ज

**बस्ती।** लालगंज पुलिस ने बाइक में टक्कर मारने के आरोपी अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के डफाली टोला निवासी राम प्रसाद ने तहरीर देकर बताया कि तीन मार्च को रात करीब 10:30 बजे उसका बेटा रामजी पाकड़डाड़ में निमंत्रण से घर आ रहा था। ठेकानापार गांव के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दिया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चार मार्च को उसकी मौत हो गई। संवाद

## बिना कारण मारपीट में केस दर्ज

**बस्ती।** वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के भाउपुर परसा जागीर में बिना कारण अपशब्द कहने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति पर केस दर्ज किया है। शीला देवी ने तहरीर देकर गांव के लवकुश प्रजापति पर आरोप लगाया कि वह बिना कारण उसे अपशब्द कहने लगा। मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मारापीटा। संवाद

## बंटवारे के विवाद में मारपीट

**बस्ती।** पुरानी बस्ती पुलिस ने बंटवारे के विवाद में सोमवार को महुड़र रेहरवा गांव में मारपीट के मामले में पांच आरापियों पर बलवा, मारपीट का केस दर्ज किया है। कहा है कि सोमवार को सुबह करीब सात बजे बंटवारे को लेकर सूर्यभान, चंद्रभान, हर्ष यादव, इंद्रावतख्व किसमती ने एक राय होकर लाठी-डंडे व सरिया से मारापीटा। संवाद

## फेसबुक पेज हैक करने का केस

**बस्ती।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र की एक महिला का फेसबुक पेज हैक करने का मामला सामने आया है। आरोप लगाया कि आरोपी उसके पेज पर आपत्तिजनक वीडियो व फोटो पोस्ट कर रहा है। इस संबंध में पुलिस ने महिला के पति की तहरीर पर आरोपी पर आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। संवाद

## संपत्ति के विवाद में मारपीट, तीन नामजद

**बस्ती।** पुरानी बस्ती पुलिस ने संपत्ति के विवाद में मारपीट के मामले में तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया है। संध्या गुप्ता पत्नी धीरज गुप्ता निवासी स्टेशन रोड ने तहरीर दी देकर आरोप लगाया कि स्टेशन रोड निवासी नीरज गुप्ता, अनीता पत्नी अज्ञात और रुक्मणी गुप्ता ने उसकी माता को रजिस्टर्ड वसीयतनामा को लेकर मारा पीटा और अपशब्द कहते हुए कमरे का ताला तोड़कर सामान पर कब्जा कर लिया। संवाद

## किशोरी को भगा ले जाने में तीन नामजद

**बस्ती।** छावनी थाना क्षेत्र की 17 वर्षीय किशोरी को भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया है। आरोपियों में चंद्रशेखर पांडेय, आदर्श पांडेय और कारण शामिल हैं। पुलिस किशोरी की तलाश में जुटी है। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-03-2024

# आत्महत्या : उकसावे के दोषी पति को कठोर कारावास

**बांसी (एसएनबी)।** पत्नी के आत्म हत्या के लिए उकसावा (दुष्प्रेरण) का दोषी पाये जाने पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोहम्मद शफीक ने दोषी पति को 2 वर्ष 1 माह 24 दिन के कठोर *कारावास व 5000 रूपए अर्थदंड की* सजा सुनाया है।

स्थानीय अपर जिला एवं सत्र न्यायालय में एसटी नं 261/22 सरकार बनाम रामप्रसाद में परीक्षणोपरांत न्यायाधीश श्री शफीक ने मृतका के पति अभियुक्त लवकुश को उकसावे का दोषी करार देते हुए 2 वर्ष 1 माह 24 दिन के कठोर कारावास व 5000 रुपए के जुर्माना की सजा से दण्डित किया है। विदित हो कि वादी की पुत्री मीना चौरसिया का विवाह लवकुश पुत्र रामप्रसाद ग्राम मिठवल खुर्द थाना बांसी के साथ हुआ था। 18 जनवरी 2022 को बन्द कमरे में मीना चौरसिया मृत पाई गयी थी। जिसमें वादी मुकदमा रामपति पत्नी रामसेवक ग्राम विसौवा थाना मेंहदावल जनपद

**सजा के साथ आरोपी पर पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी**

संतकबीर नगर के प्रार्थनापत्र पर अपराध संख्या 15/22अंतर्गत धारा 498ए, 304बी भादंसं 3/4 डीपी एक्ट के तहत अभियुक्तगण रामप्रसाद पुत्र रामगरीब, गायत्री पत्नी रामप्रसाद, लवकुश पुत्र रामप्रसाद, वन्दना, रूपा पुत्री रामप्रसाद ग्राम मिठवल खुर्द थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर के विरुद्ध दर्ज हुआ था। विवेचना उपरांत मुकदमे में अभियुक्तगण वन्दना व रूपा की नामजदगी गलत पायी गयी। शेष तीन अभियुक्तगण के विरुद्ध विवेचक द्वारा आरोपपत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। न्यायालय उपरोक्त द्वारा अभियुक्त रामप्रसाद व लवकुश के मुकदमे में एसटी नं. 261/22 सरकार बनाम रामप्रसाद तथा अभियुक्ता गायत्री के मुकदमे में एसटी नं 286/22 सरकार बनाम गायत्री दर्ज कर परीक्षण किया गया। सुनवाई उपरान्त 12 मार्च को अपर सत्र *न्यायाधीश बांसी मोहम्मद शफीक ने एस टी नं 261/22 में अभियुक्तगण रामप्रसाद, लवकुश व एस टी नं 286/22 में अभियुक्ता गायत्री को धारा 304 बी,498ए भादंसं 3/4 डीपी एक्ट में संदेह* का लाभ देकर दोषमुक्त करते हुए अभियुक्त लवकुश को धारा 306 भादंसं का दोषी करार देने के साथ ही उसे 2 वर्ष 1 माह 24 दिन के कठोर कारावास व 5000/ रुपए के जुमनि की सजा से दण्डित किया है। अभियोजन पक्ष की पैरवी सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ईश्वर चन्द्र दूबे ने किया है।

# पुलिस अधीक्षक ने पेंशनर के साथ की बैठक

**सिद्धार्थ नगर(एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने मंगलवार को पुलिस लाइन सभागार कक्ष में पुलिस पेंशनर्स के साथ गोष्ठी कर उनके समस्याओं को सुना,तथा समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया। पुलिस पेंशनर की समस्याओं और सुझाव को सुनकर पुलिस अधीक्षक द्वारा आश्वासन दिया कि पुलिस पेंशनरों की समस्याओं का

**समस्याओं का समाधान करने का दिया निर्देश**

**फ्लैग मार्च कर दिलाया सुरक्षा का एहसास**

तात्काल समाधान किया जाएगा स पुलिस पेंशनर्स को अवगत कराया गया कि बीट पुलिस अधिकारी के गांव में पहुंचने पर उनका अपेक्षित सहयोग करें।प्रचलित साइबर अपराधों के संबंध में सभी को सचेत किया गया तथा अपना ओटीपी किसी को भी शेयर ना करने के लिए बताया गया,सभी से अनुरोध किया गया कि पुलिस के कार्यो का जनता में फीडबैक तथा सुझाव भी देते रहें स गोष्ठी के दौरान सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, अरुणकान्त सिंह क्षेत्राधिकारी कार्यालय अपराध यातायात, प्रतिसार निरीक्षक बीएन गुप्ता पुलिस पेंशनर बोर्ड के अध्यक्ष रिपुंजय उपाध्याय सहित पुलिस पेंशनर उपस्थित रहे। इसी क्रम में नागरिकता संशोधन अधिनियम (2019), रमजान माह व आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने थाना सिद्धार्थनगर पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम के द्वारा कस्बा सिद्धार्थनगर में एरिया डोमिनेशनफ्लैग मार्च कर आम जनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया गया।

इस दौरान लोगो से आपसी सौहार्द बनाये रखने व अफवाहों से दूर रहने को अपील की गई। किसी भी खबर की प्रमाणिकता जाने बिना शेयर न करने हेतु अपील किया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, सुजीत कुमार राय क्षेत्राधिकारी सदर, प्रभारी निरीक्षक सिद्धार्थनगर व थाना सिद्धार्थनगर के अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहें।



पेंसनर्स के साथ बैठक करती पुलिस अधीक्षक

# दस किलो चरस के साथ दो नेपाली महिलाए पकड़ी गई

**बढ़नी (एसएनबी)।** पड़ोसी नेपाल से करीब 10 किलो मादक पदार्थ लेकर आ रही 2 नेपाली महिलाओ को सीमा के निकट एसएसबी चेक पोस्ट पर एसएसबी एवम पुलिस ने बरामद करने में सफलता पाई है।

थानाध्यक्ष (ढेबरुआ) शशांक सिंह द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक (सिद्धार्थनगर) सुश्री प्राची सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज अपरान्ह सीमा के निकट एसएसबी चेकपोस्ट पर संयुक्त चेकिंग के दौरान नेपाल से आ रही 2 महिलाओं की स्थिति संदिग्ध देख उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 9 किलो 700 ग्राम चरस बरामद हुआ। अभियुक्तों से पूछताछ के बाद उनके विरुद्ध थाना ढेबरुआ पर मुअसं 36/2024 में धारा 8/20/23 एनडीपीएस एक्ट का वाद पंजीकृत कर जेल भेज दिया। पकड़े गए अभियुक्तों ने अपना नाम कुमारी बुढ़ा पत्नी सेतबहादुर बुढ़ा,निवासी ग्राम थवाड़ वार्डनं 9, जिला रोल्पा (नेपाल) तथा राजकुमारी पुनमगर पत्नी सेरबहादुर पुनमगर निवासी ग्राम उवा, जिला कपिलवस्तु (नेपाल) बताया है।

नेपाल से लाए गए 9 किलो 700 ग्राम अवैध चरस को बरामद करने में एसी दिनेश कुमार,निरीक्षक भूपेन्द्र राम समेत शशांक सिंह थानाध्यक्ष, एसआई सभाशंकर यादव व अंकित सिंह (एसएसबी), कैलाश चन्द्र, मुकेश कुमार, चन्दन कुमार, सुमन कुमार, पंकज झा, वर्षा जोशी, रूपाली कुमारी, दामोर मित्तल आदि की प्रमुख भूमिका रही।

# रैली निकाल कर ग्रामीणों को किया जागरूक

कपिलवस्तु (एसएनबी)। 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के सीमा चौकी अलीगढ़वा और ककरहवा द्वारा स्कूली बच्चो और ग्रामीणों को रैली के माध्यम से नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे की लत के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया।

विश्व में रोजाना सैकड़ों लोग नशे की लत के कारण अपनी जान गवां रहे है। युवाओं में नशे की लत हमारे समाज को खोखला कर रही। इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम अपने समाज के लोगों को जागरूक करें तथा नशा मुक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान दे। इसी उदेश्य से 43वीं वाहिनी की सीमा चौकी ककरहवा द्वारा केरनबीर सिंह सहायक कमान्डेंट के नेतृत्व में स्थानीय नागरिकों व मानव से संस्थान सेवा के कर्मियों के साथ ककरहवा बाजार में तथा सीमा चौकी अलीगढ़वा द्वारा उप निरीक्षक प्रकाश चंद के नेतृत्व में मार्डन पब्लिक स्कूल अलीगढ़वा के बच्चों के साथ अलिगढ़वा बाजार से चेक पोस्ट तक रैली आयोजन कर ग्रामीणों को नशे से दूर रहने और परिवार के सदस्यों को नशे से दूर रखने के लिए जागरूक किया गया। रैली के दौरान पोस्टर बैनर के माध्यम से सीमाई क्षेत्र के नागरिकों को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक कर ई-शपथ दिलाया गया। जिससे उस क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान में सहयोग हो सके। कार्यक्रम के दौरान 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सीमा चौकी ककरहवा तथा अलिगढ़वा के कार्मिको के साथ- साथ मडर्न पब्लिक स्कूल के अध्यापक शोएब के साथ अन्य स्कूली बच्चे तथा मानव सेवा संस्थान सेवा से बृजलाल यादव, प्रियंका चौधरी, कलावती चौरसिया और अन्य स्थानीय नागरिक सम्मिलित हुए।

# पुलिस कर्मियों को फिट रहने को लगवाई दौड़

सिद्धार्थनगर। एएसपी सिद्धार्थ ने मंगलवार को पुलिस लाइंस ग्राउंड में साप्ताहिक परेड की सलामी ली। पुलिस कर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई।

उन्होंने अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने को टोलीवार ड्रिल कराया। साथ ही क्वार्टर गार्द, परिवहन शाखा आदि का निरीक्षण कर साफ-सफाई को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस लाइंस के आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध में गार्द कमांडरों को जरूरी निर्देश दिए।

# पति को दो वर्ष एक माह 24 दिन की सजा

**बांसी, हिन्दुस्तान संवाद।** अपर सत्र न्यायाधीश बांसी मो.शफीक ने दोष सिद्ध होने पर पति लवकुश को दो वर्ष एक माह 24 दिन की कठोर कारावास व पांच हजार के जुर्माना की सजा सुनाई है।

बांसी कोतवाली क्षेत्र के मिठवल खुर्द के मीना पत्नी लवकुश 18 जनवरी 2022 को बंद कमरे में मृत पाई गई थी। मायके वालों ने ससुर रामप्रसाद, सास गायत्री, पति लवकुश, ननद वंदना व रूपा पर केस दर्ज कराया था। विवेचना के दौरान वंदना व रूपा की नामजदगी गलत पाई गई। इसके बाद विवेचक ने तीन आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र न्यायालय में प्रेषित किया। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने रामप्रसाद व गायत्री को संदेह का लाभ देकर दोषमुक्त करार दिया। परन्तु पति लवकुश को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

## गिरफ्तारी न होने पर जताई नाराजगी

बांसी। भारतीय मानवाधिकार जागृति संगठन की बैठक जिला संयोजक सतीश चंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई। इसमें पिछले दिनों रात के वक्त कस्बे के इंदिरा नगर वार्ड गंगुली निवासी अधिवक्ता फिरोज खान पर हुए हमले को लेकर चर्चा की गई। इस मामले में आरोपित की गिरफ्तारी न होने पर नाराजगी जताते हुए तत्काल गिरफ्तारी की मांग की गई।

# आचार संहिता का अनुपालन जरूरी

**लोकसभा चुनाव**

**सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता।** जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम पवन अग्रवाल ने मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में लोक सभा चुनाव को लेकर अफसरों संग बैठक की। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि निर्वाचन की घोषणा होते ही आचार संहिता का पूरी निष्ठा के साथ अनुपालन करना सुनिश्चित करें।



जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम पवन अग्रवाल ने मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में लोक सभा चुनाव को लेकर बैठक की।

डीएम ने जिला दिव्यांग अधिकारी को निर्देश दिया कि सभी मतदान स्थल पर दिव्यांग कुर्सी की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक सीडीओ जयेंद्र कुमार ने बताया सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त कर दिए गए हैं। इसके अलावा मास्टर ट्रेनर नियुक्त किए गए हैं। साथ ही डाक मतपत्र के लिए उप कृषि निदेशक को नियुक्त किया गया है। परिवहन व्यवस्था के लिए अपर उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, एआरटीओ तथा सहायक अभियंता डीआरडीए को नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर एडीएम उमाशंकर, एसडीएम नौगढ़ ललित कुमार मिश्र, डुमरियागंज संजीव दीक्षित, बांसी कुणाल, इटवा राहुल सिंह, शोहरतगढ़ प्रवेन्द्र, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीसी एनआरएलएम योगेंद्र लाल भारती आदि मौजूद रहे।

# सीएए व रमजान को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट

## सख्ती

- एसपी ने शहर में सुरक्षा कर्मियों संग किया फ्लैग मार्च
- खबर की प्रमाणिकता जाने बिना शेयर न करने की अपील की



एसपी प्राची सिंह ने मंगलवार को नागरिकता संशोधन अधिनियम, रमजान माह व आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सुरक्षा कर्मियों संग शहर में फ्लैग मार्च किया।

सिद्धार्थनगर, वरिष्ठ संवाददाता। नागरिकता संशोधन अधिनियम, रमजान माह व आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू होने के बाद एसपी प्राची सिंह के निर्देश पर पुलिस कर्मियों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सोमवार देर रात तक पोस्टर पार्टी निकालकर धार्मिक व संवेदनशील स्थलों पर चेकिंग अभियान चलाया। मंगलवार को भी चेकिंग अभियान जारी रहा।

एसपी प्राची सिंह ने मंगलवार को शहर में नागरिकता संशोधन अधिनियम(2019), रमजान माह व आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम के साथ फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का अहसास कराया। एसपी ने सभी से आपस में सौहार्द बनाए रखने, अफवाहों से दूर रहने व किसी भी खबर की प्रमाणिकता जाने बिना शेयर न करने की अपील की। एसपी ने मंगलवार दोपहर बाद शहर के हाइडिल तिराहा से सुरक्षा कर्मियों संग फ्लैग मार्च शुरू किया। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने शहर के भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर चेकिंग की। रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन के आसपास भी चेकिंग की गई। साथ ही आम जन से बात कर सुरक्षा का अहसास कराते हुए सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। इस अवसर पर एएसपी सिद्धार्थ, सीओ सुजीत कुमार राय, थाना प्रभारी गौरव सिंह आदि मौजूद रहे।



43वीं वाहिनी एसएसबी के सीमा चौकी खुनुवा में सहायक कमांडेंट राज पाल की अध्यक्षता में सिविल पुलिस, एपीएफ नेपाल, नेपाल पुलिस के साथ बैठक हुई।

# सुरक्षा कर्मियों ने की सुरक्षा पर चर्चा

खुनुवा। 43वीं वाहिनी एसएसबी के सीमा चौकी खुनुवा के सहायक कमांडेंट राज पाल की अध्यक्षता में मंगलवार को सिविल पुलिस, एपीएफ नेपाल, नेपाल पुलिस के साथ बैठक हुई। इसमें सीमाई क्षेत्र के मौजूदा हालात व आगामी चुनाव को लेकर सुरक्षात्मक बिन्दुओं पर चर्चा की गई। साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छता व राष्ट्र सुरक्षा के लिए जागरूक किया। बैठक में एपीएफ नेपाल से उप निरीक्षक मान बहादुर चौधरी, नेपाल पुलिस मर्यादपुर से चौकी प्रभारी एएसआई नील कंठ ढकाल, पुलिस चौकी खुनवा से एसआई जगत नारायण यादव आदि मौजूद रहे।



बढ़नी कस्बे के के भारत-नेपाल सीमा पर चरस के साथ पकड़ी गई महिलाएं।

# 9.7 किग्रा चरस के साथ दो नेपाली महिलाएं गिरफ्तार

- एसएसबी व ढेबरुआ पुलिस की संयुक्त टीम ने की गिरफ्तारी
- तलाशी में महिलाओं के पास से बरामद हुआ दो पैकेट

**बढ़नी, हिन्दुस्तान संवाद।** एसएसबी व ढेबरुआ पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार को बढ़नी कस्बे के पिलर संख्या 567/01 के पास से 9.7 किग्रा चरस के साथ दो नेपाली महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया।

एसओ ढेबरुआ शशांक सिंह ने बताया कि ढेबरुआ पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम पिलर संख्या 567/01 के पास गश्त पर थी। इस दौरान दो संदिग्ध महिलाएं दिखी। टीम ने उन्हें रोककर तलाशी ली तो उनके पास से दो पैकेट बरामद हुए। इसमें एक पैकेट में 5.2 किग्रा व एक में 4.5 किग्रा चरस बरामद हुआ। पकड़ी गई महिलाओं की पहचान नेपाल के कपिलवस्तु जिले की उवा गांव निवासी राजकुमारी पत्नी शेरबहादुर पुनमगर व रोल्पा जिला के थबाड वार्ड नंबर नौ निवासी बूढ़ा पत्नी सेत बहादुर बूढ़ा के रूप में हुई। बरामद चरस की कीमत लगभग 50 लाख रुपये बताई जा रही है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। टीम में एसएसबी के सहायक कमांडेंट दिनेश कुमार, निरीक्षक भूपेंद्र राम, थानाध्यक्ष ढेबरुआ शशांक सिंह, एसआई सभाशंकर यादव, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार मौर्य, राकेश कुमार, राजू कुमार, एसआई अंकित सिंह, कैलाश चंद, मुकेश कुमार, कांस्टेबल चंदन कुमार, सुमन कुमारआदि शामिल रहे।

# सीएम के कार्यक्रम को लेकर तैयारी शुरू

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे बीएसए मैदान से विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास
- लोकसभा चुनाव को लेकर कर सकते हैं जनप्रतिनिधि और पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। 15 मार्च को उनके आने की संभावना है। वह बीएसए मैदान में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक से संबंधित भी तैयारी की जा रही है। जिलाधिकारी पवन कुमार अग्रवाल, सीडीओ जयेंद्र कुमार ने मंगलवार को बीएसए मैदान का निरीक्षण किया। यहां की तैयारियों की समीक्षा की। कार्यक्रम से संबंधित अधिकृत सूचना अभी नहीं आई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जनपद में कार्यक्रम प्रस्तावित है। वह विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। इनमें मेडिकल कालेज में नवनिर्मित 300 बेड का अस्पताल प्रमुख है। इसके अलावा सैनिक कल्याण भवन का भी शिलान्यास करेंगे। लोकसभा चुनाव को लेकर जनप्रतिनिधि व पार्टी के



बीएसए मैदान में मुख्यमंत्री के आगमन से पूर्व तैयारियों का जायजा लेते डीएम पवन अग्रवाल, सीडीओ जयेंद्र कुमार ● जागरण

पदाधिकारियों के साथ वह बैठक भी कर सकते हैं। प्रशासन ने बीएसए मैदान में बने हैलीपैड के मरम्मत का कार्य कराना प्रारंभ कर दिया है। पीडब्लूडी विभाग की ओर से इस काम के लिए एक सहायक व दो अवर अभियंता को लगाया गया है। एसडीएम सदर व प्रभारी वीआइपी कार्यक्रम डा. ललित कुमार मिश्रा, एसडीएम शोहरतगढ़ कर्मेंद्र, अतिरिक्त एसडीएम प्रदीप कुमार यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

# पेंशनरों की समस्याओं का तत्काल होगा समाधान

सिद्धार्थनगर। एसपी प्राची सिंह ने मंगलवार को पुलिस लाइंस सभागार में पुलिस पेंशनर्स के साथ गोष्ठी की। उन्होंने पुलिस पेंशनर की समस्याओं व सुझाव को सुनकर आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाएगा गोष्ठी में प्रचलित साइबर अपराधों के संबंध में सभी को जागरूक किया गया। साथ ही बताया गया कि अपना ओटीपी किसी को भी शेयर न करें। गोष्ठी में एएसपी सिद्धार्थ, सीओ अरुणकांत सिंह, प्रतिसार निरीक्षक बीएन गुप्त, पुलिस पेंशनर बोर्ड के अध्यक्ष रिपुंजय उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर किया पैदल मार्च

**सिद्धार्थनगर** : पुलिस ने मंगलवार को विभिन्न स्थानों पर पैदल मार्च किया। बार्डर से सटे थानों मोहाना, डेबरुआ समेत अन्य स्थानों पर केंद्रीय बलों के साथ मार्च कर लोगों से सहयोग की अपील की। कहा कि रमजान शुरु हो चुका है। लोकसभा चुनाव होने को है। देश मे सीएए लागू हो गया है। कुछ लोग समाज में लोगों को बरगलाने का कार्य करते हैं, ऐसे लोगों से सभी को सतर्क रहना चाहिए। शहर में हुए पैदल मार्च में सीओ सदर सुजीत कुमार राय, प्रभारी निरीक्षक सदर गौरव सिंह, उपनिरीक्षक रितीश चंचल समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# पुलिस पेंशनरों के साथ एसपी ने की बैठक

**सिद्धार्थनगर**: एसपी प्राची सिंह सिंह ने मंगलवार को पुलिस लाइन सभागार में पुलिस पेंशनरों के साथ बैठक की। लोगों की समस्या को सुना। उन्होंने कहा कि जब बीट पुलिस अधिकारी गांव में पहुंचें तो उनकी मदद करें, ताकि अपराधियों को आसानी से पकड़ने के साथ घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। एएसपी सिद्धार्थ ने कहा कि किसी प्रकार की समस्या होने पर इसकी जानकारी अधिकारियों को जरूर दें। जब भी किसी मदद की जरूरत होगी तो विभाग उनके साथ खड़ा मिलेगा। इस मौके पर सीओ कार्यालय अरुणकान्त सिंह, प्रतिसार निरीक्षक भूतनाथ गुप्ता, पुलिस पेंशनर बोर्ड के अध्यक्ष रिपुंजय उपाध्याय सहित अन्य पुलिस पेंशनर उपस्थित रहे ।

# नौ किलो चरस के साथ दो महिलाएं गिरफ्तार

- बढ़नी कस्बे के पास हुई महिलाओं की गिरफ्तारी
- एसएसबी और पुलिस टीम को मिली सफलता

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : एसएसबी व डेबरुआ थाना पुलिस ने मंगलवार को 9.700 किग्रा चरस के साथ दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। आरोपितों का नाम कुमारी बुढ़ा पत्नी सेरबहादुर बुढ़ा निवासी ग्राम थवाड़ वार्डनंबी नौ जिला रोल्पा व राजकुमारी पुनमगर पत्नी सेरबहादुर पुनमगर निवासी ग्राम उवा जिला कपिलवस्तु नेपाल है। दोनों को पुलिस ने एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

एसएसबी व डेबरुआ थाना पुलिस की टीम नेपाल बार्डर पर आवाजाही करने वालों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान दो महिलाएं बढ़नी बार्डर से थोड़ी दूर स्थित पगडंडी से नेपाल से भारतीय सीमा में प्रवेश किया। टीम को देख दोनों महिलाओं ने भागने की कोशिश की तो महिला जवानों ने दोनों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान इनके पास से चरस बरामद किया गया। गिरफ्तारी टीम में 50वीं वाहिनी के सहायक कमांडेंट दिनेश कुमार, निरीक्षक भूपेन्द्र राम, थाना प्रभारी डेबरुआ शशांक सिंह, उपनिरीक्षक सभाशंकर यादव, धर्मेन्द्र कुमार मौर्या, महिला आरक्षी वर्षा जोशी, रूपाली कुमार समेत अन्य जवान शामिल रहे।



बढ़नी बार्डर के पास चरस के साथ पकड़ी गई महिलाएं, एसएसबी के जवान व पुलिस टीम– पुलिस मीडिया सेल

# एसएसबी ने रैली निकाल कर नशा मुक्ति का दिया संदेश

ककरहवा : नशीली दवाओं एवं नशीले पदार्थों के सेवन और दुरुपयोग को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सशस्त्र सीमा बल 43वीं वाहिनी के जवानों ने मंगलवार को रैली निकाली। सीमा चौकी ककरहवा के सहायक कमांडेंट के रनवीर सिंह के नेतृत्व में लोगों से नशा करने से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी। कहा कि नशा से परिवार व जीवन तबाह हो जाता है। लोगों को न सिर्फ इससे बचना चाहिए, बल्कि लोगों को भी बचाना चाहिए।

# दहेज हत्या के आरोपित पति को दो वर्ष का कारावास

बांसी: पूर्व में दहेज हत्या के मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोहम्मद शफीक की कोर्ट ने मंगलवार को आरोपित को दोषी करार दिया। कोर्ट ने उसे दो वर्ष एक माह 24 दिन के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही पांच हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। बांसी कोतवाली क्षेत्र के मिठवल खुर्द गांव निवासी लवकुश चौरसिया पुत्र रामप्रसाद निवासी के साथ 2022 में हुई थी। उसकी पत्नी मीना की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी। मृतका की मां रामपति पत्नी रामसेवक निवासी बिसौवा थाना मेहदावल जिला संतकबीरनगर पुलिस को तहरीर देकर ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने मृतका के पति, सास-ससुर तथा ननद के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की।

# तीन दिनों में होंगी योगी की नौ जनसभाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकसभा चुनाव में भाजपा का माहौल बनाने के लिए बुधवार से शुक्रवार तक हर दिन तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। 'फिर एक बार मोदी सरकार' के संकल्प के साथ मुख्यमंत्री सार्वजनिक सभाओं में डबल इंजन की सरकार की उपलब्धियां गिनाएंगे। मुख्यमंत्री की रैलियों की शुरुआत बुधवार से होने जा रही है। पहले दिन उन्नाव, फर्रुखाबाद व बरेली में योगी सभाएं करेंगे। रैलियों में मुख्यमंत्री का भी फोकस उन योजनाओं की याद दिलाना है जिनका सीधा लाभ लाभार्थियों को मिल रहा है। 14 मार्च को योगी अंबेडकरनगर, अयोध्या व गोंडा में जनसभाएं करेंगे। इसी प्रकार 15 मार्च को भी मुख्यमंत्री बलरामपुर, सिद्धार्थनगर व गोरखपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। पार्टी भी मुख्यमंत्री की जनसभाओं व रैलियों की तैयारियों को लेकर जुट गई है। इसमें बड़ी संख्या में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को बुलाया जा रहा है। इसमें मुख्यमंत्री यह भी बताएंगे कि बगैर भेदभाव के डबल इंजन की सरकार में योजनाओं का लाभ सभी को मिल रहा है।

# नशा दुष्प्रभाव के प्रति किया जागरूक

**ककरहवा।** मंगलवार को 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के सीमा चौकी अलीगढ़वा और ककरहवा द्वारा स्कूली बच्चों और ग्रामीणों ने रैली निकाल कर नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे की लत के दुष्प्रभाव के बारे में लोगों को जागरूक किया।

स्थानीय नागरिकों व मानव सेवा संस्थान के प्रतिनिधियों के साथ ककरहवा बाजार में तथा सीमा चौकी अलीगढ़वा द्वारा उप निरीक्षक प्रकाश चंद के नेतृत्व में मॉर्डन पब्लिक स्कूल अलीगढ़वा के बच्चों के साथ अलीगढ़वा बाजार से चेक पोस्ट तक रैली निकाल कर ग्रामीणों को नशे से दूर रहने और परिवार के सदस्यों को नशे से दूर रखने के लिए जागरूक किया गया।

रैली के दौरान पोस्टर बैनर के माध्यम से लोगों को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक कर ई-शपथ दिलाई गई। संवाद

# चार आरोपियों की हिस्ट्रीशीट खोली

सिद्धार्थनगर। गोवध सहित अन्य अपराध करने वाले चार आरोपियों की पुलिस ने हिस्ट्रीशीट खोली है। अब उनकी हर गतिविधियों की निगरानी की जाएगी।

इनमें रफीकुल्लाह उर्फ पताल, जहीर उर्फ जाहिद निवासी तेलियाडीह कर्बलाडीह थाना डुमरियागंज, अतीक निवासी भावपुर मीरा, हैदर मेहदी निवासी सिसई थाना इटवा शामिल हैं। संवाद

# अधिवक्ता के हमलावरों पर कार्रवाई के लिए दिया धरना

## डुमरियागंज में बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने एसडीएम को दी विरोध प्रस्ताव की प्रति, बोले-जल्द हो कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**डुमरियागंज।** बार एसोसिएशन डुमरियागंज के अधिवक्ताओं ने मंगलवार को बांसी में अधिवक्ता पर हुए प्राण घातक हमला की घटना सहित इटवा में ग्रामीण न्यायालय निर्माण के विरोध में धरना दिया। एसडीएम को विरोध प्रस्ताव की प्रति देकर हमलावरों को कड़ी सजा देने तथा न्यायालय स्थानांतरण को रद्द किए जाने की मांग की गई है।

मंगलवार को बार एसोसिएशन की बैठक अध्यक्ष इंद्रमणि पांडे की अगुवाई में की गई। इसमें ग्राम न्यायालय के संगठन में तथा बासी के अधिवक्ता फिरोज अहमद खान के ऊपर हुए प्राण घातक हमला करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी न किए जाने के बारे में चर्चा की गई।

अध्यक्ष इंद्रमणि पांडे ने कहा कि बांसी बार एसोसिएशन के समर्थन में व इटवा में ग्रामीण न्यायालय बनाए जाने के विरोध में डुमरियागंज के अधिवक्ता न्यायिक कार्यो से विरत रहेंगे, जब तक इसका निस्तारण नहीं हो जाता है। इस दौरान विकास सिंह, नदीम, रवि शंकर पांडे, अवध बिहारी, सुल्तान मेहंदी, रमन श्रीवास्तव मौजूद रहे।



डुमरियागंज में ग्राम न्यायालय के विरोध में आंदोलन करते अधिवक्ता। संवाद

### ग्राम न्यायालय के विरोध में अधिवक्ताओं का आंदोलन जारी

**डुमरियागंज।** ग्राम न्यायालय की स्थापना के विरोध में मंगलवार को अधिवक्ताओं का आंदोलन जारी रहा। डुमरियागंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रमणि पाण्डेय की अध्यक्षता में बार एसोसिएशन की एक बैठक बार भवन में बुलाई गई। जिसमें इटवा में ग्राम न्यायालय के गठन के विरोध में समस्त न्यायिक कार्य से विरत रहने की चर्चा हुई। महामंत्री राम बहादुर यादव ने ग्राम न्यायालय वापस करने की मांग की, और बांसी बार एसोसिएशन के प्रस्ताव का समर्थन किया। एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ताओं ने कचहरी परिसर में प्रदर्शन किया। वह प्रदर्शन करते हुए डुमरियागंज सिविल जज जूनियर डिविजन के न्यायालय पहुंचे और नारेबाजी की। इस दौरान सिविल बार के अध्यक्ष महबूब आलम, राकेश श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, राजेश दुबे, चंद्र किशोर सिंह, बाल मुकुंद श्रीवास्तव, शैलेंद्र रावत, सुलतान मेहदी, रमन श्रीवास्तव, विकास सिंह, राम कृति गुप्ता आदि उपस्थित रहे। संवाद

### बांसी में भी अधिवक्ता पर हमले की निंदा

**बांसी।** भारतीय मानवाधिकार जागृति संगठन की मंगलवार को आयोजित बैठक में अधिवक्ता फिरोज खान पर हुए हमले की निंदा की गई। जिला संयोजक सतीश चंद्र त्रिपाठी ने हमलावर की गिरफ्तारी अब तक नहीं होने पर रोष व्यक्त किया। संगठन के लोगों ने निर्णय लिया कि अगर गिरफ्तारी नहीं होती है तो आंदोलन को बाध्य होंगे। इस दौरान देवेंद्रधर द्विवेदी, गंगा प्रसाद तिवारी, कृष्ण बहादुर सिंह, अनिल कुमार श्रीवास्तव, हरीश चंद्र त्रिपाठी मौजूद रहे। संवाद

# मनरेगा कार्यस्थल पर वीडियो बनाने पर विवाद

**घोसियारी।** थाना शिवनगर डिंडई क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरा दोयम में मनरेगा कार्य के दौरान कार्य स्थल पर मनरेगा मजदूर व गांव के कुछ लोगों के बीच विवाद होने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के मुताबिक गांव स्थित बरगदवा गड्ढे में ग्राम पंचायत द्वारा खुदाई व सफाई का कार्य कराया जा रहा था। इसी दौरान गांव के कुछ लोग मनरेगा कार्य में कार्यरत मजदूरों, जिसमें महिला व पुरुष दोनों थे, उनका वीडियो बनाने लगे। बताया जाता है कि वीडियो बनाने को लेकर ही विवाद हो गया। ग्राम प्रधान अनिल चौधरी ने बताया कि सूचना पर कार्यस्थल पर पहुंचने पर लोगों ने उनके व उनके भतीजे के साथ मारपीट की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक शिवनगर डिंडई राम कृपाल ने बताया कि अभी वह थाने पर नहीं है। यदि तहरीर मिलती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# पौने दस किलो चरस बरामद दो नेपाली महिलाएं गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

## एसएसबी और ढेबरुआ पुलिस की संयुक्त टीम ने बढ़नी बॉर्डर से पकड़ा

बढ़नी। एसएसबी और ढेबरुआ पुलिस की संयुक्त टीम के हाथ मंगलवार को बड़ी सफलता लगी। बॉर्डर पार करते हुए पौने दस किलो चरस के साथ दो नेपाली महिलाओं को दबोच लिया। पूछताछ के बाद ढेबरुआ पुलिस ने केस दर्ज करके न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

एसएसबी सहायक सेनानायक दिनेश कुमार के मुताबिक उनकी अगुवाई में बढ़नी से पोस्ट पर पुलिस के साथ संयुक्त चेकिंग की जा रही थी। इसी बीच दो महिलाओं ने बॉर्डर पार किया।

संदिग्ध दिखने पर महिला आरक्षियों ने तलाशी ली तो उनके झोले से 9 किलो 700 ग्राम चरस बरामद किया गया। पूछताछ में इन्होंने अपनी पहचान राजकुमारी निवासी शिवगढ़ी थाना चंद्रौटा जिला कपिलवस्तु तथा दूसरी ने अपना नाम कुमारी बूढ़ा निवासी थवाड़ वार्ड नंबर 9 जिला रोल्पा नेपाल बताया।

यह लोग नेपाल से लेकर चरस आ रही थीं। ढेबरुआ पुलिस ने मादक पदार्थ अधिनियम के तहत केस दर्ज करके दोनों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 50 लाख रुपये होगी।

इस संबंध में थानाध्यक्ष ढेबरुआ शशांक कुमार सिंह ने बताया कि केस दर्ज के आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। बरामद चरस के कनेक्शन को तलाशा जा रहा है कि कहां से आ रहा था और किसे सप्लाई देना था।

# पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने में पति को दो साल कैद

## बांसी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिठवल खुर्द में हुई थी घटना

संवाद न्यूज एजेंसी

अदालत से

बांसी। पत्नी की आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में दोषी साबित हुए पति को अपर सत्र न्यायाधीश बांसी मोहम्मद शफीक ने दो वर्ष एक माह 24 दिन की कैद व पांच हजार जुर्माने की सजा सुनाई।

बांसी कोतवाली के ग्राम मिठवल खुर्द में मीना चौरसिया का विवाह लवकुश पुत्र रामप्रसाद के साथ हुआ था। 18 जनवरी वर्ष 2022 को बंद कमरे में मीना चौरसिया मृत पाई गयी थी। इसमें वादी मुकदमा मृतक की मां रामपति पत्नी रामसेवक ग्राम बिसौवा थाना मेंहदावल जनपद संतकबीरनगर के प्रार्थना पत्र पर अभियुक्तगण रामप्रसाद पुत्र रामगरीब, गायत्री पत्नी रामप्रसाद, लवकुश पुत्र रामप्रसाद, वंदना, रूपा पुत्री रामप्रसाद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था।

विवेचना के उपरांत मुकदमे में अभियुक्तगण वंदना व रूपा की नामजदगी गलत पाई गई, जबकि शेष तीन अभियुक्कों के विरुद्ध विवेचक द्वारा आरोपपत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। सुनवाई उपरांत अपर सत्र न्यायाधीश मोहम्मद शफीक ने अभियुक्तगण रामप्रसाद व गायत्री को संदेह का लाभ देकर दोषमुक्त करार दिया। वहीं अभियुक्त लवकुश को दोषी मानते हुए उक्त सजा सुनाई।

अभियोजन पक्ष की पैरवी सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ईश्वर चंद्र दूबे ने की।

# 15 को 18 अरब की परियोजनाओं का सीएम करेंगे शिलान्यास और लोकार्पण

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 15 मार्च को जिले में प्रस्तावित है कार्यक्रम

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। सीएम योगी आदित्यनाथ का जिले में 15 मार्च को कार्यक्रम प्रस्तावित है। वह 1894 करोड़ की 551 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी के मद्देनजर मंगलवार को डीएम पवन अग्रवाल ने सीडीओ जयेंद्र कुमार के साथ बीएसए मैदान का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि सीएम का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लगने की आहट के बीच 11 मार्च को सीएम के कार्यक्रम को लेकर उहापोह बनी थी, लेकिन कोई कार्यक्रम नहीं आया। अब 15 मार्च को सीएम के जिले में आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई है।

इसके मद्देनजर सीएम से जिले समेत गोरखपुर, बस्ती और अयोध्या तक के परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण कराने की तैयारी चल रही है। उनसे 1582 करोड़ रुपये लागत वाली 508 परियोजनाओं का शिलान्यास कराने की तैयारी है, साथ ही 312 करोड़ रुपये लागत की 43 परियोजनाओं का शिलान्यास होना है। इसमें अकेले जलनिगम ग्रामीण की 1196 करोड़ रुपये लागत की 423 परियोजनाओं का शिलान्यास, 7.95 करोड़ रुपये लागत की पांच परियोजनाओं का लोकार्पण शामिल है। साथ ही वह पीडब्लूडी के 131 करोड़ की 36 परियोजना व सिंचाई विभाग की 132 करोड़ के 15 कार्यों का शिलान्यास शामिल है।



बीएसए ग्राउंड का निरीक्षण करते डीएम पवन अग्रवाल। संवाद

इसके अलावा पीडब्लूडी बस्ती, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग सिद्धार्थनगर, उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद, यूपीपीसी बस्ती, राज्य सेतु निगम बस्ती, सी एंड डीएस, यूपी सिडको एवं नगर पंचायत बढ़नी, भारतभारी, बढ़नीचाफा, बिस्कोहर व कपिलवस्तु की परियोजनाएं भी शामिल है।

डीएम के निरीक्षण के दौरान एसडीएम नौगढ़ डॉ. ललित कुमार मिश्र समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जिन्हें तैयारी के मद्देनजर जरूरी निर्देश दिए गए।

# नेपाल बॉर्डर से जिला मुख्यालय तक बढ़ी चौकसी

सिद्धार्थनगर। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू हो गया है। सुरक्षा के मद्देनजर नेपाल बॉर्डर से लेकर जनपद मुख्यालय तक पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। रमजान और होली को भी देखते हुए मंगलवार को एसपी की अगुवाई में अर्धसैनिक बल और पुलिस अफसरों ने संयुक्त मार्च किया। सोशल मीडिया पर भी पुलिस निगरानी कर रही है। एसपी ने कहा कि अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

नागरिक संशोधन कानून 2019 को केंद्र सरकार ने सोमवार को लागू कर दिया। कानून लागू होते ही शांति व्यवस्था कायम करने के लिए पुलिस अलर्ट मोड में आ गई। जिनसे माहौल बिगड़ने की आशंका है, पुलिस और खुफिया एजेंसियां उन पर नजर रख रही हैं। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की अगुवाई में अर्धसैनिक बल और पुलिस की टीम ने मार्च किया। इस दौरान आम जनमानस में सुरक्षा का अहसास कराया गया। संवाद

## 68 किमी नेपाल सीमा पर खुफियां एजेंसियां सतर्क

जिले की 68 किलोमीटर सीमा नेपाल से लगा हुआ है। दोनों देशों से लोगों का आना-जाना होता है। सीमापार से कोई आकर माहौल को खराब न कर सके। इसके मद्देनजर सुरक्षा एजेंसियों और लोकल थाने की पुलिस भी अलर्ट है। संदिग्ध दिखने वालों से पूछताछ करने के साथ ही उनका नाम और पता भी नोट किया जाएगा।

### सोशल मीडिया पर नजर

सोशल मीडिया ऐसा प्लेटफॉर्म बन चुका है, जहां कोई सूचना वायरल होकर कब लाखों लोगों तक पहुंच जाए, इसका कोई अंदाजा नहीं है।

*जिले में शांति व्यवस्था कायम है। नागरिकता कानून को लेकर पुलिस अलर्ट है। सभी थानाध्यक्ष को कानून व्यवस्था बनाए रखने क्रम में दिशा-निर्देश दिए गए हैं।*
*– सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक*

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-03-2024

# मारपीट में घायल तीन लोगों को इलाज के लिए भेजा

**संतकबीरनगर।** धनघटा क्षेत्र के घोरांग गांव से एक कॉलर ने किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद में मारपीट की घटना होने से तीन लोगों के घायल होने की सूचना दी। पुलिस कर्मियों ने तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर वहां चल रहे दोनों पक्षों के विवाद को शांत कराकर मारपीट में घायल इन्द्रपाल पुत्र राधे सिंह, मुन्नका देवी पत्नी राम प्रसाद, लक्ष्मी सिंह पुत्र राधे सिंह को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा। संवाद

# महिलाओं को किया जागरूक

**संतकबीरनगर।** जनपद के समस्त थाना क्षेत्र में महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने जागरूकता अभियान चलाया। गांव, कस्बा, स्कूल, कॉलेज, बस स्टैंड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं व बालिकाओं से संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के लिए चौपाल लगाया। उनके साथ शक्ति दीदी के रूप में जुड़कर सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी देकर सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध व इससे बचाव के बारे में बताया। संवाद

# पति समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न का केस

**सहजनवां।** विवाहिता को दहेज के लिए मारपीट कर घर से निकालने के मामले में सहजनवां पुलिस ने पति, सास, ससुर समेत पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, चिलुआताल क्षेत्र के बेला निवासी अभय शंकर की बेटी पूजा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी संतकबीरनगर जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र के खजुरिया निवासी राजेन्द्र यादव से वर्ष 2022 में हुई थी। आरोप है कि पति अक्सर प्रताड़ित करता था। रविवार को सहजनवां क्षेत्र के हरदी गांव बुलाकर बहन-बहनोई के साथ मिलकर मारापीटा। विवाहित की तहरीर पर पुलिस ने पति राजेन्द्र यादव, ससुर मेघनाथ यादव, सास आशा देवी, ननदोई वीरेंद्र यादव, ननद रेनू के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व मारपीट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। इसके अलावा सर्विलांस टीम से मिले इनपुट के आधार पर कई लोगों की पुलिस निगरानी कर रही है। गांव से भी कुछ संदिग्धों को पुलिस ने रात में ही उठाया था। उनसे पूछताछ की जा रही है। संवाद

# नंदिनी हत्याकांड : आरोपी के घर से निकला संदिग्ध फरार

## नंदिनी के जेठ का दावा, जेल में बंद निर्मता के घर में किराए पर रहता है युवक, ग्रामीणों ने पूछताछ शुरु की तो मौका पाकर भागा

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** नंदिनी हत्याकांड अबतक पहेली बना हुआ है। मामले में भले ही चार आरोपी पकड़े जा चुके हैं, लेकिन न तो हत्या की वजह साफ हो रही न हत्यारों तक पुलिस पहुंच पाई है। इसबीच मंगलवार को तब अफरातफरी मच गई जब डीघा गांव के लोगों ने एक संदिग्ध को पकड़ लिया। बताया जाता है कि हत्याकांड की आरोपी के घर से निकले युवक के शरीर पर चोट के कई निशान थे। उससे पूछताछ हो पाती उससे पहले मौका पाकर फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार नंदिनी के जेठ श्रवण कुमार किसी काम से घर के बाहर बैठे थे। इसी दौरान पास के घर से एक संदिग्ध को निकलते देखा तो शोर मचाया। शोर सुनकर जुटे आसपास के लोगों ने संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। उससे पूछताछ की गई तो वह कुछ बता नहीं पाया। इसी बीच वह मौका पाकर फरार हो गया। ग्रामीणों की मानें तो संदिग्ध के चेहरे, गर्दन व हाथ पर चोट के निशान थे।

वहीं, श्रवण कुमार का कहना है कि संदिग्ध युवक नंदिनी हत्याकांड की आरोपी निर्मला के घर में करीब एक माह से किराए पर रहता था। उसको चोट कैसे लगी यह पता नहीं चल पा रहा।

गांव के लोगों का कहना था कि संदिग्ध के बारे में निर्मला ही बता सकती है। फिलहाल वह जेल में है। अगर पुलिस पूछताछ करे तो कुछ जानकारी मिल सकती है कि वह कहां का रहने वाला है और उसके शरीर चोट कैसे लगी। अगर वह संदिग्ध पकड़ में आता है कि हत्याकांड से पर्दा उठ सकता है। इस संबंध में सीओ सुरेश कुमार सिंह का कहना है कि संदिग्ध के बारे में सूचना मिली है। उसकी जानकारी कराई जा रही है। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।



डीघा गांव में रोते-बिलखते नंदिनी राजभर के परिजन। संवाद



डीघा गांव में कबिनेट मंत्री को छत पर खड़े होकर देखते लोग। संवाद



डीघा गांव में पहुंचे कबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर। संवाद

### गांव में फोर्स तैनात चर्चाओं का बाजार गरम

डीघा गांव में पूरी रात पुलिस फोर्स तैनात रही। मंगलवार की सुबह से ही नंदिनी के घर लोगों का आना-जाना शुरू हो गया। कई नेता-रिश्तेदार के साथ ही शुभचिंतक के लोग पहुंचकर परिजनों को सांत्वना देने में जुटे रहे। वहीं नंदिनी की सास रो-रो कर सबको घटना के बारे में बता रही थीं। पड़ोस के घर में ताला बंद रहा। जबकि पड़ोसी भी कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं। दबी जुबान यह भी चर्चा है कि घर में ही नंदिनी की हत्या हुई, लेकिन किसी ने न तो चीख सुनी और न ही किसी को आते-जाते देखा। नंदिनी के कमरे में एक झरोखा भी है। इसके बाद भी कोई आवाज बाहर नहीं आई।

### भाजपा नेता ने एसपी से लगाई सुरक्षा की गुहार

**बखिरा।** सुभासपा के अहिल्या विंग की प्रदेश महासचिव नंदिनी राजभर की हत्या के बाद क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग गोरखपुर के शैलेश कुमार राजभर ने जान की आशंका जताते हुए एसपी से सुरक्षा की गुहार लगाई है।

शैलेश राजभर ने कहा कि विगत दिनों कोतवाली खलीलाबाद डीघा निवासी बालकिशुन राजभर का शव रेलवे ट्रैक पर मिलने व बालकिशुन की जमीन को साजिश के तहत हड़पने के मामले में बालकिशुन की पत्नी व बच्चों को न्याय दिलाने के लिए डीघा चौराहा से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च का नेतृत्व किया था।

**बालकिशुन को न्याय दिलाने के लिए किया था प्रदर्शन**

उसी मामले की पैरवी में डीघा निवासिनी सुभासपा नेत्री नंदिनी राजभर की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई। इस घटना से आशंकित होकर शैलेश राजभर ने आशंका जताई है कि अपराधी अपना अगला निशाना उन्हें बना सकते हैं।

उन्होंने एसपी से जान के खतरे की आशंका जताते हुए सुरक्षा की मांग की है। संवाद

# प्रॉपर्टी डीलर की तलाश में कई स्थानों पर छापे

## नंदिनी हत्याकांड : पुलिस व एसओजी टीम ने आनंद यादव के सभी संभावित ठिकानों पर दी दबिश

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। सुभासपा नेता नंदिनी राजभर की हत्या में आरोपी बनाए गए प्रॉपर्टी डीलर आनंद यादव की गिरफ्तारी के लिए पुलिस और एसओजी टीम ने कई स्थानों पर छापे मारे गए। इसके बावजूद वह पकड़ में नहीं आया। इधर नंदिनी के गांव डीघा में अभी भी पुलिस बल तैनात है। नंदिनी के घर समाज के नेता पहुंच रहे हैं। मामले में पांच नामजद आरोपियों में चार सलाखों के पीछे हैं।

नंदिनी राजभर के पति की शिकायत पर केस दर्जकर पुलिस विवेचना तेज कर दी है। मामले के खुलासे के लिए एसपी ने कई टीमें लगाई हैं। स्वाट, सर्विलांस, एसओजी और कोतवाली खलीलाबाद पुलिस टीम ने पूरी रात छापे की कार्रवाई की। आरोपी आनंद के सभी संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। इसके अलावा सर्विलांस टीम से मिले इनपुट के आधार पर कई लोगों की पुलिस निगरानी कर रही है। गांव से भी कुछ संदिग्धों को पुलिस ने रात में ही उठाया था। उनसे पूछताछ की जा रही है। आसपास के थाना क्षेत्रों से लेकर बस्ती जनपद के भी कुछ स्थानों पर पुलिस ने छापा मारा। पुलिस गिरफ्त में आए लोगों से पूछताछ कर घटना की सत्यता जानने में जुटी है।



डीघा गांव में सुरक्षा को लेकर मुस्तैद रही पुलिस। संवाद

हत्या में नामजद एक आरोपी पहले से ही जेल में है। तीन आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। सर्विलांस टीम की मदद से अन्य लोगों के संलिप्तता की जानकारी एकत्रित किया जा रहा है। जिनकी भी संलिप्तता पाई जाएगी, उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
– ब्रजेश कुमार सिंह, सीओ सीटी

# जनसहयोग से लगवाए तीन सीसीटीवी कैमरे

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने जनसहयोग से एक स्थान पर तीन सीसीटीवी कैमरे लगवाए। थाना धनघटा पुलिस ने एक स्थान पर तीन कैमरा लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्ति को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। साथ ही पुलिस ने हर घर कैमरा व ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत जनसामान्य से अपील किया कि वह अपने घरों, कालोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाएं। संवाद

...नंदिनी के परिजनों से बात करते तथा शोक संवेदना व्यक्त करते राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर तथा उपस्थित भीड़।

# सपा सरकार में अपराधियों को मिला संरक्षण, आज भी कर रहे हैं अपराध : मंत्री

संतकबीरनगर (एसएनबी)। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री उ.प्र. सरकार और नेता विधान मंडल दल के नेता ओम प्रकाश राजभर ने मंगलवार को थाना कोतवाली खलीलाबाद के डीघा गांव में पहुंचकर मृतका सुभासपा नेत्री नंदिनी राजभर के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिजनों को ढाढ़स बंधाते हुए कहा कि अपराधी को छोड़ा नहीं जाएगा। सरकार से लेकर पार्टी व जिले स्तर के अधिकारी आपके साथ हैं और मामले की गहनता के साथ जांच कर रहे हैं। घटना में संलिप्त सभी अपराधी जेल जाएंगे। मंत्री की सरकार ने परिजनों की आर्थिक मदद भी की। साथ ही मृतका नंदिनी के बेटे को आवासीय स्कूल में प्रवेश दिलाने की बात कही जिससे बच्चा किसी पर बोझ न बने।

**कहा, मृतका सुभासपा नेत्री के परिजनों के साथ है सरकार, जिले स्तर के अधिकारी डीएम व एसपी**

**मंत्री ने परिजनों की आर्थिक मदद की और बेटे को आवासीय स्कूल में प्रवेश दिलाने की बात कही**

मंत्री ने इन जिलाधिकारी खलीलाबाद शैलेश कुमार दुबे और क्षेत्राधिकारी सदर प्रवीण सिंह से घटना के संबंध में जानकारी ली। साथ ही मृतका के परिजनों से एक-एक करके घटना के बारे में पूछताछ की। परिजनों से मिलने के बाद मंत्री ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में अपराधियों को संरक्षण मिला और आज भी वे अपराध कर रहे हैं। आखिर उन्हीं लोगों का नाम हर जगह क्यों आ रहा है? खलीलाबाद के डीघा गांव की इस घटना को ही देख लीजिए इसमें भी सपा से जुड़े लोगों का ही नाम सामने आया है। भारतीय जनता पार्टी की योगी आदित्यनाथ की सरकार में कानून व्यवस्था को कायम है। जनता को राहत है और जनता सरकार में विश्वास कर रही है। उन्होंने कहा कि देश में कहीं दंगे नहीं हो रहे हैं। इस सरकार में जो गरीबों की जनकल्याणकारी योजनाएं, वह उन तक पहुंच रही हैं और उसका लाभ उन्हें मिल रहा है। वहां पर भी कुछ दबंग लोग हैं जो गरीबों को शराब के नशे में लेकर जा करके उनसे जमीन का बैनामा करा लेते हैं। जब वह [illegible] मांगने जाता है तब उसको डराते धमकाते हैं जिससे वह मानसिक रूप से प्रताड़ित होकर आत्महत्या कर लेता है या फिर वही लोग [illegible] इसके लिए उसकी हत्या कर देते हैं। मंत्री ने कहा कि थाना कोतवाली खलीलाबाद के डीघा गांव में दो दिन पूर्व पार्टी की नेत्री नंदिनी राजभर की कुछ लोगों ने घर में घुसकर हत्या दी। इस मामले में अभी सीओ ने वार्ता में बताया है कि परिजनों की तहरीर के आधार तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है और जो एक आरोपी फरार चल रहा है उसे जल्द ही गिरफ्तार करने की बात कही है। इस मामले में पहले जिस व्यक्ति ने ट्रेन के सामने आ करके आत्महत्या कर लिया था उसमें नंदिनी पैरवी कर रही थी। जिससे उक्त लोग आक्रोशित थे और बार-बार जान से मारने की धमकी दे रहे थे। यह जांच का विषय है और इस घटना की पूरी जांच के लिए आईजी, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, सीओ सहित अन्य अधिकारी लगे हुए हैं। यह कहना गलत है कि इस घटना में पुलिस प्रशासन फेल है।

**मंत्री ने घटनास्थल को भी देखा** : जिस कमरे में सुभासपा नेत्री नंदिनी की हत्या हुई वहां पर भी मंत्री ने पहुंचकर देखा। उन्होंने घर के अन्दर आसपास की वस्तुओं को देखा और मृतका के परिजनों से पूछा कि किस स्थान पर उसकी लाश पड़ी थी। परिजनों ने बताया कि नंदिनी की लाश खून से लथपथ जमीन पर पड़ी थी।

मंत्री सहित सभी सुभासपा नेताओं ने व्यक्त की शोक संवेदना : मृतका सुभासपा नेत्री नंदिनी राजभर के घर

### पीड़ित ने लगाया पुलिस पर प्रताड़ित करने का आरोप

संतकबीरनगर (एसएनबी)। थाना कोतवाली खलीलाबाद के डीघा गांव में सुभासपा नेत्री नंदिनी राजभर के परिजनों से मिलने पहुंचे सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री उ.प्र. सरकार और नेता विधान मंडल दल विधानसभा ओम प्रकाश राजभर से एक पीड़ित ने पुलिस पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि वह पुलिस की घटना में मदद कर रहा था लेकिन पुलिस कई बार बुलाकर पूछताछ की। जिसे परिजन काफी परेशान हैं।

पीड़ित ने बताया कि मुझे न्याय चाहिए। पुलिस मुझे प्रताड़ित न करें। इसको लेकर पूरे परिवार के सदस्य डरे व सहमे हुए हैं। इस मंत्री ने सीओ से कहा कि मामले की गहनता के साथ जांच करें और जो दोषी हो उनपर कार्रवाई हो लेकिन इसमें किसी निर्दोष को परेशान न किया जाए।

पहुंचे सुभासपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री उ.प्र. सरकार और नेता विधान मंडल दल विधानसभा ओम प्रकाश राजभर ने परिजनों से बात की। उसके बाद उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पार्टी की सक्रिय कार्यकर्ता रहीं और बहुत ही सरल व मधुर स्वभाव की थीं। जिनकी मौत की सूचना मिलने पर मन में अन्दर ही अन्दर बहुत ही दुःख प्रकट हुआ। वहीं मंत्री के साथ आये सभी नेताओं ने भी शोक संवेदना व्यक्त की।

### गांव में चौबीस घंटे तैनात रहेगी फोर्स

संतकबीरनगर (एसएनबी)। सुभासपा नेत्री नंदिनी राजभर के हत्या के बाद से गांव में तनाव का माहौल है। घटना के दिन से ही गांव के लोगों में दहशत भी है। कोई किसी को कुछ बताने को तैयार नहीं है। जिसको देखते हुए जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में 24 घंटे पुलिस बल तैनात रहेगी।

इस जिलाधिकारी शैलेश कुमार दुबे और सीओ प्रवीण सिंह ने मातहतों के साथ गांव में भ्रमण किया।



गांव में [illegible] भ्रमण करते एसडीएम व सीओ।

# नंदिनी के घर पहुंचे ओम प्रकाश घटनास्थल का मुआयना किया



डीघा में नंदिनी के परिजनों से वार्ता करते कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

## परिजनों से घटना की पूरी जानकारी ली, हर संभव मदद की बात कही

संतकबीरनगर। सुभासपा महिला विंग के प्रदेश महासचिव नंदिनी राजभर की हत्या के दो दिन बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर डीघा गांव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नंदिनी के परिजनों से एक-एक कर वातचीत की। उन्होंने नंदिनी की जहां पर हत्या हुई थी उस कमरे को भी देखा और परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिया।

निर्धारित समय सुबह 11.30 बजे से करीब दो घंटे बिलंब से पहुंचे ओम प्रकाश राजभर सीधे नंदिनी के घर गए। वहां पर काफी भीड़ जुटी थी। नंदिनी की सास आरती और पति अच्छे लाल व अन्य परिजन बैठे हुए थे। उनके पहुंचते ही नंदिनी की सास आरती पैर पकड़ कर रोने लगी। उन्होंने सांत्वना दिया। ओम प्रकाश राजभर ने घटना की पूरी जानकारी ली।

इस दौरान मौके पर मौजूद एसडीएम शैलेश दुबे, सीओ ब्रजेश कुमार सिंह को बुलाया और अब तक हुई कार्रवाई के बारे में जानकारी ली। सीओ ने बताया कि पांच लोगों पर केस दर्ज हुआ था। चार जेल भेजे जा चुके है। एक की तलाश की जा रही है। हत्याकांड की सभी पहलुओं की जांच हो रही है। जल्द ही इसका खुलासा किया जाएगा। इस दौरान भीड़ में लोग नंदिनी के हत्यारों के घरों पर कार्रवाई की मांग करने लगे। ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि पुलिस निष्पक्ष जांच कर रही है।

एसपी और डीएम भी इस पर नजर रखे हैं और उनसे भी बातचीत की गई है। सास आरती ने कहा कि सात साल का बेटा है इसे उसके ननिहाल भेज देंगे जहां उसकी पढ़ाई होगी तो. ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि इसे कही नहीं भेजा जाएगा। इसकी पढ़ाई की व्यवस्था कराई जाएगी और इसका स्कूल में नामांकन होगा ताकि यह अपने पैरों पर खड़ा हो सके। उन्होंने नंदिनी के पति अच्छे लाल को आश्वासन दिया कि अगर कोई भी जरूरत है तो उन्हें बेहिचक फोन कर बता देना। पार्टी पूरी तरह से इस शोक की घड़ी में परिवार के साथ है।

# व्यापारी से लूट का आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने व्यापारी के साथ हुई लूट के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक अयोध्या जनपद के रूदौली थाना क्षेत्र स्थित अख्तियारपुर गांव निवासी श्रीचंद दो मार्च को पिकअप पर बैठकर बरदहिया बाजार खरीदारी करने आ रहे थे।

बस्ती टोल प्लाजा पास करने के बाद खलीलाबाद में सूनसान स्थान पर ड्राइवर ने गाड़ी को रोक करके उनका मोबाइल फोन व छह हजार रुपये नकदी छीनकर फरार हो गया। पुलिस ने मामले में संबंधित पिकअप चालक को मंगलवार को दोपहर दो बजे के आसपास टेमा रहमत चौराहे के पास से गिरफ्तार किया।

पूछताछ में चालक की पहचान नागेंद्र पुत्र बालक राम निवासी गांव कुरौनी थाना बंथरा जनपद लखनऊ के रूप में हुआ। पुलिस ने आरोपी के पास से लूट का मोबाइल फोन व 5460 रुपये नकद भी बरामद कर लिया। संवाद

# सपा सरकार में पोषित लोग कर रहे वारदात : राजभर

## नंदिनी के परिजनों से मिले कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश

संतकबीरनगर। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि सपा सरकार में पोषित लोग आज प्रदेश में वारदात कर रहे हैं। भाजपा सरकार ऐसे लोगों को जेल भेजने का काम करेगी। वे मंगलवार को पार्टी की महिला विंग की प्रदेश महासचिव नंदिनी राजभर के घर पहुंचे थे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात की और हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि नंदिनी की हत्या जमीन की रकम दिलाने की पैरवी में हुई है। जो पांच लोग आरोपी बनाए गए हैं उनमें से चार जेल में हैं। एक की तलाश की जा रही है। पुलिस अपना काम कर रही है। नंदिनी के परिजनों को इंसाफ मिलेगा। उन्होंने पूर्ववर्ती सपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि उनके लोग लगातार



### कहा, देवरिया में भी ब्राह्मण परिवार की हत्या ऐसे ही लोगों ने की

वारदात कर रहे हैं। देवरिया में एक ब्राह्मण परिवार की हत्या कर दी गई। अब नंदिनी की हत्या हुई। जल्द ही सभी अपराधी जेल में होंगे। इस दौरान नंदिनी के परिजनों ने कैबिनेट मंत्री को बताया कि पुलिस बेवजह परेशान कर रही है। इसपर उन्होंने कहा कि पुलिस किसी को परेशान नहीं करेगी। संवाद

>> आरोपी के घर से निकला संदिग्ध फरार : पेज 3

# एसपी ने त्योहारों के दृष्टिगत किया पैदल गश्त

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** त्योहारों होली, रमजान के दौरान जनता में सुरक्षा भावना को बढ़ाने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद रामपाल सिंह की उपस्थिति में एसएसबी व मय आवश्यक पुलिस बल के साथ थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रांतर्गत मेंहदावल बाईपास से अंसार टोला, पठान टोला, मधुकुंज, बरदहिया चौकी, मीट मण्डी आदि क्षेत्रों में पैदल गश्त किया।

एसपी ने आमजनमानस से अपील किया कि घरों में अच्छी एवं उच्च गुणवत्ता के सीसीटवी कैमरा लगाए जिससे की किसी भी अप्रिय घटना न घटित होने पाये। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शशिशेखर सिंह ने मय आवश्यक पुलिस बल के साथ त्योहारों होली, रमजान के दृष्टिगत थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रान्तर्गत गोला बाजार से समय माता मन्दिर तक पैदल गश्त किया।

**बेलहर प्रतिनिधि के अनुसार** मंगलवार को एसडीएम अरुण कुमार, सीओ राघवेंद्र सिंह राठौर के अगुवाई में बेलहर पुलिस व अर्धसैनिक बल के साथ थानाक्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक गांवों में अर्द्धसैनिक बल व पुलिस के जवानों ने पैदल मार्च किया तथा लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

# होली नजदीक कच्ची का स्टॉक करने में जुटे कारोबारी, जिम्मेदार बेखबर

धनघटा (एसएनबी)। होली के पर्व को समीप देख कच्ची शराब की खपत बढ़ने की उम्मीद में कारोबारी इन दिनों तेजी से कच्ची शराब तैयार कर उसका स्टाक करने में जुटे हुए हैं। हालत यह है कि कारोबारियों के घरों के आंगन में भटि्ठयां सजाकर शराब बनाई जा रही है। शराब तैयार करने के दौरान कई गांवों में उठने वाली दुर्गन्ध ने ग्रामीणों का जीना हराम कर दिया है। दूसरी ओर कारोबारियों की इस कारगुजारी को लेकर स्थानीय पुलिस और आबकारी विभाग पूरी तरह से बेखबर दिख रहा है।

विदित हो कि तहसील क्षेत्र के महुली और धनघटा थाना क्षेत्र में दर्जनों गांवों में काफी अरसे से कच्ची शराब का कारोबार तेजी से चल रहा है। सरयू और कुआनो नदी के दियारे में जगह-जगह कच्ची की भटि्ठयां तेजी के साथ इन दिनों धधक रही है। इधर होली पर शराब की खपत अधिक होने की उम्मीद में कारोबारियों ने शराब बनाने का काम और तेज कर दिया है। [illegible] के अनुसार थाना क्षेत्र के हरौली, मठिया, फतेपार बढ़या, चंदौलिया व गुरहेवा के अलावा कई अन्य गांवों में इन दिनों भारी पैमाने पर कच्ची शराब तैयार कर होली पर्व पर बिक्री करने के लिए कारोबारियों द्वारा स्टाक किया जा रहा है। कमोबेश यही हालत धनघटा थाना क्षेत्र में भी कच्ची शराब के नामचीन गांवों में इन दिनों देखने को मिल रही है।

**घरों के आंगन में बनाई जा रही है कच्ची शराब, शराब से उठने वाली दुर्गन्ध से ग्रामीणों का सांस लेना दूभर**

थाना क्षेत्र के घोरांग, मुड़ाडीहा, चपरापूर्वी, दुधिघाखुर्द, छपरा-मगर्वी, नारायनपुर, तुर्कवलिया, खरबुजहिया, पड़रिया, तेजपुर, निहैला, भैसाखूट, सोनडीहा व मंठी गांवों में भी कच्ची शराब तैयार कर उसका स्टाक करने का कार्य तेजी से चल रहा है। सरयू और कुआनो नदी की तलहटी में इन दिनों तेजी के साथ कारोबारियों द्वारा कच्ची शराब का निष्कर्षण कर होली के त्योहार पर बिक्री कर मोटी कमाई करने की तैयारी की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि कई गांवों में तो कारोबारियों का पूरा कारोबार घर के भीतर आंगन में चल रहा है ऐसी स्थिति में पुलिस को कार्रवाई करने में भी कठिनाई उत्पन्न हो रही है। कार्रवाई करने के लिए पुलिसकर्मियों को घरों के भीतर घुसना होगा जो पुलिस नहीं कर रही है। क्षेत्रवासियों ने होली पर्व के शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए पुलिस व आबकारी विभाग से उक्त सभी गांवों में छापेमारी कर कच्ची तैयार कर उसके हो रहे स्टाक को पकड़ कर कारोबार को तत्काल बंद कराना होगा वरना कच्ची शराब होली के त्योहार को बदरंग कर सकती है।



कारोबारी के घर के आगन में सजाई गई कच्ची शराब की भट्ठी। फोटो : [illegible]

### होली से पूर्व कारोबारियों के ठिकानों पर होगी छापेमारी

धनघटा (एसएनबी)। कच्ची शराब के कारोबार से धनघटा क्षेत्र की होली बदरंग नहीं होने पाएगी। होली से पूर्व ही अभियान चलाकर कच्ची शराब के कारोबार के लिए नामचीन सभी गांवों और नदियों के दियारों में पुलिस छापेमारी करेगी और कारोबार को बंद कराने के साथ ही अगर कारोबारियों द्वारा शराब का स्टाक किया गया है तो उसे बरामद करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। होली पर्व के मद्देनजर कच्ची शराब के कारोबार में आई तेजी के बारे में सवाल करने पर उक्त बाते प्रभारी निरीक्षक धनघटा व प्रभारी निरीक्षक महुली ने संयुक्त रूप से कही। प्रभारी निरीक्षक ने कच्ची कारोबारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे अपनी आदत से बाज आवें और बेमतलब मेहनत मत करें कारण कि पुलिस की होने वाली छापेमारी के दौरान कोई भी कारोबारी पुलिस की नजर और कार्रवाई से बच नहीं सकेगा।

# बच्चों के विवाद में दो पक्षों में मारपीट नौ घायल, आठ नामजद

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के दुघरा खैरा गांव में बच्चों के विवाद को लेकर मंगलवार की सुबह दो पक्षों के बीच भिड़न्त हो गई। दोनों पक्षों के लोगों ने एक दूसरे के उपर लाठी-डंडे से जमकर हमला बोला। मारपीट में दोनों पक्षों के कुल 9 लोग घायल हो गए हैं। घायलों में दोनों पक्षों की तरफ से कई महिलाएं भी शामिल हैं। दोनों पक्ष द्वारा दी गई अलग-अलग तहरीर के आधार पर पुलिस ने 8 हमलावरों के विरूद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर सभी घायलों को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए सीएचसी हैंसर बाजार भेज दिया है। घटना के संबंध में एक पक्ष से दी गई तहरीर में क्षेत्र के दुघरा उर्फ खैरा गांव निवासी ओम नाथ पुत्र हरगेन ने बताया कि मंगलवार की सुबह 7 बजे बच्चों के विवाद को लेकर गांव निवासी दबंग राजेश व राकेश पुत्रगण चन्द्रजीत, रामकृष्ण पुत्र राजेश व श्रवण पुत्र राजेन्द्र उसे भद्दी-भद्दी गालियां और जान से मार देने की धमकी देते हुए उसके उपर लाठी-डंडा से हमला कर दिया। इस बीच शोर सुनकर मौके पर पहुंची गांव निवासी चमेली पत्नी लालचन्द्र, नीतू पुत्री भीमनाथ तथा हरगेन पुत्र धनई ने मिलकर उसका बचाव करने की कोशिश की तो हमलावरों ने उसके साथ-साथ उक्त सभी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने उक्त हमलावरों राजेश, राकेश, रामकृष्ण और श्रवण के विरूद्ध आईपीसी की धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**धनघटा थाना क्षेत्र के दुघरा उर्फ खैरा गांव की है घटना**

वहीं घटना को लेकर दूसरे पक्ष से राजेश पुत्र चन्द्रजीत निषाद द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि बच्चों के विवाद को लेकर गांव निवासी विपक्षी ओमनाथ पुत्र हरगेन, शत्रुघन पुत्र भीमनाथ तथा अमरजीत व रणजीत पुत्रगण ओमनाथ उसके दरवाजे पर चढ़कर उसे भद्दी-भद्दी गालियां और जान से मार देने की धमकी देते हुए लाठी-डंडे से हमला कर दिया। शोर सुनकर मौके पर पहुंची पूजा व प्रीति पुत्रीगण राजेश, श्रवण पुत्र राजेन्द्र तथा राकेश पुत्र चन्द्रजीत ने उसका बचाव करने की कोशिश की तो हमलावरों ने उसके साथ-साथ बचाव करने में जुटे उक्त सभी को मारपीट कर घायल कर दिया। गंभीर चोट लगने से वह मौके पर बेहोश हो गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने उक्त चारो हमलावर ओमनाथ, शत्रुघन, अमरजीत और रणजीत के विरूद्ध आईपीसी की धारा 308, 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल कुमार ने बताया कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# साइबर फ्राड : दस पीड़ितों का रुपया कराया वापस

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जिले की साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अलग-अलग लोगों के साथ हुए वित्तीय फ्राड के मामलों में कुल ₹309880.52 ( तीन लाख नौ हजार आठ सौ अस्सी रूपये बावन पैसे) उनके बैंक खातों में वापस कराया गया है। जिस पर पीडितों द्वारा प्रसन्नता प्रकट करते हुये पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया।क्षेत्राधिकारी क्राइम राघवेन्द्र सिंह राठौर ने बताया कि यह ₹ वापस करना सम्भव हो पाया जब इन्होंने इसकी सूचना तत्काल साइबर सेल को दिया। इसमें थाना साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक आलोक सोनी, उ.नि. रमेश यादव, उ.नि. अमरनाथ यादव, कां. राम प्रवेश मद्धेशिया, कां. धीरेन्द्र प्रसाद, म.कां. अमृता सिंह, कां. सौरभ यादव, म.कां सविता गुप्ता का सराहनीय योगदान रहा।

**एण्टी रोमियो अभियान ठप**

# स्कूलों-कोचिंग सेंटरों के इर्द-गिर्द बढ़ा रोमियो का जमावड़ा

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा तहसील क्षेत्र अन्तर्गत थाना धनघटा व थाना महुली क्षेत्र में स्थित विद्यालयों एवं जगह-जगह कस्बों-बाजारों में संचालित कोचिंग सेन्टरों के इर्द-गिर्द पूरे दिन रोमियो का जमावड़ा लगना शुरू हो गया है। ये रोमियो विद्यालय और कोचिंग पढ़ने के लिए आने-जाने वाली छात्राओं के साथ अश्लील हरकत करते है इतना ही नहीं इन रोमियो द्वारा छात्राओं को देखकर अश्लील फब्तियां भी कसी जाती है। अभी हाल ही में धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 12वीं की छात्रा को कोचिंग पढ़ने जाने के दौरान धनघटा चौक से अपने एक दोस्त के साथ एक मनचले युवक द्वारा कार में बैठाकर छात्रा के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया गया और छात्रा द्वारा विरोध करने पर मनचले ने उसे गोली मार कर घायल कर दिया। छात्रा अभी भी गोरखपुर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल मे अपनी जिन्दगी बचाने के लिए मौत से संघर्ष कर रही है।

विदित हो कि छात्राओं के साथ रोमियो की अश्लील हरकतों पर लगाम लगाने के लिए पूर्व में सरकार के निर्देश पर काफी दिनों तक पुलिस द्वारा एण्टीरोमियो अभियान शुरू किया गया था तो काफी हद तक स्कूल-कालेजों को

**कालेजों और कोचिंग पढ़ने जाने वाली छात्राओं को देख फब्तियां कसते हैं शोहदे**

छोड़कर रोमियो किस्म के युवक फरार हो गए थे लेकिन धनघटा क्षेत्र में इधर काफी दिनों से पुलिस का एण्टीरोमियो अभियान ठप हो गया है जिसके चलते रोमियो किस्म के युवकों का मनोबल बढ़ गया है और सुबह-शाम इस प्रकार के युवक स्कूल-कालेजों और कोचिंग सेन्टरों के आसपास मड़राने लगे है और आने-जाने वाली छात्राओं के साथ उनके द्वारा अश्लील हरकत करने का भी प्रयास शुरू कर दिया गया।

रोमियो किस्म के युवकों का सर्वाधिक जमावड़ा बालिकाओं के विद्यालयों और कोचिंग सेन्टरों के इर्द-गिर्द ही अधिक देखने को मिलता है इसके अलावा जिन विद्यालयों में छात्र व छात्राएं दोनों पढ़ते है वहां पर भी रोमियो का आतंक छाया रहता है।

कोचिंग सेन्टरों के आसपास मड़राने वाले रोमियो किस्म के युवक बेरोकटोक कोचिंग पढ़ने जाने वाली छात्राओं को देख आए दिन अश्लील हरकत कर रहे हैं। क्षेत्र में बढ़ रही रोमियो की इन हरकतों से छात्राएं जहां विद्यालय जाने से कतराने लगी है तो वहीं अभिभावक भी अपनी बेटियों की सुरक्षा को लेकर चिन्तित नजर आ रहे है। अभिभावको का कहना है कि पुलिस को पूर्व की तरह एण्टीरोमियो अभियान चलाकर इस तरह के युवकों की धर-पकड़ करनी चाहिए जिससे इनकी हरकतों पर पाबन्दी लग सके। इस बारे में सीओ धनघटा ने पूछे जाने पर बताया कि जल्द ही एण्टीरोमियो अभियान चलाकर ऐसे युवकों की धरपकड़ की जाएगी। अभियान के दौरान कालेजों के इर्द-गिर्द मिलने वाले रोमियो किस्म के युवकों को पकड़े जाने के बाद उन्हें तत्काल जेल भेजा जाएगा।

# पति-पत्नी की पिटाई के आरोप में चार नामजद

धनघटा । धनघटा थाना क्षेत्र के बरांव गांव निवासी संजय पुत्र रामराज प्रजापति ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि बीते 10 मार्च की सुबह उसकी जमीन पर गांव निवासी विपक्षी सुभान व उस्मान पुत्रगण रहीम, सुकुरू मोहम्मद पुत्र सुभान तथा आसमा पत्नी मोहम्मद दीन जबरजस्ती लकड़ी रख रहे थे जिसका विरोध करने पर उक्त सभी उसे भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। गाली देने का विरोध करने पर उक्त सभी ने लाठी-डंडा और हसिया से उसके उपर वार कर दिया और उसे बुरी तरह लहूलुहान कर दिया। इस बीच शोर सुनकर उसकी पत्नी शीलू मौके पर पहुंच गई और उसका बचाव करते की कोशिश की तो हमलावरों ने पत्नी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने हमलावर सुभान, उस्मान, सुकुरू मोहम्मद और आसमा के विरूद्ध आईपीसी की धारा 323, 504, 506 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# युवक से मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

जासं, सांथा : बेलहर थाना क्षेत्र के सुरसा चमनजोत में आटा चक्की मशीन के पास सो रहे एक युवक के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया है। अपनी तहरीर में राम बेलास पासवान ने लिखा है कि सोमवार की देर रात वह अपने आटा चक्की मशीन के पास सो रहा था। इसी दौरान रंजिश को लेकर कटया गांव के प्रदीप निषाद अपने कुछ सहयोगियों के साथ आकर अपशब्द कहने लगे। इसका जब उसने विरोध किया तो सभी लोग उसे लाठी डंडे से पीटने लगे, जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया।

# गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज

**बखिरा :** सिहटीकर गांव के पास 10 मार्च को हुए मार्ग दुर्घटना के मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। पिपरा गांव के मोहन यादव ने पुलिस को दिए तहरीर में लिखा है कि उनका पुत्र अखिलेश शटरिंग का काम करके घर वापस आ रहा था। बौरब्यास चौराहे के आगे सिहटीकर मार्ग पर एक बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए उसे ठोकर मार दिया।



शहर में पुलिस के साथ पैदल गश्त करते एसपी सत्यजीत गुप्ता ( दाएं ) • जागरण

# सड़कों पर उतरे अधिकारी, सुरक्षा का दिया भरोसा

**जागरण टीम, संतकबीर नगर :** पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस के अधिकारी मंगलवार को जपनद में जगह-जगह सड़कों पर उतर कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। अधिकारियों ने सभी से मिलजुल कर रहने की अपील की और अराजकता फैलाने वालों के साथ सख्ती से निपटने की बातें कहीं।

शहर में एसपी सत्यजीत गुप्ता और एएसपी शशि शेखर सिंह के नेतृत्व में पुलिस सड़कों पर उतरकर फ्लैग मार्च किया। जगह-जगह रूककर लोगों से बात की। रमजान और होली को लेकर लोगों को पुलिस ने जागरूक किया। मिलजुल कर पर्व मनाने की अपील की। अधिकारी समय माता मंदिर से लेकर गोला बाजार होते हुए शहर के अन्य चौराहों पर पहुंचे और लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिया। इसी क्रम में बेलहर थाना क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक गांवों में एसडीएम व सीओ के नेतृत्व में अर्धसैनिक बल व पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाने के साथ ही गड़बड़ी करने का प्रयास करने वालों पर कड़ी कार्रवाई का संदेश भी दिया। एसडीएम अरुण कुमार व सीओ राघवेंद्र सिंह राठौर ने सांथा, गनवरिया, परसिया, मोतीपुर, बनौली, करनजोत, लोहरसन, गोपालपुर, हसवापार, हसनी, राजघाट, पिपरा प्रथम, बेलवा सेंगर, बेलहर कला, बेलहर खुर्द, मंझरिया पठान समेत एक दर्जन गांवों में फ्लैग मार्च किया।

# लूट का आरोपित पिकअप चालक चढ़ा पुलिस के हत्थे

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : दस दिन पूर्व बरदहिया बाजार से कपड़ा खरीदने जा रहे अयोध्या जनपद के कपडा कारोबारी को कांटे चौराहा के पास मारपीट कर रुपये और मोबाइल लूटने के आरोपित पिकअप चालक को पुलिस ने मंगलवार को टेमी चौराहे से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

कोतवाली प्रभारी रामकृपाल सिंह ने बताया कि अयोध्या जनपद के रुदौली थाना के अख्तियारपुर गांव के श्रीचंद्र ने कोतवाली खलीलाबाद में तहरीर देकर बताया था कि वह अपने गांव में ही कपड़े की दुकान चलाते हैं। इसके साथ ही वह फेरी भी लगाते हैं। दो मार्च को वह अयोध्या जनपद के देवकली चौराहे से एक पिकअप में बैठकर संतकबीर नगर के खलीलाबाद स्थित बरदहिया बाजार में कपड़ा खरीदने के लिए आ रहे थे। उसी दिन शाम सात बजे के करीब अज्ञात पिकअप चालक ने गोरखपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कांटे चौराहा के पास उनके पिकअप को रोककर हाथापाई करते हुए उनके ऊपर की जेब से कुछ रुपये व मोबाइल लूटकर फरार हो गया था। जिस पर कोतवाली पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज किया था।

उसी मामले में कोतवाली पुलिस ने लखनऊ जनपद के बंथरा थाना के कुरौनी गांव के रहने वाले आरोपित पिकअप चालक नरेंद्र को गिरफ्तार किया है। आरोपित को पुलिस ने टेमी चौराहे से गिरफ्तार किया और उसके पास से लूट का मोबाइल और 5460 रुपयें नकद बरामद किया।

# पकड़ से दूर है एक हत्यारोपित, कुछ और नाम चर्चा में

- नंदिनी के चचेरे ससुर की मृत्यु के समय सक्रिय होती पुलिस ने नहीं हो पाती हत्या
- भूमाफिया पर नरमी बरतने के चलते ही नपे हैं कोतवाल और चौकी प्रभारी

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: सुहेल्देव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) महिला मोर्चा की प्रदेश महासचिव नंदिनी राजभर की हत्या एक साथ कई स्तर से चूक होने का परिणाम बनकर सामने आई है। यदि पुलिस समय रहते मामले की गंभीरता को समझकर पहली घटना में भूमाफिया पर अपना शिकंजा कसी होती तो शायद दिनदहाड़े शहर में दूसरी लोमहर्षक घटना होने से बच सकती थी। हत्या में नामजद पांच आरोपितों में से मास्टरमाइंड एक आरोपित अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है। पहली घटना में भी इसका हाथ था, लेकिन पुलिस प्रभाव में आकर इसका नाम शामिल नहीं किया था। यही कारण है कि चचेरे ससुर की मृत्यु के एक सप्ताह बाद ही नंदिनी की भी हत्या हो गई। इस घटना में कुछ और लोगों पर पुलिस की निगाह है।



मृतक नंदिनी के गांव डीघा में तैनात पुलिस और ग्रामीण • जागरण

शहर की भूमि पर माफिया की पैनी नजर है। लोगों को बहला-फुसलाकर उनकी जमीनों को एग्रीमेंट करवाकर प्लाट बनाकर बिक्री किए जाने का धंधा शहर में चरम पर है। इसी क्रम में नंदिनी के चचेरे ससुर बालकिशुन से भूमि भी धंधेबाजों ने अपने नाम करा लिया था। विश्वास में लेकर कुछ ही धन देकर जमीन हथियाने के बाद सभी ने पूरा भुगतान देने के बजाय धमकी देकर शांत कराने का प्रयास किया। जब बाल किशुन के स्वजन रुपये के लिए दबाव बनाए तो उनका शव 29 फरवरी को रेल ट्रैक पर मिला। नंदिनी के प्रयासों से मामले में प्रापर्टी डीलर श्रवण यादव, धुव यादव और पन्ने लाल यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ था। मुकदमा दर्ज होने के बाद सहयोगी प्रापर्टी डीलर आनंद यादव द्वारा नंदिनी पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा था। सुलह नहीं करने पर आनंद ने परिवार समेत हत्या करने की धमकी भी दिया था। नंदिनी के स्वजन का कहना है कि पुलिस को इस बात की जानकारी भी दी गई थी, परंतु कोई कार्रवाई नहीं हो सकी।

**रिश्तेदारों का उत्पीड़न करने का आरोप :** मृतक के स्वजन का आरोप है कि जांच के दौरान पुलिस अपराधियों के विरुद्ध बुलडोजर चलाने के बजाय उनके रिश्तेदारों को ही परेशान कर रही है। नामजद पांच आरोपितों में से दोनों घटनाओं में मुख्य किरदार निभाने वाला आनंद यादव पुलिस की पकड़ से बाहर है। उसे गिरफ्तार करके के बजाय काल डिटेल की जांच के क्रम में परिवार का सहयोग करने वाले बेलहर खुर्द निवासी रिश्तेदार अभिमन्यु को परेशान किया जा रहा है।

आनंद के नेपाल भागने की **चर्चा :** नंदिनी की हत्या का आरोपित आनंद यादव ओम बस सर्विस नाम से बस सेवा भी संचालित करता है। घटना में नामजद होने के बाद उसके नेपाल भाग जाने की चर्चा है। बताया जाता है कि बीते कुछ वर्षों में प्रापर्टी डीलिंग करके उसने कई संपत्तियों के साथ ही अकूत कमाई की है। उसने जनपद मुख्यालय पर एक नेटवर्क भी स्थापित कर लिया है।

**नंदिनी के डायरी व मोबाइल की तलाश कर रही पुलिस :** हत्याकांड के खुलासे के लिए पुलिस नंदिनी की डायरी और मोबाइल की तलाश कर रही है। मृतक के स्वजन के अनुसार नंदिनी के मोबाइल में अपराधियों द्वारा दी गई धमकी और बाल किशुन की भूमि का बैनामा निरस्त करवाने के लिए की गई पहल समेत अनेक साक्ष्य मौजूद हैं। इसकी भनक मिलने पर ही अपराधियों ने न सिर्फ हत्या की, बल्कि अभिलेख व मोबाइल भी साथ लेते गए।

**अभी सामने आ सकते हैं कई और नाम :** मृतक के स्वजन का कहना है कि पुलिस की निष्पक्ष जांच में घटना में संलिप्त कई और नाम सामने आ सकते हैं। हत्या करने वाले आरोपितों का एक बड़ा संजाल है, जो गरीबों की भूमि को अपने कब्जे में लेने के लिए एक साथ मिलकर कार्य करते हैं।

### अधर में पड़ी ननद की शादी

नंदिनी राजभर की ननद (पति की बहन) संगम की शादी 19 अप्रैल को बस्ती जनपद के एक गांव में होनी तय थी। परिवार के लोग शादी की तैयारी में लगे हुए थे, इसी दौरान अपराधियों ने घटना को अंजाम देकर परिवार को झकझोर दिया। घटना से निर्धारित तिथि पर शादी हो पाना भी कठिन हो गया है।



एसआइटी द्वारा घटना की जांच की जा रही है। नामजद आरोपितों के साथ ही घटना में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। आरोपितों द्वारा पिछले एक दशक में अर्जित की गई संपत्ति का ब्योरा भी एकत्र करवाया जा रहा है। पुलिस अपराधियों को सजा दिलवाने के लिए कृत संकल्पित है। घटना में शामिल हत्यारोपित जल्द ही पकड़ा जाएगा।

सत्यजीत गुप्ता, एसपी

# नंदिनी की हत्या सपा के भूमाफिया की करतूत

## कैबिनेट मंत्री ने घटना को लेकर सपा पर किया प्रहार, बच्चों की पढ़ाई का लिया जिम्मा

जासं, संतकबीर नगर: प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री व सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर मंगलवार को शहर के डीघा पहुंचे। उन्होंने अपनी मृतक नंदिनी राजभर के स्वजन को न्याय दिलाने का विश्वास दिलाने के साथ ही उनके बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा उठाने का संकल्प लिया। उन्होंने घटना को सपा के शासनकाल में पनपे अपराधियों की करतूत बताते हुए कठोर कार्रवाई की बात कही।

मृतक के स्वजन को सांत्वना देने पहुंचे कैबिनेट मंत्री के सामने स्वजन का दर्द छलका। सभी ने परिवार में हुई पहली घटना में पुलिस की कार्यशैली को लेकर सवाल उठाते हुए अपराधियों को बड़ी पहुंच वाला बताया। सबकी बात सुनने के बाद उन्होंने कठोर कार्रवाई करवाने के साथ ही न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर सहयोग के लिए तैयार रहने का विश्वास दिलाया। उन्होंने कहा कि आरोपितों के काली कमाई का पूरा विवरण खंगलवाकर इसकी जांच करवाई जाएगी। नंदिनी के स्वजन द्वारा भय व्यक्त करने पर उन्होंने मौके पर मौजूद सीओ ब्रजेश सिंह को सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने का निर्देश दिया। मृतक के बच्चों की पढ़ाई का पूरा खर्च उठाने का उन्होंने संकल्प लिया।



डीघा में मृतक नंदिनी राजभर के स्वजन से मिलते प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री व सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर (दाएं) • जागरण

नंदिनी के स्वजन के अनुसार कैबिनेट मंत्री ने अपने स्तर से आर्थिक सहयोग भी दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं है। घटना को लेकर सपा पर प्रहार करते हुए कहा कि नंदिनी की हत्या सपा सरकार में पनपे अपराधियों का कृत्य है। सपा सरकार के संरक्षण में अकूत संपत्ति कमाकर इन अपराधियों ने भाजपा सरकार को चुनौती देने का प्रयास किया है। यह उनके लिए भारी पड़ेगा। उन्होंने नंदिनी की मृत्यु को पार्टी की अपूरणीय क्षति बताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। उन्होंने कहा कि घटना करने वाले और इसमें सहयोग देने वाला कोई व्यक्ति बचने नहीं पाएगा। सभी को जेल के अंदर जाना ही पड़ेगा।

# लूट मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

संतकबीरनगर। 10 दिन पूर्व बरदहिया बाज़ार से कपड़ा खरीदने जा रहे अयोध्या जनपद के कपड़ा कारोबारी को कांटे चौराहा के पास मारपीटकर रुपया और मोबाइल लूटने के आरोपित पिकअप चालक को पुलिस ने मंगलवार को टेमी चौराहे से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

कोतवाली प्रभारी रामकृपाल सिंह ने बताया कि अयोध्या जनपद के रुदौली थाना के अख्तियारपुर गांव निवासी श्रीचंद्र पुत्र रामसुरेश ने कोतवाली खलीलाबाद में तहरीर देकर बताया था कि वह फेरी भी लगाते है। दो मार्च कोबरदहिया बाजार में कपड़ा खरीदने के लिए आ रहे थे। जहां पिकअप चालक ने मोबाइल लूटकर फरार हो गया था। उसी मामले में कोतवाली पुलिस ने लखनऊ जनपद के बंथरा थाना के कुरौनी के रहने वाले आरोपित चालक नरेंद्र पुत्र बालकराम को टेमा चौराहे से गिरफ्तार किया है।

### पुलिस लाइन में मासिक अपराध समीक्षा में पुलिस अधीक्षक ने मातहतों को दिए निर्देश

# अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करें

**गोष्ठी**

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। पुलिस लाइन सभागार में मंगलवार को देर शाम मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। अपराध नियंत्रण व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के सख्त दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि अपराधियों पर कसें नकेल, सख्त कार्रवाई करें।

रिजर्व पुलिस लाईन सभागार कक्ष में सैनिक सम्मेलन में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम महोदय द्वारा सैनिक सम्मेलन कर जनपद के सभी थानों व शाखाओं से आये पुलिसकर्मियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की गए व उनके निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने जनपद में घटित आपराधिक घटनाओं व पंजीकृत अभियोगों तथा लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए समयबद्ध रुप से गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित दिया।



पुलिस लाइन सभागार में मासिक अपराध समीक्षा करते एसपी सत्यजीत गुप्ता। • हिन्दुस्तान

**महिलाओं के अपराधों में शीघ्र कार्रवाई करें :** महिला संबंधी अपराधों को नियंत्रित करने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने, बरामदगी हेतु शेष अपहताओं की सकुशल बरामदगी कराएं। पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने एवं शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने के निर्देश दिए। गुंडा एक्ट के अन्तर्गत जिलाबदर की कार्यवाही आदि के लिए निर्देशित किया गया।

**जन शिकायतों में करें निष्पक्ष जांच :** एसपी ने जनशिकायतों की त्वरित व निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अवैध शराब के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने, थानों पर दाखिल विभिन्न अभियोगों से संबंधित माल मुकदमाती के विधिक निस्तारण हेतु निर्देश दिये गये साथ ही आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत अपने-अपने थाना क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थानों, प्रतिष्ठानों, गांवों आदि में लोगों से संपर्क स्थापित कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में सीसीटीवी कैमरा सड़क मार्ग को कवर करते हुए लगवाने हेतु बताया गया। गोष्ठी के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री शशि शेखर सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त थाना प्रभारी सहित समस्त शाखा कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगे तीन सीसीटीवी

संतकबीरनगर। ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत जनसहयोग से मंगलवार को 3 सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए। इसमें थाना धनघटा पुलिस द्वारा 1 स्थान पर 3 कैमरे लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्ति को माल्यार्पण कर सम्मानित भी किया गया। पुलिस अधीक्षक ने आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत जनसामान्य से अपील किया है कि वे अपने अपने घरों, कालोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरें जरुर लगवाएं।

# साइबर सेल ने 10 पीड़ितों के खाते में वापस कराया पैसा

- जिले में 10 लोगों से ठगों ने लिए थे 3 लाख 9 हजार 88 रुपये
- सभी के खातों में वापस कराई गई जालसाजों द्वारा ठगी गई रकम

संतकबीरनगर, निज संवाददता। जिले में साइबर ठगों ने दस लोगो से लगभग तीन लाख रुपये ठगे थे । इस लोगों ने उक्त प्रकरण की जानकारी अपने नजदीकी थानो में शिकायत दर्ज करवाई थी। एसी ने पूरे प्रकरण का निस्तारण करने के लिएसाइवर सेल को जिम्मेदारी दी थी । इस पर टीम ने मंगलवार को ठगी के शिकार हुए लोगों के खाते मं धनराशि वापस करवाई।

साइबर सेल ने अलग-अलग लोगों के साथ हुये वित्तीय फ्राड के मामलों की जांच की। इसमें 3 लाख 09 हजार 880.52 होने का मामला सामने आया। पूरी टीम ने मंगलवार को उनके बैंक खातों में ठगी के पैसो का वापस कराया। इसमें श्रवण कुमार चौरसिया बाहिलपार 9835, राजेन्द्र प्रसाद गौतम रैना पेपर मिल मगहर 10000 रुपया, विशाल कसौधन निवासी शास्त्रीनगर 20500, वसीम हुसैन अंसारी निवासी लहुरादेवा 38200 ,नितेश निवासी भाटपार 157 ,विनय चौधरी सतौहा 100000 ,सचिन कुमार पुत्र रूप चन्द्र सनिचरा बाजार 9690 , अमन चौरसिया बरदहिया बाजार 11000 ,सफीकुल्लाह पुत्र वाजिद अली सौरहा, 33998.52 ,रामानंद यादव पुत्र पारस नाथ जामडीह 76500 रूपया उनके खाते में भेजवाया गया ।

वही, पुलिस विभाग ने कहा कि विभिन्न माध्यमों ओटीपी, फ्राड लिंक, फ्राड काल, लाटरी स्कैम, स्क्रीनशेयर अपलीकेशन डाउनलोड, गुगल कस्टरम केयर नंबर आदि के द्वारा हुये थे जिस पर थाना साइबर सेल और जनपद साइबर सेल द्वारा त्वरित् कार्यवाही करते हुये विभिन्न बैक/बैलेट/मर्चेन्ट आदि से पत्राचार कर पैसो को पीड़ित के खातों में वापस कराया गया। पुलिस ने लोगो से अपील कि है कि आपके साथ यदि किसी भी तरह का साइबर अपराध घटित होता है तो इसकी सूचना तत्काल साइबर लाइन नं- 1930, 112 तथा नजदिकी थाना/साइबर सेल को दें।



मंगलवार को डीघा गांव में सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात पुलिस फोर्स।

# छावनी में तब्दील डीघा गांव पुलिस कर रही है कैंप

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। डीघा गांव में हुई निर्मम हत्या के मामले में जिला प्रशासन तो परेशान है लेकिन इसके बाद कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए गांव में पुलिस कैंप कर रही है। यहां पर दर्जनों की संख्या में महिला व पुरुष पुलिसकर्मी मौजूद हैं। साथ ही दंगा नियंत्रण वाहन, बज्र वाहन भी मुस्तैद है।

ग्रामीणों को सुरक्षा का एहसास दिलाने के लिए दो दर्जन से अधिक पुलिस कर्मी इस गांव में दिन रात कैंप कर रहे है। यहां पर कोतवाली प्रभारी आरके सिंह, सीओ ब्रजेश सिंह, एसडीएम शैलेश कुमार दूबे समेत अन्य अधिकारी हर पल की निगरानी रख रहे हैं। गांव में आने-जाने वाले लोगों पर पुलिस की नजर बनी हुई है । पुलिस हर गतिविधि पर ध्यान दे रही है। एएसपी शशि शेखर सिंह पुलिस कर्मियों को गांव में शांति बहाल करने की अपील कर रहे हैं। पुलिस टोली बनाकर गांव के हर कोने पर नजर बनाए हुए है।

**24 घंटे मौके पर मुस्तैद है पुलिस, अंतिम आरोपी की तलाश तेज**

## दो मिनट का मौन रख कर ईश्वर से की प्रार्थना

सुभासपा महिला मंच के प्रदेश महासचिव नंदिनी राजभर की हत्या के मामले में मृतक के परिजनों से मिलने प्रदेश के केबिनेट मंत्री ओपी राजभर मंगलवार को डीघा गांव पहुंचे। उन्होंने नंदिनी के आत्मा की शांति के लिए खड़े होकर दो मिनट का मौन रख कर ईश्वर से प्रार्थना की। राष्ट्रीय सचिव विनोद राजभर, प्रदेश उपाध्यक्ष पितांबर राजभर, जिला प्रभारी श्यामलाल राजभर, जिला सलाहकार राम लाल राजभर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष किरन राजभर, लगपती राजभर, सीतला देवी, उमेश चंद्र राजभर, सभासद बैजनाथ चौरसिया, पूर्व प्रधान धरमचंद्र चौरसिया समेत अनेक लोग मौजूद रहे ।

# पांच पर दहेज उत्पीड़न व मारपीट का केस

घघसरा (गोरखपुर)। सहजनवा थाना क्षेत्र के हरदी गांव में बहनोई के घर पर पत्नी को बुलाकर पति ने पीट दिया। पीड़ित महिला का आरोप है कि उसके पति ससुरालियों संग मिलकर दहेज के लिए उत्पीड़न करते हैं। चिलुआताल के बेला निवासी अभय शंकर की बेटी पूजा ने तहरीर में बताया कि उसकी शादी संतकबीरनगर नाथनगर थाना क्षेत्र के खजुरिया निवासी राजेन्द्र यादव से वर्ष 2022 में हुई थी। आरोप लगाया कि उसके पति का एक महिला से संबंध है। इस वजह से वह पूजा की पिटाई करता है। रविवार को आरोपी ने अपने बहनोई के घर बुलाकर मारपीटा। विवाहिता की तहरीर पर पति राजेन्द्र यादव, ससुर मेघनाथ यादव, सास आशा देवी, ननदोई विरेन्द्र यादव, ननद रेनू पर केस दर्ज किया है।

# नंदिनी के परिजनों को मिलेगी पुलिस सुरक्षा

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर मंगलवार को डीघा में सुभासपा नेत्री की हत्या के मामले में मृतक के परिजनों से मुलाकत कर उन्हे सांत्वना दी। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने सीओ को निर्देश दिया कि मृतक के परिजनों को पुलिस की सुरक्षा दी जाय।

सुभासपा महिला मंच की प्रदेश महासचिव नंदिनी राजभर की हत्या बीते रविवार को दिन में करीब तीन बजे कुछ लोगों द्वारा कर दी गई थी। नंदिनी की मौत हो जाने से आठ वर्षीय बेटा शिवा बचा है। मृतका की सास आरती ने अपने नेता से कहा कि अब भी हत्यारे हम लोगों को जान से मारने की धमकी देते हैं। लगता है अब बेटे को भी व लोग मार डालेंगे। सुभासपा मुखिया ने सीओ ब्रजेश सिंह से कहा कि जब तक इस मामले का पूरे तरह से पर्दाफाश न हो जाय तब तक यहां पर पुलिस मौजूद रहेंगे।

# सीएए को लेकर प्रशासन रहा सतर्क, बेलहर क्षेत्र में किया फ्लैग मार्च

**अलर्ट**



- जिला प्रशासन चुनाव, त्योहार व सीएए को लेकर बरत रहा है सतर्कता
- जिला प्रशासन ने कहा-हम आप की सुरक्षा में हैं तैयार
- गड़बड़ी करने वालों से सख्ती से निपटेंगे

बेलहर क्षेत्र में मंगलवार को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर फ्लैग मार्च करते जवान। • हिन्दुस्तान

संतकबीरनगर, हिन्दुस्तान टीम। जिला प्रशासन चुनाव, त्योहार व सीएए को लेकर सतर्कता बरत रहा है। लोगों से संपर्क कर सुरक्षा के लिए आश्वस्त करने के साथ सौहार्द के साथ त्योहारों को मनाने का आह्वान कर रहा है। लोगों को सुरक्षा का अहसास कराने के लिए फ्लैग मार्च भी निकाला।

अधिकारियों के निर्देश पर पूरे जिले में सतर्कता बरती जा रही है। लोगों से सम्पर्क कर रहे हैं। कहीं भी कोई गड़बड़ी की आशंका लगे तो उसे पुलिस को तुरंत सूचित करने की सलाह दे रहे हैं। वहीं मेंहदावल के एसडीएम अरुण कुमार, सीओ राघवेंद्र सिंह राठौर की अगुवाई में मंगलवार को बेलहर पुलिस व अर्धसैनिक बल के साथ आधा दर्जन से अधिक गांवों फ्लैग मार्च किया गया। लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। सुरक्षाबलों ने लोगों से आगामी त्योहार को शांति व भाईचारा के साथ मनाने की अपील की। क्षेत्र के मांधा, मंझरिया, परसिया, मोतीपुर, बनौली, करनजोत, लोहरसन, गोपालपुर, हरखापार, हसनी, राजघाट, पिपरा प्रथम, बेलवा सेंगर, बेलहर कला, बेलहर खुर्द, मंझरिया पठान समेत एक दर्जन से अधिक जगहों पर फ्लैग मार्च किया गया। सीओ राघवेंद्र सिंह राठौर ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। चुनाव में किसी प्रकार का उपद्रव व खलल फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

इस दौरान एसओ सरोज शर्मा, सीआईएसएफ इंस्पेक्टर दहन सिंह, रविंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार, कृष्णा गौड़, उदयभान यादव समेत तीन दर्जन से अधिक सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे।

---

### सुभासपा महिला मंच की प्रदेश महासचिव नंदिनी राजभर की रविवार को कर दी गई थी हत्या

# ओपी राजभर ने परिजनों को बंधाया ढांढस, कहा-सरकार आपके साथ



**नंदिनी हत्याकांड**

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। सुभासपा के मुखिया व प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर मंगलवार को अपने पार्टी के महिला मंच की राष्ट्रीय महासचिव नंदिनी राजभर की हत्या के बाद उनके गांव डीघा पहुंचे। नंदिनी के परिजनों से मिले। इस दौरान उन्होंने परिजनों को ढांढ़स बंधाया। कहा पूरी सरकार आपके साथ है। जल्द ही अंतिम आरोपी होगा गिरफ्तार।

सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर दोपहर दो बजे के करीब डीघा गांव पहुंचे। उन्होंने प्रदेश महासचिव रही नंदिनी राजभर के स्वजनों से मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने अपने कार्यकर्ता समस्या व पुलिस के द्वारा अब तक की गई कारवाई के बारे में सीओ ब्रजेश सिंह से जानकारी लीं। जिस पर उन्होंने बताया कि पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी एक आरोपी को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। इसके बाद उन्होंने परिजनों को ढांढ़स बंधाया। कहा पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। कोई भी दोषी नहीं बचेगा। सभी पर सख्त कार्रवाई होगी। पूरी सरकार आपके साथ है।

कोई भी समस्या हो तो एसडीएम व सीओ से कहें। नहीं सुनवाई हो तो हमसे बताएं। सभी कार्यकर्ताओं को संयमित तरीके से अपनी बात अधिकारियों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान होगा। उन्होंने पुलिस को निर्देश देते हुए कहा कि किसी निर्दोष पर कार्रवाई न हो। पूरी तह तक जांच कर कार्रवाई करें।



मंगलवार को परिजनों को ढांढस बधाने के साथ सुरक्षा, सुविधा व कार्रवाई का आश्वासन देते कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर।

## हमसे पाला पड़ा है, ठीक कर देंगे

सुभासपा मुखिया ने कहा कि इस बार हमसे पाला पड़ गया है सब ठीक कर देंगे। ऐसी कार्रवाई होगी कि इस समाज पर कोई कुछ करने से पहले सोचने को मजबूर हो जाएगा। सीओ ब्रजेश सिंह से पुलिस व प्रशासन के द्वारा अब तक की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी ली। सीओ को उन्होंने निर्देश दिया कि निर्दोष पर कार्रवाई कदापि नहीं होनी चाहिए। पुलिस निष्पक्ष होकर कार्य करे। नंदिनी के परिजनों से पूछा कि आप लोग पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट है या नहीं। जिस पर सभी ने सहमति जताई। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव विनोद राजभर, प्रदेश उपाध्यक्ष पिताबर राजभर, जिला प्रभारी श्यामलाल राजभर, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा किरन राजभर, जिलाध्यक्ष उमेश राजभर, एसडीएम शैलेश कुमार दूबे, कोतवाल आरके सिंह, मेहदावल एसओ आरके मिश्र समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बच्चे को पढ़ाएगी पार्टी

संतकबीरनगर। सांत्वना देने आए कैबिनेट मंत्री से नंदिनी की सास आरती ने कहा कि अब बेटा अनाथ हो गया है। अब इसका कौन सहारा होगा। इस पर उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं का सम्मान हर हाल में होगा। बच्चे को पढ़ाने की चिंता आप लोग न करें। इसकी जिम्मेदारी पार्टी की है। बच्चे के पढ़ाई की जिम्मेदारी पार्टी उठाएगी। हम सब व्यवस्था बना देंगे। इसके बाद वे नंदिनी की बहन किरन राजभर को 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद के रूप में सहायता दी।

# फरार अभियुक्तों पर घोषित हो इनाम : आईजी

बस्ती। परिक्षेत्र के बस्ती, सिद्धार्थनगर और संतकबीरनगर जिलों के डीसीआरबी शाखा के प्रभारियों की आईजी आरके भारद्वाज ने समीक्षा गोष्ठी की। उन्होंने सिद्धार्थनगर और संतकबीरनगर जिले में क्षेत्राधिकारी की ओर डीसीआरबी शाखा का निरीक्षण नहीं करने पर आपत्ति व्यक्त की। कहा कि शाखा प्रभारी प्रत्येक माह अपनी शाखा का निरीक्षण करने, शेष गुमशुदा की बरामदगी करने, अज्ञात शव की शिनाख्त के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करें। ऐसे मुकदमे में जिसमें आरोप-पत्र लगे हैं और अभियुक्त फरार हैं, के मामलों में पुरस्कार घोषित कराकर अभियुक्त को गिरफ्तार कराए जाएं। पुरस्कार घोषित अपराधियों के डोजियर में जमानतदारों उसके रिश्तेदारों, मित्रों आदि का नाम-पता, मोबाइल नंबर लिखा जाए।

इनकी फौरन गिरफ्तारी की जाए। अपराधियों, माफिया गैंगों पर प्रभावी कार्रवाई करें। गोष्ठी के दौरान डीसीआरबी शाखा के प्रभारीगण व रेंज कार्यालय के सोशल मीडिया सेल प्रभारी वीरबहादुर यादव व वाचक एसआई रमेश कुमार उपस्थित रहे।

# नाबालिग को भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

: संतकबीरनगर। धनघटा पुलिस ने मंगलवार को एक नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के एक आरोपी रणजीत निवासी दूपरा उर्फ छितौनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-03-2024

# लापता लैब इंचार्ज दो दिन बाद घर पहुंचा

मनकापुर, संवाददाता। रहस्यमय परिस्तियों में गायब मेडिकल कालेज गोन्डा में तैनात लैब इंचार्ज अपने घर कुशीनगर पहुंच गया है।

मेडिकल कालेज में माइक्रो बायोलॉजिस्ट व लैब इंचार्ज मनोज कुमार सिंह जो अपनी पत्नी के साथ आवास विकास में एक किराये के मकान में रहते थे। कमरा खाली करके सब सामान पिकप पर लदवा कर गोन्डा से अपने घर जनपद कुशीनगर जा रहे थे। झिलाही -मनकापुर के बीच में पिकअप रोकवा कर उतर गये। इस बीच पत्नी ने पिकप से उतरने से रोकने का प्रयास किया था लेकिन वे नहीं माने। जांच में पता चला कि पति पत्नी के बीच कुछ अनबन थी। इस कारण से मनोज रास्ते में उतर गये थे और किसी बाइक चालक से लिफ्ट ले ली थी।

# नाली विवाद में युवक को पीटा, रिपोर्ट

वजीरगंज। थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत बरईपारा निवासी अतुल पांडेय पुत्र बाबूलाल पांडेय ने थाने पर तहरीर देकर कहा कि रामकुमार मिश्र, विजय मिश्र पुत्र सुरेश मिश्र, शिवशंकर दूबे पुत्र गिरजा दूबे व बब्लू शुक्ला पुत्र अंगनू शुक्ला ने नाली के विवाद को लेकर अपशब्द कहते हुए लाठी-डंडों से पिटाई कर दी है।

# दहेज के लिए मारपीट में पति के खिलाफ केस

खरगूपुर। पीड़िता के पिता दिनेश कुमार निवासी खलवा कोतवाली नगर बलरामपुर ने थाने पर प्रार्थना पत्र दिया था कि उसने अपने पुत्री दीपाली की शादी दो वर्ष पूर्व विनोद गुप्ता उर्फ मीठू के साथ किया था। उन्होंने अपनी हैसियत के मुताबिक दान दहेज भी दिया था मगर उसके पति एक लाख रुपये और गाड़ी के लिए उसके साथ मारपीट करते रहते हैं।

# भूमि विवाद में कहासुनी के बाद लाठी-डंडे से हमला

खरगूपुर। क्षेत्र के हिन्दूनगर बांकी के कोटिया निवासी राम केवल सोनकर व देवी प्रसाद में जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। आरोप है कि मंगलवार सुबह देवी प्रसाद, दिनेश कुमार और सीतापति ने राम मनोहर की मां केशपति (55) पर हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गई।

---

# तीन महिलाओं समेत पांच का शांतिभंग में चालान

धानेपुर। धानेपुर पुलिस भूमि विवाद को लेकर विवाद करने के मामले में नरसिंह गली के रहने वाले दोनों पक्षों की तीन महिलाओं समेत पांच को गिरफ्तार कर चालान भेजा है। थाना प्रभारी अमर सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के नरसिंह गली पूरबगली के रहने वाले लोगों के बीच भूमि को लेकर मंगलवार को विवाद हुआ जिस पर निरोधात्मक कार्रवाई की गई है।

# महिला से छेड़छाड़ और मारपीट का मुकदमा दर्ज

गोण्डा। नगर कोतवाली क्षेत्र के सिकटीहवा गांव में आरोपियों ने महिला के साथ छेड़छाड़ और मारपीट की। महिला की तहरीर पर नगर कोतवाली पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। केशवपुर पहाड़वा के पांडेपुर निवासिनी एक महिला का आरोप है कि वह अपने पति के साथ रिश्तेदार के यहां से अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान सिकटीहवा गांव के पास पहुंचे ही आरोपियों ने उसके पति की पिटाई की।

# तीन महिलाओं समेत पांच का शांतिभंग में चालान

धानेपुर। धानेपुर पुलिस भूमि विवाद को लेकर विवाद करने के मामले में नरसिंह गली के रहने वाले दोनों पक्षों की तीन महिलाओं समेत पांच को गिरफ्तार कर चालान भेजा है। थाना प्रभारी अमर सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के नरसिंह गली पूरबगली के रहने वाले लोगों के बीच भूमि को लेकर मंगलवार को विवाद हुआ जिस पर निरोधात्मक कार्रवाई की गई है।



मंगलवार को कटरा बाजार में निरीक्षण करते एसपी।

# कटरा बाजार में फोर्स ने किया रूट मार्च

कटरा बाजार। आगामी त्योहार और लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने को लेकर प्रशासन ने रूट मार्च कर लोगों को निर्भय होकर मतदान करने और त्योहार मानने का संदेश दिया। एसपी विनीत जायसवाल की अगुवाई में कटरा नगर में मार्च किया गया। पुलिस कप्तान ने कंपोजित विद्यालय कटरा द्वितीय में बने बूथ का जायजा भी लिया।

# चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाएं ग्राम प्रहरी

रुपईडीह। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने मंगलवार को थाना परिसर में नवनिर्मित शक्ति भवन/ जनता दर्शन भवन का शुभारंभ कर उपस्थित ग्राम प्रहरियों को टॉर्च व साल वितरित करते हुए सभी को लोकसभा चुनाव के टिप्स दिए। इस मौके पर एएसपी पूर्वी मनोज कुमार रावत भी मौजूद रहे।

# रंजिशन दो पक्षों में मारपीट, चार पर केस

धानेपुर, संवाददाता। बाबूराम पुरवा में पुरानी रंजिश को लेकर एक बार फिर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई है। पुलिस ने एक पक्ष की शिकायत पर बाप बेटे सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

थाना क्षेत्र के बाबूराम पुरवा की महिला अनीता के मुताबिक विपक्षी शिवा ने अपने बेटे पवन व भाई छोटू व माइनस के साथ मिलकर उनके बेटे व बेटी के साथ मारपीट की है जबकि उसे जान से मारने की धमकी दी है। थाना प्रभारी अमर सिंह ने बताया कि महिला की शिकायत पर चारों आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है।दो आरोपियों शिवा व पवन का चालान भेजा गया है और अन्य विधिक कार्रवाई प्रचलित है। इससे पहले सात मार्च को दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई थी जिस पर दूसरे पक्ष के शिवा की तहरीर पर पुलिस ने चार पर मुकदमा दर्ज कराया था।

## गन्ने की फसल काटने को लेकर मारपीट

धानेपुर। गन्ने की फसल काटने को लेकर बड़की गूंगीदेई गांव में मारपीट हो गई। एक व्यक्ति को चोटें आई हैं। पुलिस ने एक आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गूंगीदेई के मजरा बड़की गूंगीदेई गांव के रहने वाले सुनील कुमार सिंह के मुताबिक उन्होंने गांव के एक व्यक्ति का खेत लेकर गन्ने की फसल बोई थी। बताया कि विपक्षी खेत मालिक से यह तय हुआ था कि वह गन्ना की पेड़ी काटकर खेत छोड़ देगा। इस पर उसके साथ विपक्षी की ओर से मारपीट की गई है और जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने बताया कि विपक्षी विजय प्रताप सिंह उर्फ दारा सिंह के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।

# प्रशासन का दावा बेमानी, अवैध बूचड़खानों की भरमार

## नगर के इमामवाड़ा सहित कई मुहल्लों में काटे जा रहे पशु, खुले में मांस वेचने से संक्रमण फैलने की आशंका

अजय पांडेय • गोंडा

अवैध बूचड़खाना पुलिस प्रशासन भले ही बंद कराने का दावा कर रहा हो, लेकिन यहां इमामबाड़ा में अवैध बूचड़खाने संचालित हो रहे हैं। नियमों को दरकिनार कर पशुओं को काटा जा रहा है। बीमार पशुओं के 60 प्रतिशत रोग उसका मांस खाने वालों में फैलने की आशंका रहती है। बिना लाइसेंस यहां पशुओं को काटा जा रहा है।

नगर के इमामबाड़ा मुहल्ले में बूचड़खाना चल रहा है। स्थानीय प्रशासन इसको लेकर उदासीन है। मंगलवार को इमामबाड़ा एक बूचड़खाने में दो भैंस बंधी मिली। पूछते ही यहां मौजूद लोग भाग निकले। रजनी ने बताया कि वह दूध का व्यवसाय करती हैं। पांच भैंस व चार गाय उनके पास है। सुबह दूध निकालने के बाद भैंस को खोल दिया जाता है। दो दिन पूर्व दो पड़वा गायब हो गए। वह बूचड़खाना पर पूछताछ के लिए गईं तो वहां मौजूद लोगों ने अभद्रता करते हुए उसे भगा दिया। ऐसे ही मुहल्ले के अन्य पशुपालकों का कहना था। मुहल्ले के एक व्यक्ति के मुताबिक बूचड़खाने से दूरदराज गांव के लोग मांस खरीदने के लिए आते हैं। उनको तय स्थान पर भेज दिया जाता है। पुलिस कर्मियों को भी इसकी जानकारी है, लेकिन वह कार्रवाई की जहमत नहीं उठा रहे हैं। उधर, मांस बगैर पशु चिकित्सक की जांच के बिक्री किया जा रहा है। पीसी एक्ट के मुताबिक बकरा काटने से पूर्व पशु चिकित्सक से जांच प्रमाण पत्र लेना आवश्यक है, लेकिन यहां ऐसा कुछ नहीं किया जा रहा है। नगर पालिका परिषद के रिहायशी इलाकों में मांस की दुकानें संचालित है। खुले में मांस बेचे जाने के कारण संक्रमण व बीमारी का खतरा बना रहता है। नियम के मुताबिक सड़क किनारे व धार्मिक स्थलों के आसपास बूचड़ की दुकान नहीं होनी चाहिए।



इमामबाड़ा स्थित बूचड़खाना • जागरण

### चार का लाइसेंस, 50 से अधिक चल रही दुकानें

जिले में चार दुकानदारों ने ही मांस बिक्री का लाइसेंस प्राप्त कर रखा है। नगर के अलग-अलग मुहल्लों में 50 से अधिक मांस की दुकानें संचालित की जा रही है। बकरा व मुर्गा काटकर बेचा जाता है। इमामबाड़ा सहित कई स्थानों पर भैंस भी काटा जाता है।

पशुओं को काटने से पहले पूरी जांच करनी होती है। कटाई के बाद उसके मांस को खाने योग्य घोषित करना होता है लेकिन, ढांचागत खामियों के चलते व्यावहारिक रूप में ऐसा होता नहीं है। रोग ग्रसित पशुओं का मांस खाने वालों को टीबी, फंगस वाले रोग, सालमोनेला व लैप्टोसपिरा जैसे बैक्टीरिया रोगी बना सकते हैं। रेबीज से प्रभावित पशुओं का मांस खाने वालों में रेबीज पहुंचने की आशंका रहती है।

-डा. ठाकुर जी पांडेय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी

जिले में चार व्यापारियों को मांस बेचने का लाइसेंस दिया गया है। शेष दुकानें अवैध तरीके से संचालित है। अभियान चलाया जाता है। अबतक 35 लोगों पर अवैध तरीके से मांस बेचने पर मुकदमा कराया गया है।

-अजीत कुमार मिश्र, सहायक आयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रशासन

अवैध बूचड़खाना व मांस की दुकानों को बंद कराने के लिए प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षों को निर्देश दिया गया है। समीक्षा की जा रही है। अवैध तरीके से मांस बेचने वालों पर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

-विनीत जायसवाल, एसपी

# ऑनलाइन ठगी, खाते से निकाले डेढ़ लाख

तरबगंज (गोंडा)। व्हाट्सएप पर लोन चार्ट का लिंक भेजकर जालसाज ने सुसेला मैनीपुरवा निवासी संतोष कुमार सिंह के खाते से करीब डेढ़ लाख की रकम निकाल ली। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। संतोष ने बताया कि 9 मार्च को जालसाज की कॉल आई थी। उसने खुद को इंडसइंड बैंक का एमडी विष्णु पांडेय बताया था। (संवाद)

# एसपी ने पोलिंग बूथ का किया निरीक्षण

कटराबाजार (गोंडा) : मंगलवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने कन्या कंपोजिट स्कूल में पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभारी प्रधानाध्यापक अरुण सिंह से बूथ के बारे में जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि एसपी ने थाना परिसर में बन रहे जन सुनवाई कक्ष का शिलान्यास करने के बाद नगर पंचायत में पुलिस बल के साथ भ्रमण कर जन सामान्य को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। (संसू)

# सीएम योगी का गोंडा दौरा कल डीएम ने लिया तैयारी का जायजा



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर तैयारी को लेकर निरीक्षण करते डीआइजी एपी सिंह, डीएम नेहा शर्मा और एसपी विनीत जायसवाल • जागरण

संसू, गोंडा : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। 14 मार्च को मुख्यमंत्री दोपहर करीब एक बजे शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कालेज में विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री को जनसभा को संबोधित करने के साथ ही लाभार्थियों से भी संवाद कर सकते हैं।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर तैयारियों का जायजा लिया। कार्यक्रम को लेकर तैयारी के लिए अलग-अलग अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

विभागीय सूत्र के अनुसार मुख्यमंत्री मेडिकल कालेज, मिश्रौलिया ओवरब्रिज, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, राजकीय महाविद्यालय, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का लोकार्पण करने के साथ ही सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे।

# तीन दिन बाद घर पहुंचे लापता चिकित्सक

संसू, गोंडा : मनकापुर से शनिवार को गायब हुए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के माइक्रो बायोलाजी विभाग में जूनियर रेजीडेंट (जेआर) चिकित्सक डा. मनोज कुमार सिंह मंगलवार को घर पहुंच गए। चिकित्सक की पत्नी शगुन की सूचना पर गुमशुदगी दर्ज करके पुलिस दो दिनों से उनकी तलाश कर रही थी।

जिला कुशीनगर के थाना कसया मुंडेरा रतनपट्टी वार्ड शिवाजीनगर निवासी डा. मनोज कुमार सिंह आवास विकास कालोनी में किराये के मकान में रहते थे। शुक्रवार को मेडिकल कालेज में ड्यूटी की। पत्नी के साथ घर जाते समय मनकापुर से लापता हो गए थे।

**युवक लापता- नवाबगंज**: तुलसीपुर माझा के बलराज पट्टी निवासी अमरजीत सिंह ने दी गई तहरीर में कहा कि उनके भाई भानु प्रताप सिंह उर्फ गब्बर रविवार की सुबह घर से निकलकर गनेशी चौराहा तक गए थे। वापस घर नहीं लौटे। खोजबीन के बाद भी नहीं मिले। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने कहा कि गुमशुदगी दर्ज की गई है।

# पहले थी कमाई, अब मिलकर काट रहे मलाई

## टैक्सी स्टैंड ठेका आवंटन में सरकारी सिस्टम व ठेकेदारों के गठजोड़ से नपाप को क्षति

संसू, गोंडा: नगर पालिका परिषद गोंडा की कमाई का कभी टैक्सी स्टैंड मुख्य स्रोत माना जाता था। कोरोना संक्रमण के पहले टैक्सी स्टैंड से कमाई एक करोड़ रुपये से अधिक प्रतिवर्ष थी। सरकारी सिस्टम व ठेकेदारों के गठजोड़ ने न सिर्फ नगर पालिका परिषद की कमाई घटाई बल्कि, उसे कंगाल भी कर दिया। आठ माह के लिए 41 लाख 21 हजार रुपये का ठेका देने वाली नगर पालिका परिषद का ठेकेदार 34 लाख रुपये दबाए हैं।

### जुलाई में हुआ था ठेका

जुलाई 2023 में आठ माह के लिए टैंपो व टैक्सी स्टैंड का ठेका 34 लाख 21 हजार रुपये का किया गया। टैक्सी स्टैंड का ठेका 17 लाख 10 हजार रुपये व टैंपो का 24.11 लाख रुपये में दिया गया है। ठेकेदारों को 31 मार्च तक वसूली करानी है। टैंपो स्टैंड के ठेकेदार जमीलुर्रहमान पर करीब दस लाख रुपये व टैक्सी स्टैंड के ठेकेदार इसरार अहमद पर 24 लाख रुपये की बकायेदारी है।




झंझरी ब्लाक के सामने टैंपो, ई रिक्शा और उतरौला मार्ग पर टैक्सी स्टैंड • जागरण

### ठेका आवंटन के लिए फिर मांगी गई निविदा

नगर पालिका परिषद ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में टैंपो व टैक्सी स्टैंड का ठेका आवंटन के लिए 16 मार्च तक निविदा आमंत्रित की है। 18 मार्च को निविदा खोली जानी है, इस बार भी ठेका आवंटन लटकने के आसार हैं।

टैंपो व टैक्सी स्टैंड के ठेकेदारों से बकाया वसूली के लिए नोटिस जारी की गई है। करीब 34 लाख रुपये की बकायेदारी है। विभाग को आर्थिक क्षति हो रही है। समस्या के लिए उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया गया है।

\- संजय मिश्र, ईओ नगर पालिका परिषद गोंडा

### अब वसूली को लेकर विवाद

वित्तीय वर्ष समाप्त होने पर जब नगर पालिका परिषद ने वसूली के लिए पत्राचार तेज किया तो विवाद शुरू हो गया। विभागीय सूत्र के अनुसार टैंपो व टैक्सी स्टैंड का ठेका लेने वाले माननीयों के करीबी हैं। वसूली का पैसा बराबर-बराबर बंट जाता है।

सरकारी खाते में पैसा जमा न करने पड़े, इसके लिए अधिकारियों व कर्मचारियों से विवाद शुरू हो गया है।

# चुनाव में अहम भूमिका निभाएगा पिछड़ा वर्ग

गोंडा। भारतीय जनता पिछड़ा वर्ग मोर्चा का सामाजिक सम्मेलन मंगलवार को गांधी पार्क के टाउनहॉल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रिंस चौरसिया ने की। गोंडा सांसद के प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्र ने कहा कि एक बार फिर केंद्र में भाजपा की सरकार बनेगी और नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। मोदी के हैट्रिक में पिछड़ा वर्ग अहम भूमिका निभाएगा। जिलाध्यक्ष अमर किशोर ने कहा कि हर कार्यकर्ता अपने समाज के दस-दस व्यक्तियों ने रोज संपर्क कर सरकार की उपलब्धियां बताएगा। (संवाद)

# दूसरे के नाम पर परीक्षा देने वाले की जमानत निरस्त

गोंडा : पंचम अपर सत्र न्यायाधीश राजेश नारायण मणि त्रिपाठी ने ग्राम नारायणपुर थाना छपिया निवासी मोतीलाल का जमानत प्रार्थनापत्र निरस्त कर दिया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अवनीशधर द्विवेदी ने बताया कि बीते 22 फरवरी को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के हाईस्कूल की हिंदी की परीक्षा में एक परिक्षार्थी के स्थान पर आरोपित परीक्षा देने पहुंचा था। (संसू)

# 35 चौकीदारों को बांटे शॉल व टॉर्च

कटराबाजार/दुबहाबाजार (गोंडा)। कटराबाजार थाने पर पहुंचकर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने ग्राम चौकीदारों को शाल व टॉर्च देकर सम्मानित किया। मंगलवार को एसपी ने कटराबाजार थाना परिसर में पहुंचकर उन्होंने शक्ति कक्ष, जनता दर्शन भवन का लोकार्पण किया। उसके बाद एसपी ने 35 ग्राम चौकीदारों को शॉल व टार्च देकर सम्मानित किया। (संवाद)

# कई थानाक्षेत्रों में पुलिस ने किया रूटमार्च

**गोंडा।** आगामी लोक सभा चुनाव, होली, रमजान माह व नागरिकता संशोधन अधिनियम के मद्देनजर सीओ मनकापुर प्रभारी निरीक्षक खोड़ारे ने पैरामिलिट्री संग थाना खोड़ारे के अल्लीपुर बाजार, चंद्रदीपघाट, गौराचौकी बाजार में रूट मार्च किया। रूट मार्च के माध्यम से लोगों को निष्पक्ष मतदान करने, आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण व भयमुक्त होकर मनाने को लेकर सुरक्षा का अहसास कराया। वहीं, मसकनवा क़स्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों मे अर्धसैनिक बलों ने मनकापुर सीओ मनकापुर राजेश कुमार सिंह व नायब तहसीलदार मनकापुर, एसओ छपिया सतेंद्र वर्मा के नेतृत्व में मार्च किया गया। सीओ मनकापुर ने कस्बे वासियों, क्षेत्रवासियों से क्षेत्र में शांति बनाए रखने की अपील की।(संवाद)

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-03-2024

# योगी 15 को करेंगे पाटेश्वरी विवि का शिलान्यास

## मुख्यमंत्री कल देवीपाटन मंदिर पहुंचेंगे, जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल पर देखी सुरक्षा व्यवस्था और तैयारियां

**तैयारियां**

बलरामपुर, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 15 मार्च को मां पाटेश्वरी राजकीय विश्वविद्यालय का शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही सीएम नगर से सटे फुलवरिया बाइपास पर बने ओवर ब्रिज का भी लोकार्पण करेंगे। इसकी तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी गई हैं। मंगलवार को जिलाधिकारी के नेतृत्व में अधिकारियों की पूरी टीम ने शिलान्यास स्थल कोयलरा गांव की जमीन का निरीक्षण किया। डीएम ने तैयारियों का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिया है।



बलरामपुर के कोयलरा गांव में मंगलवार को शिलान्यास स्थल का निरीक्षण करते डीएम व अन्य

बलरामपुर में जिला मुख्यालय से बहराइच रोड के बौद्ध परिपथ के समीप कोयलरा गांव में मां पाटेश्वरी राजकीय विश्वविद्यालय की स्थापना होनी है। इसके लिए लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 15 मार्च को विश्वविद्यालय का शिलान्यास करेंगे। जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने बताया कि मां पाटेश्वरी राजकीय विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए 65 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया है। जो जमीन अधिगृहित की गई उसमें 12 हेक्टेयर जमीन ग्राम समाज की थी, शेष जमीनें किसानों की थी जिनसे बैनामा लिया गया है। उन्होंने बताया कि बैनामा कराने के बाद किसानों को धनराशि भी दे दी गई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान 14 मार्च को जिले में आएंगे। सीएम योगी शाम को शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर पहुंचेंगे, जहां पर वह रात्रि विश्राम करेंगे। इसके पश्चात 15 मार्च को वह कोयलरा गांव में मां पाटेश्वरी राजकीय विश्वविद्यालय के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री फुलवरिया बाइपास पर बने नवीन ओवरब्रिज का भी लोकार्पण करेंगे। डीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए युद्धस्तर पर तैयारियां कराई जा रही हैं। मंगलवार को जिलाधिकारी के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने शिलान्यास स्थल का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। शिलान्यास स्थल पर पार्किंग व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिया है, क्योंकि विश्वविद्यालय शिलान्यास कार्यक्रम में देवीपाटन मंडल के सभी जनप्रतिनिधि व अधिकारी शामिल होंगे। निरीक्षण के दौरान एसपी केशव कुमार, सीडीओ संजीव कुमार मौर्य, एडीएम न्यायिक प्रमोद कुमार, सदर एसडीएम गजेन्द्र बहादुर सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### आचार संहिता से पहले शिलान्यास चाहते थे लोग

विश्वविद्यालय की स्थापना बलरामपुर में हो इसके लिए व्यापक स्तर पर मुहिम छेड़ने वाले समाजसेवी सर्वेश सिंह ने पिछले शुक्रवार को मुख्यमंत्री से उनके लखनऊ स्थित सरकारी आवास 5-कालीदास मार्ग पर मुलाकात की थी। सर्वेश सिंह मुख्यमंत्री योगी के काफी करीबी हैं। सर्वेश सिंह ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री योगी से आचार संहिता लगने के पूर्व विश्वविद्यालय के शिलान्यास का अनुरोध किया था। बताया कि इस पर सीएम योगी ने सकारात्मक आश्वासन दिया था। मुलाकात के बाद ही सीएम ने शिलान्यास का कार्यक्रम तय किया।

### मंडल में अब शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी होगा बलरामपुर

विश्वविद्यालय का निर्माण होते ही बलरामपुर जनपद पूरे देवीपाटन मंडल में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी जनपद हो जाएगा। अब जब यहां पर विश्वविद्यालय का निर्माण हो जाएगा तो इसकी प्रसिद्धि और भी बढ़ जाएगी। जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने बताया कि मां पाटेश्वरी के नाम पर देवीपाटन मंडल में विश्वविद्यालय की सौगात सरकार ने दी थी। मुख्यमंत्री की इच्छा थी कि इसकी स्थापना बलरामपुर में कराई जाए क्योंकि यह जनपद मंडल के केन्द्र बिन्दु में है। इससे मंडल के चारों जिले के छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि सरकार ने विश्वविद्यालय निर्माण के लिए 51 करोड़ 20 लाख रुपए की प्रथम किश्त जारी कर दी है जिससे निर्माण कार्य में तेजी आएगी।

# मनचलों की जानकारी पुलिस को दें

**जागरूकता**

बलरामपुर, संवाददाता। मनचलों की मंशा छात्राएं समझें। अगर कोई मनचला छात्रों का पीछा करता है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। डरने की कोई जरूरत नहीं है। पुलिस हर कदम पर उनके साथ है। यह बातें थाना कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक शैलेश सिंह ने कही। मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक पूरब टोला चौकी क्षेत्र के नई बाजार में छात्रों को जागरूक कर रहे थे।



थाना क्षेत्र में स्कूली छात्राओं को जागरूक करती महिला पुलिस

उन्होंने कहा कि समय बदल गया है। पुलिस एक्टिव होकर अपराध पर लगाम लगाने के लिए प्रयासरत रहती है। उत्तर प्रदेश शासन से भी सख्त निर्देश है कि महिला संबंधी अपराधों में तत्काल कार्रवाई की जाए। आसपास के लोग भी महिला संबंधी अपराध होने पर पीड़ित महिला की मदद करें। उप निरीक्षक श्रवण चंद्र सिंह ने कहा कि सिविल ड्रेस में पुलिस विद्यालय पर तैनात रहती है। आपातकालीन 112 व महिला हेल्पलाइन सूचना मिलते ही कार्रवाई करती है, इसलिए बिना डरे मामले की जानकारी दें। पुलिस अपराधी को दंडित करेगी। इस अवसर पर उप निरीक्षक अविरल शुक्ला, अजीत त्रिपाठी, कांस्टेबल दिलदार, चालक संजय कुमार मौजूद रहे।

# सीएम 15 को रखेंगे विवि की आधारशिला

जासं, बलरामपुरः मां पाटेश्वरी राजकीय विश्वविद्यालय के भूमिपूजन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 15 मार्च को कोयलरा गांव में रहेंगे। यहां मां पाटेश्वरी राजकीय विश्वविद्यालय, श्रीदेवीपाटन तीर्थ परिषद, फुलवरिया बाइपास पर बने ओवरब्रिज के साथ करीब 1000 करोड़ से अधिक परियोजनाओं का शिलान्यास या लोकार्पण करेंगे।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। मंगलवार को जिलाधिकारी अरविंद सिंह व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने अधिकारियों की टीम के साथ कार्यक्रम स्थल कोयलरा का निरीक्षण किया।

सीएम शिलान्यास स्थल पर जनसभा को संबोधित कर चुनावी बिगुल बजाएंगे। जिला मुख्यालय से सटे कोयलरा गांव में मां पाटेश्वरी राजकीय विश्वविद्यालय की स्थापना होनी है। विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए 65 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया है। अधिगृहीत की गई जमीन में 12 हेक्टेयर सरकारी व शेष किसानों से बैनामा ली गई है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर 14



कोयलरा गांव में सीएम के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते (दाएं से) जिलाधिकारी अरविंद सिंह, सीडीओ संजीव कुमार मौर्य व एसपी केशव कुमार • सौ. सूचना विभाग

**श्रीदेवीपाटन तीर्थ परिषद समेत 1000 करोड़ से अधिक परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास या लोकार्पण**

मार्च शाम को शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर पहुंचेंगे, जहां पर रात विश्राम करेंगे। अगले दिन 15 मार्च को वह कोयलरा गांव में मां पाटेश्वरी राजकीय विश्वविद्यालय की आधारशिला रखेंगे। हालांकि, अभी सीएम का अधिकृत कार्यक्रम नहीं आया है। जिलाधिकारी ने बताया कि विभिन्न विभागों की परियोजनाएं पूरी या शुरू होने वाली हैं। सभी को शामिल किया जा रहा है। शिलान्यास स्थल पर पार्किंग व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। विश्वविद्यालय शिलान्यास कार्यक्रम में देवीपाटन मंडल के जनप्रतिनिधि व अधिकारी भाग लेंगे। मौके पर सीडीओ संजीव कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रमोद कुमार, उपजिलाधिकारी राजेंद्र बहादुर समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# महिलाओं को दी गई कानून की जानकारी

बलरामपुर। मिशन शक्ति अभियान के तहत मंगलवार को वीर विनय चौराहा सहित जिले के सार्वजनिक स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओं को जागरूक किया गया। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि एंटी रोमियो दल, महिला बीट पुलिस अधिकारी व नारी सुरक्षा दल ने महिलाओं को 1090, 181, 108, 112 व 1098 आदि हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। (संवाद)

# महिलाओं को बताए हेल्पलाइन नंबर

बलरामपुर : सभी थानों की महिला बीट पुलिस अधिकारी व नारी सुरक्षा दल ने महिलाओं एवं बेटियों को मिशन शक्ति के बारे में जागरूक किया। वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, चिकित्सीय सहायता के लिए 108, पुलिस कंट्रोल रूम 112 व चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में जानकारी दी। (जासं)

## शांतिभंग में चार लोग गिरफ्तार

बलरामपुर : जरवा कोतवाली की पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। सीओ तुलसीपुर राघवेंद्र सिंह ने बताया कि पिपरी लौकीखुर्द गांव के फकीरी, सोमई, विजय पाल व अजय के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई हुई है। (जासं)

## राज्य विश्वविद्यालय व रिंग रोड का भी करेंगे शिलान्यास

**बलरामपुर।** 15 मार्च को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित आगमन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। सीएम यहां राज्य विश्वविद्यालय व रिंगरोड के निर्माण कार्य की नींव रखेंगे। इसके चलते ही मंगलवार को डीएम अरविंद सिंह ने अधिकारियों के साथ मां पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय के लिए प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि अभी सीएम के भ्रमण का अधिकृत कार्यक्रम नहीं मिला है। सीएम के आने पर कई परियोजनाओं का शुभारंभ प्रस्तावित है। बताया कि राज्य विश्वविद्यालय के कोयलरा गांव में जमीन अधिग्रहण के साथ ही 120 करोड़ रुपये का बजट भी भवन निर्माण के लिए जारी हो चुका है। इसी तरह रिंगरोड निर्माण की तैयारियां भी पूरी हो चुकी है। 516 करोड़ से बनने वाले रिंगरोड के लिए दुल्हनपुर गांव से बिजली भवानी मंदिर तक जमीन अधिग्रहण के साथ मार्ग को समतल किए जाने की कार्रवाई भी पूरी की जा रही है। इसके साथ ही विशुनीपुर गांव में 50 वीं एसएसबी बटालियन के मुख्यालय निर्माण के लिए भी 15 हेक्टेयर जमीन क्रय की जा चुकी है।(संवाद)

# सीएए को लेकर पुलिस का पैदल मार्च

बलरामपुर। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू होने के बाद सोमवार की रात से ही पुलिस ने मिश्रित आबादी वाले इलाकों में निगरानी बढ़ा दी है। इसके तहत सभी प्रमुख चौराहों पर पुलिस कर्मियों की तैनाती करने के साथ ही पुलिस अफसरों ने टीम के साथ पैदल मार्च भी किया।

सीएए को लेकर पुलिस व प्रशासनिक अफसरों की टीम ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों में चौकसी बढ़ा दी है। किसी भी तरह की गड़बड़ी रोकने के लिए एसडीएम व सीओ की निगरानी में पुलिस टीमों को तैनात कर लोगों से सीधा संवाद कर अमन चैन का माहौल कायम बनाए रखने में सहयोग देने के साथ ही किसी भी तरह के भ्रामक प्रचार व अफवाह पर ध्यान न देने की अपील भी की। एसपी केशव कुमार ने बताया कि पुलिस लोगों को कानून से जुड़े पहलूओं के बारे में जानकारी देकर जिज्ञासाओं का समाधान भी कर रही है। (संवाद)

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-03-2024

# राकेश को नानपारा के कोतवाल की कमान

बहराइच। कानून व्यवस्था में लापरवाही मंगलवार को नानपारा कोतवाल व विशेश्वरगंज के एसओ पर भारी पड़ गया। एसपी ने दोनों लोगों को लाइन हाजिर कर दिया है। लाइन से राकेश सिंह को नानपारा व नवीन सिंह को विशेश्वरगंज की कमान सौपी है। कई ओर थानों के प्रभारियों को लाइन भेजा जा सकता है।

# एसएसबी संग पुलिस ने रूट मार्च किया

बहराइच। लोकसभा चुनाव व त्योहारों के मद्देनजर मंगलवार को एसएसबी जवानों ने पुलिस के साथ रिसिया कस्बे में रूटमार्च किया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस व एसएसबी जवानों ने कस्बे व मझौवा, नरसिंह डीहा, डिहवा,नेजवा भार,कटिलिया चौराहा,भगवान कटघरा भैसाही से लेकर रिसिया डिग्री कालेज के निकट नथुनिया चौराहे तक रूट मार्च किया।

# अमानत मे खयानत, केस दर्ज

बहराइच। तय रकम से आधी देकर बहाने से चार बीघा भूमि का बैनामा करा लिया। रंजिश में छह लोगों ने घर में घुसकर अकेली महिला के साथ मारपीट, छेड़छाड़, धमकी मामले में जन शिकायत प्रकोष्ठ के हस्तक्षेप पर एफआईआर दर्ज हुई है। एसएचओ शमसेर बहादुर सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर ली गई है।

हिन्दुस्तान

# संविदा कर्मियों ने जेई संग मारपीट की, मुकदमा दर्ज

- पीड़ित का टूटा चश्मा, गले व आंख के नीचे आई चोटें
- कोतवाली में तहरीर देने पर मारपीट की धाराओं में दर्ज हुआ केस

बहराइच, संवाददाता। नानपारा के बंजारन टांडा स्थित बिजली उपकेन्द्र पर तैनात अवर अभियंता के साथ संविदा कर्मियों ने मारपीट की गई। हमले में घायल अवर अभियंता का चश्मा भी टूट गया। पीड़ित अवर अभियंता की तहरीर पर मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

नानपारा कोतवाली के बंजारन टांडा बिजली उपकेन्द्र पर तैनात अवर अभियंता सुनील कुमार वर्मा सोमवार को बरदहा बाजार में लगे बकाया वसूली शिविर पर पहुंचे। वहां सविदा कर्मी खैरीघाट थाने के इमाम गंज निवासी निर्मल कुमार, ललईपुरवा निवासी शिवपाल यादव वेतन कटौती के मामले में सार्वजानिक स्थान पर बहस करने लगे। जिस पर अवर अभियंता ने उन्हें उपकेन्द्र पर आने को कहा। सोमवार दोपहर एक बजे यह दोनों संविदा कर्मी अन्य कर्मियों के साथ उपकेन्द्र आए।

अवर अभियंता का आरोप है कि बातचीत शुरू होती, उसके पूर्व दोनों संविदा कर्मियों ने उन पर हमला कर मारपीट की। वहां मौजूद लोगों ने उन्हें बचाया। उनके गले व आंख पर चोट आ गई, चश्मा भी क्षतिग्रस्त हो गया।

# नवीन विशेश्वरगंज और राकेश नानपारा एसओ बने

**बहराइच :** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ल ने विशेश्वरगंज और नानपारा के थाना प्रभारी बदल दिए हैं। एपी शुक्ला ने बताया कि पुलिस लाइन से नवीन कुमार सिंह को विशेश्वरगंज का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है, जबकि विशेश्वरगंज के प्रभारी पंकज कुमार सिंह को पुलिस लाइन भेजा गया है। इनके अलावा राकेश कुमार सिंह को पुलिस लाइन से हटाकर नानपारा का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। नानपारा के प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय को पुलिस लाइन में भेज दिया है। (जासं)

# ‘सुरक्षा के लिए हम तैयार, भय से मुक्त होकर करें मतदान’

**संसू, महसी (बहराइच) :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने चौकसी बरतनी शुरू कर दी है। मंगलवार को क्षेत्राधिकारी पुलिस अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस व सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने हरदी थाना के विभिन्न चौक चौराहों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा का एहसास दिलाया। संवेदनशील बूथों का भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।

सीओ के नेतृत्व में एसएसबी जवानों ने भगवानपुर, रमपुरवा, कल्यानपुरवा, महराजगंज, महसी कस्बा, राजी चौराहा समेत विभिन्न चौराहों व कस्बों में पैदल गश्त किया। ग्रामीण इलाके के बंभौरी, सिसैया, औराही, सिकंदरपुर, सिंगिया नसीरपुर समेत संवेदनशील बूथों का भ्रमण किया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज समेत अन्य मौजूद रहे। लोकसभा चुनाव के साथ होली तथा ईद को शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जाने के लिए थानाध्यक्ष पयागपुर कमलशंकर चतुर्वेदी के नेतृत्व में कस्बे में सुरक्षा



रमपुरवा चौराहे पर पैदल मार्च करते पुलिस व एसएसबी के जवान ● जागरण

बलों के साथ रूट मार्च निकाल कर शांति व्यवस्था का अहसास कराया। थानाध्यक्ष ने बताया कि दंगाइयों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। अगर किसी ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की तो उसे जेल के सलाखों में जाना होगा। रूट मार्च के दौरान चौकी प्रभारी दिनकर शुक्ल, उप निरीक्षक मुकेश कुमार पांडे, उप निरीक्षक राजीव कुमार मिश्र, राजेश कुमार पांडे सहित भारी संख्या में पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# सीएए लागू होने के बाद बढ़ी सुरक्षा

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। केंद्र सरकार द्वारा देश में सीएए (नागरिकता संशोधन कानून) लागू करने के बाद जिले में सुरक्षा-व्यवस्था चौकस कर दी गई है। पुलिस व केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान जिले में जगह- जगह पर रूट मार्च कर लोगों में सुरक्षा का एहसास कराया। एसपी व एएसपी ने भी क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का हाल देखा।

सीएए के मामले के साथ, आगामी लोकसभा चुनाव व होली आदि त्योहार के मद्देनजर पुलिस की तैयारियां जोरों पर हैं। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मंगलवार को सभी थानों में रूट मार्च कर पुलिस ने लोगों में सुरक्षा की भावना पैदा की। कैसरगंज में पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बल के जवानों ने प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह के नेतृत्व मे रूट मार्च निकाल कर एक दर्जन गांवों का भ्रमण किया गया।

संयुक्त बल ने घनी आबादी और संवेदनशील इलाकों से गुजरते हुए असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया कि माहौल खराब करने का प्रयास किया तो खैर नहीं है। इसी तरह शहर में भी पुलिस ने रूट मार्च किया। महसी क्षेत्र में सीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में एसओ हरदी संतोष कुमार ने पुलिस कर्मियों व एसएसबी के दर्जनों जवानों के साथ ग्रामीण क्षेत्र में बनें बूथों बंभौरी, सिसैया, औराही, सिकंदरपुर, सिंगिया नसीर पुर समेत संवेदनशील बूथों का भ्रमण किया। वहीं फखरपुर, नवाबगंज, मोतीपुर, पयागपुर, जरवल रोड, कोतवाली देहात, रिसिया,नानपारा, रामगांव आदि थानों की पुलिस क्षेत्र में भ्रमण कर रही है।



महसी में एसएसबी जवानों व पुलिस टीम ने किया फ्लैग मार्च। स्रोत मीडिया।

# दुष्कर्म के दो आरोपियों की जामनत याचिका निरस्त

अदालत से

**बहराइच।** अपर जिला शासकीय अधिवक्ता संतोष सिंह ने बताया कि थाना विशेश्वरगंज के डीहा गांव निवासी मंटुराम तिवारी के खिलाफ माह अगस्त 2023 में थाने पर नाबालिग बालिका को भागाकर ले जाने व दुष्कर्म के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। उन्होंने बताया कि जनपद लखीमपुर के धौरहरा नगर पंचायत निवासी अजय कुमार शुक्ला के खिलाफ भी थाना फखरपुर की पुलिस नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में माह नवंबर 2023 में मुकदमा दर्ज किया था। शासकीय अधिवक्ता सिंह ने बताया कि मंगलवार को दोनों मुकदमों में अभियुक्तों के अधिवक्ताओं की ओर से विशेष न्यायाधीश पॉक्सो वरूणमोहित निगम की कोर्ट पर जमानत याचिका प्रस्तुत की गई थी। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि विशेष न्यायाधीश पॉक्सो की कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अभियुक्तों की जमानत याचिका निरस्त कर दी है। (संवाद)

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-03-2024

# हत्या के मामले में चार दोषियों को सश्रम कारावास

- वर्ष 2013 में लाठी डंडे के हमले में एक व्यक्ति की हो गई थी मौत
- मल्हीपुर थाने में पुलिस ने दर्ज किया था हत्या का मामला

श्रावस्ती,संवाददाता। 11 साल पहले दो पक्षों में हुई मारपीट में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। जिसमें चार लोगों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया था। मंगलवार को न्यायालय ने दो आरोपियों को आठ व दो आरोपियों को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई।

जिला शासकीय अधिवक्ता फ़ौजदारी केपी सिंह ने बताया की मल्हीपुर थाना क्षेत्र के गंगाभागड़ गांव में 20 जनवरी 2013 क़ो फूस उठाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। जिसमें एक पक्ष के बालक राम पर गांव के ही परशुराम, गुड्डू पुत्रगण दशरथ, भगेलू पुत्र परशुराम व काशीराम पुत्र भगौती प्रसाद ने लाठी डंडे से हमला कर दिया था। इस हमले में बालकराम, उसके पिता झोथू व साधू यादव को गंभीर चोट आई थी और इलाज दौरान बालक राम की मौत हो गई थी। मृतक के पिता झोथू की तहरीर पर मल्हीपुर थाने में हत्या समेत अन्य धाराओ में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह ने इस मामले के चारों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए परशुराम व काशीराम को आठ-आठ वर्ष तथा गुड्डू उर्फ़ जैस राम व भगेलू को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक को पांच पांच हजार रूपये के अर्थदंड से भी दण्डित किया है। सहायक शासकीय अधिवक्ता फ़ौजदारी पंकज देव गुप्ता ने बताया कि अर्थदंड अदा न करने पर दोषियों को छह-छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## 25 लीटर कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

श्रावस्ती। अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने 25 लीटर कच्ची शराब बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। थाना मल्हीपुर की पुलिस क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। बरामद शराब को जब्तकर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान नबी अहमद उर्फ गब्बर पुत्र मुस्ताक निवासी रोशन पुरवा थाना मल्हीपुर के रूप हुई। वहीं थाना इकौना पुलिस ने माता प्रसाद चौहान पुत्र विजयी निवासी लोनियन पुरवा थाना इकौना पांच लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया।

# हत्या के मामले में चार दोषियों को सश्रम कारावास

जासं, श्रावस्ती : जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) केपी सिंह ने बताया कि मल्हीपुर क्षेत्र के गंगाभगड़ गांव में 20 जनवरी 2013 को फूस (खर) उठाने की बात को लेकर गांव निवासी बालकराम पर शाम लगभग सात बजे गांव के ही परशुराम गुड्डू उर्फ जैसराम, भगेलू व काशीराम ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया था। बचाव में दौड़े बालकराम के पिता झोथू व साधु यादव को भी मारापीटा। इलाज के दौरान बालकराम की मौत हो गई थी। पिता झोथू की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ था। विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय पर प्रस्तुत किया। मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवेंद्र सिंह ने सभी आरोपितों को दोष सिद्ध ठहराते हुए परशुराम व काशीराम को आठ-आठ वर्ष तथा गुड्डू उर्फ जैसराम व भगेलू को दस-दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर दोषियों को छह-छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने को पुलिस मुस्तैद

**जासं, श्रावस्ती :** नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) अधिसूचित होने के बाद जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद दिखी। हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। पैदल मार्च कर पुलिस जवानों ने अराजकतत्वों को सख्ती का संदेश दिया।

पाकिस्तान, अफगानिस्तान व बांग्लादेश से आने वाले गैर मुस्लिम शरणार्थियों को नागरिकता देने का रास्ता साफ करने के लिए सीएए को अधिसूचित किया गया है। इसको लेकर पूरे देश में चर्चा हो रही थी। ऐसे में आशंका जताई जा रही थी कि अराजकतत्वों की ओर से विवाद उत्पन्न किया जा सकता है। सोमवार की शाम से ही सड़क से लेकर चौक-चौराहों तक पुलिस की उपस्थिति बढ़ी नजर आने लगी। मंगलवार को सिरसिया कस्बे में प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप सिंह ने टीम के साथ भ्रमण कर शांति व सुरक्षा का संदेश दिया। सीओ भी अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहे।

# चौपाल में महिलाओं को किया जागरूक



सोनवा स्टोर में महिलाओं को जागरूक करती महिला आरक्षी। -सोर्स पुलिस विभाग

श्रावस्ती। थानों में गठित शक्ति मोबाइल टीम व एंटी रोमियो टीम जागरूकता अभियान चला रही है। इसके तहत विभिन्न स्थानों पर चौपाल लगा कर महिलाओं व युवतियों को उनसे जुड़े कानून और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी जा रही है। मंगलवार को भिनगा के राजापुर, हल्लाजोत व बिन्डोहवाधाम, सिरसिया के लालपुर कुशमहवा, सोनवा के सोनवा स्टोर सहित अन्य स्थानों पर चौपाल का आयोजन हुआ। इस दौरान वीमेन पावर लाइन 1090 व साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी गई। वहीं आसपास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की गई। (संवाद)

# एयरपोर्ट की सुरक्षा की जिम्मेदारी यूपी एसएसएफ को

श्रावस्ती एयरपोर्ट के निदेशक कुमार ज्ञानू ने बताया कि श्रावस्ती एयरपोर्ट से हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की चेकिंग, सुरक्षा सुविधा, प्रतीक्षालय शौचालय और पेयजल की व्यवस्था सुचारु रूप से की गई है। श्रावस्ती एयरपोर्ट के फ्लाई बिग के मैनेजर देवानंद यादव ने बताया कि श्रावस्ती एयरपोर्ट से 12 व 13 मार्च को उड़ान भरने की सूचना मिली हैं। जिसका किराया दो हजार से लेकर तीन हजार रुपये तक रहेगा। हालांकि किराया एयरलाइंस ही तय करेगा। एयरपोर्ट की सुरक्षा की जिम्मेदारी यूपी एसएसएफ के जवान संभाले हुए हैं। बाहर परिसर में प्रकाश और पानी की व्यवस्था जिला प्रशासन करेगा। टर्मिनल भवन और रनवे की सुरक्षा व्यवस्था यूपी एसएसएफ की पुलिस कर रही है।